# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com   www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8   अंक : 132   पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर   पृष्ठ : 08,   मूल्य : 2 रुपये,   मंगलवार 12 जुलाई 2022   (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### 94 साल की दादी ने किया भारत का नाम रौशन, वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चौंपियन शिप में जीता गोल्ड और ब्राज मेडल

नई दिल्ली। कहते है उम्र से बुढ़ापे का पता चलता है, लेकिन हम कहते है उम्र तो केवल एक संख्या है जिसे खुद भारत की 94 साल की भगवानी देवी ने साबित करके दिखाया है। जिस उम्र में लोग भागना तो दुर चल तक नहीं पाते वहीं भगवानी देवी ने कुछ



ऐसा कर दिखाया है जिससे दुनिया भर में देश का नाम रौशन हो रहा है। बता दें कि उन्होंने वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चौंपियनशिप में सीनियर सिटीजन कैटिगरी में 100 मीटर रेस का गोल्ड जीता है। यहीं नहीं उन्होंने शॉटपुट में भी रजत पदक हासिल किया है। फिनलैंड के टेम्परे में वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 94 साल की दादी ने 100 मीटर स्प्रिंट इवेंट में कमाल दिखाया है। उन्होंने 24.74 सेकंड के समय के साथ गोल्ड मेडल देश के नाम किया वहीं शॉटपुट में रजत पदक अपनी झोली में डाला। दोनों हाथों से देश का तिरंगा पकड़े और सिने पर मेडल पहने 94 साल की भगवानी देवी की तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो रही है। जो कोई भी इस तस्वीर को देख रहा है वह काफी ज्यादा हैरान हो रहा है। मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स ने ऑफिशल ट्विटर अकाउंट पर उनकी तस्वीर पोस्ट की है और लिखा है भारत की 94 वर्षीय भगवानी देवी ने एकबार फिर बतला दिया है कि उम्र तो सिर्फ संख्या है। उन्होंने गोल्ड और और ब्रॉन्ज मेडल जीता। वाकई में साहसिक प्रदर्शन।

### अर्जुन बबूता ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता स्वर्ण पदक

चांगवन।युवा भारतीय निशानेबाज अर्जुन बबूता ने सोमवार को यहा आईएसएसएफ विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक के मुकाबले में अर्जुन ने तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता लुकास



कोजेंस्की को 17–9 से हराया।

पंजाब के 23 साल के अर्जुन 2016 से भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पहले वह रैंकिंग मुकाबले में 661.1 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहे थे। यह अर्जुन का सीनियर टीम के साथ पहला स्वर्ण पदक है। उन्होंने अजरबेजान के गबाला में 2016 जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय पार्थ मखीजा 258.1 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। इजराइल के 33 साल के सर्गेई रिक्टर 259.9 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### मोदी ने गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल से फोन पर की बात, बाढ़ के हालात की ली जानकारी, हर संभव मदद का दिया भरोसा

गुजरात। गुजरात के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को पिछले 48 घंटों में राज्य भर में हुई भारी बारिश, विशेष रूप से दक्षिण और मध्य गुजरात क्षेत्र में और इसके



परिणामस्वरूप उत्पन्न स्थिति के बारे में पूरी जानकारी दी। वहीं गुजरात के छोटा उदयपुर, डांग, नर्मदा, वलसाड, नवसारी और पंचमहाल में बाढ़ से हालात संकटपूर्ण हैं। सबसे ज्यादा नवसारी और वलसाड जिला प्रभावित हैं। अहमदाबाद के कई इलाकों में सड़कों और घरों में पानी भरने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से टेलीफोन पर बातचीत की है। पीएम मोदी ने फोन करके राज्य में व्यापक और भारी बारिश से पैदा हुई विकट स्थिति के बारे में जानकारी ली। गुजरात सीएम पीआरओ के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को पिछले 48 घंटों में राज्य भर में हुई भारी बारिश, विशेष रूप से दक्षिण और मध्य गुजरात क्षेत्र में और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न स्थिति के बारे में पूरी जानकारी दी है।

## पीएम ने नए संसद भवन की छत पर अशोक स्तम्भ का किया अनावरण, 6.5 मीटर है मूर्ति की ऊंचाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संसद भवन की नई बिल्डिंग में अशोक स्तंभ का अनावरण किया है. इस मूर्ति की ऊंचाई 6.5 मीटर है और ये कांस्य की बनी हुई है. इस मूर्ति का वजन 6500 किग्रा. है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह नए संसद भवन की छत पर बने राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तम्भ का अनावरण किया. उन्होंने नई संसद के काम में लगे श्रमजीवी से बातचीत भी की. राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तम्भ 9500 किलोग्राम के कुल वजन के साथ कांस्य से बना है और इसकी ऊंचाई 6.5 मीटर है. इसे न्यू पार्लियामेंट बिल्डिंग के सेंट्रल फोयर के शीर्ष पर कास्ट किया गया है, प्रतीक के समर्थन के लिए लगभग 6500 किलोग्राम वजन वाले स्टील की प्लेट फॉर्म का निर्माण किया गया है।

नए संसद भवन की छत पर राष्ट्रीय प्रतीक की ढलाई की अवधारणा स्केच और प्रक्रिया मिट्टी मॉडलिंग/कंप्यूटर ग्राफिक से कांस्य कास्टिंग और पॉलिशिंग तक तैयारी के आठ अलग–अलग चरणों से गुजरी है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति मैदान में ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना की मुख्य सुरंग और 5 अंडरपास का उद्घाटन किया था. यह परियोजना प्रगित मैदान रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट का एक अभिन्न अंग बताया जा रहा है. बताया जा रहा है कि इस इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना की कुल लागत 920 करोड़ से अधिक आई है।

प्रधानमंत्री की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 920 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाई गई यह इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर परियोजना पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है. इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य प्रगति मैदान में आयोजित होने वाली विश्व स्तरीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर तक लोगों को आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी. च्ड० की विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस परियोजना के तहत बनाए गए अंडरपास में स्मार्ट फायर मैनेजमेंट मॉडर्न वेंटिलेशन और ऑटोमेटेड वाटर ड्रैनेज सिस्टम, डिजिटल रूप से संचालित ब्ब्जट कैमरे और सुरंग के अंदर सार्वजनिक अनाउंसमेंट सिस्टम जैसी सुविधा दी गई है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई जालौन माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निरीक्षण व समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की साथ ही 16 जुलाई को माननीय प्रधानमंत्री जी के आगमन की तैयारियों के बारे में जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। माननीय मुख्यमंत्री जी जालौन के कैथेरी में बने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर पहुंच कर उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी की जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 16 जुलाई को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करना है। निरीक्षण करने के बाद एक्सप्रेस वे के टोल प्लाजा पर ही मीटिंग हॉल में शासन तथा जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई संबंधित को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने की पूरी कोशिश की जाए। एक्सप्रेस वे बुंदेलखंड के विकास के लिए नया आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पिछड़ा इलाका माने जाने वाले बुंदेलखंड को



यह एक्सप्रेसवे मील का पत्थर साबित होगा। चित्रकूट से दिल्ली की दूरी मात्र 6 घंटे में तय की जा सकेगी इस एक्सप्रेस वे से बुंदेलखंड के साथ ही साथ कानपुर तथा उससे जुड़े प्रदेश के अन्य नगरों को भी बड़ी उड़ान मिलेगी।

प्रधानमंत्री के आगमन पर बुंदेलखंडी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास की धुरी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 16 जुलाई को किया जाएगा।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने फरवरी 2020 में इस एक्सप्रेस की आधारशिला रखी थी मार्च 2020 में कोरोना आने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश सरकार ने समय सीमा के पहले ही बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे का निर्माण कर लिया है यह लगभग 300 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 16 जुलाई को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पूरे देश के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का शुभारंभ करेंगे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जालौन हमीरपुर महोबा चित्रकूट बांदा आदि जनपद में इंडस्ट्रियल क्लस्टर भी विकसित होंगे।

उन्होंने कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन कोरिडोर आदरणीय प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी परियोजना है इसके दो महत्वपूर्ण जिले चित्रकूट और झांसी बुंदेलखंड में आते हैं। एक्सप्रेस वे बुंदेलखंड के विकास की आधारशिला तो बनेगी ही विकास के अभियान के साथ–साथ देश की राजधानी से जोड़कर और भी आसान बनाने का काम होगा।

उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को माननीय प्रधानमंत्री जी इसका उदघघाटन करेंगे जिसको भव्य और दिव्य बनाने के लिए आज अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूक्ष्म एवं मध्यम राज्यमंत्री भानु प्रसाद वर्मा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, एडीजी जोन कानपुर भानु भास्कर, मंडला आयुक्त अजय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार आदि जनप्रतिनिधि सहित मौजूद रहे।

## जनसंख्या नियंत्रण पर असंतुलन की स्थिति न पैदा हो : सीएम योगी

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

लखनऊ।आज विश्व जनसंख्या दिवस है इस मौके पर लखनऊ में सीएम आवास पर जनसंख्या पखवाड़ा की शुरुआत हुई. इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने बढ़ती जनसंख्या पर चिंता जताई और कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़े, लेकिन जनसांख्यिकी असंतुलन की स्थिति भी न पैदा हो पाए. सीएम योगी ने कहा कि श्हम सभी जानते हैं कि बीते पांच वर्षों से देशभर में जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं एक निश्चित पैमाने पर जनसंख्या समाज की उपलब्धि भी है, लेकिन यह उपलब्धि तभी है, जब समाज स्वस्थ व आरोग्यता की स्थिति को प्राप्त कर सके।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में पहले की तुलना में अपने रिकॉर्ड को अच्छा किया है, लेकिन इसे और बेहतर करने की जरूरत है. उत्तर प्रदेश की अगर बात करें तो यहां की आबादी 25 करोड़ के आसपास है. आबादी के लिहाज से ये दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश हो सकता है. सीएम योगी ने कहा कि कई बार ये बात कही गई है कि कई समस्याएं बढ़ी आबादी की वजह से प्रदेश में बनी हुई हैं।

बीते साल अगस्त के महीने में उत्तर प्रदेश स्टेट लॉ कमीशन ने जनसंख्या नियंत्रण नीति को लेकर एक ड्राफ्ट मुख्यमंत्री को सौंपा था और अब इंतजार है कि इस जनसंख्या नियंत्रण नीति को प्रदेश में आखिर कब लागू किया जाएगा. यूपी स्टेट लॉ कमीशन के उस वक्त के चेयरमैन जस्टिस ए एन मित्तल ने एक मसौदा जनसंख्या नियंत्रण का तैयार किया था. इस मसौदे में कई अहम बातें कही गईं थी. जिसमें ये साफ तौर पर है, कि जिनके 2 से ज्यादा बच्चे होंगे उन्हें सरकारी नौकरी नहीं दी जाएगी और जो सरकारी नौकरी में होंगे उन्हें प्रमोशन नहीं मिलेंगा।



दरअसल 260 पन्ने की इस रिपोर्ट में स्टेट लॉ कमिशन ने तमाम चीजों पर आम लोगों से राय भी मांगी थी. जिसके लिए 8500 से ज्यादा सुझाव लॉ कमीशन को मिले थे, इन सुझावों को 57 श्रेणियों में रखा गया था. इसके मुताबिक जिनके 2 से ज्यादा बच्चे हैं उन्हें 77 सरकारी स्कीमों का लाभ नहीं मिल सकेगा. वहीं कुछ सुझाव ऐसे भी थे जिनमें 2 से ज्यादा बच्चे होने पर विधायक और सांसद का चुनाव लड़ने की भी मनाही थी. कुछ ने ये सुझाव दिया कि जिनकी दो बेटियां हैं उन्हें तीसरे बच्चे की अनुमति दी जाए और जिनका एक बच्चा हो उसे कई तरह के लाभ मिलें।

## सेना को सौंपी गई आर्टिफिशियल इटेलिजेंस बेस्ड 75 सैन्य तकनीक मानव कल्याण के लिए भी हो इसका इस्तेमाल : राजनाथ सिंह

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। सोमवार को राजधानी दिल्ली में डिफेंस सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि आधारित 75 सैन्य तकनीक और साजो सामान सेनाओं को सौंपी गई. इस दौरान इन सभी तकनीक और प्रोडेक्ट्स की प्रदर्शनी का निरीक्षण करते वक्त खुद रक्षा मंत्री राजनाथ कुछ खास स्टॉल पर रूके और उस टेक्नोलॉजी के बारे में खुद जाना. इनमें खास थे साइलेंट–संतरी, त्रिशुल–रिमोट वैपन सिस्टम और मैंडेरिन ट्रांसलेटर डिवाइस।

साइलेंट सतंरी– साइलेंट संतरी दरअसल एक रोबोट है जो देश की सरहदों की निगरानी करने के लिए काफी कारगर तकनीक है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है इस सिस्टम को पाकिस्तान से सटी एलओसी या फिर किसी भी कटीली तार पर लगाया जा सकता है. ये रेल माउंटेड डिवाइस है यानि इसे कटीली तार पर एक छोटी सी ट्रैक पर फिट किया जा सकता है. छह घंटे तक इसे एक किलोमीटर की सीमा पर निगरानी के लिए लगा दिया जाता है. जैसे ही कोई दुश्मन सैनिक या फिर आतंकी एलओसी पर घुसपैठ करने की हिमाकत करेगा साइलेंट संतरी तुरंत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में बैठे सैनिक को अलर्ट कर देगा और सैनिक तुरंत एलओसी पर पहुंचकर आने वाले खतरे से निपट सकता है।



इस साइलेंट संतरी को बनाने वाले भारतीय सेना के आर्मी डिजाइन बोर्ड के मेजर पराग कंवर ने एबीपी न्यूज को बताया कि किसी भी सैनिक के लिए छह घंटे लगातार एक जगह ही निगरानी करने में काफी मुश्किल होती है. ऐसे में ये साइलेंट संतरी रोबोट काफी काम आ सकता है. छह घंटे के बाद इसे रिचार्ज किया जा सकता है और एक बार फिर से सरहद की निगहबानी कर सकता है।

मेजर पराग के मुताबिक, क्योंकि ये एआई तकनीक पर आधारित है इसलिए ये फेस–डिटेक्शन भी कर सकता है. यानि ये भी बता सकता है कि घुसपैठ करने वाला दुश्मन है या फिर अपने ही देश का कोई सैनिक है. इसके अलावा इंसान और जानवरों के बारे में भी बता सकता है।

## वाह! ये आपकी कुटिया है नए संसद भवन में वर्कर्स से बोले पीएम मोदी

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई संसद भवन की छत पर राष्ट्रीय अशोक चिन्ह का अनावरण किया. इस दौरान प्रधानमंत्री ने संसद भवन के निर्माण में लगे श्रमिकों से भी बातचीत की. उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण में लगे श्रमिक देश के गौरव में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं।



बातचीत के दौरान एक श्रमिक ने पीएम के निर्माणाधीन संसद में आने को लेकर कहा आपका यहां आना हमारे लिए भगवान राम का शबरी की कुटिया में आने जैसा है. इस पर पीएम ने कहा कि वाह ! ये आपकी कुटिया है. उसके बाद उन्होंने कहा कि देश के हर गरीब व्यक्ति को लगना चाहिए कि यह उनकी कुटिया है. आपने बहुत अच्छी बात कही है।

इसके बाद पीएम ने मजदूरों से पूछा कि उनको क्या लगता है, वे एक भवन बना रहे हैं या इतिहास? तो उन्होंने सामूहिक रूप से कहा, इतिहास.

प्रधानमंत्री ने श्रमिकों से संसद भवन के निर्माण में और अन्य किसी परियोजना के निर्माण में शामिल होने के अंतर के बारे में भी पूछा. श्रमिकों ने कहा कि उन्हें नये संसद भवन में काम करते हुए गौरव की अनुभूति होती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मजदूरों का हाल–चाल पूछा और यह भी सवाल किया कि क्या उन्होंने कोविड–19 रोधी टीके लगवाये हैं. मोदी ने श्रमिकों से कोविड–19 टीकों के बार में भी पूछा और कहा कि क्या उन्होंने वैक्सीन लगवाई है. इस पर जवाब आया कि सब लोग बूस्टर डोज तक लगवा चुके हैं।

## गिरिराज सिंह ने फिर की कड़े जनसंख्या कानून की वकालत बोले, हमारी आबादी सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही है

राम कृपाल सिंह ने.ब्यूरोचीफ

पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार फिर से कड़े जनसंख्या नियंत्रण कानून की वकालत कर दी हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि हमारे देश की हमारे 'सुरसा' के मुंह की तरफ बढ़ रही है। इस पर नियंत्रण करने के लिए कड़े कानून की आवश्यकता है। दरअसल, गिरिराज सिंह ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एक वीडियो जारी किया है और उसे ट्विटर पर साझा किया है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि पिछले तीन दशकों में भारत आर्थिक प्रगति की रफ्तार में चीन से पिछड़ गया, लेकिन जनसंख्या वृद्धि में अपने पड़ोसी देश से आगे निकल गया।



बिहार में बेगूसराय लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले सिंह ने कहा कि हमारे पास सीमित संसाधन हैं। हमारी आबादी सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही है। दस–दस बच्चे पैदा करने वाली विकृत मानसिकता पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए एक 'कड़ा कानून' बने, जो ''पूरे देश में और सभी धर्म के लोगों पर लागू हो। भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह के कानून की मांग संसद से सड़क तक उठानी चाहिए।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने थामा मुलायम सिंह यादव का हाथ, भावुक पल में कुछ यूं बंधाया ढांढस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में बीजेपी और समाजवादी पार्टी एक–दूसरे के धुर विरोधी माने जाते हैं. अक्सर ही सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के फैसलों पर सपा गठबंधन की पार्टियां विरोध जताती रही हैं. हालांकि ऐसा केवल राजनीतिक गलियारों तक ही सीमित नजर आता है. ऐसी ही कुछ गवाही एक तस्वीर दे रही है, जो सोशल मीडिया पर काफी शेयर की जा रही है।

दरअसल, सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना गुप्ता का निधन शनिवार को हुआ था. जिसके बाद सीएम



योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया. वहीं सीएम योगी रविवार को उनके घर भी पहुंचे, जहां उन्होंने साधना गुप्ता को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान वे मुलायम सिंह के घर कुछ वक्त तक रुके रहे. तब उन्होंने सपा संरक्षक के पास जाकर इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया. इसी दौरान की एक तस्वीर सामने आई, जो सोशल मीडिया पर जमकर शेयर हो रही है।

इस तस्वीर में सीएम योगी सपा संरक्षक का हाथ थामे नजर आ रहे हैं. जबकि मुलायम सिंह का दूसरा हाथ सीएम योगी के कंधे पर है. वहीं इन दोनों के अलावा इस तस्वीर में पूर्व सीएम अखिलेश यादव, प्रतीक यादव, अपर्णा यादव और कई अन्य लोग भी हैं।

मुलायम सिंह यादव का स्वास्थ्य भी बीते दिनों से खराब चल रहा है. कुछ दिनों पहले ही उनकी तबीयत जब ज्यादा बिगड़ गई तो अस्पताल में भर्ती कराया गया. तब उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था. ऐसे में इस तस्वीर को दोनों पार्टियों के बीच राजनीति से दूर हटकर व्यक्तिगत तौर पर भी देखा जा रहा है. राजनीति से इतर माना जा रहा है कि सीएम योगी ने सपा संरक्षक के पास जाकर उनका हालचाल भी जाना. बता दें कि साधना गुप्ता बीजेपी नेता अपर्णा यादव की सास और प्रतीक यादव की मां हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## 'पोषण पाठशाला' का आयोजन

कानपुर नगर। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया है कि निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 13 जुलाई 2022 को विभाग द्वारा जन–मानस एवं लाभार्थियों को विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबन्धन, कुपोषण से बचाव के उपाय, पोषण शिक्षा आदि के सम्बन्ध में 'पोषण पाठशाला' के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है। उक्त के सम्बन्ध में प्रथम पोषण पाठशाला का आयोजन दिनांक 13 जुलाई 2022 को दोपहर 12.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे के मध्य किया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य थीम 'प्रभावी स्तनपान हेतु सही तकनीकि' है। पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा सम्बन्धित विषय पर विस्तार से चर्चा की जायेगी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य द्वारा पूछे जाने वालों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव वेब–कास्ट भी किया जायेगा, जिसका वेब लिंक https://webcast.gov.in/up/icds है। इस लिंक के माध्यम से कोई भी लाभार्थी/आम जनमानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड कर इसे देख सुन सकता है।

### इच्छुक फर्म एवं कम्पनी कोटेशन कराएं : उपलब्ध

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जनपद कानपुर देहात के उप निबन्धक कार्यालयों/अभिलेखागार में संचित वर्ष 2005 से 2017 तक के पंजीकृत लेखपत्रों के स्कैनिंग के डिजिटाईजेशन की प्रक्रिया जनपद स्तर पर सम्पन्न कराई जानी है, जिसके लिए उच्च गति की लीजलाइन कनेक्शन (कम से कम 10 डइचे) की आवश्यकता है। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन मनोज कुमार ने बताया कि इच्छुक फर्म एवं कम्पनी से अपेक्षा की जाती है कि अपनी–अपनी कोटेशन/आगणन को कार्यालय के ईमेल (aigkd123@gmail.com) पर दिनांक 15.07.2022 की सायं 5 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। इसके उपरान्त प्राप्तः कोटेशन/ आगणन पर विचार नहीं किया जायेगा।

## मजिस्ट्रियल जांच

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। दिनांक 24.06.2022 को विजय नरायाण सिंह का पुत्र प्रियांशु सिंह एवं साला सुजीत सिंह ग्रा मदा का पुरवा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात से मूसानगर स्थित मुक्ता देवी के दर्शन के लिये निकले थे। मुक्ता देवी के दर्शन से पूर्व यमुना नदी में स्नान करने के दौरान तकरीबन 10 बजे यमुना नदी में डूब गये थे । उपर्युक्त प्रकरण में मजिस्ट्रीरियल जांच हेतु डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय डॉक्टर पूनम गौतम को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उपरोक्त प्रकरण में यदि किसी व्यक्ति विशेष को कोई साक्ष्य/बयान प्रस्तुत करना है तो वह अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 14.07.2022 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। यह जानकारी डा० पूनम गौतम, डिप्टी कलेक्टर, मुख्यालय, कानपुर देहात ने दी है।

### रोजगार मेले ज्यादा से ज्यादा स्थापित कर जनपद के बेरोजगारों को लोगों को दिलाए रोजगार : जिलाधिकारी

• जनपद के अन्तर्गत आउटसोसिंग, संविदा, सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी क्षेत्र की समस्त रिक्तियों को अनिवार्य रूप से सेवायोजन पोर्टल पर अपलोड है कराना : मुख्य विकास अधिकारी

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में रोजगार मेलो तथा कॅरियर काउन्सिलिंग को प्रभावी एवं सफल कियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई, बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी अंजलि शर्मा ने जिलाधिकारी को बताया कि जिले के सभी बेरोजगार अभ्यार्थियों एवं नियोजकों का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित कराया जाना है, जनपद के अन्तर्गत आउटसोसिंग, संविदा, सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी क्षेत्र की समस्त रिक्तियों को अनिवार्य रूप से सेवायोजन पोर्टल पर अपलोड कराना, रोजगार मेलो एवं कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रमों का कैलेंडर जारी करना, कार्यक्रम स्थल का चयन करना एवं व्यापक व्यापक प्रचार–प्रसार कराना। नियोजकों एवं शिक्षण संस्थानों से सम्पर्क करना, रोजगार मेलो में प्रतिभाग कर रहें नियोजकों की उचित व्यवस्था कराना रोजगार मेले हेतु जिलास्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाना, कार्यक्रम से जुडी समस्त



व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराना इत्यादि हैं। रोजगार मेलो में चयनित अभ्यार्थियों को नियुक्त पत्र वितरण करना तथा चयनित अभ्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कराना इत्यादि हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला पंचायतराज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग आदि विभाग वैकेंसी हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत करा लें जिससे कि लोगों को जानकारी मिल सके, उन्होंने कहा कि इसमें उद्योग इकाइयों को भी जोड़ा जाए, उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार मेले स्थापित किए जाए, जिससे कि जनपद के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सके। इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय, जीएमडीआईसी चंद्रभान सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 2023 में चालू हो जाएगा द्वारका एक्सप्रेसवेः केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

नयी दिल्ली। द्वारका एक्सप्रेसवे, जिसे नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड के नाम से भी जाना जाता है, 2023 में चालू हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद दिल्ली–गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर यातायात का भार कम होगा।



## बेरोजगार युवक/युवतियां अपना स्वरोजगार स्थापित करने हेतु करे आवेदन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2022–23 हेतु जनपद के इच्छुक बेरोजगार व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। योजनान्तर्गत जनपद के बेरोजगार युवकध्युवतियां अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकते है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह ने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत निर्माण इकाई हेतु अधिकतम परियोजना लागत रू० 25.00 लाख एवं सेवा (सर्विस) इकाई हेतु परियोजना जागत रू० 10.00 लाख है। परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अनुदान/ सब्सिडी अनुमन्य है। जिसमें आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गयी है। आवेदक जनपद का स्थायी निवासी हो, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण हो, उपरोक्त योजनान्तर्गत इच्छुक अभ्यर्थियों से ऋण आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन https/msme.up.gov.in (एमएसएमई. यूपी. जीओवी. इन) की वेबसाइट पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र रनिया, कानपुर देहात मे घनश्याम राठौर 6386113042 एवं महिपाल सिंह 9455133250 से कार्यालय दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। इसमे आधार कार्ड,फोटो, शिक्षा प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, 10 रू० के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तावित कार्य हेतु किसी वित्तीय संस्था के डिफाल्टर न होने विषयक शपथ पत्र, कार्यस्थल निजी होने का प्रमाण पत्र अथवा 10 वर्ष की किरायेदारी का अनुबन्ध पत्र, बैंक पासबुक की फोटोकापी जिसमें एकाउण्ट न० और आईएफएससी कोड का स्पष्ट उल्लेख हो, अनुभव प्रमाण पत्र।

### दूसरी महिला संग रंगरेलियां मना रहे कांस्टेबल पति को पत्नी ने रंगे हाथ दबोचा, घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा

कानपुर। सोशल मीडिया पर इन दिनों पति–पत्नी और वो के बीच हाईवोल्टेज ड्रामे का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें कानपुर नौबस्ता थाने में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल को उसकी पत्नी ने गैर महिला के साथ रंगे हाथ दबोच लिया. पत्नी ने दोनों को लखनऊ के फ्लैट में रंगे हाथों पकड़ा. जिसके बाद घंटों तक कांस्टेबल, उसकी पत्नी और दूसरी महिला के बीच तकरार होती रही. इस पूरे ड्रामे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है. पत्नी ने अब आरोपी पति के खिलाफ नौबस्ता थाने में ही तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है. खबर के मुताबिक नौबस्ता मछरिया की रहने वाली महिला विजयाराजे यादव ने अपने कांस्टेबल राजीव यादव को गैर महिला के साथ लखनऊ के एक फ्लैट में रंगे हाथ पकड़ लिया।

इसके बाद पति–पत्नी और वो के बीच घंटो हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा. महिला का आरोप है कि उसका पति शादीशुदा होते हुए दूसरी महिला के साथ है. इतना ही नहीं इस पूरे विवाद में कांस्टेबल राजीव यादव का एक फर्जीवाड़ा भी सामने आया है. कांस्टेबल पद पर तैनात राजीव यादव ने अपना एक फर्जी आईडी कार्ड बनवा रखा है जिसमें उसने खुद को उप–निरीक्षक पद पर तैनात बताया है. पत्नी का आरोप है कि इस कार्ड के जरिए वो लोगों से उगाही कर रहा था।

पीड़ित महिला विजयाराजे ने इस मामले में नौबस्ता थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी जब कार्रवाई नही हुई तो उसने डीसीपी साउथ दफ्तर पहुंचकर अपने पति की कारगुजारियों की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की हैं. इस पूरे प्रकरण पर एडिशनल डीसीपी साउथ मनीष सोनकर का कहना कि कांस्टेबल की पत्नी ने शादीशुदा होते हुए दूसरी शादी करने के संबंध में शिकायत की है, जिसकी जांच ACP गोविंदनगर को सौंप दी गई है. वहीं फर्जी आईडी के मामले में फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## एक ऑटो, 27 सवारियां... एक-एक कर जब उतरे तो पुलिस के भी उड़ गए होश



फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर जिले में एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसे देखकर पुलिस की आंखें भी खुली रह गई. हुआ ये कि बकरीद के मौते पर यातायात को संचालित कर रही पुलिस ने एक ऑटो को रुकवाया जो काफी तेज रफ्तार में जा रहा था और ओवरलोड दिखाई दे रहा था. ये ऑटो जब रुका और पुलिस ने एक–एक कर इससे सवारियों को उतारा तो पुलिस भी हैरान रह गई. इस ऑटो में ड्राइवर समेत कुल 27 लोग सवार थे. जिनमें कई बच्चे भी शामिल थे. दरअसल, ये मामला फतेहपुर के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ललौली चौराहे का है. जहां पर बकरीद पर्व को देखते हुए पुलिस हर चौराहे, सड़क पर मुस्तैद थी. इस दौरान पुलिस की नजर इस ऑटो पर पड़ी जो ओवरलोड लग रहा था और तेजी से जा रहा था. चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब इन्हें रोका इसमें से बच्चों समेत कुल 27 लोगों को एक–एक कर बाहर निकाला गया. ये सभी लोग बिंदकी कस्बे से थाना क्षेत्र के महरहा गांव के रहने वाले हैं. बच्चों समेत ये सभी 27 लोग बकरीद की नमाज अदा करके तेज रफ्तार से अपने गांव वापस जा रहे थे. पुलिस भी ऑटो का ये नजारा देखकर हैरान रह गई. एक ऑटो जो ड्राइवर समेत चार लोगों के लिए ही होता है उसमें दोगुने से कई गुना ज्यादा लोग सवार थे. पुलिस भी ये देखकर परेशान थी कैसे इस ऑटो में 27 लोगों को ठुंसाया गया होगा. ये न सिर्फ ट्रैफिक नियमों को उल्लंघन है बल्कि ये खुलेआम किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता देने जैसा है. पुलिस ने ऑटो ड्राइवरअमजद को जोरदार फटकार लगाई और उसके ऑटो को भी सीज कर दिया।

## एक दिवसीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन जुलाई माह के अन्तिम सप्ताह में प्रस्तावित

कानपुर नगर। जिला युवा कल्याणा एवं प्र0वि0द0 अधिकारी श्रीमती आरती जायसवाल ने बताया है कि युवा कल्याण प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन जुलाई माह के अन्तिम सप्ताह में प्रस्तावित है। जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से 15 से 29 वर्ष तक के युवक/युवतियां प्रतिभाग कर सकेंगे।सांस्कृतिक प्रतियोगिता निम्न विधाओं में आयोजित की जानी है, जिसमें लोक नृत्य, लोकगीत,एकांकी, क्लासिकल वोकल, कर्नाटक वोकल, सितार वादन,बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन हारमोनियम लाइट, मृदंगम, गिटार वादन,मणिपुरी नृत्य, ओडिसा नृत्य,भरत नाट्यम नृत्य,कत्थक नृत्य, कुचिपुड़ी नृत्य, एक्सटेम्पोर आदि। उन्होंने बताया है कि जनपद के इच्छुक कलाकार/ प्रतिभागी जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य है अपना पंजीकरण कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी कानपुर नगर के कक्ष संख्या–4 विकास भवन द्वितीय तल में व्यक्तिगत रूप से एवं ई–मेल द्वारा dywokanpurnagar@gmail.com के माध्यम से दिनांक 25 जुलाई 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम की जानकारी के सम्पर्क सूत्र श्री यशस्वी रत्न मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 9369065167 एवं श्री प्रदीप कुमार चौरसिया सहायक कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 8218229023 हैं। इसके अतिरिक्त सभी विकास खण्डों के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता हैं। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में विजयी प्रतिभागी मण्डल स्तर ध्जोनल ध्राज्य स्तर पर विजयी होने के उपरान्त राष्टीय युवा उत्सव में प्रतिभाग कर सकते है।

## ऑगनबाडी केन्द्रों का हुआ आकस्मिक निरीक्षण

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय कानपुर देहात के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन दिनांक– 11.072022 को जनपद कानपुर देहात के समस्त बाल विकास परियोजनाओं के 39 ऑगनबाडी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कराया गया, जिसमें 01 ऑगनबाड़ी सहायिका गुड्डी देवी केन्द्र नसरतपुर विकास खण्ड अकबरपुर अनुपस्थित पायी गयी। अनुपस्थित सहायिका का स्पष्टीकरण जारी कर आवश्वयक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही अनुपस्थिति के सम्बन्ध में सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका का स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है।

## कानपुर में समाज के तानों से तंग आकर प्रेमी युगल ने मौत को गले लगाया



कानपुर। कानपुर में समाज के तानों से तंग आकर प्रेमी युगल ने मौत को गले लगा लिया. जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई. जानकारी के मुताबिक प्रेमी एससी और प्रेमिका के क्षत्रिय होने पर समाज ने उनके प्रेम पर बंदिश लगा दी थी. मरने से पहले दोनों ने शादी की, प्रेमी ने प्रेमिका का श्रृंगार किया और फिर दोनों ने एक–दूसरे को गले लगाकर अंतिम विदाई दी. सोमवार की सुबह दोनों के शव गांव के बाहर पड़े मिले. जब गांव के लोग जगंल की तरफ गए तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी।

सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया. इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. यह मामला कानपुर के सिकंदरा थाना क्षेत्र के नंदना गांव का है. जहां युवक बीएससी द्वितीय वर्ष और लड़की कक्षा 11 में पढ़ाई करती थी. एक ही मोहल्ले में रहने की वजह से अक्सर एक दूसरे को देखते रहते थे. दो साल पहले उनकी बातचीत शुरू हुई और वह अक्सर छिप–छिप कर मिलते थे. इसकी जानकारी दोनों के घर वालों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया. दोनों के घर वालों में कहासुनी भी हुई. गांव के लोगों ने भी इसका विरोध किया, यह विरोध इसलिए और अधिक था क्योंकि लड़का रैदास और लड़की क्षत्रिय जाति की थी. दोनों के प्रेम मिलन में जाति बड़ी बाधा थी. इसको लेकर लोग दोनों पर तंज भी कसते रहते थे. घर और गांव के लोगों का यह विरोध इतना बढ़ गया कि उन्होंने साथ में दुनिया को अलविदा कहने की योजना बना ली. फिलहाल पूरे मामले को लेकर सिकंदरा क्षेत्राधिकारी रविकांत गौर ने बताया है कि प्रथम दृष्टया दोनों की मौत जहर खाने की वजह से दिख रही है, लेकिन दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी. तो वहीं पूरे मामले को लेकर मृतक प्रेमी युगल के परिवारों का कहना है कि उन्हें इस रिश्ते की जानकारी पहले से ही थी और कई बार इस रिश्ते को खत्म करने के लिए दोनों परिवारों के बीच में बातचीत भी हुई है. लेकिन मोबाइल ऐसा जरिया बना रहा कि दोनों की बातचीत चुपचाप होती रही जिसके बाद कब इन दोनों लोगों ने ऐसा काम करने का फैसला ले लिया जिसकी हम लोगों को भनक ही नहीं पड़ी. कई घंटों तक घर से गायब होने के बाद ढूंढने से गांव के लोगों ने खबर दी कि दोनों के शव गांव के बाहर खेत में पड़े हुए है।

## कौन करेगा एंबुलेंस का इलाज? कांशीराम अस्पताल में फांक रहीं धूल, खड़ी-खड़ी कबाड़ में हुई तब्दील



कानपुर। उत्तर प्रदेश में एंबुलेंस सेवा धूल फांक रही है. यहां मरीजों को वक्त पर ना मिलने वाली एंबुलेंस की भी दुर्दशा हो रही है. सवाल है कि स्वास्थ्य विभाग का इलाज करने का दावा करने वाली सरकार बिगड़ी एंबुलेंस सेवा का कब इलाज करेगी? प्रदेश में कानपुर के कांशीराम चिकित्सालय में जहां खुद सीएमओ आलोक रंजन बैठते हैं कई दिनों से 50 के करीब एंबुलेंस खराब पड़ी हैं. बताया जा रहा है कि छोटी–छोटी खामियों के चलते ये एंबुलेंस यहां खड़ी की गईं और उसके बाद कबाड़ में तब्दील हो गईं. धूल फांक रहीं इन एंबुलेंस की दुर्दशा देखकर उन मरीजों की याद आती है जिन्हें वक्त पर एंबुलेंस नहीं मिली और जो अब इस दुनिया में नहीं हैं. कोरोना काल में एक–एक एंबुलेंस की कितनी जरूरत थी यह बताने की जरूरत नहीं है और रोजाना एंबुलेंस ना मिलने के मामले सामने आते रहते हैं. ऐसे में स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन और शासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं. कानपुर में 50 के करीब एंबुलेंस खड़ी–खड़ी कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं. 108 और 102 सेवा की ये एंबुलेंस अब किसी भी काम की नहीं बची हैं. इस बीच कानपुर महानगर के सीएमओ आलोक रंजन का कहना है कि इन एंबुलेंस का यह हाल कैसे हुआ इसका विश्लेषण किया जाएगा और जो भी इसके लिए जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सवाल है कि, एंबुलेंस सेवा के टाइमिंग को दुरुस्त करने का दावा करने वाले स्वास्थ्य विभाग की नजर जनता के पैसों से खरीदी गई इन एंबुलेंस पर क्यों नहीं पड़ती. अब जब ये एंबुलेंस कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं ऐसे में इसके दोषियों को क्या सजा दी जाएगी और जो मरीज एंबुलेंस वक्त पर ना मिलने की वजह से अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं उसके लिए किसे सजा दी जाएगी।

## मुख्य विकास अधिकारी ने कहा, लाभार्थी आधार जरूर अपडेट करा लें अगर 20 जुलाई तक आधार अपडेट नहीं कराया तो वृद्धा पेंशन रोक दी जाएगी



कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में समाज कल्याण विभाग से मिलने वाले वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों के लिए यह खबर काफी अहम है. वृद्धा पेंशन ले रहे 45,129 लाभार्थियों की पेंशन अगले महीने से रोकी जा सकती है. कानपुर महानगर में कुल 92,586 वृद्धा पेंशन के लाभार्थी हैं जिनमें से महज 45,457 लाभार्थियों ने ही अभी तक अपने आधार का सत्यापन कराया है जो महज 51.25 फीसदी ही बनता है. समाज कल्याण विभाग विशेष अभियान चलाकर वृद्ध जनों का आधार प्रमाणित कर रहा है. यह काम प्राथमिकता के आधार पर विकास भवन, नगर पालिका और ब्लॉक स्तर पर कराया जा रहा है. इससे पहले मार्च महीने में पेंशन जारी की गई थी. समाज कल्याण विभाग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 60 वर्ष से अधिक वृद्धों को यह पेंशन देता है. वृद्धा पेंशन में प्रतिमाह 1000 रुपये के हिसाब से 3 महीने में धनराशि सीधा लाभार्थियों के खाते में भेजी जाती है. कानपुर महानगर के मुख्य विकास अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार ने कहा, लाभार्थी अपने ब्लॉक के पंचायत भवन या समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में पहुंचकर अपना आधार जरूर अपडेट करा लें क्योंकि लाभार्थियों ने अगर 20 जुलाई तक आधार अपडेट नहीं कराया तो उनकी पेंशन मजबूरन रोक दी जाएगी. सरकार की कोशिश है कि इस कवायद के जरिए ऐसे लोगों को पकड़ा जाए जो सरकार की मंशा पर बट्टा लगा रहे हैं।

# कोर्ट ने मोहम्मद जुबेर को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी नगर के बाह्य दीवानी एवं अपर सत्र न्यायालय में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अल्ट न्यूज के सह संपादक मोहम्मद जुबेर के खिलाफ दायर मुकदमे में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई शुरू की। नगर के एक चैनल के अधिकृत व्यक्ति द्वारा न्यायालय के आदेश से 17 सितंबर 2021 को अल्ट न्यूज के संपादक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ कोतवाली मोहम्मदी में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें एक वर्ष के बाद भी विवेचना पूरी नहीं हो सकी। न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचि श्रीवास्तव ने विवेचना पर सुनवाई के लिए आरोपी को 11 जुलाई कोर्ट में पेश कराने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया था। जिस पर पुलिस ने सुरक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली। इसी बीच जेल अधीक्षक सीतापुर द्वारा सुरक्षा के कारणों के चलते मुलजिम को पेशी पर लाने में असमर्थता जता दी। जिस पर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए सुनवाई का अनुरोध किया। कोर्ट ने अनुरोध स्वीकार कर सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान निरीक्षक अंबर सिंह विवेचक के साथ मौजूद रहे। विवेचक द्वारा मुकदमे में आरोपी के खिलाफ विवेचना में धारा 153 बी, 505 (1) और (2) आईपीसी की बढ़ोतरी कर दी। साक्ष्य संकलन को लेकर 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा की मांग की।जिसका समर्थन एपीओ केपी सिंह ने दलीलों के साथ किया।जिस पर बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने विरोध किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में देने का आदेश दे दिया। जिस में अगली सुनवाई 25 जुलाई को निर्धारित की गई। जिस पर बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुलजिम की जमानत याचिका प्रस्तुत की। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई को लेकर 13 जुलाई तारीख निश्चित की है।



☒ वादी को जान से मारने की दी धमकी

कोर्ट में अल्ट न्यूज के संपादक के खिलाफ दायर मुकदमे में सुनवाई के दौरान पैरवी को जाते वादी की अज्ञात लोगों द्वारा घेराबंदी कर जान से मारने की धमकी देने पर वह हल्ला मचाने से भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सोमवार को अदालत में मोहम्मद जुबैर के मुकदमे की सुनवाई के दौरान वादी आशीष कटियार उर्फ सोनू अपनी बाइक से कोर्ट में मुकदमे की पैरवी को जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात लोगों द्वारा उनकी बाइक की घेराबंदी कर जान से मार डालने की धमकी दी। हल्ला मचाने से आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने घटना की सूचना निरीक्षक अंबर सिंह को दी। जिस पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। सीओ अरविंद वर्मा ने घटना की सत्यता की जांच करने के आदेश दिए हैं।

उनका कहना है कि घटना सही होने पर पीड़ित को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

# भारी सुरक्षा के बीच अदा हुई नमाज



लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी नगर में स्थित ईदगाह पर दो वर्षों के बाद भारी सुरक्षा के साए में ईद उल अजहा के पर्व पर नमाज अता की गई। जिससे लोग खुश दिखे। रविवार को नमाज अता कराने को लेकर प्रशासन अलसुबह से ही नगर में चप्पे–चप्पे पर सादे कपड़ों में पुलिस बल तैनात रहा। दो वर्षों के बाद ईदगाह में दूर–दूर गांव से आए अनुयायियों ने ईदगाह में नमाज अता कर अमन और शांति की दुआ मांगी। प्रशासन ने शांतिपूर्वक नमाज अता हो जाने पर राहत की सांस ली। एसडीएम पंकज श्रीवास्तव निरीक्षक अंबर सिंह ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नपाप चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई ने सभी को ईद की शुभकामनाएं दी।

# बाजीदपुर में हुआ धर्म जागरण समन्वय की बैठक का आयोजन

सिकंदराराऊ। गाँव बाजीदपुर में धर्म जागरण समन्वय की बैठक का स्वर्गाश्रम हनुमानजी मंदिर पर आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा का पाठ पढ़कर हुई। खंड संयोजक विनोद वर्मा ने





बैठक का संचालन किया , यदुवंशी दिनेश जादौन जिला संयोजक ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सिकंदराराऊ खंड के धर्म रक्षा समिति के संयोजक , सह संयोजक एवं कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई।

जिसमें भारत माता पूजन कार्यक्रम , रक्षाबंधन पर्व पर दलित बस्तियों में धर्म रक्षा सूत्र बांधने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा बनी और क्षेत्र के सभी मंदिरों पर हर मंगलवार को लगातार हनुमान चालीसा का पाठ होता रहे और लोगों में सनातन धर्म , संस्कृति, देवी देवताओं के प्रति आस्था बनी रहे। इसके लिए कार्यकर्ताओं से लोगों में जागरूकता बढ़ाने हेतु भक्तिभाव का संदेश दिया और अपने आसपास के देश विरोधी ताकतों से सावधान रहें। ऐसे कई धार्मिक बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में मंगल सिंह, अजय शर्मा , नेकसे , वीरेंद्र राजपूत, हरनाम सिंह, देवेन्द्र, मनीष, दीपक, धीरज, शनि, ललित, प्रमोद, विपिन, सत्यवीर, अभिषेक राजपूत, सत्यपाल आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष अवसर एवं चुनौतियां बढ़ी : ज्योति पंत

लखीमपुर,खीरी। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर युवराज दत्त महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति समिति द्वारा क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता, जागरूकता रैली एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विचार गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति पंत ने कहा कि पिछले 200 वर्षों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है। बढ़ती हुई जनसंख्या के सापेक्ष अवसर एवं चुनौतियां भी बढ़ी हैं। वहीं रोटी, कपड़ा और मकान से सम्बन्धित समस्यायें नये–नये रूप में आ रहीं हैं। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. नूतन सिंह ने लियो टालस्टाय की पुस्तक का उदाहरण देते हुए बताया कि जब तक मनुष्य अपने लालच को सीमित नहीं करेगा, जनसंख्या की समस्या बनी रहेगी। एनएसएस प्रभारी एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चन्द्रा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या से देश के सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण के उपायों के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वहीं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि विश्व की जनसंख्या 8 अरब के आस–पास पहुंचने वाली है। बढ़ती जनसंख्या दुनिया के लिये अभिशाप है। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. डीके सिंह ने कहा कि जनसंख्या के बढ़ते मूल कारणों पर ध्यान देने के साथ–साथ मानव विकास सूचकांक के आकड़ों पर कार्य



करने की भी जरूरत है। कामर्स विभागाध्यक्ष डॉ. डीएन मालपानी ने शिक्षा और संस्कार को जनसंख्या नियंत्रण के लिये प्रभावी उपाय के रूप में बताया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने कहा कि जनसंख्या के दबाव से रचनात्मक कार्यों के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। आदर्श परिवार एवं जनसंख्या नियंत्रण से सम्बन्धित समस्याओं के निवारण में महिलायें की भूमिका बढ़ रही है। बढ़ती जनसंख्या के नियंत्रण एवं निवारण हेतु बृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों को चलाये जाने की आवश्यकता है। विचार गोष्ठी का सफल संचालन अर्थशास्त्र विभाग के असि. प्रोफेसर दीपक कुमार बाजपेई ने किया।

# अपर जिला जज, न्यायिक मजिस्ट्रेट का हुआ स्वागत



लखीमपुर,खीरी। बार एसोसिएशन द्वारा अपर जिला जज, न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्वागत समारोह श्रीराम सभागार में किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद खरे की अध्यक्षता में महामंत्री शाहिद बाबा के साथ बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने अपर जिला जज सुभाष सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट आदित्य जयसवाल, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अभय राजवंशी का स्वागत किया। मंच का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता वीपी सिंह द्वारा किया गया। अपर जिला जज ने बताया कि बार और डेस्क के सामंजस से ही लोगों को न्याय मिलेगा और उनका व उनकी टीम का यही उद्देश्य है कि दोषियों को सजा और निर्दोष को न्याय मिले। इस मौके पर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता ओम तिवारी, पूर्व अध्यक्ष प्रदुमन मिश्रा, कुलदीप सिंह, मोहम्मद हाशिम, राम कैलाश यादव, राजीव बाजपेई सुखविन्दर सिंह, राम सागर कठेरिया सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# निश्छल प्रज्ञा सम्मान एवं लोकार्पण समारोह हुआ आयोजित

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी नगर की साहित्यिक संस्था प्रज्ञालोक सृजन संस्थान के तत्वावधान में संस्था के पूर्व अध्यक्ष गीतकार स्मृतिशेष श्रीकान्त निश्छल के काव्य संग्रह निश्छल निर्झर का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। अस्तल धर्मशाला में अयोजित इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ से वरिष्ठ कवि आचार्य ओम नीरव ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मदी नगर पालिकाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया रहे। कार्यक्रम में निश्छल की कृति निश्छल निर्झर का लोकर्पण किया गया। पुस्तक में निश्छल जी की विभिन्न विधाओं की 200 से अधिक रचनाओं का संग्रह है। पुस्तक के संपादक आकाश त्रिपाठी ने बताया कि 10 जुलाई को निश्छल जी के जन्मदिवस के अवसर पर इस कृति का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर निश्छल के परिजनों द्वारा निश्छल प्रज्ञा सम्मान का भी शुभारंभ किया गया। इस वर्ष इस सम्मान का प्रथम संस्करण गीत विधा हेतु दिया गया। जिसके अंतर्गत गोला गोकर्णनाथ के गीतकार रमेश पाण्डेय, शिखर शलभ की कृति नहीं लिख पाया को चयनित कर सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में 2100 रुपये नगद, स्मृति चिन्ह, उत्तरीय एवं सम्मान पत्र भेंट किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा एवं निश्छल जी के भाई लक्ष्मीकांत त्रिपाठी एवं राधेश्याम त्रिपाठी ने सम्मानित कवि को उपरोक्त सम्मान भेंट किया। इस अवसर पर निश्छल निकुन्ज एवं प्रज्ञालोक के सौजन्य से अतिथि कवियों को स्मृति चिन्ह एवं उत्तरीय से सम्मानित किया गया। अतिथि कवियों में लखनऊ से आचार्य ओम नीरव, गोला से श्रीकान्त तिवारी, संत कुमार बाजपेयी, आचार्य नंदीलाल निराश, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, शशिकांत मिश्र, पुवायां से रामबाबू शुक्ल, अरविंद पण्डित, बरवर से सतीश शुक्ल, जंगबहादुर गंज से सुनीत बाजपेयी आदि कवि प्रमुख रहे।

इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं युवा मीडियापर्सन लखनऊ के वर्चस्व मणि पांडेय को भी सम्मानित किया गया। लोकार्पण एवं सम्मान समारोह के पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका



संचालन प्रज्ञालोक के मंत्री आनंद त्रिपाठी ने किया। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करने वाले प्रमुख कवि आचार्य ओम नीरव, रमेश पाण्डेय शिखर शलभ, श्रीकान्त तिवारी, नंदीलाल निराश, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, शशिकांत मिश्र, संतकुमार बाजपेयी, रामबाबू शुक्ल, अरविंद पंडित, सुनीत बाजपेयी के अतिरिक्त मोहम्मदी से राजकिशोर मिश्र, राकेश मिश्र, राघव शुक्ल, आनंद त्रिपाठी, आराध्य त्रिपाठी, सतीश सिंह, कमलेश शुक्ल, आकाश त्रिपाठी, रजनी सैनी, अब्बास नक़वी, प्रशांत मिश्र, विपिन सोहल, हरेंद्र वर्मा, विनय आनंद, गोविंद गुप्ता, सुखदेव मिश्र, पी एल विशारद, आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम त्रिपाठी, वर्चस्व मणि पांडेय, संदीप मेहरोत्रा कन्हैया आदि ने भी संबोधित किया। सम्मान कार्यक्रम का संचालन एवं आगंतुकों का आभार प्रदर्शन प्रज्ञालोक के महामंत्री आकाश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं आगंतुकों का स्वागत सत्कार निश्छल जी के परिजनों लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, आकाश त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, आराध्य त्रिपाठी, सुरेश चंद्र पांडेय, विनोद त्रिवेदी एवं कार्तिक रस्तोगी आदि ने किया।

# बंधा निर्माण के लिए खुद जेसीबी लेकर पहुंच गए विधायक



☒ पलिया के निषाद नगर में लंबे समय से कटा हुआ था बंधा, प्रशासन नहीं कर पा रहा था समस्या का समाधान

☒ विधायक ने बंधे के निर्माण के लिए अपने निजी पैसों से शुरू कराया कार्य, जिंदाबाद के नारों से गूंजा गांव

लखीमपुर,खीरी। हर साल बाढ़ के सीजन में शारदा और सहेली नदी से आने वाली बाढ़ ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचाती है। बाढ़ की तेज धार से घोला निषाद नगर में बंधा कट गया था, जिसके निर्माण की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। बारिश का सीजन सर पर होने के चलते ग्रामीण खासा परेशान थे। पलिया विधायक रोमी साहनी ने भी बंधे के निर्माण को लेकर प्रशासन से बात की, लेकिन प्रशासन के ढुलमुल रवैया को देख निषाद समाज के हित में भाजपा विधायक रोमी साहनी अपने निजी पैसों से जेसीबी लेकर कटे हुए बंधे पर जा पहुंचे और उसका निर्माण कार्य शुरू करा दिया। विधायक के इस कार्य को देख ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया। बीते दिनों आई भीषण बाढ़ के चलते घोला निषाद नगर में स्थित बंधा व शारदा तटबंध पर स्थित बंधा बुरी तरह से कट गया था। बंधे के कटने से ग्रामीणों की फसलें बाढ़ के पानी में पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। साथ ही शारदा का बंधा कटने से पलिया शहर में भी चार से पांच फिट पानी घुसा था। भाजपा विधायक रोमी साहनी के हस्तक्षेप के बाद शारदा पर कटे बंदे का तो निर्माण कार्य करा दिया गया। लेकिन घोला निषाद नगर में कटा बंधा ग्रामीणों के सिर का दर्द बना हुआ था। बारिश का सीजन सर पर होने के चलते ग्रामीणों को अपनी भूमि व उस पर खड़ी फसल की चिंता सताने लगी। प्रशासन से लाख मिन्नतें के बाद भी जब बंधे का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका तो ग्रामीण विधायक रोमी साहनी के पास पहुंचे और अपनी समस्या के समाधान की गुहार लगाई। विधायक में भी प्रशासन से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया लेकिन प्रशासन के ढुलमुल रवैए को देख सोमवार को भाजपा विधायक रोमी साहनी अपने निजी पैसों से बंधे का निर्माण कार्य कराने के लिए जेसीबी मशीन लेकर मौके पर जा पहुंचे और कार्य को शुरू करा दिया। विधायक की कार्यप्रणाली को देख ग्रामीणों ने उनका आभार जताते हुए उनके पक्ष में जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक रोमी साहनी जैसा इस क्षेत्र को कभी कोई विधायक नहीं मिल सकता। वह हमेशा यही चाहेंगे कि वह हर चुनाव में रोमी साहनी को ही अपना विधायक चुने। विधायक रोमी साहनी ने ग्रामीणों की मौजूदगी में कहा कि वह उनकी समस्या को समझ रहे हैं और इस बंधे के निर्माण में जितना भी पैसा खर्च होगा खर्च करेंगे जिससे गरीब ग्रामीणों का नुकसान ना हो सके।

# संक्षिप्त समाचार

## इनरव्हील क्लब का पदभार ग्रहण समारोह सम्पन्न



लखीमपुर,खीरी। एक भव्य कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की नई कार्यकारिणी ने पद भार ग्रहण किया। अध्यक्ष पद पर कीर्ति गुप्ता, सचिव नीरू बरनवाल, कोषाध्यक्ष रिशु सिंह, आईएसओ पारुल श्रीवास्तवा, एडिटर मीनू गुप्ता ने भी उत्तरदायित्व संभाला। संचालन शिल्पी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडलाध्यक्ष सरोज गुप्ता, माधुरी निगम, क्षमा गुप्ता व पूनम आगा, अर्चना मौर्या, सदस्याएं उपस्थित थीं। आशा दीक्षित ने अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता का परिचय दिया।

## चौकी प्रभारी पुरदिलनगर ने जलेसर रोड पर चलाया विशेष चेकिंग अभियान

सिकंदराराऊ। चौकी प्रभारी पुरदिलनगर सोनू राजौरा ने जलेसर रोड स्थित नहर पुल पर पुलिस अधीक्षक के



निर्देशानुसार विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 80 वाहन चेक किए गए तथा 12 वाहनों का चालान करते हुए 40,000 का जुर्माना लगाया गया। चौकी प्रभारी द्वारा की गई चेकिंग से सिकंदराराऊ जलेसर मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। चालक रास्ता बदलकर वाहन ले जाते हुए देखे गए।

## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना यादव के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

सिकंदराराऊ। भाईचारा सेवा समिति की एक शोक सभा गंगा विहार अगसौली चौराहा पर देवा बघेल की अध्यक्षता व प्रेम कश्यप के संचालन में सम्पन्न हुई।शोक सभा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना यादव के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया तथा भाईचारा सेवा समिति ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु तथा शोकाकुल परिवार को धैर्य एवं साहस प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की ।



शोक सभा में भाईचारा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश यादव संघर्षी , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरपाल सिंह यादव व राष्ट्रीय संयोजक संजय सिंह, नरेन्द्र सिंह जादौन, राकेश शेखावत, अल्लानूर खां, लालू कुमार, राहुल कुमार, हरिओम गौतम, हरिवंश कुमार, चौधरी रितुराज सिंह, संतोष जादौन, मूलचंद बघेल, राजेश यादव प्रबन्धक, जयप्रकाश यादव, संजय कुमार, संदीप कुमार, देव कुशवाह, हरेंद्र चौधरी, वीरपाल सिंह, जाकिर भारती, हसरुददीन शाह, डॉ.इरफान खान, हरेंद्र सिंह, विनय कुमार, प्रेम कश्यप, मनोज तिवारी, राम भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## वैदिक ज्योतिष संस्थान मनाएगा गुरु पूर्णिमा का भव्य महोत्सव

• गुरु दोष व पितृदोष से मुक्ति हेतु करें गुरु की पूजा : आचार्य गौरव शास्त्री

अलीगढ़। आषाढ़ मास की पूर्णिमा का शास्त्रों में विशेष महत्व वर्णित है इस पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन ही वेदों के रचयिता महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। गुरु और शिष्य परंपरा का यह पर्व 13 जुलाई को सम्पूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाएगा। इस दिन ग्रहों की शुभ स्थिति के कारण कई राजयोगों का निर्माण हो रहा है। इस बार गुरु पूर्णिमा पर गुरु, मंगल, बुध और शनि ग्रह के शुभ संयोग से रुचक, शश, हंस और भद्र योग बन रहे हैं। इसी क्रम में अलीगढ़ शहर के स्वर्ण जयंती नगर स्थित वैदिक ज्योतिष संस्थान द्वारा गुरुपूजन का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। संस्थान के सचिव एवं हिन्दू धर्मगुरु स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के



शिष्य आचार्य गौरव शास्त्री ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन बुधवार 13 जुलाई को प्रातः स्मरणीय पूज्य गुरूदेव महामंडलेश्वर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रातः कालीन सत्र की पूजा संस्थान पर व सांय कालीन सत्र की पूजा, भंडारा मेरिस रोड स्थित धर्मपुर कोटियार मे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई की प्रातः 4 बजे पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होकर अगले दिन गुरुवार, यानि 13 जुलाई को देर रात 12 बजकर 6 मिनट पर समाप्त होगी जिसमें इन्द्र योग 13 जुलाई को दोपहर 12रू45 बजे तक रहेगा। चन्द्रोदय शाम 07रू20 बजे तथा भद्रा सुबह 05 बजकर 32 मिनट से दोपहर 02 बजकर 04 मिनट तक है। इस दिन का राहुकाल दोपहर 12 बजकर 27 मिनट से दोपहर 02 बजकर 10 मिनट तक है। अतः इन सभी शुभ योगों में गुरु पूजन करना अत्यंत लाभकारी रहेगा। कार्यक्रम की विधिवत रूपरेखा को बताते हुए गौरव शास्त्री ने कहा कि बुधवार प्रातः 10 बजे से गुरु पूजन महोत्सव का प्रारंभ होगा जिसमें विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वेदमंत्रों की गुंजायमान ध्वनियों में पूज्य स्वामी जी के चरण कमलों का पूजन होगा तत्पश्चात अनेकानेक भजन कीर्तन के माध्यम से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा महोत्सव में उपस्थित होने वाले सभी भक्तों को प्रसाद रूपी भोजन सांय 5 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# सम्पादकीय....

## अति महत्वाकांक्षा और मूल सिद्धांतों से समझौतों ने डुबाया उद्धव ठाकरे को

महाराष्ट्र की राजनीति में हुए बदलाव शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत की अति महत्वाकांक्षा का परिणाम कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। 2019 में जब विधानसभा चुनावों में भाजपा और शिवसेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था तब दोनों दलों ने आपसी सहमति से देवेंद्र फडणवीस को गठबंधन का मुख्यमंत्री प्रत्याशी घोषित कर चुनाव लड़ा था। साथ ही यह भी कि दोनों दलों को जो सफलता मिली थी उसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी की छवि और 2014 से 2019 तक के 5 सालों में देवेंद्र फडणवीस की सरकार के संतोषजनक कामकाज का रिपोर्ट कार्ड ही था। वस्तुतः यदि प्रधानमंत्री मोदी और फडणवीस की छवि और हिंदूवादी विचारधारा के प्रति लोगों का सकारात्मक रुख नहीं होता तो 2019 में दोबारा इन्हें सफलता नहीं मिलती। इस चुनाव में शिवसेना को मात्र 56 सीटें और भाजपा को 105 सीटों पर सफलता मिली थी। भाजपा को मिले इतने बड़े जनादेश के बाद भी शिवसेना ने अपना मुख्यमंत्री बनाने की जिद में गठबंधन तोड़ दिया था। शिवसेना की जिद का जवाब देने के लिए हालांकि भाजपा ने एनसीपी के अजीत पवार के साथ मिलकर सरकार का गठन करने का प्रयत्न किया और देवेंद्र फडणवीस ने एनसीपी के अजीत पवार के साथ 72 घंटे की सरकार का नेतृत्व किया किंतु इसका अवसान भी तत्काल हो गया। यह शिवसेना के लिए एक उदाहरण बना कि जब भाजपा एनसीपी जैसी हिंदुत्व विरोधी सेक्युलर पार्टी से समझौता कर सरकार बना सकती है तो वह ऐसा क्यों नहीं कर सकती। इसी विचार के साथ शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत और आदित्य ठाकरे इस निष्कर्ष पर पहुंच गए कि शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस मिलकर सरकार बनाएं और किए गए प्रयासों तथा शरद पवार के प्रयत्नों से आखिरकार उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बन गए।

सरकार को नाम दिया गया महा विकास अघाड़ी। निश्चित ही यह ऐसा बेमेल गठबंधन था कि जिस के सारे सिद्धांत आपस में कट्टर विरोधी थे। जहां एक ओर शिवसेना की आईडियोलॉजी हिंदुत्व की थी तो कांग्रेस और एनसीपी सेक्युलर हैं। कहते हैं जब स्वार्थ का भूत सिर पर चढ़ जाता है तो नैतिकता और सिद्धांत किसी कोने में खड़े होकर सिसकने लगते हैं। महा विकास आघाडी सरकार के गठन से कांग्रेस और एनसीपी को सत्ता सुख के साथ अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने का मौका मिल गया लेकिन शिवसेना को इसके लिए अपनी हिंदूवादी वैचारिक प्रतिबद्धता को तिलांजलि देना पड़ी। सरकार के गठन से उद्धव को भले ही मुख्यमंत्री की कुर्सी मिल गई लेकिन उन्होंने आम महाराष्ट्र वासियों की सहानुभूति और भरोसा खो दिया। यह सही है कि महाराष्ट्र की जनता ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की क्योंकि वह बाला साहब ठाकरे को बहुत सम्मान देती है। सच तो यह है कि ठाकरे परिवार ने बाला साहब की विरासत को निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए दांव पर लगा दिया। महा विकास अघाड़ी सरकार का नेतृत्व करते हुए उद्धव सरकार ने जो भी फैसले किए वे सब कांग्रेस और एनसीपी के हक में जाने वाले रहे। इन ढाई सालों में जहां एक ओर बाला साहब के परिवार ने हिंदुत्व से समझौता करना सीख लिया तो वहीं बाला साहब के विचारों को दरकिनार कर उन शक्तियों से गठजोड़ किया जिनका बाला साहब कठोर से कठोर शब्दों का इस्तेमाल कर विरोध करते थे। आलम यह रहा कि कांग्रेस और एनसीपी जिसका विरोध करती थी शिवसेना भी उसी का विरोध करने लगती थी। यही नहीं महा विकास अघाड़ी सरकार के मुखिया के रूप में उद्धव ठाकरे ने अर्नब गोस्वामी और कंगना रनौत जैसे कांग्रेसी विचारधारा से असहमति रखने वालों को राजनीतिक तौर पर परेशान कर अपने सहयोगी दलों को संतुष्ट किया जिससे भी शिवसेना की छवि खराब हुई। जिन बाला साहब को हिंदू हृदय सम्राट के नाम से जाना जाता है उन बाला साहब की विचारधारा के विरुद्ध उद्धव, आदित्य और संजय राउत के निर्णय खुद शिवसेना विधायकों को तीर की तरह चुभने लगे थे लेकिन फिर भी अनुशासन के वशीभूत होकर वे विरोध नहीं करते थे। इसे उद्धव ठाकरे परिवार शिव सैनिकों की बाला साहब में निष्ठा मानकर चल रहे थे लेकिन इसकी परिणीति आखिरकार वर्तमान मुख्यमंत्री और निष्ठावान शिवसैनिक एकनाथ शिंदे द्वारा विरोध में बिगुल फूंकने से हुई जिसका परिणाम सबके सामने है कि ठाकरे परिवार को असम्मानित होकर सत्ता गंवानी पड़ी।

महा विकास अघाड़ी सरकार में एकनाथ शिंदे सहित कई शिव सैनिक विधायक मंत्री थे किंतु उद्धव, आदित्य और संजय राऊत इन शिवसैनिक मंत्रियों और विधायकों को महत्व न देकर एनसीपी और कांग्रेस के नेताओं को महत्व देते थे जो शिवसैनिक विधायकों को किसी अपमान से कम नहीं लगता था। परिणाम स्वरूप अवसर मिलते ही शिवसैनिक मंत्री और विधायकों ने एकनाथ शिंदे की अगुवाई में उद्धव वाली शिवसेना से बगावत कर दी। अलग हुए विधायकों का उद्देश्य शिवसेना की मूल विचारधारा हिंदुत्व को आगे बढ़ाना है। ये विधायक जानते थे कि ठाकरे परिवार के हिंदुत्व विरोधी रुख और बेमेल गठबंधन से सत्ता हासिल कर शिवसेना को जो नुकसान पहुंचा है उसकी क्षति पूर्ति होना मुश्किल ही होगा। ये यह भी समझ रहे थे कि यदि कोई ठोस निर्णय नहीं किया गया तो आने वाले चुनावों में शिवसेना को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। ये बागी विधायक जानते थे कि आने वाले चुनावों में उनकी लुटिया डूब जाएगी इसलिए ही उन्होंने शिवसेना की हिंदूवादी छवि को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत मजबूत निर्णय लेकर भाजपा के साथ जाने में ही भलाई समझी। परिणाम सबके सामने है। भाजपा ने भी मुख्यमंत्री पद का त्याग कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाकर यह संदेश देने का प्रयत्न किया कि शिवसेना उनके लिए हिंदुत्व की मशाल जलाए रखने में मददगार है जिसके लिए वह कोई भी त्याग कर सकते हैं। सच्चाई तो यह भी है कि ठाकरे परिवार ने सत्ता के लालच में जनता की इच्छाओं को भी दरकिनार किया। पालघर में हुए साधुओं के हत्याकांड पर न केवल महाराष्ट्र की जनता बल्कि पूरा देश निर्णायक कार्रवाई चाहता था लेकिन उद्धव ठाकरे ने अपने सहयोगी दलों के दबाव में लीपापोती करने का काम किया जिसे जनता आज भी उचित नहीं मानती। तो वहीं नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा के हनुमान चालीसा के ठाकरे आवास मातोश्री के सामने पाठ के ऐलान के बाद उन पर राष्ट्र द्रोह का आरोप लगाकर जेल की सलाखों के पीछे रखना भी उद्धव सरकार के हिंदुत्व के मुद्दे को तिलांजलि देने की पुष्टि करता है। इन सभी प्रकरणों से शिवसेना के बागी विधायक परेशान थे। वे यह समझ चुके थे कि शिवसेना का भविष्य अंधकार की तरफ गति कर रहा है। यही कारण था कि उन्होंने ठाकरे परिवार से अलग होने में अपनी भलाई समझी। सच्चाई तो यह है कि ठाकरे परिवार के उद्धव, आदित्य और संजय राउत अपने विरोध का मूल्यांकन करने में असमर्थ रहे। उसका एक कारण तो सत्ता की काली पट्टी आंखों पर चढ़ी होना था तो दूसरा कारण संजय राउत का बड़बोला पन था जो हमेशा यह बताते रहे कि सरकार के कामकाज से महाराष्ट्र की जनता और शिवसैनिक खुश हैं और महा विकास अघाड़ी सरकार पूरे 5 साल का कार्यकाल पूरा करेगी। यही नहीं महा विकास अघाड़ी के दो मंत्री अनिल देशमुख और नवाब मलिक के जेल जाने के बाद भी उद्धव ठाकरे यह समझने को तैयार नहीं थे कि सरकार की छवि से ज्यादा उनकी और शिवसेना की छवि पर बट्टा लग रहा है। ठाकरे परिवार मौन साधकर सत्ता में बने रहना पसंद करता रहा। यही नहीं पूर्व कमिश्नर परमवीर सिंह द्वारा अर्णब गोस्वामी के खिलाफ मोर्चा खोलना और बाद में परमवीर सिंह पर जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण भी उद्धव सरकार को काफी हानि उठाना पड़ी है। इसका असर आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में दिखेगा। उद्धव सरकार के पतन में एनसीपी और कांग्रेस के दबाव में आरोपियों के पक्ष में नरम रुख अख्तियार करने के परिणाम भी भविष्य में देखे जा सकेंगे। आज की स्थिति में बाला साहब ठाकरे की शिवसेना दो धड़ों में बंट गई है। एक वह जिसे उद्धव ठाकरे नेतृत्व दे रहे हैं और जिसका प्रभाव क्षेत्र केवल मुंबई है तो दूसरा वह जो एकनाथ शिंदे की अगुवाई में आगे बढ़ रही है जिसका प्रभाव क्षेत्र ग्रामीण इलाका है। क्योंकि जितने विधायक उद्धव से अलग हुए हैं वे सब ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। आज की परिस्थितियों में तो उद्धव की सेना का भविष्य खतरे में दिखाई देता है। देखना यह होगा कि उद्धव इस डैमेज को कैसे नियंत्रित करते हैं।

डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

# शिक्षा,जागरूकता के अभाव में फैलती अंधविश्वास की जड़ें

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैस यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े–लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैस यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैस उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैस शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएस बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े–बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चौनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार–प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है। संजीव ठाकुर, स्तंभकार

# गुजरात की उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था

लेखक कमलेश डाभी (राजपूत)
पाटन, गुजरात

शिक्षा एक व्यवस्थित प्रक्रिया है जिसके माध्यम से इंसान ज्ञान, अनुभव, कौशल और स्वस्थ दृष्टिकोण प्राप्त करता है। ऋग्वेद में षशिक्षा को एक व्यक्ति को आत्मनिर्भर साथ ही निस्वार्थ बनाने वाली शक्ति के रूप मे माना जाता है। नेल्सन मंडेला जी ने कहा था शिक्षा वो शक्तिशाली हथियार है जिससे आप पूरी दुनिया बदल सकते हो।ष्आज रोटी, कपड़ा और मकान के साथ बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य भी इंसान की मूलभूत इकाई बन चुका है। किसी भी राज्य का भविष्य और विकास उसकी शिक्षा ,स्वास्थ्य और सरकार की प्रशासनिक नीतियों पर निर्भर करती है। भारत एक राज्यों का संघ है जिसमे कुल 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश शामिल है लेकिन हर राज्य की विकास दर अलग रहती है। कुछ राज्य आज भी पिछड़े राज्य में गिने जाते है और कुछ राज्य बेहतर प्रगति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। गुजरात शिक्षा, नवाचार और आर्थिक विकास के मामले में भारत का एक अग्रणी राज्य है।

गुजरात में कुल 52000 से ज्यादा स्कूल, 68 विश्वविद्यालय, 109 सरकारी कॉलेज, 355 अनुदान प्राप्त कॉलेज, 55 सरकारी और जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट जैसे कई तकनीकी संस्थान है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर, भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद, सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रद्योगिकी संस्थान , सूरत बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी,अनुसंधान और प्रबंधन संस्थान, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ विश्वविद्यालय जैसे कई महत्वपूर्ण केंद्र हैं जो गुजरात की शिक्षा को ठोस आधार प्रदान करते है।

भारत सरकार द्वारा जारी किए गए नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क 2021 में गुजरात के तीन विश्वविद्यालय (गुजरात विश्वविद्यालय, दीनदयाल एनर्जी विश्वविद्यालय, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय) शीर्ष 100 पायदान पर हैं। नीति आयोग के नवीनतम स्कूल शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, गुजरात ने अपनी राष्ट्रीय स्थिति में दो पायदानों का सुधार किया है। यह अपनी प्राथमिक शिक्षा में सुधार और सरकारी स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए गुजरात के प्रयासों को प्रदर्शित करता है।

विगत 10 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में विशाल आधुनिक परिवर्तन आया है।आज हर क्षेत्र मे शिल्प का स्थान प्रौद्योगिकी ने ले लिया है। इससे उत्पादकता में वृद्धि हुई है। गुजरात में अब परंपरागत शिक्षा के साथ–साथ आधुनिक और वैकल्पिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है जो राज्य के साथ देश की आर्थिक व्यवस्था को नया आयाम देगा।

गुजरात सरकार वर्ष 2020 में शिक्षा के क्षेत्र मे सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विश्व बैंक और एशिया इनफ्रस्ट्रक्चर डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्त पोषित मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परियोजना लेकर आई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उच्च शिक्षण सामग्री,स्मार्ट क्लासरूम, स्टेम लैब जैसी उन्नत भौतिक सुविधाएं और शिक्षा का वैकल्पिक माध्यम प्रदान करना था। विश्व बैंक ने राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की सराहना करते हुए और पूरी परियोजना को सार्थक बताते हुए 500 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी है।आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने स्टूडेंट स्टार्टअप एंड इनोवेशन पॉलिसी के माध्यम से एक नया वातावरण तैयार किया जिसका मुख्य उद्देश्य युवा दिमाग के विचारो और नवाचारों को सघन करना है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने इस नीति के लिए गुजरात को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यश के पुरुस्कार से सम्मानित किया है। गुजरात को भारत के शिक्षा केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने निरंतर कई महत्वपूर्ण कदम लिए है। पिछले दो दशकों में गुजरात ने क्लास रूम टीचिंग प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करते हुए शैक्षणिक प्रशिक्षण के लिए कई चौनल शुरू किए हैं। छात्रों के लिए अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया गया। राज्य का लक्ष्य 6–14 वर्ष के आयु के बच्चे के लिए मुफ्त,अनिवार्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इन्ही प्रयासों के कारण पहली से आठवीं कक्षा की ड्रॉपआउट दर वर्ष 2004–05 में 19:से घटकर 2017–18 में 6: तक लाने में सफलता मिली। सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में शिक्षा को गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने स्कूलों को शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर अनुदान आवंटित करने की घोषणा की है। इसके तहत स्कूलों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा होगा और राज्य बेहतरीन शिक्षा की तरफ अग्रसर होगा। गुजरात में DISE(District information system for education) के आंकड़ों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/और मुस्लिम अल्पसंख्यक के बच्चों का नामांकन लगातार बढ़ रहा है और जनसंख्या में दर से ऊपर है। हालांकि कई विद्यालयों में शिक्षकों और प्राचार्यों की अनुपलब्धता के मुद्दे गुजरात की शिक्षा प्रणाली को प्रभावित करने वाले कारक है जिसके लिए राज्य सरकार लगातार हर विद्यालयों मे शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

मध्याह भोजन योजना (उपक कंल उमंस) शुरू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य है। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को सभी कार्य दिवसों में मुफ्त भोजन उपलब्ध कराना, नामांकन दर मे वृद्धि करना, स्कूल छोड़ने की दर को कम करना और गरीब माता पिता पर गरीबी के बोझ को कम करना और समाज में जातिगत भेदभाव को कम करना है। साल 2003 से कन्या केलवाणी निधि योजना और शाला प्रवेसोत्शव के तहत राज्य सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

यह योजना मुख्य रूप से बालिका शिक्षा पर केंद्रित है। इस योजना के तहत राज्य सरकार राज्य में लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाएगी और निजी स्कूलों में इस योजना के तहत 50प्र. शुल्क वहन करेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में स्त्री–पुरुष समानता को बढ़ावा देना और महिला शिक्षा के ड्रॉप आउट राशन को कम करना है। हाल ही में हुए तीन दिवसीय शालाप्रवेसोत्सव और कन्या केलवानी महोत्सव 2022 राज्य भर में आयोजित किया गया। इस दौरान 5.72 लाख से अधिक छात्रों ने पहली कक्षा में प्रवेश लिया। गुजरात शिक्षा के क्षेत्र मे गुणोत्सव और प्रवेशोत्सव जैसी दूरदर्शी परियोजनाओं के साथ फल फूल रहा है। इन्ही कारणों से आज गुजरात का कुल ड्रॉप आउट दर वर्ष 2002 में 37. 22: से घटकर 2022 में केवल 3.39प्र. हो गया है। साल 2016 में शुरू की गई दूध संजीवनी योजना कुपोषण से निपटने के लिए गुजरात सरकार की एक अनूठी पहल है। इस योजना का उद्देश्य आदिवासी तालुकों में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना है। वर्ष 2019–20 में 14जिलों और 52 तालुको के 8958 स्कूलों के कुल 7,68,465 बच्चों को इस योजना के तहत लाभ दिया गया है। 2020 में जब कोरोना महामारी के कारण स्कूल, कॉलेज सब बंद कर दिए गए थे उस समय बच्चों के भविष्य का सोचते हुए राज्य सरकार ने कई सार्थक कदम उठाए जैसे– छात्रों को उपकरणों के साथ और बिना उपकरणों के साथ जोड़ना, नागरिक सेवा केंद्रों और ग्राम कार्यालयों में ऑनलाइन कक्षाओं तक पहुंच प्रदान करना, शिक्षक और फील्ड स्टाफ द्वारा घर का दौरा, सहकर्मी शिक्षा को बढ़ावा देना आदि।

गुजरात सरकार का मुख्य उद्देश्य संस्थागत वास्तुकला, संकृति और प्रक्रियाओं के साथ एक उच्च शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जो समानता और समावेश के साथ उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण प्रदान करे। जिससे विद्यार्थियों में महत्वपूर्ण जीवन क्षमता और सामाजिक और नैतिक जुड़ावों की नैतिकता विकसित हो। आज गुजरात हर क्षेत्र मे प्रतिष्ठित राज्य बनकर उभरा है और यह बिना उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के संभव नहीं है। राज्य द्वारा किए गए सतत प्रयास राज्य की शिक्षा को नया आयाम दे रहे हैं जो राज्य की विकास दर के साथ देश की विकास दर में मदद करेगा।

# घाटियों में दर्द ए मंजर, हर वक्त फैला खतरा

घाटियां जो कि बहुत ही रमणीय स्थान होती हैं और हर देश की घाटियां प्राकृतिक सौंदर्य से भरी हुई अपनी और लोगों को आकर्षित करती ही रहती है । पर्यटन स्थल की दृष्टि से घाटियॉ सर्वोत्तम स्थल मानी जाती पर्यटन के लिए । प्राकृतिक शुद्ध हवाओं कि भरमार , विभिन्न औषधियों से भरी घाटियों में जलवायु क्षेत्र भी इतना शीतलता प्रदान करता है कि गर्मी का महीना हो या हिमगिरि का लोग इस रमणीक स्थलों के दीवाने होकर समस्त परिवार के साथ सुखद पल बिताने के लिए हर साल चले ही जाते हैं हर साल हजारों सैलानियों के आने से घाटियों में रोनक से आ जाती है और यह रोनक अधिकतर बारह महीने ही बनी रहती है घाटियां जितनी सुंदर और रमणीक स्थल होते हैं उतने ही घाटियों के हर एक स्थल खतरों से भरे रहते हैं , चहू ओर घाटियों से गिरे चाहे कश्मीर , गुलमर्ग, अमरनाथ यात्रा, बद्रीनाथ आदि विभिन्न प्रकार के स्थान हैं जो कि अपने सौंदर्य के लिए अपने देश भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी जाने जाते हैं विदेशी सैलानी भी इस ओर खींचे चले आते हैं लुफ्त और आनंद उठाने के लिए । ऊंची ऊंची पहाड़ियां ढलते सूर्य का दर्शन , उगते सूर्य का दर्शन , ऊंचे ऊंचे पेड़, हिमवर्षा आदि यह सब एक साथ अगर देखने को कहीं मिल जाए तो वह है सिर्फ घाटियां ही होती हैं और इन्हीं घाटियों को देश का गौरव भरा स्वर्ग भी बताया जाता है । घाटी वाले स्थल जितने रमणीक होते हैं उतने ही यह खतरे के निशान पर भी होती है पहाड़ों की चोटियों पर ही बने आड़े टेढ़े रास्ते और नीचे गहरी–गहरी खाईयां , जिसके कारण सदैव इन मोड़ों पर खतरा बना रहता है साथ ही घाटियों के क्षेत्रों में कभी भी मूसलाधार बारिश शुरू हो जाती है जिसके कारण यहां की मिट्टी में सदैव नमी बनी रहती है इस नमी के चलते ही कभी भी यहां पर मिट्टी में कटाव आ जाता है और मिट्टी आद्रता से भरी होने के कारण ढह जाती है जिसके कारण कई बार ऊंचे–ऊंचे पहाड़ों की मिट्टी पत्थर भी यहां तक कि नीचे रास्ते पर आकर गिर जाते हैं रास्ते तो क्षति ग्रस्त होते ही होते हैं साथ ही कई बार इनकी चपेट में बहुत से लोग आ जाते हैं जिससे एक बड़ा हादसा भी हो जाता है कई बार संपर्क के मार्ग ही बह जाते हैं जिससे शहर को जोड़ने वाली सड़के तक टूट जाती है जिसके कारण शहरों से संपर्क टूट जाता है । हाल ही में अमरनाथ यात्रा की हादसे को देखते हुए यही जाना कि घाटी और पहाड़ों से भरे हुए क्षेत्र में कभी भी कब क्या हादसा हो जाए कुछ नहीं कह सकते कब यहां बारिश हो जाए और कब अनगिनत लोग इस खतरे से सामना करते हुए जूझते रहते हैं ।

इस प्राकृतिक आपदा को कोई भी नहीं जान सकता । यह प्राकृतिक आपदा एक ऐसी आपदा है जो बिना बताए खामोशी से न जाने कब दस्तक दे दे और ना जाने कब कितने ही लोगों को अपने मुख में समा कर काल का ग्रास बना दे हर साल घाटी क्षेत्र के अंतर्गत किसी न किसी शहर में पहाड़ों से मलवा आकर रास्ते पर गिर जाता है और कई बार तो घाटी क्षेत्रों में वज्र आघात हो जाता है । इन्हीं घाटी क्षेत्रों के अंतर्गत थी ऊंचे–ऊंचे पहाड़ और जंगल होने के कारण आतंकवादी यहीं पर अधिक पनपता है क्योंकि यहां आसानी से पहाड़ों की आड़ में या जंगलों की आड़ में छुपकर आतंकी देश की शांति को भंग करने का भरपूर प्रयास करते हैं परंतु हमारे देश के वीर सिपाही सदैव बैठे रहते हैं सीमा पर या घाटी इलाकों में जहां पर भी उन्हें खतरे का आभास होता है तुरंत ही इस खतरे का आभास महसूस करते हुए आतंकियों को मार गिराते हैं । सच जितनी मनोहारी रमणीय घाटी है जितना वह इंसानों को अपनी और आकर्षित करती हैं उतना ही अधिक इन घाटी शत्रु में भी खतरा पनप रहा होता है चाहे वह खतरा प्राकृतिक से संबंधित हो , या यह खतरा आतंक से संबंधित हो आज अमरनाथ हादसे के चलते मन विचलित हो उठा लोग अपने घरों से खुशी –खुशी इस यात्रा में भगवान भोले जी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए निकले थे परंतु भोले जी के यह भक्त हादसे का शिकार हुए । रमणीक स्थल की धरती में समा यह भक्तगण यही सोचते होंगे कि उन्होंने पुण्य कोई प्राप्त किया था तभी भोले की नगरी में उन्हें स्थान मिला परंतु प्राकृतिक आपदा के आगे हर कोई विवश है । प्रकृति इस सृष्टि में अपने हिसाब से कब कौन सा खेल खेले यह कोई नहीं जानता है ।

वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

## आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## विधान सभा क्षेत्र भिनगा कैम्प कार्यालय पर अपना दल एस की मासिक बैठक हुई संपन्न

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के विधान सभा क्षेत्र भिनगा 289 अपना दल एस की मासिक बैठक जमुनहा कैम्प कार्यालय पर विधान सभा अध्यक्ष प्रताप पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। राष्ट्रीयध्प्रदेशधजिला कार्यकारिणी से प्राप्त दिशा निर्देशन में बुलाई गई बैठक के



मुख्य अतिथि विश्वम्भर मौर्य जिला अध्यक्ष छात्र मंच श्रावस्ती ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन के दौरान कही। बैठक का संचालन सकील खान विधानसभा अध्यक्ष भिनगा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने किया। बैठक में पार्टी की नीतियों, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशनध्मार्गदर्शन से अवगत कराते हुए 2024 में प्रस्तावित सांसद चुनाव की तैयारियों पर चर्चा एवम अधिक से अधिक सदस्यता पर बल दिया गया, जिसका सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया। उपरोक्त बैठक में शिव गोविन्द वर्मा (विधानसभा उपाध्यक्ष 289) सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ,स्याम लाल यादव,विधान सभा सचिव प्रमोद कुमार वर्मा ,मेराज खान,सक्रिय कार्यकर्ता बच्ची पाल,राजेश गौतम,हनुमान गोस्वामी चौधरी मौर्य, तिरभुवन यादव,सुनील मौर्य,सत्तन मौर्य, आदि पार्टी के कर्मठ जुझारू कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## राप्ती नदी के पश्चिमी छोर पर बांध के न बनने से दर्जनों गांव के लोगों को बाढ़ की सताने लगी चिंता

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। नेपाल के पहाड़ों पर हुई बारिश के चलते दूसरी बार नदी ने अपना बिकराल रूप धारण करते हुए राप्ती बैराज पर बने डेंजर लेबल के मुताबिक खतरे को पार कर चुकी है। लोगों की मांग को



देखते हुए शासन के निर्देशपर प्रशासन द्वारा राप्ती नदी के पूर्वी छोर पर बांध का निर्माण किया जा चुका है। जबकि नदी के पश्चिमी छोर पर बांध का निर्माण न होने से जहां एक तरफ बाढ़ के पानी से कई गावों,खेतिहर जमीनों पर खतरा मंडराने लगा है भी आम लोगों को चिंता सताने लगी है। किसानों को डर सताने लगा है कि राप्ती नदी जैसे ही अपना विकराल रूप धारण करेगी तो गांव के साथ साथ खेतों में लगाई जा रही फसलें डूबकर तबाह हो जायेगी। मामला जनपद श्रावस्ती के तहसील क्षेत्र क्षेत्र जमुनहा का है जहां बरसात मौसम के बावजूद क्षेत्र में मामूली बारिश हुई है किसान किसी प्रकार महंगे दामों पर डीजल की व्यवस्था करके खेतों में पंपिंग सेट के सहारे पानी लगाकर धान की रोपाई, मक्का, अरहर, तिल इत्यादि फसलों की बुआई करने में लगा हुआ हैं। तो वही नेपाल के पहाड़ों पर हुई मूसलाधार बारिश के चलते हाल ही में दो बार राप्ती नदी के जलस्तर में वृद्धि देखने को मिली जो खतरे के निशान को पार किया है। जिससे सुखराम पुरवा,धोबिहा, लछमन पुर, सेमरहनियां,जोगिया, भलुहिया, पिपरहवां,कोठी, बरुआ,हरिहरपुर, गुरुआ, गुरुद्त्त पुरवा, शिकारी चौड़ा, वीरपुर,बरंगा, कथरा माफी,भरथा, गांव के समीप खेतों में पानी भर गया। ग्राम प्रधान राम रूप वर्मा,पूर्व प्रधान अश्वनी वर्मा, ग्राम प्रधान हरिहरपुर महराज नगर सुधीर सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भगत राम वर्मा, भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य जगदंबिका प्रसाद वर्मा, प्रह्लाद सिंह, प्रथ्वी राज सिंह, हंस राम मिश्रा, मनी राम वर्मा, मटरी लाल, अधिवक्ता राम कुमार वर्मा, राम सागर दास सहित सैकड़ों ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार राप्ती नदी में पिछले वर्ष सैलाब आया था तो नदी के पूरब अधूरे बांध से पानी का बहाव निकल जाता था परंतु इस बार बांध के पुरा हो जाने से नदी में सैलाब के आते ही पूर्वी हिस्से के तमाम गांव पानी की चपेट में आ जाएंगे। जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर किया गया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत

- विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

चौबेपुर। नेहरू युवा केंद्र कानपुर नगर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विकासखंड चौबेपुर के जगदीश प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज चौबेपुर में विश्व जनसंख्या दिवस पर निबंध/स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए जिसमें प्रथम स्थान आकांक्षा सिंह सेंगर खरगपुर ने प्राप्त किया दूसरा स्थान अंजलि मरियानी ने



प्राप्त किया तीसरा स्थान पलक कुशवाहा की हकीम नगर ने प्राप्त किया स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहित मरखरा ने प्राप्त किया दूसरा स्थान आदर्श कुशवाहा के हकीम नगर ने प्राप्त किया तीसरा स्थान तैयबा चौबेपुर ने प्राप्त किया जिनको पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती किरण लता दुबे विनय त्रिपाठी सुरेश गुप्ता सम्मानित किया गया ।

इस अवसर श्रीमती किरन लता दुबे द्वारा पर विश्व जनसंख्या दिवस उपस्थित युवाओं को विभिन्न जानकारी दी गई इस अवसर पर विनय त्रिपाठी ने कहा नेहरू युवा केंद्र के सदस्य गांव गांव जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप श्रीमती किरण लता दुबे विनय त्रिपाठी सुरेश गुप्ता उत्कर्ष शुक्ला अजेंद्र सिंह सत्यम शुक्ला अभिषेक कुमार आदि युवा महिला मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। इकौना श्रावस्ती भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष विजय कुमार ने उप जिलाधिकारी इकौना को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी इकौना को सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि बरसात न होने के कारण किसानों की फसल सूख रही है सरयू नहर में पानी छोड़ा गया है।

लेकिन माइनरो में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है जिससे हजारों किसान धन रोपाई करने से वंचित हैं। अकबरपुर व पिपरी तथा इकौना देहात के रजवाहो समेत ब्लॉक इकौना अंतर्गत सभी रजवाहो/माइनरो में 3 दिवस के अंदर पानी छोडवा कर टेल तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें ऐसा ना होने पर भारतीय किसान यूनियन अपने वेशभूषा, झण्डा, प्रसारण यंत्र के साथ किसी भी समय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। बैठक के बाद ज्ञापन देने के दौरान भारी संख्या में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवम कार्य कर्ता गण मौजूद रहे।

## वर्षो से बनी काली माई स्थल के पास विशेष समुदाय के द्वारा कब्जा करने का किया जा रहा प्रयास

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के तहसील क्षेत्र जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीसीर का मजरा बेगमपुर जो बहराइच जमुनहा राज्य मार्ग से सटा हुआ मां काली व गावट माँ का स्थान बना हुआ है। जहाँ पर हिन्दू धर्म के लोग पूजा पाठ करते है। इसी के पास गांव के कुछ लोगों के द्वारा पक्का मकान बनाने की कोशिश की जा रही है। हिंदू धर्म स्थल होने के नाते ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला से की व उच्चाधिकारियों से भी शिकायत



की गई । जिसकी पैमाइश तहसील स्तर से गठित टीम में राजस्व निरीक्षक लेखपाल , नायब तहसीलदार शुभम तिवारी के द्वारा मौके पर की गई । जिसकी पैमाइश के दौरान सरकारी जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से नीव पिलर लगाया गया है। इस सम्बंध में नायब तहसीलदार जमुनहा से जानकारी लेने पर बताया गया कि अवैध कब्जा करने वाले लोगो पर धारा 67 की कार्यवाही की गई है।

## 22 लीटर कच्ची शराब बरामद





ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। जनपद श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण )बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में आज दिनांक 10 जुलाई को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र –1 श्री बलराम सिंह द्वारा थाना इकीना के अंतर्गत ग्राम सेमगढ़ा) रामपुर त्रिभुवन गांव में दबिश दी गई दबिश के दौरान 22 लीटर कच्ची शराब बरामद कर मौके पर 80 किलोग्राम लहन नष्ट की गई एवं आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत कर कारवाई की गई। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पीवके0 गिरी ने दी है।

## अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन की बैठक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई



कानपुर। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की परिचय बैठक अमरेश्वर भवन गोविंद नगर कानपुर में आयोजित की गई संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र गुप्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया कानपुर जिला अध्यक्ष दीपक अग्रवाल महामंत्री राजीव अग्रवाल की देखरेख में परिचय बैठक आयोजित हुई राजीव अग्रवाल ने सभी का परिचय कराया और दीपक अग्रवाल ने सदस्यों को जागरूक किया जिसमें मुख्य रुप से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा कैसी होनी चाहिए पर विचार किया गया अंकुर मित्तल ने अपने उद्बोधन में संस्था के उद्देश्य कार्यशैली पर प्रकाश डाला सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र आवंटित किए गए सभी ने अपने अपने विचार रखे कि वैश्य समाज को हम कैसे आगे बढ़ा सकते हैं और इसमें क्या नई रूपरेखा तैयार की जा सकती है महिला जिला अध्यक्ष विनीता अग्रवाल वा संकल्प सेवा संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता जी एवम नगर अध्यक्ष खुशी अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे जिला युवा अध्यक्ष रजत गुप्ता ने धन्यवाद दिया इस अवसर पर सभी वैश्य बंधु कार्यकारिणी सदस्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## जनपद स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदस्तरीय बाल संरक्षण समिति बैठक आहूत की गयी, बैठक में ऐजेण्डे के अनुसार अध्यक्ष द्वारा समीक्षा की गयी, जिसमें बाल संरक्षण योजना के अन्तर्गत ब्लाक/ग्राम स्तर पर गठित समिति के क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त ब्लाकध्ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समिति का गठन हो चुका है।

जिस पर अध्यक्ष द्वारा नियमित त्रैमासिक बैठकें काराकर कार्यवृत्ति समिति के आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये तथा ग्राम/ब्लाक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाकर जन मानस को जागरुक किये जाने के भी निर्देश दिये गये,जिससे जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के लंबित प्रकरणों पर अध्यक्ष द्वारा असन्तोष व्यक्त किया गया तथा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों से अपेक्षा की गयी कि लंबित वादों को शीघ्रता से निपटाना सुनिश्चित करें। बाल श्रम के संबंध में परिचर्चा के दौरान श्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि होटलों, भट्ठों, ढाबों पर बच्चों को चिन्हित किया जाय तथा बच्चों को शिक्षा आदि के क्षेत्र में प्रवेश कराया जाय ।तथा मिसिंग ट्रैफिकिंग वाले बच्चों को चिन्हत कर शिक्षा के क्षेत्र में जोडे जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये बैठक में जनपद परित्यक्त के नवजात शिशुओं के संबंध में अवगत कराया गया कि पालना(शिशु स्वागत केन्द्र) समस्त सी0एच0सी0/पी0एच0सी पर संचालित है, परन्तु जनपद में अभी तक कोई परित्यक्त शिशु नहीं मिला है ।जनपद को बाल विवाह से मुक्त किये जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपस में समन्वय स्थापित कर जिला स्तर/ब्लाक स्तर/ग्राम स्तर



पर एक कार्यशाला का आयोजित कर जनपद/ब्लाक/ग्राम स्तरीय अधिकारियों को भी सम्मिलित किया जाय,तथा एन0जी0ओ0 को भी सम्मिलित किया जाये जिससे जनपद को बाल विवाह से मुक्त किया जाय।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के दौरान समीक्षा में बताया गया कि इस योजना के अन्तर्गत 34 बच्चों को चिन्हित किया गया जिन्हें मार्च 2022 तक का भुगतान प्रतिबालक 4000/–प्रतिमाह की दर से किया जा चुका है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत (सामान्य) के अन्तर्गत 50 बच्चे चिन्हित किये गये जिन्हें 2500/–प्रतिमाह की दर से माह मार्च 2022 तक का भुगतान किया जा चुका है। स्पान्सर शिप योजनान्तर्गत जनपद में 08 बच्चे चिन्हित किये गयेथे, जिन्हें रु 2000/– प्रतिमाह की दर से मार्च 2022 तक का भुगतान किया जा चुका है।

मा0 अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्व्य स्थापित कर बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी कुरीतियों को जड़ से मुक्त करने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह अपर पुलिस अधीक्षक के0 सी0 गोस्वामी दिव्यांगजन शसक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह श्रम परिवर्तन अधिकारी दिनेश विश्कर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी गण एवं स्वयं सहयता समूह के लोग उपस्थित रहे।

## उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने नवांगतुक जिला विद्यालय निरीक्षक से मिल शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर की चर्चा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ हमीरपुर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने नवांगतुक जिला विद्यालय निरीक्षक रतन सिंह से मिलकर उनकी जनपद में DIOS के रूप में पुनर्वापसी के लिए उन्हे बधाई देते हुये जनपद के शिक्षकों की लम्बित समस्याओं से भी अवगत कराया जिस पर नवांगतुक जि वि नि रतन सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को इस बात का भरोसा देते हुए आश्वस्त किया



कि अब छोटी– छोटी बातों के लिये शिक्षकों को कार्यालय के चक्कर काटकर परेशान नहीं होना पडेगा शिक्षकों की लम्बित समस्याओं का समाधान शीघ्रतापूर्वक कराया जाएगा और एन पी एस फीडिंग जो कि 4 वर्ष पीछे चल रहा है वह भी कार्यालय द्वारा यथाशीघ्र अद्यतन करा दिया जायेगा शिक्षक निर्भय होकर अपने–अपने विद्यालयों में पूरी निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करें ।उ प्र मा शि संघ हमीरपुर के जिला मंत्री राज किशोर शुक्ल ने बताया कि वार्ता सौहार्दपूर्ण रही।

प्रतिनिधि मंडल में मण्डलीय अध्यक्ष रणविजय सिंह गौर, जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, जिला मंत्री राज किशोर शुक्ला, प्रान्तीय सदस्य गजोधार प्रसाद यादव,प्रधानाचार्य सरवर आलम खान,द्वारिका प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्षता में 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ‘हर घर तिरंगा’ कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के दृष्टिगत बैठक हुई संपन्न, दिए निर्देश

- ‘हर घर तिरंगा’’ कार्यक्रम हेतु लक्ष्य का निर्धारण, विकास खण्ड स्तरीय समितियों का गठन आदि गतिविधियों पर समयबद्धधनिर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए : मुख्य विकास अधिकारी

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा सिंह कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय मे जनपद में आगामी 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ‘हर घर तिरंगा’ कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के दृष्टिगत बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वतन्त्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर ”आजादी का अमृत महोत्सव” कार्यक्रम देशभर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ‘हर घर तिरंगा‘ कार्यक्रम मनाये जाने हेतु बैठक में शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप जनपद के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से दिनांक 11 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ”हर घर तिरंगा” कार्यक्रम मनाया जाना है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिये प्रेरित करना है।

उक्त कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किये जाने के साथ–साथ वाणिज्यिक एवं व्यावसायिक समूहों एवं संगठनों को उनकी सहभागिता व तिरंगा झण्डा बनवाने के लिये जनपद स्तर से ग्रामीण स्तर तक जिला पंचायतराज अधिकारी, एन. आर.एल.एम. एवं समस्त खण्ड विकासअधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय सम्भ्रांत व्यक्तियों को राष्ट्र प्रेम की भावना से प्रेरित करते हुये झण्डा बनाने/झण्डे की सिलाई किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है। इस परिप्रेक्ष्य में ”हर घर तिरंगा’’ कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजित कराये जाने की प्रक्रिया में इंगित



शासनादेश के अनुसार व्यापक प्रचार–प्रसार, स्वयं सहायता समूहों को सम्मिलित करते हुए ”झण्डा निर्माण समूहों का गठन”, इस प्रक्रिया में जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य तीन लाख झण्डों के निर्माण हेतु स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय टेलर्स तथा आईटीआई व अन्य वोकेशनल प्रशिक्षण केन्द्रों के दक्षकारों का चयन, जनपद स्तर से पंचायत स्तर तक विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारीगण के तैनाती के साथ–साथ पर्यवेक्षकों की तैनाती, समस्त सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कर्मियों, आशा बहुओं आदि को ”हर घर तिरंगा’’ कार्यक्रम हेतु लक्ष्य का निर्धारण, विकास खण्ड स्तरीय समितियों का गठन आदि गतिविधियों पर समयबद्ध/निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने सम्बन्धी निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गए, सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारियों एवं जीएमडीआईसी को निर्देशित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अपने स्तर पर यह कार्य अच्छे से करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसमें तीन विभागों को जो लक्ष्य दिए गए हैं वह हर हाल में पूर्ण करेंगे।

इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की तथा आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा लाभार्थी को प्रत्येक दशा में योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु निर्देशित किया। मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद के समस्त कृषकों को चूहा/छछूंदर नियंत्रण हेतु दिए गए सुझाव, बरते सावधानियां

कानपुर देहात। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 01 जुलाई 2922 से 31 जुलाई 2022 तक जनपद में चलया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत कृषि विभाग द्वारा चूहा/छछूंदर से होने वाले संक्रामक रोगों की जानकारी एवं उनके नियंत्रण हेतु जन जागरुकता अभियान जनपद में चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त कृषकों को चूहा/छछूंदर नियंत्रण निम्नवत् सुझाव दिये जा रहें हैं। जिनको अपना कर चूहा/छछूंदर पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है और उनसे फैलने वाली संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। निरीक्षण कर जो बिल बन्द हो वहां चिन्ह मिटा दे, जहां बिल खुले पाये वहां चिन्ह रहने दे। खुले बिल में एक भाग सरसों का तेल एवं 48 भाग भुने दाने का चारा बिना जहर मिलाये बिल में रखें, बिलों का निरीक्षण कर बिना जहर का चारा पुनः रखे। जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत की 01 ग्राम मात्रा को 01 ग्राम सरसों का तेल एवं 48 भाग भुने दाने में बनाये गये चारे को बिल में रखें। बिलों का निरीक्षण करें एवं मरे हुये चूहों को इकत्र कर जमीन में गाड़ दे। बिलों को पुनः बन्द करें तथा अगले दिन यदि दिन खुले पाये जाये तो उपरोक्त कार्यक्रम पुनः अपनायें।

’नियंत्रण’ :– धरों में चूहों के नियंत्रण हेतु ब्रोमोडियोलान 0.005 प्रतिशत की टिकिया या जिंक फास्फाइड 80 प्रतिशत की एक ग्राम मात्रा को एक ग्राम सरसों के तेल एवं 48 ग्राम भुना चना ६ गेहूँ ६ चावल आदि से बने चारे को बिल में रखें, चूहे दानी का प्रयोग कर के उसमें आकर्षक चारा जैसे रोटी, डबल रोटी, बिस्कुट आदि रख कर चूहों को फसा कर मार दे। ’चूहों के नियंत्रण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ’। चूहा नियंत्रण रसायनों का प्रयोग करते समय हाथ में दस्ताने पहने। रसायनों को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। मरे हुये चूहों को सावधानी पूर्वक घर से बाहर गिट्टी में दबा दें। दवा के प्रयोग के दौरान घर में रखी खाद्य सामग्री इत्यादि को अच्छी तरह से ढक दें। मच्छर रोधी पौधों का उगाया जाना जैसे कि तुलसी, पुदीना, गेदा, नीबू एवं नीम आदि जिनेब 75 प्रतिशत । यह जानकारी राम नरेश जिला कृषि रक्षा अधिकारी कानपुर देहात ने दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## नाजायज तमंचा पेचकस प्लास टार्च के साथ दो नफर अभियुक्त गिरफ्तार



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियो के बिरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के आदेश के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ० राजिव दीक्षित व क्षेत्राधिकारी बिसवा के नेतृत्व मे आज तम्बौर पुलिस टीम उ० निरीक्षक देवेन्द्र नाथ हे० का० इन्द्रजीत सिंह का० सुधीर कुमार का० राजेश कुमार यादव के द्वारा आज एक लोहे का सब्वल एक पेचकस एक प्लास एक टार्च एक नाजायज तमंचा के साथ दो नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है गिरफ्तार किए गए अभियुक्त संजय कुमार पुत्र हरिप्रसाद लोनिया उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम औरीशाहपुर थाना तम्बौर एहसान पुत्र महीन उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मो० सिर्स टोला तम्बौर संजय कुमार एक सातिर किस्म का अपराधी है वह चोरी की घटनाओ मे संलिप्त रहता है जिसके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज है दोनो अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाई की जा रही है।

## धू धू कर जला सुल्तानपुर जिले का खन्ना जनरल स्टोर, भीषण लगी आग



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन सुल्तानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्रान्तरगत चौक क्षेत्र में स्थित खन्ना जनरल स्टोर में लगभग 11 बजे भीषण आग लग गई, कुछ ही क्षणों में आग ने अपना विकराल रूप धारण कर पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आस पास के दुकानदारों में दहशत का माहौल, सूचना पर पुलिस व अग्निशमन विभाग के लोग मौजूद, कर रहे हैं आग बुझाने का प्रयास। किया परंतु आग लगने का कारण बिजली की सर्किट शार्ट होना बताया जा रहा है। जिसके कारण आज इतना विकराल रूप होने के पश्चात काफी मशक्कत पर आग पर काबू पाया गया वहीं दूसरी तरफ अगल–बगल दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा आग लगने की वजह से लाखों रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गए।

## प्रशाशन व अपराध निरोधक समिति ने संपन्न कराया शांतिपूर्ण ईदुज्जुहा की नमाज

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तान रिपोर्ट विनय सेन। पूरे जनपद में ईद–उल–जुहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जनपद के ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी तादाद में इकट्ठे होकर सुबह ईदुज्जुहा की नमाज अदा की। नमाज के दौरान किसी प्रकार की अब्यवस्था न उत्पन्न हो पाये इसके लिए पुलिस प्रशासन शहर के हर चौराहों, मश्जिदों पर कडी निगरानी रखते हुए सड़कों पर लगे कैमरों की भी मानीटरिंग करते रहे। जिला अपराध निरोधक समिति भी अपने



पदाधिकारियों के साथ राहुल चौराहा से ईदगाह तक शाशन, प्रशासन के साथ मिलकर शांतिपूर्ण नमाज अदा कराने में अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे ताकि किसी को कोई असुविधा न हो सके। पुलिस अधीक्षक श्री सोमेन वर्मा ने अ० नि० स० के श्री अमर बहादुर सिंह से सुरक्षा ब्यवस्था के बारे में वार्ता कर समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उक्त मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रहरि, चौकी सचिव डा0 सन्तोष पाठक, मीडिया प्रभारी विनय सेन व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## परिवार परामर्श केन्द्र पर आये मामलों में दो परिवारों में आपसी सहमति पर हुआ समझौता



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई(जालौन)। पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार के निर्देशानुसार परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 2 परिवारो के समझौते करा कर बिखारने से बचाया गया। महिला परिवार परामर्श केन्द्र की टीम में शामिल उ0नि0 रानी गुप्ता प्रभारी महिला परामर्श केन्द्र, नसीम खांन,डॉ0 विनोद पाठक, उर्मिला यादव, म0का0 प्रियंका आदि का सहयोग सराहनीय रहा। परिवार परामर्श केन्द्र पर आये मामलों में से दो मामलों में आपसी सुलह समझौता हो गया।जिनमें पहले मामले में वादी श्रीमती शिवांगी पुत्री कैलाश निवासी ग्राम कोड़ा किर्राही थाना सिरसा कलार जनपद जालौन प्रतिवादी बृजेश पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम कुंवरपुरा थाना जालौन जनपद जालौन का पति–पत्नी के विवाद में समझौता कराया गया,दूसरे मामले में वादी श्रीमती संगीता पुत्री शिवराम निवासी ग्राम चकगहपुरा थाना सिरसाकलार जनपद जालौन प्रतिवादी धीरज सिंह पुत्र बलवान सिंह निवासी ग्राम बिरिया खुर्द थाना जालौन जनपद जालौन का पति–पत्नी के विवाद में समझौता कराया गया ।

## रास्ते से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की मांग कलेक्ट्रेट पहुंच अतिरिक्त एसडीएम को सौपा ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकन्ना निवासी ग्रामीण ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन भेंट कर रास्ते से अवैध अतिक्रमण हटवाये जाने की मांग उठाई। कालपी क्षेत्र के ग्राम सिकन्ना निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र प्यारेलाल ने ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि गांव के ही श्रीबाबू पुत्र रामऔतार, सोनू, गब्बर पुत्र महाताव, राजाभैया पुत्र महाताव आदि ने जबरन रास्ते में अवैध कर लिया है तथा मना करने पर गालीगलौज तथा जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित ने बताया कि जब इस मामले की शिकायत पुलिस चौकी में की तो पुलिस से दबाव बनाकर समझौता कर लिया है। पीड़ित ने प्रशासन से अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग उठाई है।

## देश के हिन्दू समुदाय पर हो रहे जुल्म अत्याचार के प्रति बजरंग दल आया मैदान मे

नरेन्द्र प्रताप सिंह कि रिपोर्ट सूचना बजरंग दल बेहटा सुरक्षा सेवा संस्कार हिंदू की सेवा करना हिंदू को सुरक्षा देना संस्कारों का पालन करना और कराना बजरंग दल का मुख्य उद्देश है। कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं हिंदू बहन नूपुर शर्मा जी का समर्थन करने पर गला काटने व हिंदू को धमकाने का कार्य कर रहे हैं इसलिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की तरफ से हिंदू हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। हर हिंदू की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब बजरंग दल वालों की है हर हिंदू की सुरक्षा करना हमारा फर्ज है।

एक चीज और दादा दादी भाई बहन बुजुर्ग माता–पिता जी को अगर कोई डराने धमकाने का कार्य कर रहा है अगर आपको कोई परेशान कर रहा है तो इस नंबर पर 7080101492, 6387440306 सूचना दें यह नंबर प्रखंड संयोजक बजरंग दल सीनू मिश्रा जी का है। आपके क्षेत्र में लव जिहाद लैंड जिहाद जैसे अगर आपको कहीं सूचना मिलती है तो इस नंबर पर सूचना दें।

प्रखंड बेहटा बजरंग दल हिंदू हेल्पलाइन नंबर 6387440306, 7080101492 ज्यादा से ज्यादा शेयर करें ताकि हर हिंदू भाई बहन के पास नंबर पहुंच सके हर हिंदू बहन की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब बजरंग दल वालों की है।

## बिजली का पोल दे रहा है मौत को दावत



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के ग्राम लौकी मजरा कुरतैहिया बैजू पुत्र मालती प्रसाद का खेत करेहका के पास मेन रोड से है जो यह रोड करेहका से चकपुरवा जाती है इसी रोड के किनारे से 11000 हजार के वी की लाइन भी आई हुई है ।

जो बैजू के खेत मे एक बिजली का खम्भा लगा हुआ है जो खतरे के कगार पर है खम्भा इतना झुक गया कि कब गिर जाए किसी को पता भी नही सबसे शर्मनाक बात यह है कि बिजली बिभाग के कर्मचारी लैन मैन ये सब देखते हुए भी इस पर कोई ध्यान नही दे रहे है जो ज्यादा बारिश होने पर गिर सकता है बैजू ने कई बार बिजली विभाग को अवगत भी करया लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है खेत मे काम कर रहे मजदूर अगर ये खम्भा गिर जाए अगर हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार स्वंम बिजली विभाग होगा।

## सुल्तानपुर में प्रेम प्रसंग में युवक को मारी गोली इलाज के दौरान हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर के कादीपुर में रविवार रात प्रेम प्रसंग में एक युवक को बदमाशों ने गोली मारा और मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दिया। जिस पर पुलिस ने उसे ꥳ पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया। यहां भी हालत चिंता जनक देख डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया है। जानकारी के अनुसार घटना कादीपुर कोतवाली अंतर्गत कस्बे की है। बनके गांव निवासी गौरव सिंह पुत्र चुन्नू सिंह रात करीब 10 बजे के आसपास घर लौट रहा कि कस्बा स्थित पटेल चौराहे के पास सरकारी ट्यूबेल के पास पहुंचते ही अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दिया। बदमाश मौके से फरार हो गए। खून में लथपथ गौरव वहीं पड़ा था कि स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत उसे CHC कादीपुर पहुंचाया। यहां से प्रथम उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अविनाश गुप्ता ने बताया कि गौरव की हालत अत्यंत नाजुक है। उसके सिर में गोली लगी है ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि गौरव के पिता लखनऊ में सफाई कर्मचारी हैं। गौरव ब्याज पर पैसे बांटता था। उसका क्षेत्र में ही एक प्रेम प्रसंग का मामला था, कयास लगाया जा रहा है उसी को लेकर घटना अंजाम पाई है। पुलिस के अनुसार गौरव के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं। इस पूरे मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई जिसकी सूचना परिजनों में मिलते ही कोहराम मच गया और पुलिस मामले को लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी है।

## दो साड़ों के बीच हुई घमासान लड़ाई में एक सांड नाले में गिरा



संवाददाता विमल पाण्डेय
दैनिक अयोध्या टाइम्स

- रेस्क्यू कर साँड को नाले से बाहर निकाला गया

फफूंद, औरैया। सोमवार को सुबह पाता रोड पर दो सांडों के बीच घमासान लड़ाई में लड़ते लड़ते एक सांड नाले में गिर गया,नाले में गिरकर वह बुरी तरह फंस गया।सूचना पर पहुंची पुलिस और नगर पंचायत कर्मियों ने सांड को नाले से निकाला। नगर में आवारा जानवरों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है।पशुपालक अपने गोवंश दूध निकाल कर सडकों पर छोड़ देते है,जिससे बाहन चालको को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इन लोगों पर अधिकारीगण नहीं लगा पा रहे है लगाम सोमवार सुबह पाता रोड़ पर दो सांडों के बीच घमासान लड़ाई हुई जिसे राहगीरों और दुकानदारों ने सांडो को अलग करने की भरपूर कोशिश की लेकिन सांड लड़ते ही रहे दोनों ओर से रोड़ जाम हो गया इतने में लड़ते लड़ते एक सांड नाले में जा गिरा और बुरी तरह फंस गया।स्थानीय लोगों की माने तो लड़ाई इतनी भीषण थी कि अगर कोई इंसान बीच में आ जाता तो उसकी मौत निश्चित थी। स्थानीय लोगों ने आर.एस. एस.के विभाग सह संपर्क प्रमुख अखिलेश कटिहार को फोन से सूचना दी वे मौके पर पहुंचे और उन्होंने थानाध्यक्ष व नगर पंचायत प्रतिनिधि अनुराग शुक्ला को इस बाबत सूचना दी, नगर पंचायत कर्मचारियों व 112 पुलिस ने आकर काफी देर मशक्कत के बाद सकुशल साँड़ को नाले से बाहर निकाला गया। इस दौरान मौके पर समाजसेवी कल्लू यादव, रजोल तिवारी, लक्ष्मी नारायण,सुबोध, डी.डी. यादव, शिशुपाल सिह,112 पुलिस सहित आदि लोगो ने रेस्क्यू कर साँड को नाले से बाहर निकाला।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जयसिंहपुर क्षेत्र में हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक जयसिंहपुर तहसील अंतर्गत बरौसा बाजार में उपाध्यक्ष बृजेश पांडे के कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि पदाधिकारियों को चाहिए की वे सक्रिय रहे और व्यापारी हित में सदैव संघर्ष करते रहे। श्री त्रिपाठी ने जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि को निर्देश दिया कि जुलाई के अंतिम सप्ताह तक जिले के सभी बाजारों में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का गठन हो जाए जहां की इकाइयां क्रियाशील नहीं है वहां पर पुनर्गठन किया जाए सुंदर और बेहतर काम करने वाले सदस्यों को पदाधिकारी बनाया जाए और निष्क्रिय रहने वालों की जगह नए पदाधिकारी बनाए जाएं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय हैं काम नहीं कर रहे हैं केवल नाम के लिए पद लिए हैं ऐसे पदाधिकारियों को अब या तो काम करना होगा या पद छोड़ना होगा चाहे वह जिले स्तर का या मंडल स्तर का हो या प्रदेश स्तर के हो या बाजार स्तर के हों। स्थानीय बाजारों के अध्यक्ष द्वारा तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा यह अवगत कराया गया की जयसिंहपुर क्षेत्र में व्यापारियों के साथ व आम लोगों के साथ जो चोरियां हुई है उसका खुलासा नहीं हुआ है फूड विभाग के अधिकारी द्वारा व्यापारियों के शोषण करने का भी मुद्दा अधिकतर बाजारों के अध्यक्ष ने उठाया श्री त्रिपाठी ने कहा कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी महोदय के यहां की गई थी तथा व्यापार कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के अध्यक्ष तथा भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय रविकांत गर्ग जी से भी फूड अधिकारी की शिकायत की गई थी। फूड अधिकारी राम श्रृंगार का स्थानांतरण गैर जनपद हो गया है आने वाले अधिकारी भी यदि व्यापारियों का शोषण करेंगे तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही कराई जाएगी। बैठक में जिला प्रभारी रमेश अग्रहरी युवा तहसील अध्यक्ष विनोद मोदनवाल युवा महामंत्री ठाकुर प्रसाद अग्रहरी सेमरी बाजार अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह महामंत्री गुलाब अग्रहरी बिरसिंहपुर अध्यक्ष रविंद्र मोदनवाल महामंत्री राजकुमार



महामंत्री अमरनाथ बिरसिंहपुर उपाध्यक्ष भागीरथी उपाध्यक्ष बिरसिंहपुर पंच बहादुर मोदनवाल मोहम्मद निजाम बिरसिंहपुर गुड्डू अग्रहरी बिरसिंहपुर हनुमान दिन गुप्ता बिरसिंहपुर टेढ़ी बाजार अध्यक्ष हीरा मोदनवाल गोसाईगंज अध्यक्ष नरेंद्र पांडे सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर में ईद–उल–अजहा की नमाज अदा की गई।सुबह 7 बजे कई मस्जिदों में नमाज अता की गई।8 बजे ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर एक साथ नमाज अता की।इस बाबत सुरक्षा को लेकर समूचे जिले में चप्पे–चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात रहे।बताते चलें कि बीते 1 माह से आगामी त्योहारों के बाबत जिलाधिकारी रवीश गुप्ता,पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा,उप पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सी.पी. पाठक,क्षेत्राधिकारी नगर राघवेन्द्र चतुर्वेदी,नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय,महिला थानाध्यक्ष मीरा कुशवाहा ने भारी पुलिस बल के साथ कई बार नगर में पैदल गश्त किया था और मोटरसाइकिल से पुलिस के जवानों ने एक साथ बाइक रैली निकाली थी।साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों ने हिन्दू एवं मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ कई बार त्योहारों को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर कई राउंड बैठकें भी की थीं और उनसे अपील भी की थी कि इन त्योहारों को प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाएं किसी भी तरह से सौहार्द बिगड़ने न पाए इसके लिए सभी को हिदायतें भी दी गई थी कि कोई भी किसी अफवाह पर ध्यान नहीं देगा और यदि कहीं भी किसी को कोई गड़बड़ी की सूचना मिले तो वो सिर्फ और सिर्फ पुलिस को सूचित करेगा।इसके साथ ही बीती शाम को भी जिलाधिकारी रवीश गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा एवं कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सभी मस्जिदों एवं नगर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया था जायजा।आज सुबह नमाज



के बाद ईदगाह चौराहे पर पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने लोगों को ईद–उल अजहा की मुबारकबाद देते हुए बताया कि नगर में सुरक्षा के बाबत चप्पे–चप्पे पर पुलिसबल तैनात हैं कहीं कोई गड़बड़ी न होने पाए इसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है साथ ही ड्रोन कैमरे से की जा रही निगरानी।इस अवसर पर अपराध निरोधक कमेटी के अमर बहादुर सिंह,मोईद अहमद रंगोली,सहित कई हजरातों ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अमलों को गले मिल कर ईद–उल अजहा की मुबारकबाद देते हुए देश एवं समाज में अमन चौन की दुआ की।स्वयं सेवी संगठन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को दी ईद–उल अजहा की दी मुबारकबाद।

## भारत विकास परिषद् शिवा जी शाखा सुल्तानपुर द्वारा परिषद् के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन। भारत विकास परिषद् शिवा जी शाखा सुल्तानपुर द्वारा परिषद् के स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम शिवा जी पार्क बैंक कालोनी नारायणपुर मे किया

मुख्य बिंदु–

सर्व प्रथम भारत माता जी,विवेकानंद जी,ड्रा प्रकाश जी के चित्र एवम शिवा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण संरक्छक अजय जायसवाल जी,निर्मल श्रीवास्तव जी, अध्यकछ प्रदीप बरनवाल, महिला सयोजिका श्री मती सरिता बरनवाल जी एवम सभी सदस्यों ने किया।

श्री अजय जायसवाल जी को प्रदीप बरनवाल अध्यकछ जी द्वारा पिन पहना कर स्वागत



किया गया।

–सुबह 8:15 बजे पौध रोपण किया गया।

– वरिष्ठ संरक्छक श्री अजय जायसवाल जी द्वारा भारत विकास परिषद् के बारे में उद्बोधन दिया।

– अध्यक्ची उद्बोधन प्रदीप बरनवाल जी ने परिषद् के वर्ष भर के कार्यक्रमों को बताया। तत्पश्चात सभी मेंबरों एवम कालोनी निवासी सभी गण मान्य व्यक्तियों को कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार जताया।

– कार्यक्रम का संचालन सचिव संजीव श्रीवास्तव जी ने किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों को जलपान कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्छक अजय जायसवाल जी निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य,निर्मल श्रीवास्तव जी, अध्यकछ प्रदीप बरनवाल जी,सचिव संजीव श्रीवास्तव जी,वित्त सचिव संदीप अग्रहरि जी, उपाध्यकछ प्रदीप जायसवाल जी,राजीव बरनवाल जी,संस्कार सचिव ईशु अग्रहरि, कार्यक्रम संयोजक प्रशांत गौड़,मनीष बरनवाल,विनय गुप्ता,संदीप जयेंद्र,प्रखर,राजू अग्रहरि, अक्चत,श्री पूनम जायसवाल जी,श्री मती रविशा गुप्ता जी श्री मती आराधना श्रीवास्तव जी श्री मती प्रीति बरनवाल जी, सुशील सिंह, जे पी सिंह, आर पी पाण्डेय,सनी यादव,राज मनी वर्मा,एवम अन्य कालोनी वासी उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के लोकार्पण पर 16 जुलाई को होने बाली प्रधानमंत्री की सभा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रशासन और संगठन की झोंकी पूरी ताकत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के लोकार्पण पर 16 जुलाई को होने बाली प्रधानमंत्री की सभा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रशासन और संगठन की पूरी ताकत झोंक दी है । सोमवार को ग्राम कैथेरी के पास प्रस्तावित प्रधानमंत्री के सभा स्थल का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पत्रकारों के सामने प्रकारांतर से स्वीकार किया कि एक्सप्रेस वे के काम में हल्की फुल्की कमियां रह गई थी जिसके मद्देनजर पहले 12 जुलाई को तय लोकार्पण कार्यक्रम टाल दिया गया था अब 14 जुलाई तक कार्यक्रम को कार्य को पूरी तरह दुरुस्ती से करके 16 जुलाई को प्रधानमंत्री के हाथो इसे देश के लिए समर्पित कर दिया जाएगा ।



वैसे योगी ने दावा किया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को निर्धारित समय से लगभग साढ़े छै महीने पूर्व पूर्ण कर लिया गया है जो असाधारण उपलब्धि है ।

उन्होंने कैथेरी के टोल प्लाजा कार्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व कानपुर बुंदेलखंड प्रांत के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह के साथ संगठन के प्रमुख लोगो की बैठक की जिसमे प्रधानमंत्री की सभा में डेढ़ लाख की भीड़ जुटाने की रणनीति को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई केंद्रीय राज्य मंत्री भानू प्रताप वर्मा, सादर विधायक गौरीशंकर वर्मा, झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा, इटावा के सांसद राम शंकर कठेरिया, राठ की विधायक मनीषा अनुरागी आदि जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे । इस दौरान उन्होंने यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी की मौजूदगी में अभियंताओं से एक्सप्रेस वे के कार्य की मानचित्र से जानकारी ली जिलाधिकारी चांदनी सिंह और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार को सभा के दौरान गाड़ियों की पार्किंग भीड़ के आने जाने के प्रबंधन सभा स्थल की वेरिकेटिंग ओर सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर दिशा निर्देश दिए एडीजी कानपुर जॉन भानू भास्कर और झांसी के मंडलायुक्त अजय शंकर पांडेय भी थे।

## खाना बनाने के दौरान फटा गैस सिलेंडर, आग में झुलसकर बच्चे की मौत, महिला समेत दो लोग बुरी तरह से घायल चार घर जलकर राख




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी से है। जहां कल्याणपुर थाना से गरीबा बलूआ गांव में खाना बनाने के क्रम में गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गयी। आग अचानक लगने से दो लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। जिसमें एक मासूम की मौत इलाज के दौरान हो गयी है। आग से चार घर जलकर राख हो गए हैं।
वहीं ग्रामीणों की तत्परता से आग को फैलने से रोका जा सका। ग्रामीणों ने अपने घर के सामानों बाल्टी और अन्य सामान से लगातार प्रचंड बन रही आग पर पानी फेंका। जिससे आग को बढ़ने से रोका जा सका। आगलगी में एक महिला सीता देवी और उसका पांच माह का बच्चा सुमित कुमार झुलस गया। महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।
जिसे इलाज के लिए कल्याणपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया है। आगलगी की इस घटना में करीब सात लाख रुपए की सम्पति जलकर राख हो गई है। बताया जा रहा है कि पूर्वी चंपारण जिला के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गरीबा पंचायत के बलुआ गांव में बीती रात खाना बनाने के क्रम में रामप्रवेश राय के घर में गैस सिलेंडर लीक हो गया। जिसके बाद आग पूरी तरह फैल गई जिसमें चार घर जल नष्ट हो गए हैं। आग इतनी बेकाबू थी कि घर से कोई सामान नहीं निकल पाया कपड़ा गहना अनाज सब जलकर खाक हो गया। ग्रामीण अपने संसाधन से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे कि घटना स्थल पर दमकल की गाड़ी पहुंची। जिसके बाद पब्लिक के सपोर्ट से आग पर काबू पा लिया गया है। इधर अंचलाधिकारी विजय कुमार राय ने बताया कि कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिया जाएगा।अभी इस खबर पर अधिकारी कुछ बोलने से इनका कर रहे है।

## जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वाधान में प्रायोजन एवं देख-रेख योजना अन्तर्गत 08 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वाधान में प्रायोजन एवं देख–रेख (ैचवदेमतेीपच) योजना अन्तर्गत 08 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई अन्तर्गत संचालित प्रायोजन एवं इस संबंध में सहायक निदेशक, श्रीमती ममता झा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना अन्तर्गत 18 वर्ष से कम उम्र के वैसे बच्चे को लाभान्वित किया जाता है, जो 1.बीपीएल परिवार के होते हैं और उनके पिता की मृत्यु हो गयी हो। 2.परिवार का जीविकोपार्जक (माताधपिता) व्यक्ति कैंसर से पीड़ित हो



देख–रेख (Sponshership) योजना अन्तर्गत इन लाभुकों को स्वीकृति की तिथि से आगामी 03 वर्ष तक अथवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक (जो पहले हो) 2000 रूपया प्रतिमाह आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते में भेजे जायेंगे।
) योजना अन्तर्गत इन लाभुकों को स्वीकृति की तिथि से आगामी 03 वर्ष तक अथवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक (जो पहले हो) 2000 रूपया प्रतिमाह आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते में भेजे जायेंगे।
अथवा मानसिक दिव्यांग हो अथवा दुर्घटनाग्रस्त होकर शारीरिक रूप से दिव्यांग हो गये हो। इस योजना हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई में आवेदक को सभी कागजातों के साथ आवेदन देना है। 3.परिवार का जीविकोपार्जक व्यक्ति (माता/पिता) जेल में हो। आज स्वीकृत्यादेश प्राप्त करने वाले बच्चों में हिमांषु कुमार, शोषिता कुमारी, अभिनंदन कुमार, अभिमन्यु कुमार, दीपक कुमार, आदित्य कुमार, प्रिंस कुमार एवं पल्लवी कुमारी शामिल है।

## वीआईपी पार्टी के प्रधान कार्यालय अगरवा मोतिहारी में पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार साहनी व पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्तरूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। वीआईपी पार्टी के प्रधान कार्यालय अगरवा मोतिहारी में पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार साहनी व पार्टी के जिला युवा नियुक्ति पत्र व पद पाने वालों में. तुरकौलिया प्रखंड के प्रखंड सचिव के पद पर श्री विकास कुमार साहनी को नियुक्ति पत्र दिया गया , एवम तुरकौलिया प्रखांड अंतर्गत प्रखांड कार्यकारिणी सदस्य पद श्री श्री



अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई।
जहां पर दर्जनों लोगों को विभिन्न पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया ,साथ ही साथ पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पार्टी के विचारधारा के बारे में सभी को बताया गया। मुख्य रूप से राहुल कुमार व अजरुदीन दीवान को नियुक्ति पत्र दिया गया, नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी साथी को पार्टी के तरफ से बहुत–बहुत बधाई। मौके पर पार्टी के जिला सचिव,श्री सुमन कुमार सहनी,जिला सचिव हफीजुल्ला अंसारी,जय श्री सहनी,आदि मौजूद रहे !!

## लेखक अनुराग आनंद को डीएम द्वारा इंडिया एंड एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। एलिवेशन ऑफ लाइफ के लेखक अनुराग आनंद को डीएम कार्यालय में आमंत्रित किया गया और डीएम द्वारा इंडिया एंड एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अनुराग पूर्वी चंपारण के सदर प्रखण्ड के एक छोटे से गांव बासमनपुर से ताल्लुक रखते हैं। श्री शीर्षत कपिल अशोक जिलाधिकारी ,पूर्वी चम्पारण ने उनसे अद्भुत बातचीत की ,और छोटी सी उम्र के लेखक अनुराग आनंद से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना । उन्होंने यह भी कहा कि छोटी सी उम्र में एलिवेशन ऑफ लाइफ नाम से किताब लिखकर किसान के बेटा ने युवाओं के लिए प्रेरणादायक कार्य किया है। एक अद्भुत काम है और युवाओं के लिए प्रेरणा के प्रतीक हैं। छोटी सी उम्र में भी युवा अगर चाहे तो अपना नाम आसमान की ऊंचाइयों तक पहुँचा सकते है। आज अनुराग का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में दर्ज होने पूर्वी चम्पारण के लिए गर्व की बात है।
यह पूछे जाने पर कि अनुराग ने कम उम्र में इतना कुछ कैसे हासिल कर लिया, अनुराग का कहना है कि यह उम्र कारक नहीं है जो किसी के जुनून का



पालन करने की यात्रा में बाधा डालता है ,युवा उम्र हो या बुढ़ापा बेरिकेड्स शायद हमारे दिमाग में है, जिसे तोड़ा जाना चाहिए । दोष देने के बजाए अपने लक्ष्य के लिए आगे बढ़ना चाहिए ।क्योंकि या तो हम चीजों को दोष देते रह सकते हैं या फिर हम कमियों को प्रेरणा मान सकते हैं और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकते हैं।

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वधान में जिला टास्क फोर्स (एईएस/ जेई) से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार ।जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वधान में जिला टास्क फोर्स (एईएस/जेई) से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिविल सर्जन, मोतिहारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले भर में एईएस के 12 केस पाए गए हैं। सभी का बेहतर उपचार किया जा रहा है। एईएस से किसी की भी मृत्यु की सूचना नहीं मिली है। एईएस से बचाव के लिए जिले भर में चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही प्रचार प्रचार कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। एईएस से निपटने हेतु सदर अस्पताल, मोतिहारी में पीकू वार्ड पूर्णतः कार्यरत है।
जिलाधिकारी महोदय ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि एईएस खतरे से निपटने के लिए सभी स्वस्थ सुविधा के साथ डॉक्टर्स एलर्ट मूड में रहें। रक्सौल क्षेत्रों में सूकरो के संक्रमण पर निगरानी हेतु नगर आयुक्त एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी को उन्होंने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संक्रमित सुकरो का डंपिंग सही तरीके से करें साथ ही उन क्षेत्रों को सैनिटाइजेशन भी करना सुनिश्चित करें। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा लोगों से अपील की गई है कि संक्रमित सुअरों के मांस से परहेज करें। उन्होंने कहा कि जिले भर में करोना टेस्टिंग एवं वैक्सीनेशन कार्य में प्रगति लाएं। इस अवसर पर सिविल सर्जन , डी पीएम, डीआईओ ,यूनिसेफ, केयर डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी , डीपीएम जीविका आदि उपस्थित थे।

## जिले में नियमित टीकाकरण की गति तेज-अप्रैल में 89 प्रतिशत जबकि मई में 80 प्रतिशत बच्चों का हुआ फुल इम्यूनाइजेशन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जिले में कोविड–19 वैक्सीनेशन के साथ नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की गति को भी तेजी से चलाया जा रहा है। ताकि हर हाल में गर्भवती और बच्चों का नियमित टीकाकरण (आर आई) सुनिश्चित हो सके। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि शून्य से दो साल तक के नौनिहालों को नियमित टीका देने का कार्यक्रम निरंतर जारी है। अप्रैल में 89 प्रतिशत, जबकि मई में 80 प्रतिशत बच्चों का फुल इम्यूनाइजेशन किया गया। इसमें जिले के बोखरा, डुमरा, परिहार, पुपरी, रीगा प्रखंड का प्रदर्शन बेहतर रहा। डॉ. झा ने बताया कि कोविड–19 टीकाकरण के साथ नियमित टीकाकरण की गति को भी बरकरार रखना जरूरी है। कोविड–19 की वजह से चुनौतियां थोड़ी बढ़ी हुई है, लेकिन चुनौतियों के बावजूद नियमित टीकाकरण की गति बरकरार रखते हुए टीकाकरण किया जा रहा।
समय पर बच्चों का टीकाकरण जरूरी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने एवं शिशु के स्वस्थ शरीर निर्माण के लिए समय पर नियमित टीकाकरण जरूरी है। इसलिए कोविड–19 के साथ साथ नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का भी आयोजन कर योग्य लाभार्थी का नियमित टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण बच्चों को डिप्थेरिया, काली खांसी, हेपेटाइटिस बी, टेटनेस,



पोलियो, टीबी व खसरा जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है। नियमित टीकाकरण के दौरान शून्य से दो वर्ष तक के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी, मिजल्स, विटामिन ए, डीपीटी बूस्टर डोज, मिजल्स बूस्टर डोज और बूस्टर ओपीवी के टीके लगाए जाते हैं। निर्धारित तिथि के अनुसार जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ संबंधित क्षेत्र की एएनएम द्वारा सेविका एवं आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से गर्भवती एवं शिशु का नियमित टीकाकरण किया जाता है। इसके अलावा जिला मुख्यालय एवं पीएचसी में भी टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। सरकार की ओर से चलाए जाने वाले मिशन इंद्रधनुष अभियान के जरिए बच्चों को टीका लगाया जाता है।

## स्वर्ग को जमीन पर उतारने की परिकल्पना के साथ हरिहर क्षेत्र जनजागरण मंच



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सोनपुर–कोर्ट। भले ही प्रशासनिक कारणों से चुनाव आगे टल गए हों, किंतु हरिहर क्षेत्र जनजागरण मंच अपने अभियान से तनिक भी शिथिल नहीं पड़ा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंच के माननीय सदस्य सुरेश नारायण सिंह के यहां (बाघ वाले बच्चा बाबू के हाता में) हरिहरक्षेत्र जनजागरण मंच की एक आम सभा साहित्यकार सीताराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा का संचालन मंच के संयोजक सदस्य सतीश कुमार प्रसाद साह ने किया।
मंच के सदस्य अनिल कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए, मंच के गठन से लेकर अभी तक सम्पन्न हुई सभी गतिविधियों एवं मंच के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उसके बाद एक एक कर वक्ताओं ने अपने अपने विचार प्रकट किये। वरिष्ठ सदस्य राज किशोर सिंह ने स्पष्ट कहा कि मंच का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को दुःख पहुंचाना या नुकसान पहुंचाना नहीं बल्कि एक आदर्श एवं अनुकरणीय नगर पंचायत बनाना है। अपने अध्यक्षीय भाषण में सीताराम सिंह ने कहा कि विजेता का भाव मन में लेकर इस चुनौती से लोहा लेना है। वरिष्ठ सदस्य एवं अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह ने कहा कि किसी विषय विशेष पर अलग राय होना स्वाभाविक है किन्तु मंच द्वारा लिये गए निर्णय से रत्ती भर भी अलग नहीं होउंगा। विलायत हुसैन, अमरनाथ तिवारी, डॉ० आर०एन०मालाकार, कृष्णा महतो, डा०अनिल कुमार सिंह, मुकुन्द सिंह, केदार गुप्ता आदि ने अपने संबोधन में पूरी ताकत के साथ हरिहर क्षेत्र जनजागरण मंच के विचारों को जन जन तक पहुंचाने एवं नगरपंचायत की होने वाली आगामी चुनाव में जात पात, गोतिया पट्टीदार की भावना से ऊपर उठ कर वैसे उम्मीदवार को वोट देने की अपील की जो बेदाग छवि वाला हो, साथ ही उसके पास विकास करने का माद्दा हो। डॉ० अनिल कुमार सिंह ने सुझाव दिया कि मंच ने अभी तक जितने उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा की है, उनकी जीत सुनिश्चित कराने के लिए मतदाताओं के बीच जाकर उन्हें समझाया जाना चाहिए। साथ ही जिन वार्डों में किसी उम्मीदवार को समर्थन देने की अभी घोषणा नहीं की गई है, वहां नामांकन तक सभी उम्मीदवारों पर नजर रखी जाए, उसके बाद समर्थन की घोषणा हो। केदार गुप्ता ने सरकारी स्कूलों की दुर्दशा पर भी मंच को ध्यान देने की आवश्यकता जताई। वक्ताओं द्वारा प्राप्त सभी सुझावों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर इसे लागू करने पर सहमति बनी।
मंच द्वारा अभी तक समर्थित सभी उम्मीदवारों का परिचय सभा में आये नये सदस्यों से कराया गया। तत्पश्चात् सभी समर्थित उम्मीदवारों ने भी सभा को सम्बोधित किया। अध्यक्ष पद के लिए मंच द्वारा समर्थित उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ चिट्टू सर ने भी विस्तार पूर्वक लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का मर्यादित तरीके से सारगर्भित उत्तर दिया जिससे संतुष्ट हो कर नये सदस्यों ने भी मंच द्वारा समर्थन के लिए अभी तक चयनित उम्मीदवारों के नाम पर संतोष जताया। ऐजेन्डा संख्या 06 (जिसमें हरिहरक्षेत्र जनजागरण मंच के विधि सदस्य तथा मिडिया सदस्यगणों का चयन करना था) पर भी चर्चा हुई और सर्वसम्मति से मिडिया सदस्य के पदों के लिए गौतम कुमार, विपिन कुमार सिंह एवं वैभव कुमार का चयन किया गया। विधि सदस्य पर बाद में विचार करने पर सहमति बनी सभा में उपस्थित सदस्योंध्शुभचिंतकों ने एक स्वर से मंच में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए इसके द्वारा समर्थित उम्मीदवार को जिताने का संकल्प लिया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन सुरेश नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगरपंचायत सोनपुर श्रीमती मधु भारती, मंच के सम्मानित सदस्य अजय कुमार सिंह (पूर्व मु० प्रबं,भा० स्टे० बैंक), अनवर आलम, डॉ ० आर० एन० मालाकार, राम प्रसाद पंडित, रामाकांत सिंह , अरूण कुमार सिंह (झुनखुन बाबू), कृष्ण कान्त सिंह, सतीश कुमार सिंह (मुन्ना जी), संजय जी दीवाना, चंदन कुमार, वीरमणि सिंह, सतीश कुमार सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ झगरू सिंह, विजय सिंह गांधी आश्रम वार्ड नंबर 5, शिव सिंह, अशोक रजक, लाखन सिंह, मथुरा दास, संतोष सिंह, अशोक सिंह, विजय महतो, गौतम महतो, अवध लाल गुप्ता, बिनोद बैठा, मो०शब्बीर, बच्चा राय, नागेश्वर राय, गुजुर राय, मणी राय, बहारन राय एवं अकलू यादव, संजय पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा समाहरणालय परिसर,मोतिहारी से विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले भर में परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रचार प्रसार हेतु सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा समाहरणालय



परिसर, मोतिहारी से विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले भर में परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रचार प्रसार हेतु सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सारथी रथ सभी प्रखंडों में परिवार कल्याण कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कर इच्छुक व्यक्तियों को स्थाई एवं अस्थाई विधि का जानकारी दिया जाएगा ।जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा जिले भर में 11 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक मनाया जा रहा है।

### इस अवसर पर सिविल सर्जन,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीआईओ, डीपीएम एवं यूनिसेफ, केयर के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे

- जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक एवं पुलिस अधीक्षक, डॉ कुमार आशीष,अरेराज अनुमंडल अंतर्गत हरसिद्धि प्रखंड एवं पहाड़पुर प्रखंड में विधि व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे।

रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार ।जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक एवं पुलिस अधीक्षक, डॉ कुमार आशीष,अरेराज अनुमंडल अंतर्गत हरसिद्धि प्रखंड एवं पहाड़पुर प्रखंड में विधि व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे । विदित हो कि दिनांक 10 जुलाई 2022 को ग्राम, बवरिया (पहाड़पुर) एवं शाहनगर (हरसिद्धि) में दो पक्षों के बीच आपसी मारपीट की घटना के कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस पदाधिकारी महोदय, पूरे दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर, क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि दोनों पक्षों के साथ समझौता बैठक कर क्षेत्र में शांति एवं सद्भावना को कायम रखेंगे। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि इस घटना में शामिल दोषी व्यक्ति बख्शे नहीं जाएंगे। कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



### अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य, आचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद को भुवनेश्वर ओड़िशा में प्रदान की गई ग्लोबल स्टार आइकॉनिक अवॉर्ड्स ज्योतिष वेद भूषण सम्मान एवं गोल्ड मेडल सम्मान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त एवं ज्योतिष जगत के प्रकांड विद्वान




आचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद को भुवनेश्वर ओड़िशा में नवम अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन में भाग लेने के दौरान इण्डियन वास्तु एवं एस्ट्रोलॉजिकल रिसर्च सेंटर भुनेश्वर ओड़िशा में संस्थान के अध्यक्ष एवम् संस्थापक डॉ पीयूष पिपासू दास के अध्यक्षता में ग्लोबल स्टार आइकॉनिक अवॉर्ड्स, ज्योतिष वेद भूषण सम्मान के साथ गोल्ड मेडल्स,शील्ड एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर दिनांक दस जुलाई 2022 को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया।पूर्वी चम्पारण के लाल व केसरिया प्रखंड अन्तर्गत नयागांव निवासी अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष एवं अध्यात्म गुरू आचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद को अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित कर अंतरराष्ट्रीय लाल किताब के प्रकांड विद्वान गुरुदेव श्री जी डी वशिष्ठ जी,प्रोफसर डॉ पी आर हलधर,राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शुभाष शरमन जी,विधायक ओडिशा अनंता नारायण जैना जी,आचार्य हरिप्रिया मिश्रा जी,आचार्य डॉ अशोक कुमार मिश्रा जी(बिहार) ,साथ ही बैंगलोर से आए,डॉ दीपिका जेना जी (श्री डिवाइन एंड सौल) संस्थान के चीफ प्रेसीडेंट) जैसे महान ज्योतिष विद्वतजन के कर कमलों द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान कर गौरवान्वित किया गया। इस मौके पर प्रकांड विद्वान एवम् अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिष एवम् अध्यात्म गुरु आचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद जी ने अपने समस्त विश्व गुरूजनों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए संस्थान के प्रेसिडेंट डॉ पीयूष पिपासु दास एवम् उनके समस्त परिवार और टीम की उज्वल भविष्य की कामना की,एवम् समस्त बिहार वासियों भारतवासियों का हार्दिक नमन एवम् वंदन किया है।

## छात्राओं ने जाना डेंगू है जानलेवा-वेक्टर जनित रोग पर जागरूकता फैलाने के लिए स्कूल में शिविर आयोजित छात्राओं ने ली जागरूकता फैलाने की शपथ

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। डेंगू, चिकुनगुनिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोग (मलेरिया, फाईलेरिया, कालाजार, मस्तिष्क ज्वर) के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कमला बालिका उच्च विद्यालय में शिविर का आयोजन हुआ। इसमें जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. रवीन्द्र कुमार यादव ने छात्राओं को इन बीमारियों के कारण, ईलाज और बचाव के बारे बताया। डॉ. यादव ने बताया कि बरसात के आते ही डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगता है, जिसमें सामान्य सर्दी–बुखार के साथ–साथ हड्डियों में बहुत दर्द होता है। आँख के पीछे दर्द, मितली, बदन पर चकत्ते और कभी कभी मसूड़ों तथा नाक से रक्तश्राव भी होता है।डेंगू एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर साफ पानी में पनपते हैं तथा दिन में ही काटते हैं। इससे बचाव के लिए घर के आस–पास टूटे–फूटे बर्तन, टायर या ड्रम इत्यादि नहीं रखना चाहिए, जिसमें बारिश का पानी जमा हो सके। कूलर या रेफ्रिजरेटर का पानी प्रतिदिन बदलना चाहिए। फूलों के गमलों में भी पानी जमा होने नहीं देना चाहिए। घर के आस–पास सफाई रखनी चाहिए। बुखार होने पर एस्प्रिन या ब्रूफेन ग्रूप की दवा नहीं लेनी चाहिए। साथ ही चिकित्सकीय परामर्श शीघ्र लेनी चाहिए। जागरूकता शिविर में छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। सभी ने स्वच्छता एवं डेंगू समेत अन्य बीमारियों से बचाव के उपाय अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ भी ली। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमरूल होदा समेत, रामनारायण पासवान, विश्वजीत कुमार, डॉ. रास बिहारी यादव, प्रिंस कुमार, राकेश कुमार झा, रजनीश कुमार, राजू रमण सिंह, गणेश राम आदि उपस्थित थे।



## मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अग्रदूत बनेंगे पंचायत प्रतिनिधि

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार मुजफफरपुर। डीपीआरसी सभागार में सोमवार को मुशहरी प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया गण का पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक एवं स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर एकदिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को तीन स्तरीय पंचायती राज संरचनाएं, महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे, सरकारी स्वास्थ्य संरचना एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने हेतु पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिकाएं, समाज में किये जाने वाले लिंग आधारित भेद–भाव एवं इसके रोकथाम हेतु पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान सी–थ्री के विशेषज्ञ क्षमता निर्माण एवम् सामुदायिक जुड़ाव, प्रकाश रंजन एवं वरिष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार आलोक ने प्रतिभागियों को विकसित एवं आदर्श ग्राम पंचायत बनाने में ग्राम पंचायत विकास योजना की महती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपने क्षेत्रों में उत्साह और लगन के साथ उपरोक्त मुद्दों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पंचायत प्रतिनिधि के रूप में कर्तव्यों को दिलाया याद– प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज प्रतिनिधि को उनके अधिकारों को भी याद दिलाया गया जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधि द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ नियमित बैठक, किशोरियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा में आने वाली परेशानी पर चर्चा करना आदि शामिल है। ग्रामस्तरीय बैठक में सभी महिलाओं की भागीदारी और उन्हें बोलने का मौका देना, परिवार नियोजन के मुद्दों में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाना, लड़कियों को स्कूली शिक्षा–पूरी करने के लिए प्रोत्साहित करना, पहले बच्चे के जन्म, दो बच्चों के बीच अंतर और रखरखाव में देरी के लिए गर्भनिरोधकों के उपयोग को प्राथमिकता देना इत्यादि शामिल थे। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक अभय कुमार एवं अभिषेक कुमार सहित सभी क्षेत्रीय कार्यकर्ता संजू कुमारी, रानी कुमारी, पूनम कुमारी, विनय भूषण भी मौजूद थे।



## जदयु के जिलाध्यक्ष/मुख्य प्रवक्ता/प्रदेश एवं जिला कमिटी के पदाधिकारीगण/प्रखण्ड अध्यक्षगण/प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षगण से अपील

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। विद्यानन्द विकल अध्यक्ष बिहार राज्य खाद्य आयोग बिहार पटना ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि साथियों 15जुलाई 2022 को खगड़िया परिषदन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रवधानों के क्रियान्वयन के मद्दे नजर खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। आंगनबाड़ी , मध्यान भोजन में पोषाहार तथा जनवितरण प्रणाली के डीलरों द्वारा अनाज वितरण (सही रेट सही वेट ) समीक्षा की जायेगी। उपरोक्त विषय से संबंधित यदि कोई समस्या हो तो उसका लिखित आवेदन बैठक प्रारम्भ होने से पहले 11 बजे दिन तक हमे उपलब्ध कराना चाहेंगे। वैसे लोग भी आवेदन दे सकते है जिनका अनावश्यक रूप से आंगनबाड़ी केंद या PDS का केंद्र रद्द कर दिया गया है। लाइसेंस फंसा हुआ है। राशनकार्ड की समस्या हो। PDS डीलर जिनका अनुकम्पा के आधार पर लाइसेंस निर्गत नही किया जा रहा हो। इसके अतिरिक्त वैसे अन्य समस्या जो लम्बे समय से लंबित हो। उपरोक्त से संबंधित आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

अनुरोध है कि इस कार्यक्रम की जानकारी अन्य ग्रुपो में शेयर करें अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को जानकारी देने कष्ट किया जाय ताकि वे अपने समस्याओं को हम तक पहुंचा सकें।

# वैशाली जिले भर में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) वैशाली। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल सहित पूरे जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सोमवार को परिवार नियोजन मेले का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल में इस मेले का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमिताभ कुमार सिन्हा ने किया। डॉ. सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य मेले का लक्ष्य जनसंख्या स्थिरीकरण के साथ बच्चों और उनकी माताओं को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना है। विश्व जनसंख्या दिवस का इस वर्ष का थीम आठ बिलियन की दुनिया – सभी के लिए एक लचीले भविष्य की ओर – अवसरों का दोहन और सभी के लिए अधिकार और विकल्प है। जनसंख्या वृद्धि हमारे संसाधनों और अवसरों को तेजी से खत्म कर रहा है। ऐसे में परिवार नियोजन ही एक मात्र रास्ता है जिससे जनसंख्या स्थिरीकरण की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। स्टॉल लगाकर दी जा रही जानकारी–

सदर अस्पताल में परिवार नियोजन योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल लगाए गए हैं। इसके माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन की समुचित जानकारी दी जा रही है। लोगों के बीच परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों का वितरण किया जा रहा है। वहीं स्थायी साधनों की चाह रखने वाले दंपत्ति का पंजीकरण भी किया जा रहा है। इसके अलावा एएनएम तथा जीएनएम लोगों की परिवार नियोजन संबंधी काउंसलिंग भी कर रही हैं।

कोमल दीदी व्हाट्सएप बोट की मिल रही जानकारी–

परिवार नियोजन मेले में स्टॉल पर लोगों को कोमल दीदी व्हाट्सअप बोट की भी जानकारी दी जा रही है। जिसमें एक क्लिक पर लोगों को परिवार नियोजन की जानकारी मिल पाएगी। मोबाइल नंबर 9031691691 पर कोई भी व्यक्ति सुविधाजनक तरीके से सभी तरह की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जानकारी प्राप्त करने के लिए जारी किये गए नंबर को अपने मोबाइल में सेव करना होगा। नंबर सेव करने के बाद लोगों को व्हाट्सएप फंक्शन में जाकर अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखकर क्लिक करना होगा। इसके बाद आने वाले विकल्प को क्लिक कर कोई भी व्यक्ति परिवार नियोजन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इस माध्यम से जानकारी प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। यह सुविधा महिलाओं के लिए खास तौर पर लाभकारी है। सहयोगी संस्थाओं के भी स्टॉल– परिवार नियोजन मेले में फाउंडेशन ऑफ रिप्रोडक्टीव हेल्थ सर्विसेज इंडिया की तरफ से भी स्टॉल लगाया गया है। यहाँ भी लोगों को परिवार नियोजन के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ लोगों की काउंसलिंग भी की जा रही है। मौके पर सुपरिटेंडेंट डॉ एसके वर्मा, डीपीएम मणि भूषण झा, डीडीए सुचित कुमार, जिला लेखा प्रबंधक अमित कुमार, केयर डीटीएल सुमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## रोटरी मोतिहारी लेक टाउन का 20 वां वार्षिक सत्र आरंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। रोटरी मोतिहारी लेक टाउन द्वारा अपना 20 वां वार्षिक सत्र आरंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को नगर के रामसन प्लाजा होटल में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार की उप मुख्यमंत्री रेनू देवी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के विधि एवं गन्ना उद्योग मंत्री प्रमोद कुमार उपस्थित रहे। रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के पिछले सत्र के अध्यक्ष एवं सचिव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को कॉलर एक्सचेंज कर पदभार सौंपा। संस्थान के 20वें सत्र में राजीव रंजन ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली है, तथा राजीव कुमार राजू सचिव की भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने रोटरी मोतिहारी लेक टाउन द्वारा दो दशकों से किए जा रहे जनसेवा की सराहना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बुद्ध, गांधी और जॉर्ज ऑरवेल की भूमि पर रोटरी जैसे स्वयंसेवी संस्था का मानव सेवा करना अपने आप में अद्भुत संदेश देता है। रेणु देवी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रोटरी मोतिहारी लेक टाउन को बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर डिटेक्शन एवं उपचार में सहायता हेतु कार्य करने का अनुरोध किया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार ने संस्था को सरकार द्वारा हाइटेक सुपर स्पेशलिटी एंबुलेंस देने की घोषणा कर दी। कार्यक्रम में गिरिडीह से पधारे रोटरी जिला 3250 के साल 2023–24 के नामित अध्यक्ष श्री प्रकाश बगड़िया ने दृष्टिहीन बालक को स्मार्ट स्टिक रोटरी के तरफ से प्रदान किया। पिछले सत्र के सचिव रोहित गुप्ता ने कार्यक्रम में उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ी।कार्यक्रम के दौरान पदभार संभालते ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव ने अपने सत्र में किए जाने वाले तमाम कार्यों की रूपरेखा का वर्णन किया। इसके पश्चात ही निवर्तमान अध्यक्ष राकेश गुप्ता द्वारा रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के 19वें सत्र में बेहतर प्रदर्शन एवं कार्य करने वाले सदस्यों एवं पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। इस सम्मान समारोह में सात जिला पुरस्कार दिया गया। इसके पश्चात सम्मानित अतिथियों एवं रोटरी के पदाधिकारियों द्वारा नए सत्र की स्मारिका का विमोचन किया गया। समारोह में रोटरी की वरीय सदस्य डॉ स्वस्ति सिन्हा द्वारा मुख्य अतिथि रेनू देवी को रोटरी पिन पहना कर उन्हें मानक सदस्य बनाया गया। साथ ही रोटरी गिरिडीह से पधारे श्री प्रकाश बगड़िया ने विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार को भी रोटरी पिन पहनाकर उन्हें मानक सदस्य बनाया। इस अवसर पर रोटरी जिला 3250 के सहायक गवर्नर अरुण कुमार ने रोटरी के नए सत्र की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रोटरी जिला 3250 के पदाधिकारी देवप्रिय मुखर्जी ने संस्था में 5 नए चेहरों को सदस्यता दिलाई। अनिल कुमार वर्मा, डॉ विनोद कुमार सिंह, तरुण कुमार सिंह, नारायण प्रसाद केसरी और अमित राज को रोटरी पिन पहनाया गया। इस मौके पर रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के तमाम सदस्यों के साथ ही नगर के रोटरी क्लब मोतिहारी, लायंस क्लब, चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अन्य कई बुद्धिजीवी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में शिरकत करने चकिया, बेतिया, गोपालगंज और गिरिडीह के रोटरी क्लब से पदाधिकारी आए थे। कार्यक्रम की शुरुआत में आगत अतिथियों का स्वागत रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के निवर्तमान अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने किया। इस सत्र आरंभ समारोह में रोटरी जिला 3250 के पदाधिकारी राकेश सिन्हा द्वारा मंच का सफल संचालन किया गया। पूर्व अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार ने अंत में धन्यवाद भाषण दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ लालबाबू प्रसाद, रोटरी के डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ अतुल कुमार, डॉ अनिल सिन्हा, डॉ देवाशीष मुखर्जी, विश्वजीत जयसवाल, राकेश कुमार रामू, विशाल कुमार, कुमार विजय, अभिषेक शाह, डॉक्टर सुशील सिन्हा, सच्चिदानंद सिंह, विरेश वर्मा, कांत गुप्ता, डॉक्टर प्रिया, प्रियंका, रिंकी तथा रोटरेक्ट मोतिहारी लेक टाउन के गौरव, उज्जवल, अदिति, अर्पण, रौनक एवं इनरव्हील के अनेक सदस्यों की भूमिका रही है। उक्त आशय की जानकारी रोटरी क्लब के नए सचिव राजीव कुमार राजू ने दी।

## श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0,जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन एवं नीलाम पत्र से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, किशनगंज की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन एवं नीलाम पत्र से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में किशनगंज जिलांतर्गत सभी अंचलाधिकारी वर्चुअल मोड में वीसी से जुड़े। सभी अंचलाधिकारियों के साथ बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की गई। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मैंव्व के अनुसार दवाई की आपूर्ति, बिलिचिंग का छिड़काव नियमित रूप से कराने का निदेश देते हुए प्रगति की समीक्षा की गई। सभी अंचलाधिकारियों को लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में भ्रमणशील रहने का निदेश दिया गया ताकि किसी भी शिकायत का स्थानीय स्तर पर निष्पादन हो सके। सभी अंचलाधिकारियों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ लगातार सम्पर्क में रहने का निदेश जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा दिया गया ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में चिकित्सा व दवाई की व्यवस्था आमजनों को उपलब्ध हो सके।



बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सड़कों की मरम्मति से संबंधित समीक्षा की गई। अंचलाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे संबंधित विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता से समन्वय कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मति कराकर परिवहन योग्य बनाने का निदेश दिया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि ठाकुरगंज अंचल का संपूर्ति पोर्टल पर प्रविष्टि के लिए अधिक डाटा लंबित पाया गया। संबंधित को निदेश दिया गया कि वे संपूर्ति पोर्टल पर डाटा की प्रविष्टि कर अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में यू.सी./डी.सी. के लंबित विपत्रों की समीक्षा की गई तथा निदेश दिया गया कि जिन यू.सी./डी.सी. विपत्रों का समायोजन लंबित है, शीघ्र ही समायोजन हेतु महालेखागार पटना को यू.सी./डी.सी. विपत्र भेजना सुनिश्चित करेंगे।

जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा नीलाम पत्र शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी बैंको के प्रतिनिधिगण एवं नीलाम पत्र पदाधिकारी के साथ नीलाम पत्र वादों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बैंको के द्वारा दायर वाद में पंजी – IX एवं X का मिलान करने में बैंक प्रतिनिधि द्वारा अभिरूची नहीं ली जाती है, जिससे वादों की निष्पादन की स्थिति का पता नहीं चल पाता है। बैंक प्रतिनिधियों के पास नीलाम पत्र वाद के अद्यतन स्थिति उपलब्ध नहीं था, जिससे संबंधित नीलाम पत्र की अद्यतन स्थिति की समीक्षा नहीं हो पायी। सभी बैंक प्रतिनिधियों को निदेश दिया गया कि वे आगामी बैठक में नीलाम पत्र वाद से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगे। समीक्षा के क्रम में सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को आवंटित वादों का निष्पादन करने का निदेश जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा दिया गया तथा उन्हें अगली बैठक में प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी जिला आपदा प्रबंधन किशनगंज, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,सभी अंचलाधिकारी किशनगंज जिला, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क दुर्घटना में एक कि मौत चार जख्मी

हिंदी अयोध्या टाइम्स अखबार ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार। सहरसा बिहार से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां तेज रफ्तार से आ रही प20 कार अनियंत्रित होकर पुल के रेलिंग को तोड़ते हुए गढ़े में गिरी। एक युवक राहुल कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और चार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो। सभी जख्मी युवक को बेहतर ईलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। घटना सिमरीब ख्तिरपुर थाना क्षेत्र के हुसैन चौक की बताई जा रही है। सड़क दुर्घटना में मृत हुए युवक की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई, जो की जिले सहरसा का सत्तरकटैया प्रखंड के खादीपुर गांव का बताया जा रहा है। मृतक युवक गाँव से अपने मित्र गुड्डू कुमार के शादी में शरिक होने गया था। मृतक अपने मित्र के साथ उक्त गाड़ी से सहरसा आ रहा था और रास्ते में ही गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चार अन्य लोग बुरी तरह जख्मी हो गया। सभी जख्मी बेहतरीन इलाज के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही पहुँची और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर सहरसा भेज गया।



## बिहार विधानसभा भवन शताब्दी वर्ष समापन समारोह ऐतिहासिक होगा : जदयू नेता नवनीत कुमार झा

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवहर। जदयू नेता नवनीत कुमार झा ने बताया है कि बिहार विधानसभा भवन शताब्दी वर्ष समापन समारोह ऐतिहासिक होगा। पटना में बिहार विधानसभा परिसर में कल 12 जुलाई 2022 को शाम में आयोजित कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शताब्दी और स्मृति स्तंभ का अनावरण, बिहार विधानसभा संग्रहालय तथा अतिथिशाला का शिलान्यास, कल्पतरु पौधे का रोपण एवं बिहार विधानसभा परिसर स्थित उद्यान का शताब्दी स्मृति उद्यान के रूप में नामांकन किया जाना है। जदयू नेता नवनीत कुमार झा ने बताया है कि ऐतिहासिक अवसर को सुखद ,गौरवशाली एवं यादगार बनाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सारी तैयारियां की जा रही है। जदयू नेता श्री झा ने बताया है कि इससे हमारा बिहार का मान भारत के मानचित्र पर उभरेगा, तथा हमारा बिहार विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है।



## हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की सुन्नत अदा करने का दिन है बकरईद : फैजान सरकार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय महाराजगंज के नुरी जामा मस्जिद खानपुरा मे बकरईद की नमाज अमन व आमान के साथ अदा की खानपुरा नुरी जामा मस्जिद के इमाम ने पुरे बिहार मे अमन आमान के लिए दुआए खैर किए महाराजगंज के समाज सेवी युवा नेता फैजान सरकार ने कहा की बकरईद कुर्बानी का त्योहार है इस इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी का दिन है कुर्बानी का मतलब त्याग व बलिदान का जज्बा पैदा करता है और उन्होंने यह भी कहा की बकरईद का त्योहार बहुत ही सादगी के साथ बनाया गया बकरईद सब्र तहम्मुल और भाईचारगी का पैगाम देता हैद्य मौके पर मौजूद मुखिया पति महताब आलम साबिर हुसैन मोहम्मद जमील मोहम्मद फरियाद सद्दाम हुसैन अनीश फरमान हुसैन नासिर हुसैन मोहम्मद शकील मुजाहिद हुसैन सुहेब राजा गुलाम सरवर अशरफ अली सैफ अली उमर अली समद हुसैन मुर्शीद अली वसीम आलम गयासुल आजम खान, सऊद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।



## गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं द्वारा काढ़ागोला घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाती है

साहिल कुमार सिंह( ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)

गंगा समग्र, काढ़ागोला घाट समिति के तत्वावधान में प्रत्येक रविवार प्रातः काल गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं द्वारा काढ़ागोला घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाती है।पिछले 183 सप्ताह से लगातार गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं द्वारा यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।गंगा समग्र के जिला सह संयोजक नवीन चौधरी ने बताया कि गंगा समग्र के कार्यकर्ता गंगा एवं उनकी सहायक नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए कृतसंकल्पित है।निःस्वार्थ भाव से सभी कार्यकर्ता प्रत्येक रविवार गंगा घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलती है।गंगा समग्र काढ़ागोला घाट समिति के संयोजक मनोज साह ने बताया कि की काढ़ागोला घाट पर प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान एवं पूजा करने आते हैं, जिसे बहुत तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।जिसके लिए जिला प्रशासन को आठ सूत्री मांगों को दिया गया है जिसमें घाट का सौंदर्यीकरण, इलेक्ट्रॉनिक सब दाह गृह,सामुदायिक शौचालय, महिलाओं के चेंजिंग रूम इत्यादि बनवाने की मांगों को रखा गया है।लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण अभी तक किसी भी प्रकार का पहल नहीं हुआ है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से घाट प्रमुख मनोज मंडल, आरती प्रमुख जीवछ गुप्ता, विभाष मंडल, रोशन सिंह कुणाल भगत आशीष कुमार मनीष कुमार बंटी कुमार सिंह मंगल कुमार प्रवीण श्रीवास्तव नितेश कुमार सिंह राहुल कुमार सिंह नवाब शर्मा,जगदीश भगत इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## आजमगढ़ महराजगंज में शांतिपूर्ण संपन्न हुई ईद उल अजहा की नमाज

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ महराजगंज नगर पंचायत में स्थित मस्जिदों पर ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई । त्यौहार को लेकर मुस्लिम संप्रदाय के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला और एक दूसरे को त्यौहार की बधाई देते रहे । ईद उल अजहा का पर्व मुस्लिम धर्म का एक प्रमुख त्यौहार है जिसको मुस्लिम संप्रदाय के लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं । जहाँ शनिवार शाम से ही त्यौहार को लेकर नगर पंचायत के पदाधिकारी व कर्मचारी राज्य सरकार की गाइडलाईन के अनुसार तैयारिओं में जुटे रहे तो वहीं स्थानीय कोतवली पुलिस भी क्षेत्र में चाकचौबंद रही द्य रविवार सुबह से ही तमाम मस्जिदों पर नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी और अपने निर्धारित समय से नमाज पढ़ी गयी द्य इस दौरान कोतवाली प्रभारी कमलकांत वर्मा क्षेत्र के भ्रमण करते रहे और सुरक्षा का जायजा लेते रहे द्यजबकी नगर पंचायत के अध्यक्ष रेनू देवी व पूर्व अध्यक्ष सीताराम कांदू और अधिशाषी अधिकारी गुंजन कुमार



वरिष्ठ लिपिक मनोज कुमार सिंह अपने कर्मचारिओं के साथ नमाज स्थल पर मौजूद रहे द्य सुरक्षा एवं शांति के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन भी काफी अलर्ट रहा और थानाध्यक्ष सिपाहियों के साथ निगहबानी में लगे रहे और सकुशल ईद उल अजहा त्यौहार की नमाज को संपन्न कराया गया।

इस मौके पर नसीम इरशाद अहमद शलीम शहजादा पावर जीम सुफियान दानिश आदि लोगों ने एक दुसरो के साथ गले मिलकर एकता का संदेश दिए।

## बनकटा प्रधान सहित 6 के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज, खलिहान की जमीन पर कर रहे थे कब्जा, प्रशासन ने गिराया

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है, इसके बावजूद अवैध कब्जा रुकने का नाम नहीं ले रहा है, ऐसा ही एक मामला सगड़ी तहसील क्षेत्र केबनकटा गांव में देखने को मिला, जहां बकरीद के दिन खलिहान के नाम से दर्ज भूमि पर राम कुंवर पुत्र राम सूरत व संजय, संत विजय, राम विजय पुत्रगण राम कुंवर व कमली पत्नी राम कुंवर द्वारा एक राय होकर टैक्टर लिंटर की मशीन व लगभग 20 मजदूरों के साथ खलिहान की भूमि पर परिवार के सदस्यों कीउपस्थिति में निर्माण कार्य कराना शुरू किया।

अवैध निर्माण की सूचना जैसे ही गांव के अजय यादव को हुई तो उसने अपने मोबाइल से तहसीलदार को हो रहे अवैध कब्जा की सूचना दी, इसके बाद तहसीलदार मौके पर पहुंचे और कार्य को रुकवाते हुए ग्राम प्रधान सुनीता से कहा कि तत्काल लेबरों को बुलाकर अवैध निर्माण को गिराने के लिए कहा, लेकिन प्रधान द्वारा 3 घंटे तक आनाकानी करती रही, इसके बाद तहसील प्रशासन ने जहां स्वयं अवैध निर्माण को लेबरों को बुलवाकर गिराने का कार्य किया वही मौके से मलवा भी हटवने का कार्य किया, वही तहसील प्रशासन ने बनकटा गांव की प्रधान सुनीता यादव पत्नी दिनेश यादव के साथ ही राम कुंवर, संजय, संत विजय, राम विजय, कमली के ऊपर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत एफ आई आर नंबर 0238 धारा 147, 188, 3,5 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है । प्रधान सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत होने के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## यह भारतीय संविधान का अपमान है, राष्ट्रपति शासन लगाओ : (डेमोक्रेटिक रिपई के पैंथर डा. मकानिकर की मांग)



मुंबई दि (संवाददाता) मा. सर्वोच्च न्यायालय में मामला रहने के दौरान अगर सरकार को मंजूरी मिल जाती है और उसे अपना अगला कार्यकाल पूरा करने की अनुमति मिल जाती है, तो यह घटना भारतीय संविधान का अपमान है। इसलिये राष्ट्रपति शासन लागू होना चाहिए। येह बात रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. पैंथर राजन माकणीकर ने कहा।

विद्रोही पत्रकार और पॅन्थर ऑफ सम्यक योद्धा के संस्थास्पक महासचिव डॉ. राजन माकणीकर ने येह भी कहा की, जब तक मामला जायज है, ताकि भारतीय संविधान का अपमान न हो. और जब तक सुनवाई पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता। तब तक राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो. जिससे संविधान का अवमान ना हो जाये।

डॉ. माकणीकर पिछले 10 वर्षों से भारतीय संविधान जागरूकता और साक्षरता अभियान चला रहे हैं, अब तक उन्होंने एक लाख से अधिक संविधान उद्देशिका फ्रेम वितरित किए हैं। शादियों और सामाजिक समारोहों में हजारों संविधान पुस्तिकाएं बांटी गई हैं।देश की सभी राज्य सरकारों ने अपनी पाठशालावो भारतीय संविधान सक्ती से पढाया जाये. इस मांग का निवेदन पत्र एवं संविधसन पुस्तिका लगबघ 385 विधायक व संसदो को दिया है. और कहा है की सभी पाठशालावो मे माध्यमिक शिक्षा के लिये अनिवार्य हो.।

## हमारी बात मानी होती तो नहीं हारते आजमगढ़ उपचुनाव : शिवपाल

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ । अखिलेश यादव से नाराज चल रहे सपा विधायक व प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल यादव ने एक बार फिर सपा को लेकर दर्द बयां किया। उन्होंने अखिलेश यादव को लेकर बड़ी बात कह डाली। शिवपाल यादव ने आजमगढ़ उपचुनाव में मिली सपा को हार का जिम्मेदार भी अखिलेश को ठहराया। उन्होंने कहा हमारी बात मानते को अखिलेश आजमगढ़ उपचुनाव नहीं हारते। शिवपाल यादव ने कहा है कि अखिलेश यादव ने हमारी सलाह ली होती तो आज सपा की स्थिति कुछ और होती। लेकिन राजनीतिक अपरिपक्वता के चलते पार्टी कमजोर होती जा रही है। सब लोग एक एक करके साथ छोड़ रहे हैं।

शिवपाल यादव ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन का ऐलान किया है। शनिवार को उन्होंने मीडिया से इस बाबत कहा कि जिस समाजवादी पार्टी को मैंने नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के साथ मिलकर खड़ा किया, अब वहां मुझे पूछा नहीं जा रहा। उन लोगों (सपा) ने मुझसे बात तक नहीं की, ऐसे में वहां मेरा जाना ठीक नहीं। हमने बहुत पहले कहा था जहां हमें बुलाया जाएगा, जो हमसे वोट मांगेगा हम उसे वोट देंगे। इससे पहले भी राष्ट्रपति के चुनाव हुए थे तो न तो हमें समाजवादी पार्टी ने बुलाया और न ही वोट मांगा।उस समय रामनाथ कोविंद जी ने वोट मांगा तो हमने दिया, कल मुझे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलाया तो मैं वहां



गया द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री ने मुझसे अच्छे तरीके से बात की,हमें समाजवादी पार्टी की तरफ कभी भी किसी मीटिंग में नहीं बुलाया गया, यशवंत सिन्हा आए थे लेकिन नहीं बुलाया गया। जब मैंने समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ा और जीता तो हमसे भी राय लेनी चाहिए। अगर हमारे बताए 100 लोगों को टिकट दिया गया होता। तब स्थिति दूसरी होती। हमारी सुनी होती तो आजमगढ़ चुनाव नहीं हारते।

# विद्यालय के टापर बच्चों को किया गया सम्मानित

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ जनपद के फुलपुर विकास खंड के अंतर्गत जगत इंटर कालेज गद्दोपुर के संस्थापक स्व जगत भूषण विश्वकर्मा की पुण्यतिथि जगत इंटर कालेज







गद्दोपुर विद्यालय के परिसर मे पुरी धुम धाम मनायी गयी।इस अवसर पर विद्यालय के टापर बच्चों को सम्मानित किया गया। स्वर्गीय जगत विश्वकर्मा के पिता थे पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने अपने पिता स्व० जगत भूषण विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।पूर्वमन्त्री ने मृत आत्मा की शान्ति के लिये हवन पूजा भी किया।इस अवसर पर हाईस्कूल इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2022 मे अच्छे अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल मे कु० अंशू पुत्री श्री सुरेश कुमार 79प्रतिशत, कु० मंतशा बानो पुत्री मो० गयास अहमद 79प्रतिशत, कु० अंशिका मौर्या पुत्री श्री राकेश मौर्य 78. 5प्रतिशत, श्री सना बानो पुत्री मो० असलम 78.33प्रतिशत, इण्टरमीडिएट कु०रुची पुत्री श्री पारस यादव 8प्रतिशतः, कु० सलोनी यादव पुत्री श्री पन्ना लाल यादव 81.8प्रतिशत, कु० महिमा यादव पुत्री श्री फिरतू यादव 80. 8प्रतिशत अंक पाकर उत्तीर्ण किया। अच्छे अंक पाने वाले छात्राओं को मोमेंटो प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। पूर्वमन्त्री ने कहा कि आगे आने वाले दिनो मे बच्चे और अच्छे अंक लाये कालेज उन्हें भी बताया हतर सुविधाएं देगा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो मे दीदारगंज के विधायक कमलाकांत राजभर सपा नेता लईक अहमद अमरनाथ विश्वकर्मा पूर्वप्रधान उमाशंकर यादव राजनीकांत यादव राजीव गौतम शिवमोहन यादव उमेश सिंह गुड्डू राजभर रामाधार यादव पूर्व प्रधानाचार्य रामाश्रय विश्वकर्मा प्रधानाचार्य वर्तमान प्रधानाचार्य हरीलाल आर्य चन्द्रभूषण विश्वकर्मा अम्बिका यादव अमरेज यादव राजबहादुर विश्वकर्मा जितेंद्र यादव राहुल यादव नागेंद्र यादव संतोष विश्वकर्मा इफ्तेखार सुड्डू यादव जवाहिर यादव अजीत विश्वकर्मा अवनीश कुमार अमित यादव हृदयनारायण यादव अब्दुल कलाम तज्जमूल गिरजा यादव राजीव गौतम नागेंद्र यादव अंकित जितेंद्र मौर्या राकेश सहित सभी अध्यापक व विद्यालय के कर्मचारीगण ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ओमप्रकाश राजभर-शिवपाल से बढ़ती दूरियों के बीच अखिलेश को मिलने लगे नए हमराह, बेगाने आ रहे सपा के नजदीक

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ लखनऊ । यूपी की सियासत में समाजवादी पार्टी के लिए पिछले कुछ दिनों से संकट की स्थिति दिख रही है। विधानसभा चुनाव और उसके बाद आजमगढ़–रामपुर लोकसभा उपचुनाव में हार के बाद श्अपनोश ने अलग–अलग कारणों से दूरी बनानी शुरू कर दी है।

हालांकि इसी बीच कुछ श्बेगानेश माने जाने वाले नजदीक आ रहे हैं। ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा सपा से हाथ छुड़ाने की तैयारी में दिखती है तो संकट के वक्त कांग्रेस सपा की हमराह बनती दिख रही है।राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पक्ष में सपा और कांग्रेस साथ साथ हैं। इसलिए जब अखिलेश



यादव ने लखनऊ में यशवंत सिन्हा के पक्ष में रात्रि भोज का आयोजन किया तो ओम प्रकाश राजभर व शिवपाल यादव को नहीं बुलाया गया। लेकिन कांग्रेस की नेता व विधायक अराधना मिश्र मोना इस आयोजन में शामिल हुईं।विधान परिषद में जब सपा का नेता प्रतिपक्ष का दर्जा खत्म किया गया तो सपा ने इस पर ऐतराज जताया। इस मुहिम में कांग्रेस ने सपा का साथ दिया और इसे सरकार का मनमाना निर्णय बताया। कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने इसे नियम विरुद्ध बताया।असल में 2017 के चुनाव बाद सपा कांग्रेस की राहें अलग हो गईं लेकिन दोनों के बीच उस तरह की तल्खी नहीं आई जितनी सपा बसपा के रिश्तों में आ चुकी है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और सपा एक दूसरे के नजदीक आते दिखें तो कोई हैरत नहीं।

इसकी वजह है कि इस पर कोई नीतिगत मतभेद जैसी स्थिति नहीं है।सपा कांग्रेस पर सीधे हमला करने से बचती है। विपक्षी एकता तो अब बिखर रही है लेकिन कांग्रेस का सपा के प्रति नर्म रुख नए सियासी समीकरणों को जन्म दे सकता है। राष्ट्रपति चुनाव बाद भाजपा विरोधी दल एक साथ नए गठबंधन में आ सकते हैं।

## सशक्त और राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओ ने राज्य व केन्द्र में सरकार के साथ विश्व की सबसे बडी पार्टी बनाई-ओंकार नाथ केसरी राष्ट्रपति के लिए दलित द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने पर मोदी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार-विभवनाथ भारती

- प्रयागराज के यमुनापार जिले की बैठक मे समीक्षा, योजना के साथ राष्ट्रीय प्रस्ताव पर लगाई मोहर

प्रयागराज। 11 जुलाई 2022 भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यसमिति व प्रदेश बैठक के उपरांत प्रयागराज के यमुनापार जिले की संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय सिविल लाइंस पर सोमवार को सायं जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी यमुनापार ओंकार नाथ केसरी रहें। जिलाध्यक्ष विभवनाथ नाथ भारती ने विषय को रख आगामी संगठनात्मक कार्यो को बताकर आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के लिए द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने पर मोदी सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताकर मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनंदन किया। जिला प्रभारी ओंकार नाथ केसरी ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के साथ विगत संगठनात्मक कार्यो की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यो को बिन्दूबार बताकर मूर्त रूप देने का आग्रह किया। ओंकार नाथ केसरी ने कहा आप सभी सशक्त और राष्ट्रवादी कार्यकर्ता है। आपके परिश्रम से आज राज्य व केन्द्र में की विकासवादी राष्ट्रवादी भाजपा की सरकार है। कार्यकर्ताओ के परिश्रम से भाजपा विश्व की सबसे बडी पार्टी बनी। अब पुनः 2022 मे केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाकर भारत को पुनः विश्वगुरू व महाशक्ति के रूप मे स्थापित करने हेतू परिश्रम करना होगा। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी हैदराबाद में आर्थिक



और गरीब कल्याण के पास प्रस्ताव को यमुनापार जिला की बैठक मे पढकर सर्वसम्मति से समर्थन कर जिला कार्यसमिति मे भी पास किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य ने किया। इस अवसर पर त्रिवेणी प्रसाद पांडेय,राजेश्वरी तिवारी,जय सिंह पटेल,कमलेश त्रिपाठी,प्रकाश शुक्ल,अनूप केसरवानी,दिलीप कुमार चतुर्वेदी,शतीश विश्वकर्मा,अरूण सिंह,सुधाकर पांडेय,सविता मिश्रा,राजमणि पासवान,सुभाष सिंह, रंगवली पटेल,जगत शुक्ला,शिवप्रसाद केसरवानी,प्रदीप कुमार पांडेय,अजय सिंह,नागेश्वर निषाद, पृथ्वीपाल सिंह,नीरज केसरवानी,सुखराज सिंह,राकेश विश्वकर्मा,अमरेश तिवारी आदि जिला पदाधिकारी,मंडल प्रभारी, अध्यक्ष,मोर्चो के जिलाध्यक्ष सहित भारी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राम मंदिर के लिए चौखट पर मुस्लिम कारीगरों ने की नक्काशी, दरवाजों के लिए मंगाए गए लकड़ी के सैंपल

अयोध्या। अयोध्या में भगवान राम लला का भव्य मंदिर बन रहा है. बंसी पहाड़पुर के पिंक स्टोन से रामलला का भव्य मंदिर तैयार हो रहा है. रामलला के मंदिर में गर्भगृह को लेकर 14 दरवाजे होंगे अब इन दरवाजों को लगाए जाने के लिए मकराना मार्बल चौखट और बाजू बनाए जाएंगे. जिनकी नक्काशी मुस्लिम समाज के लोगों ने की है. ये चौखट बाजू रामजन्म कार्यशाला में आकर रख चुके हैं अब मंदिर निर्माण के साथ इन्हीं चौखट बाजू से रामलला के मंदिर का गर्भग्रह द्वार और 13 अन्य द्वार की चौखट बाजू बनाए जाएंगे हालांकि इसके लिए लकड़ी का चयन किया जाना है।

मंदिर की चौखट तराशने का काम शुरू

रामलला के मंदिर आंदोलन के दरमियां 1990 से ही राम जन्म की कार्यशाला बनाई गई थी, जहां पर बंसी पहाड़पुर के पत्थरों को तराश कर के मंदिर निर्माण के लिए रखा गया था. अहिल्या रूपी पत्थरों का वनवास लगभग तीन दशक बाद खत्म हुआ और अब रामलला का बहुप्रतीक्षित मंदिर बनना शुरू हो चुका है. 2024 जनवरी में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे. ऐसे में मंदिर की भव्यता को लेकर लगातार श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्य कर रहा है. समय–समय पर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यदायी संस्था के लोग मंदिर निर्माण को लेकर मंथन करते हैं जिसमें इंजीनियर और वैज्ञानिकों की भी राय ली जाती है.

हजारों वर्ष तक सुरक्षित रहेगा मंदिर

ट्रस्ट की मंशा है कि 500 सालों के संघर्ष के बाद बनाया जा रहा रामलला का मंदिर हजारों वर्ष तक सुरक्षित रहे. इसमें वैज्ञानिक पद्धति का इस्तेमाल किया जा रहा है. प्राकृतिक आपदाओं से भी मंदिर सुरक्षित रहेगा. मंदिर निर्माण में लगाया जाने वाला सामान भी उच्च गुणवत्ता वाला है. रामलला के मंदिर में लगने वाले चौखट बाजू की एक्सक्लूसिव तस्वीरें भी सामने आईं हैं. अभी तक मंदिर निर्माण की प्रक्रिया चल रही है मंदिर का प्रथम तल 2024 तक बनकर तैयार होगा और उसके पहले चौखट बाजू की भी जरूरत पड़ेगी. ऐसे में मकराना के मार्बल से बनी मुस्लिम समाज के द्वारा तराशे गए चौखट बाजू राम जन्म की कार्यशाला में आ कर रखे हैं और इन्हीं मकराना मार्बल से रामलला के मंदिर के चौखट बाजू बनाए जाएंगे।

मुस्लिम समाज के लोगों ने की नक्काशी

विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने कहा कि राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण में 3.50 से 4 लाख घन फुट पत्थर लगने हैं.



उसके अलावा जो दरवाजे बनेंगे जो द्वार होंगे उसमें संगमरमर का पत्थर लगेगा. ये संगमरमर मकराना से लाए जाएंगे और लाए भी गए हैं. यहां पर पूर्व में श्री राम जन्म भूमि न्यास के द्वारा जब नक्काशी कराई जा रही थी तो उस समय ही मकराना से चौखट बाजू को लाकर रखा गया है. यहां पर उसकी नक्काशी की गई है जो 14 द्वार बनेंगे मंदिर निर्माण में उसमें इस चौखट बाजू का उपयोग होगा. शरद शर्मा ने कहा कि ये संगमरमर दूधिया कलर के हैं. इस पत्थर की आयु भी लगभग 2000 साल की है. मकराना में इस पत्थर की नक्काशी जिस फर्म में हुई वो मुस्लिम समाज की थी. उन्होंने इस काम को अपना सौभाग्य समझा. उन्होंने भगवान राम को अपना पूर्वज बताया और कहा कि ये उनके लिए गर्व की बात है कि उनके हाथों से तराशे गए पत्थर मंदिर में लगेंगे.

दरवाजों के लिए मंगाए गए लकड़ी के सैंपल

चौखट बाजू से रामलला के मंदिर का गर्भगृह द्वार और 13 अन्य द्वार की चौखट बाजू बनाए जाएंगे हालांकि इसके लिए लकड़ी का चयन किया जाना है. बहराइच के जंगलों से शीशम और साखु तथा पड़ोसी जनपद गोंडा के मनकापुर के जंगलों से सागौन के सैंपल मंगाए गए हैं. कार्यदाई संस्था और इंजीनियर इस विषय पर रिसर्च कर रहे हैं कि किस लकड़ी से रामलला के मंदिर के दरवाजे बनवाए जाएंगे।

## समाज के बालक बालिकाओं में अंतर नहीं होनी चाहिए - अमृत लाल जी रायबरेली

ओंकार नाथ चौधरी

सामाजिकजागरुकता कार्यक्रम का आनलाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर,लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़,सीतापुर,रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद,हरदोई, लखीमपुर,भदोही,फतेहपुर, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया। श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि पासी समाज की महिलाओं को आगे बढ़ाने का



प्रयास करना चाहिए जिसमें पुरुष का भी बहुत बड़ा योगदान होगा।

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि आज महिलाएं सभी विभाग में है हमारे समाज की महिलाएं पढ़–लिख कर अच्छी रोजगार कर सकतीं हैं। सभी पासी समाज के साथियों ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विचार व्यक्त किया और कहा कि आज महिलाएं आगे बढ़ी तो अपनी संतान को भी अच्छे से रोजगार से जोड़ सकती हैं।इस कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, शिवराम रावत उन्नाव, नवीन भारती नालंदा विहार, अमृत लाल जी रायबरेली, रामकुमार भारती लखनऊ, राजेश कुमार प्रयागराज ,रामहित भारती प्रयागराज, राम कुमार पासी जबलपुर ओमप्रकाश बलरामपुर।

# संक्षिप्त समाचार

## बारिश ना होने की वजह से किसान धूप में धान की रोपाई करने को मजबूर

बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट!! अतरौलिया!!

खबर है क्षेत्र के भीखमपुर से जहां क्षेत्र में बादलों के साथ शुरू हुई बारिश में धान की रोपाई ने गति धीमी कर ली है सोमवार को क्षेत्र में शुरू हुई कड़ाके की धूप के बीच पिछड़ रही धान की रोपाई में धीमी गति पकड़ी बारिश के बीच पिछड़ रहे धान की रोपाई में हल्की गत आ गई है किसानों की माने आषाढ़ का महीना धान की रोपाई के लिए सबसे मुफीद माना जाता है जिसमें एक–दो दिन ही शेष बचे हैं सावन का महीना शुरू होने



वाला है लेकिन बारिश ना होने के चलते सभी बहुत से क्षेत्र में रोपाई होना बाकी है पिछड़ रही धान की रोपाई को लेकर किसान काफी चिंतित है उनका कहना है कि बारिश ना होने से गन्ने में भी पानी देना पड़ रहा है उधर धान के लिए भी पानी की आवश्यकता है इसी बीच बिजली की आपूर्ति पूरी तरीके से अपना पल्ला फेका हुआ है किसान करे तो क्या करें।

## बुढ़ऊबाबा स्थान पर समाजसेवी अमर जीत यादव ने भव्य भंडारे का किया आयोजन

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा, महराजगंज आजमगढ़

महराजगंज ब्लाक के शिव पुर स्थित बुढ़ऊ बाबा स्थान पर क्षेत्र के प्रसिद्ध समाज सेवी अमरजीत यादव ने भव्य भंडारे का आयोजन किया ।बतादें कि देवारा क्षेत्र में स्थित बुढ़ऊ बाबा के स्थान का बहुत महत्त्व है जहाँ दूर दूर से लोग दर्शन करने आते है और अपनी अपनी



मन्नत के अनुसार मनोकामना पूर्ण होने पर चढ़ावा भी चढ़ाते है ।आज के भंडारे में जातीय व दलीय भावना से ऊपर उठ लोगों ने बाबा का दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । इस भंडारे में नव निर्वाचित सांसद के प्रतिनिधि संतोष श्रीवास्तव के संग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीकृष्णपाल सहित हरेंद्र सिंह ओमप्रकाश तिवारी, प्रमुख पति पारसनाथ यादव, गुलाब सिंह आदि गणमान्य लोगों ने भंडारे में शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया और लोगों की सेवा करते नजर आये।

## केन्द्रीय कार्यालय मालरोड में जिला अध्यक्ष उमेश यादव के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह

कानपुर। आम आदमी पार्टी कानपुर नगर के नव मनोनीत पदाधिकारियों, विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष/महासचिव का कानपुर नगर के केन्द्रीय कार्यालय मालरोड में जिला अध्यक्ष उमेश यादव के द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह यादव व बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव अनुराग



श्रीवास्तव भोला व तिरंगा शाखा के प्रदेश प्रमुख आशुतोष सिंह सेंगर कानपुर नगर के प्रभारी अनुज शुक्ला उपस्थित थे जिला अध्यक्ष उमेश यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं एक अच्छी सोच आने वाले भारत को बदलने के लिए भषटाचार व अपराध मुक्त करने के लिए राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए आप उनकी उपलब्धियों को जनता के बीच जाकर दिल्ली माडल के तहत महिलाओं को फी बस सेवा, महिलाओं, बुजुर्ग , दिव्यांग को हर माह पेंशन योजना का लाभ,फी शिक्षा,फी इलाज,फी बिजली,फी पानी हर परिवार को रोजगार देने के लिए काम हो रहा है, इस अवसर पर उन्होंने आगे कहा कि आप के सभी सम्मानित सदस्य साथी मिलकर कानपुर नगर में आम आदमी पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए दिल्ली माडल का प्रचार प्रसार करें। ओर जो पाषर्द प्रत्याशी चुनाव लडना चाहतें हैं वह सभी सम्मानित सदस्य जिला अध्यक्ष उमेश यादव व महासचिव शैलेन्द्र सिंह परिहार से सम्पर्क तत्काल करें। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों अपने अपने क्षेत्र में होडिंग पोस्टर बैनर लगवा कर जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए जनचौपाल शिविर का आयोजन कर जन जन तक मूल भूत सुविधाएं जनता के बीच जाकर दिलाए । आप के महासचिव शैलेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि आप नगर निगमध्नगर पालिका के चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव झाड़ू निशान पर लड़ेंगी जनता से अनुरोध है कि इस बार उस प्रत्याशी को वोट देकर जिताएं और दिल्ली के तर्ज पर अपने चुनाव क्षेत्र को मोहल्लो को चमकाने का कार्य करें और चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों अपने क्षेत्र में होडिंग पोस्टर बैनर की फोटो पार्टी कार्यालय में जरुर भेजें । स्वागत समारोह में आप की सक्रिय महिला सिमरजीत कौर ने नेपाल के रगशाला स्टेडियम में कानपुर नगर से भारत का प्रतिनिधित्व करने पर एथलेटिक्स की 100मीटर की रेस में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से सवश्री सुनील बाबु,राशिद जमाल, मदनलाल भाटिया, शैलेन्द्र सिंह परिहार, रमेश सिहवानी, कष्णा प्रजापति,सुखरानी, रत्ना, प्रणव मित्तल, के पी त्रिपाठी इमितयाज अहमद सुभाष पाण्डेय, रवि प्रताप सिंह कशिश सिंह चावला, मनिंदर सिंह अनिल गुप्ता संजय शाह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे स्वागत समारोह का संचालन मदनलाल भाटिया प्रवक्ता ने किया।


## 'प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु, सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का 25 जुलाई को होगा आयोजन', 'कलाकार करें आवेदन' 'इसके लिए सूचना विभाग से करें सम्पर्क'

कानपुर देहात 11 जुलाई 2022। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत 'सास्कृतिक प्रतिभा खोज' आयोजन किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये है, जिसकी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नेहा जैन ने अवगत कराया है कि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अपनी विविध स्वायत्तशासी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरन्तर किया जाता है, ऐसी प्रदर्शनकारी संस्कृतिक विधाओं यथा– लोक गायन, लोकनृत्य, लोकवादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, रामलीला, रासलीला, भजन एवं कीर्तन ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्धारित की गई तिथि पर जिला स्तर पर दिनांक 25 जुलाई 2022 को प्रातः 10रू00 बजे किया जाना है। इस आयोजन की नियम व शर्ते– उक्त आयोजन जिला स्तर पर आयोजित किये जायेंगे, आयोजन का निर्णायक समिति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति होगी, आयोजन हेतु कलाकारों को प्रदर्शन के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा, निर्णायक मण्डल द्वारा कलाकारों के प्रस्तुति के आधार पर ए0बी0सी0 श्रेणी में पंजीकृत किया जायेगा, जोकि आकाशवाणी एवं दूरर्शन की ग्रेडिंग के समान नहीं होगा, समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकर्ताओं के साथ आयोजन में भाग लेना होगा, प्रतिभागी कलाकार द्वारा आयोजन स्थल पर उपलब्ध समन्वय अधिकारी से आवेदन पत्र प्राप्त कर भरकर जमा करना होगा, सम्बन्धित जिले के जिला सूचना अधिकारीध्उप निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, प्रभारी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र को समन्वय अधिकारी नामित किया गया है। आयोजन सम्बन्धी जानकारियां सम्बन्धित अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को सांस्कृतिक विभाग, उत्तर प्रदेश की ई–डायरेक्ट्री में पंजीकृत किया जायेगा तथा उनको क्यू–आर कोड बेस्ड पहचान पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त कलाकारों को पंजीकरण के आधार पर ही आगामी कार्यक्रमों एवं सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जायेगा, आयोजन सम्बन्धी समस्त जानकारियां संस्कृति विभाग की वेबसाइट upcultrure.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

'''"सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन"'' 'आवेदन का प्रारूप':

दल नायक का फोटो, 1– विधा का नाम, 2–दल दायक का नाम व पता मोबाइल नम्बर, ई–मेल सहित, 3– दल के सभी सदस्यों के नाम, पता, आवेदन संलग्नक पत्र के साथ पृथक से संलग्न करें, 4– संस्कृति विभागध्पर्यटनध सूचना सहित राज्य संलग्नक सरकार, जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित कार्यक्रमों में शामिल होने का प्रमाण पत्र संलग्न करें, 5– प्रतियोगिता में इस अवसर की सहमति कि आयोजन हेतु निर्धारित नियम शर्ते पूरी तरह पढ़ ली गयी हैं तथा इनका पालन किया जायेगा, दल की प्रस्तुति के क्रम से कम तीन फोटो, बैंक खाता नम्बर, आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित, पैन नम्बर, दल नायक के हस्ताक्षर। इसके लिए सूचना विभाग, माती, कानपुर देहात से सम्पर्क कर सकते है।

## चेयरमैन व समाजसेवी मुहम्मद रफीक वारसी उर्फ अल्लू मियां ने आने वाले बकरीद के त्योहार की देशवासियों को मुबारकबाद पेश की



अंजुमन गुंचये इस्लाम कमेटी के चेयरमैन व समाजसेवी मुहम्मद रफीक वारसी उर्फ अल्लू मियां ने आने वाले बकरीद के त्योहार की देशवासियों को मुबारकबाद पेश की। और कुरबानी के इस पवित्र त्योहार में प्रशासन को सहयोग देते हुए शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कुरबानी के दौरान हम साफ सफाई का खास तौर पर ध्यान रखें और तबर्रुक को ढंक कर घरों तक पहुंचाएं ताकि किसी की भावनाएं आहत न हो। इस दौरान उन्होंने 14 जुलाई से शुरू हो रहे कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक की देशवासियों को बधाई दी। अल्लू मियां ने आह्वान किया कि गंगा जमुनी तहजीब के इस मुल्क में हम सब मिलकर कांवड़ यात्रा को बगैर किसी बाधा के कामयाब बनाएं। वहीं उन्होंने अमेठी के जगदीशपुर में लगातार हो रही बिजली की कटौती कि ओर प्रशासन का ध्यान दिलाया और आम जन की आवाज बिजली विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाई।

## राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय के कुलपति की इलाज के दौरान मौत

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी/फुरसतगंज।



फुरसतगंज स्थिति राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय मे वर्तमान मे तैनात कुलपति मेलोथ हरीकृष्णन की इलाज के दौरान पीजीआई लखनऊ मे मौत हो गई। संस्थान के प्रमुख शिक्षा विद् डॉक्टर जी के चौकियाल ने बताया की उनकी तैनाती 14जून 2022को हुई थी। उनकी तबियत



27 जून को खराब हुई थी संस्थान के लोगों ने रायबरेली जिला अस्पताल मे एडमिट कराया था लेकिन हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया था जहां उनका इलाज सुचारु रूप से चल रहा था,वही आज बीती रात को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी उम्र 46 वर्ष की थी।प्रमुख शिक्षाविद ने आगे बताया की इलाज के दौरान उनका परिवार पीजीआई मे उनके साथ था और वह बेंगलोर के रहने वाले थे उनके तीन बच्चे थे।वही आगे जानकरी देते हुए कहा की उनका पार्थिव शरीर लखनऊ से विमान से उनके निवास स्थान बेंगलोर भेजा जायेगा।जहां उनका अंतिम संस्कार होगा।वही मौत की खबर जैसे ही विश्वविद्यालय संस्थान मे पहुँची वैसे ही विश्वविद्यालय संस्थान मे शोक की लहर दौड गई।वही ससंस्थान के,शिक्षको तथा कर्मचारियों एंव छात्र छात्रों के द्वारा शोक सभा का आयोजन विश्वविद्यालय मे हुआ जिसमे सभी ने मौन होकर म्रत आत्मा की शांती के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।इस शोक सभा मे संजीव बहल ,जी के चौकियाल ,शीतला प्रसाद ,सम्भो जी राजीव जोसी ,अजय शर्मा, सुनिस, मनीष ,संदीप सिंह तथा संस्थान के सभी लोग उपस्थित रहे।

## शाजापुर वार्ड क्रमांक 10 से निर्दलीय जिला पंचायत सदस्य की जीत

जिला ब्यूरो चीफ सतीश सिंह मेवाडा दैनिक अयोध्या टाइम्स शाजापुर सुजालपुर से मेहरबान सिंह वाघेला की रिपोर्ट



शाजापुर जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 से भाजपा कांग्रेस को पराजित कर निर्दलीय उम्मीदवार मनोहर वाघेला ने 2023 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की युवाओं की एकता ने एक बार फिर साबित करके दिखा दिया है कि पंचायत चुनाव में जगह–जगह युवाओं ने बाजी मारी है वही शाजापुर जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 में भी युवा उम्मीदवार जो कि एक कद्दावर नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके थे भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता थे लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था तो निर्दलीय चुनाव मैदान में कूद गए और शाजापुर जिले के वार्ड क्रमांक 10 से ऐतिहासिक और जबरदस्त जीत दर्ज कर एक रिकॉर्ड बनाया है हालांकि इस से पहले श्री मनोहर बाघेला ग्राम पंचायत रसलपूर के सरपंच थे और अपनी पंचायत को हरिजन आरक्षण के तहत एक हरिजन महिला को निर्विरोध सरपंच भी चुना गया है उसमें भी श्री मनोहर बाघेला का काफी योगदान था तभी से गांव भर के क्षेत्र भर के लोग उनके साथ बड़ी संख्या में जुड़ चुके थे गांव–गांव व पोलिंग केंद्रों से अच्छा खासा मतदाताओं का जन सहयोग मिला और भाजपा कांग्रेस को पराजित कर निर्दलीय उम्मीदवार मनोहर वाघेला ने 20 23 मतों से जीत दर्ज की।

## बेटे ने पिता से ही कर दी धोखाधड़ी, खाते से निकाली 69 लाख की रकम, बेच दिया खेत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।मथुरा में बेटे ने पिता से जालसाजी करके 69 लाख रुपये खाते से निकाल लिए और साढे 8 बीघा खेत अपने नाम कराकर उसे बेच भी दिया। इसकी भनक पिता को लगी तो वह दंग रह गया। बेटे की करतूत के खिलाफ बेटे ने एसएसपी अभिषेक यादव से गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर थाना सदर बाजार में बेटे समेत 10 के खिलाफ फर्जीवाड़े का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सदर बाजार पुलिस पूरे मामले की जांच करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कर रही है। थाना जमुनापार के रामनगर निवासी किशन लाल उर्फ कृष्णा के दो बेटे हैं।

बड़ा बेटा विनोद शर्मा है, छोटा बेटा हीतेश कुमार है। पिता के नाम से फर्म बनाकर बड़ा बेटा ठेकेदारी कर रहा है। 19 मई को छोटा बेटा अपने पिता को कचहरी ठेकेदारी का लाइसेंस रिन्यू कराने के बहाने ले गया, यहां पर ठेकेदारी के कागजातों के एवज में साढ़े 8 बीघा खेत की पावर ऑफ अटॉर्नी अपने नाम करा ली। वहीं बैंक के कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद जालसाज बेटे ने पिता के होलीगेट स्थित एचडीएफसी बैंक के खाते से 69 लाख रुपये भी निकाल लिए। साथ ही अपनी पत्नी अंजलि शर्मा और दानबिहारी के नाम खेत का बैनामा कर दिया। विनोद शर्मा के मोबाइल पर खाते से निकाले गए रुपये का मैसेज आने के बाद यह जानकारी हुई, तो परिजन दंग रह गए। पिता ने एसएसपी से शिकायत कर अपने बेटे की करतूस बताई। एसएसपी के आदेश पर हीतेश, अंजलि शर्मा, दानबिहारी, दशरथ सिंह, योगेंद्र गोस्वामी, विक्रांत गोस्वामी, राजकुमार, बलवीर सिंह, राजेश और रवि कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही जांच के बाद जालसाजों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# चयनों अमन से मना इदुल अजहा का पर्व

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी 11 जुलाई ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चप्पे चप्पे पर रही खाकी की वर्दी की तैनाती,नमाज अदा होने तक अपर जिलाधिकारी , अपर पुलिस



अधीक्षक, एस०डी०एम मुसाफिरखाना कैम्पिंग करते हुए सुरक्षा ब्यवस्था चौक चौबन्द होने का जायजा लेते रहे ।

वहीं पर नमाज के बाद जहां मुस्लिम भाइयों ने मुल्क में अमन चौन की दुआएं की वही एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बकरीद की नमाज अदा करने के लिए सुबह से ही बच्चे बूढ़े और जवान सभी तैयार होकर नये नये कपड़े पहन कर मस्जिदों व ईदगाहों में अपनी अपनी जगह नमाज अदायदी को पाने के लिये निकल पड़े ।नगर की आधा दर्जन से ज्यादा मस्जिदों में ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई ,ईदगाह में नमाजियों अदा करने के लिए भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। जहां



हजरत मौलाना इसरार हाफिज इमाम ने नमाज अदा कराकर मुल्क में अमनो अमान तरक्की की दुआएँ माँगी।

ईदगाह परिसर के में सुरक्षा ब्यवस्था की कमान सँभाले उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव व क्षेत्रधिकारी अर्पित कपूर ने नमाजियों को ईदुलजुहा की शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर हाजी मो० नईम,मो० रफीक वारसी उर्फ अल्लू मियाँ,पूर्व प्रधान मो० नसीम, तबरेज अहमद ,शाबर भाई,मो० इस्माइल,मो० सफीक, सुहैल प्रधान,प्रधान निजाम हैदर, मासूम,तसलीम,डा० गुड्डू,मो० रफीक जुक्कन, इशरत हुसैन ,इरफान बाबा, शकील, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।,प्रभारी निरीक्षक अरूण द्विवेदी अपने दल बल के साथ सुबह से ही पूरे नगर का भ्रमण करते रहे । कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली।पूरे क्षेत्र में अमनों चौन के साथ त्यौहार को मनाने में सभी मशगूल रहे।

# साहित्य के स्वरों से सजा हरिद्वार, ललित फाउडेशन ने किया राष्ट्रीय अधिवेशन

हरिद्वार। बीती 08 और 09 जुलाई हिंदी साहित्य के सपूतों और संरक्षकों के लिए बेहद खास रही क्योंकि इस दिन ललित फाउंडेशन ने देवभूमि हरिद्वार में अपने प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में करीब 100 कवियों की प्रत्यक्ष सहभागिता रही जहाँ धर्म, साहित्य और राजनीती जैसे अहम एवं रोचक विषयों विभिन्न सत्रो के अनुसार चर्चा हुई। इसके अलावा कार्यक्रम की भव्यता एवं दिव्यता तब और बढ़ गई जब कार्यक्रम में शामिल समस्त कवियों ने एक साथ हरिद्वार के वी. आई. पी. घाट पर गंगा स्नान कर हर की पौड़ी पर गंगा सभा के सानिध्य में मुख्य यजमानों में शामिल होकर आरती की।




जानकारी के लिए बता दें कि यह आयोजन अखंड परम धाम आश्रम में हुआ जहाँ कवियों के साथ – साथ संतो की भी सहभागिता रही इस कार्यक्रम में पूज्य महामंडलेश्वर परमानंद गिरी जी महराज,ज्योतिर्मयानंद गिरी जी महराज, उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान कार्यकारी अध्यक्ष राजनारायण शुक्ल, हरिद्वार गंगा सभा के अध्यक्ष प्रदीप झा,उत्तर प्रदेश नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अमित जानी,श्री परशुराम अखाड़ा से अधीर कौशिक, दक्षिण भारत से युगा मूर्ति जी, वरिष्ठ पत्रकार अमित चौहान, हरिमोहन शर्मा, जैसे जाने – नाम शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में धर्म, साहित्य और राजनीति विषय पर आमंत्रित वक्ताओं ने उद्बोधन दिया जिसके पश्चात कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में गंगा स्नान एवं आरती की गई।

इस अधिवेशन के तृतीय सत्र में एक विराट कवि सम्मलेन का भी आयोजन हुआ जिसमे करीब 60 कवियों ने काव्य पाठ किया यह कवि सम्मेलन 4 चरणों में संपन्न हुआ। करीब 5 घंटे के इस कवि सम्मलेन में आस – पास के के क्षेत्रों से आम श्रोता भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के चौथे सत्र में साहित्य की गरिमा एवं गंभीरता का ध्यान रखते हुए एक छंद कार्यशाला एवं नवोदितों के लिए मार्गदर्शन मंच बनाया गया जिसमें हिंदी साहित्य की वाचिक परम्परा के चर्चित नामों ने प्रभावशाली सृजन एवं प्रस्तुतीकरण करना सिखाया। कार्यक्रम के चौथे सत्र में डॉ. श्वेता त्यागी द्वारा कवि सम्मेलन के भाग दौड़ भरे जीवन में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए एक विशेष चरण चलाया गया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में ललित फाउंडेशन के संस्थापक और अंतराष्ट्रीय कवि अमित शर्मा ने उपस्थित समस्त साहित्यकारों को आभार प्रकट किया और सितंबर संस्था आगामी कार्यक्रमों को और भव्यता से करने का एलान किया।

## एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए कहा 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं निर्भीकता से दें- उप निरीक्षक डा. अशोक

अम्बाला। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और प्रयास संगठन के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशा–निर्देशों और मार्गदर्शन में गांव स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज एक दिवसीय 32वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बराड़ा में किया. हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे और उनके सहयोग के लिए पुलिस से सेवानिवृत उप निरीक्षक एवं प्रयास के सदस्य कर्म चंद ने सहयोग किया।



हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी एवं उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव साहब का सन्देश प्रत्येक व्यक्ति के लिए है और उनके दिशानिर्देशों से प्रत्येक गाँव तक यह सन्देश न केवल पहुँचाया जा रहा है ।

अपितु लोगों को प्रयास से जोड़कर नशा मुक्त हरियाणा के निर्माण में दिन रात अनथक प्रयास किए जा रहे हैं. इतना ही नहीं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव साहब पर्यावरण को लेकर भी बहुत अधिक कार्य करते हैं और यही कारण है कि प्रत्येक जागरूकता कार्यक्रम में पौधारोपण पर भी जोर दिया जाता है. ब्यूरो के उप निरीक्षक एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों से वचन लिया कि वे जीवन में नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करेंगे. यदि कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है अथवा कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो ब्यूरो के टोलफ्री नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देंगे. इस अवसर पर अशोक कुमार, शिव कुमार, धर्मपाल, निर्मल सिंह, सुरेश पाल, राकेश कुमार और उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सुरेन्द्र बनकर इमरान ने रचाई शादी फिर डाला धर्मातरण का दबाव

बरेली। यूपी के बरेली में एक बार फिर लव जिहाद का मामला सामने आया है. जहां इमरान नाम के युवक ने खुद को सुरेंद्र बताकर एक युवती को लव जिहाद का शिकार बनाया और फिर उसके साथ मंदिर (ज्मउचसम) में शादी की. शादी के बाद इमरान उर्फ सुरेंद्र ने युवती का धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम भी सानिया खान रख दिया गया. जिसके बाद उस पर मीट खाने और नमाज अदा करने का दवाब बनाया गया, लेकिन जब युवती ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो उसे भूखा प्यासा रखा गया और मारपीट भी की गई।

बरेली में आया लव जिहाद का मामलाः

ये मामला बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र का है. जहां रहने वाली युवती का आरोप है कि ट्रिपल सी कोर्स करने के दौरान उसकी मुलाकात एक युवक से हुई थी. उसने अपना नाम सुरेंद्र बताया और फिर उसके साथ दोस्ती की. युवक ने पहले उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया. उसे भरोसा दिलाने के लिए वो मंदिर भी जाता था और व्रत रखने का नाटक भी करता था. इसके बाद इमरान ने हिंदू युवती के साथ आर्य समाज मंदिर में शादी की और फिर वो उसे अपने घर ले गया जहां उसके साथ धर्मपरिवर्तन कर निकाह करवाया गया।

पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्जः पीड़िता का आरोप है कि उसका नाम बदलकर सानिया खान रख दिया गया. यही नहीं उसके पति इमरान और ससुराल वालों ने उस पर मीट खाने और नमाज अदा करने का भी दबाव बनाया. युवती ने जब ये करने से इनकार कर दिया तो फिर वो उसे भूखा–प्यासा रखने लगे और तरह–तरह की यातनाएं देने लगे. उसे बेरहमी से मारा पीटा जाता था. पिछले एक साल से इमरान उसे छोड़कर कही चला गया. युवती का कहना है कि इमरान ने उससे 5 लाख रुपये लेकर घर बनवाया था और घर का सामान भी लिया था. पीड़िता ने अब पुलिस थाने में आरोपी पति और ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

इस मामले में युवती ने इज्जतनगर थाने में जो तहरीर दी है उसके आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. थाने में इमरान उर्फ सुरेंद्र सिंह, इमरान की मां रिफत बी, इमरान के भाई मिसयार खान, खुर्शीद खान, इरशाद खान, आफताब और मोइन खान के खिलाफ आईपीसी की धारा 420,498 ए, 376(2), 323,504,120बी, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिशोध, 3, और 5(1), 3(1) और एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।


# संक्षिप्त समाचार

## सुभाष चिल्ड्रेन होम व विशेष दत्तक ग्रहण इकाई के बच्चों को स्थानातरित करने में थानाध्यक्ष नौबस्ता द्वारा पुलिस बल उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में शुरू हुई जांच

कानपुर 11 जुलाई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाल सेवाएं देने वाली संस्था सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी द्वारा चोरी करने वाले गैंग को बच्चा सुपुर्द न करने व जिला प्रोबेशन अधिकारी कानपुर देहात को अपेक्षित घूस न देने के कारणसुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी द्वारा संचालित बाल गृह (शिशु) एवं विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण का पंजीकरण व मान्यता निरस्त करने के दिए निर्देश निदेशक महिला कल्याण लखनऊ उ0प्र0 के पत्रांक सं0 54/ निदे0म0क0 / प्रोबे0/ स्वै0सं0 / द0ग्र0/2022–23 दिनांक 05 मई 2022 के माध्यम से दिए गए थे जिस क्रम में बच्चों को सुभाष चिल्ड्रेन होम (शिशु) व विशेष दत्तक ग्रहण इकाई 19 राजीव विहार नौबस्ता कानपुर नगर के 42 बच्चों को राजकीय बाल गृह (शिशु) प्राग नारायण रोड लखनऊ व लीलावती मुंशी निराश्रित बाल गृह (शिशु) मोती नगर लखनऊ में स्थानतरित कर दिया गया था जिसमें थानाध्यक्ष नौबस्ता द्वारा कानून को ताक पर रखकर व न्यायालय में बच्चों के मामले विचाराधीन होने को भी नजरअंदाज कर थानाध्यक्ष नौबस्ता द्वारा पुलिस बल उपलब्ध करा दिया गया।

संस्थाध्यक्ष कमलकान्त तिवारी ने बताया कि सुभाष चिल्ड्रेन होम व विशेष दत्तक ग्रहण इकाई के बच्चों को स्थानातरित करने के मामले में कानून को ताक पर रखकर व न्यायालय की अवमानना कर थानाध्यक्ष नौबस्ता द्वारा पुलिस बल उपलब्ध कराया गया था जो कि उचित नही था जिसमें संस्था द्वारा उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की गई थी जिसमें जांच शुरू हो गई है।

## ’नवागत बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ने संभाला विकास खंड कूरेभार का कार्यभार’



’कूरेभार सुलतानपुर’। ’जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन के क्रम में जिला विकास अधिकारी ने जनपद के दर्जनभर बीडीओ के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव।इसी कड़ी में लंभुआ ब्लॉक में तैनात रहे बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्रा को कूरेभार ब्लॉक का नया खंड विकास अधिकारी बनाया गया है।निर्देश के क्रम में सोमवार दोपहर बाद नवागत बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ने संभाला कूरेभार ब्लॉक का चार्ज।इस दौरान निवर्तमान बीडीओ दिब्या सिंह,एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा,हैदर अब्बाब,बीईओ पीआरडी प्रियंका मौर्य मौजूद रहे’।

## रिटायर्ड श्री देवीसिंह फौजी द्वारा की थी मान पूर्ण होने पर मंदिर में 5 किलो पीतल की घंटाल अर्पण की

दैनिक अयोध्या टाइम्स शाजापुर जिला ब्यूरो चीफ सतीश सिंह मेवाडा अकोदिया समीपस्थ ग्राम मदाना मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जो कि दूसरे चरण में संपन्न हुआ था इससे पहले कि नामांकन फार्म के दौरान



ही ग्राम मदाना गांव के सामाजिक कार्यकर्ता श्री देवी सिंह फौजी ने जम्मू कश्मीर से रिटर्न मदाना पहुंचे युवा तरुणाई गोविंद मालवीय का सरपंच के लिए नामांकन फार्म जमा होने के बाद उन्हें सरपंच बनने के लिए ग्राम मदाना गांव के चमत्कारी इलाई माता मंदिर में 5 किलो पीतल की घंटाल चढ़ाने की मान की थी जो कि दूसरे चरण के चुनाव में मान पूर्ण हुई और रविवार की शाम को श्री देवी सिंह फौजी ने 5 किलो पीतल की घंटाल इलाई माता के मंदिर में अर्पण कि यहां घंटाल मंदिर के पुजारी को भेंट की इस दौरान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश पंडा जी,महेंद्र रघुवंशी,बद्रीलाल जी बामनिया,भवानी सिंह राजपूत,महेंद्र सिंह राजपूत,अर्जुन सिंह राजपूत,धर्मेंद्र सिंह राजपूत, जीवन सिंह सिसोदिया,कृपाल सिंह बादशाह,सतीश मेवाड़ा, संदीप उस्ताद,राहुल कुम्भकार,रवि कुम्भकार सहित अनेक युवा गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे उक्त जानकारी भवानी सिंह राजपूत ने दी!

## एडीजीपी श्रीकांत जाधव साहब की प्रयास और एनसीबी द्वारा 36वां एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

### नशे के विरुद्ध छात्र छात्राओं को जागरूक कर शपथ दिलवाई, प्रयास के नाम पौधा रोपित किया- 17000 से अधिक पौधे रोपित कर चुके

यमुनानगर. हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव



साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में ब्यूरो के उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रभारी जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सढौरा में सभी छात्र–छात्राओं तथा स्टाफ मैम्बरस को आज के समय में बढते नशे की रोकथाम को लेकर जागरूक किया। उन्होने देश में बढ रहे नशे की तस्करी की ओर ध्यान ले जाते हुए छात्र–छात्राओं से आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति नशे की तस्करी करता हैं तो उसकी सूचना हैल्प लाइन न0रू 90508–91508 पर देना सुनिश्चित करे, ताकि शहरध्राज्य को नशा मुक्त बनाया जाए। साथ ही सरकार तथा नारकोटिक्स कंट्रौल ब्यूरो द्वारा नशे की रोकथाम हेतू किये जा रहे प्रयासों बारे छात्र–छात्राओं को अवगत करवाया। संस्थान में आयोजित इस कार्याक्रम को सफल बनाने हेतू सभी स्टाफ मैम्बरस तथा प्रशिक्षणार्थियो ने बढ–चढकर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वरिष्ठ वर्ग अनुदेशक श्री पवन कुमार द्वारा प्रोग्राम कोआडिनेटर के तौर पर अपनी भूमिका निभाई तथा नशे के नुकसानो को बताते हुए कार्यक्रम का पूर्ण संचालन किया। उन्होने बताया कि इस संस्थान में समय–समय पर ट्रैनिंग के साथ–2 विभिन्न आयोजनो पर छात्र–छात्राओं का विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया जाता हैं ताकि एक अच्छे समाज का सृजन किया जा सके। ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा गायन के माध्यम से भी अपने विचारो को श्रोताओं के सामने रखा और सभी छात्र–छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों को नशा न करने की शपथ दिलाई। प्रयास संस्था कुरूक्षेत्र के पदाधिकारी श्री कर्मचन्द और उपनिरीक्षक श्री राजेन्द्र कुमार ने भी इस कार्यक्रम के दौरान सहयोग किया। संस्थान में डॉ. अशोक कुमार वर्मा और उनके सहयोगियों द्वारा प्रयास के नाम एक पौधा रोपण किया गया और बताया कि उनके द्वारा अब तक लगभग 17000 पौधे रोपित किये जा चुके हैं। इस दौरान कार्यक्रम में संस्थान के वर्ग अनुदेशक श्री रविन्द्र कुमार, श्री कर्ण सिंह मान,श्री सतीश कुमार, श्री अरविन्द कुमार तथा अनुदेशक श्री जय भगवान, श्री प्रदीप कुमार, श्री रतन सिंह, श्री कुलविन्द्र सिंह, श्री विकास कुमार, श्री राजिन्द्र कुमार, श्री मनीष कुमार, श्री प्रदीप पान्नु ,श्रीमति मधु सैनी, श्रीमति शैली शर्मा, श्रीमति रानी देवी व अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। यमुनानगर जिले में यह ब्यूरो एवं प्रयास संस्था द्वारा 36वां एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम था।

## ईद अल अजहा का यह त्योहार मुसलमानों के लिए यह सिखाने का एक सुनहरा अवसर हैं कि हर किसी की ईश्वर प्रदत्त मानवीय गरिमा का सम्मान किया जाना चाहिए



दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि ईद उल अजहा आमतौर पर बकरीद के रूप में जाना जाता है। यह मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह हज यात्रा के अंत का प्रतीक है जो पवित्र शहर मक्का में दुनियाभर के लाखों मुसलमानों द्वारा किया जाता है। नफरत फैलाने वालों के अथक प्रयासों से देश में हर गुजरते दिन के साथ सांप्रदायिक तनाव बढ़ता ही जा रहा है।
ईद अल अजहा का यह त्यौहार मुसलमानों के लिए यह सिखाने का एक सुनहरा अवसर हैं कि हर किसी की ईश्वर प्रदत्त मानवीय गरिमा का सम्मान किया जाना चाहिए। चाहे उसकी आस्था, जाति, जातीय मूल, लिंग या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। इस्लाम मुसलमानों को एक दूसरे के साथ पूरे सम्मान और प्रेम के साथ व्यवहार करना सिखाता हैं और इसमें अन्य धर्मों के अनुयायियों की धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करना भी शामिल हैं। ईद उत्सव का त्यौहार है और कोई भी उत्सव तब तक सुखद नहीं होता जब तक शांति न हो। यह बताया गया हैं कि अल्लाह के रसूल चंद्रमा के शांतिपूर्ण होने के लिए प्रार्थना करते थे। भारत विविधता का देश हैं और इस विविधता को देशभर में मनाए जाने वाले कई त्यौहारों के दौरान सबसे अच्छा महसूस किया जाता हैं। दोनों ईद, ईद–उल–फितर और ईद–उल–अजहा, भारत में मुस्लिम समुदाय द्वारा बहुत उत्साह के साथ मनाई जाती हैं। हालांकि कुछ कट्टरपंथी अक्सर इस त्यौहार का इस्तेमाल उन जानवरों की बलि देकर नफरत फैलाने के लिए करते हैं जिन्हें दूसरे धर्म में पवित्र माना जाता हैं। भारतीय मुसलमानों का यह कर्तव्य हैं कि वह इस्लाम का असली चेहरा पेश करें और नफरत फैलाने वालों को देश के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने से रोकें। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यदि इरादा समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का हैं तो भगवान निश्चित रूप से बलिदान को स्वीकार नहीं करेंगे।
ईद–उल–अजहा मुसलमानों के लिए यह दिखाने का एक अवसर होता हैं कि वह एक ऐसे समाज के सदस्य हैं जो शांति और सद्भाव में विश्वास करता हैं।

## जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर तहसील शाहबाद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर तहसील शाहबाद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में "उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना" विषय पर जानकारी दी गई। 13 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी बताया गया।
शिविर में बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का उद्देश्य कोरोना वायरस संक्रमण के कारण अनाथ हुए बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करना हैं। इस योजना के माध्यम से उन सभी बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान कि जाएगी जिनके माता–पिता की मृत्यु कोरोना संक्रमण के कारण हुई हैं जिससे वह अपना भरण–पोषण एवं पढ़ाई कर सकें। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की वजह से बच्चों को दूसरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नही पड़ेगी। शिविर में उपस्थित आमजन को 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई। आम–जनमानस से अपील की गई की लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को लगवाकर उनका निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर करवाये। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बैंक मामले, धारा–138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि–लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ–साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली मामलों, विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, अन्तिम रिपोर्ट धारा 446 द0प्र0सं0 संबंधी मामले, पब्लिक प्रिविसेज एक्ट संबंधी मामले, उत्तराधिकार संबंधी मामले, आयुध अधिनियम के प्रकरण, बीमा संबंधी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा, वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से संबंधित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा।

## आजम खान ईद उल अजहा के दिन अपने दोनों पुत्रों के साथ मोहल्ले की मस्जिद में नमाज अदा की



दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। सपा के कद्दावर नेता शहर विधायक आजम खान ईद उल अजहा के दिन अपने दोनों पुत्रों के साथ मोहल्ले की मस्जिद में नमाज अदा की।इसके साथ ही दोपहर बाद में सपा कार्यालय दारुल आवाम पर ईद मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए और बड़ी संख्या में मौजूद जिलेभर के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से ईद मिलने के साथ संबोधित भी किया।
इसके बाद आजम खान मीडिया प्रभारी फसाहत अली खान शानू से मिलने अचानक संभल पहुंचकर शानू को ईद का तोहफा दिया। ज्ञात रहे आजम खान के मीडिया प्रभारी फसाहत शानू पर 2019 के बाद कई दर्जन मुकदमे दर्ज हुए थे जिसको लेकर कई महीने जेल में भी रहे और दूसरी बार एडीएम प्रशासन द्वारा जिला बदर किए जा गए हैं जबकि जेल में बंद रहने के दौरान ही शानू खान के पिता का भी देहांत हो चुका है। वहीं रविवार को ईद उल अजहा के दिन आजम खान दोपहर बाद अचानक 12 मई से जिला बदर के बाद से जिला संभल के गांव चिमनावाली निवासी अकरम हुसैन के आवास पर रह रहे फसाहत शानू से मिलकर ईद का तोहफा दिया और काफी लंबे समय तक आजम खान ने मीडिया प्रभारी फसाहत शानू से मौजूदा हालात पर चर्चा की और हिम्मत बंधाई। साथ ही अकरम हुसैन और उनके परिवार से भी मुलाकात की। इसके बाद आजम खान फसाहत शानू के साथ संभल में ही दूसरे दोस्त महमूद बारसी निवासी आदमपुर रोड पानी की टंकी के यहां पहुंचे और पुरसे में शामिल हुए। कुछ दिन पहले ही महमूद वारसी की बहन का देहांत हो गया था। इसके बाद सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खान से मिलने उनके आवास सरायतरीन पहुंचे और मुलाकात की।

## उप्र कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अरशद अली खां आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। उप्र कांग्रेसके प्रदेश महासचिव अरशद अली खां आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।
इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव अरशद अली खां ने कहा कि हर साल मुस्लिम समाज के लोग अपने मजहबी फरीजे की अदायगी के लिए कुर्बानी करते हैं जो हमारे नबी हजरत इब्राहीम अले. की सुन्नत हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहार आपस में प्रेम भाईचारा और अमन शांति के लिए मनाये जाते हैं। हमेशा रामपुर की तहजीब रही हैं कि यहां सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे के त्यौहारों में शरीक होते हैं और उन्हें अपनी खुशियों में शामिल करते हैं। इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता अरसलान खां ने कहा कि रामपुर की गंगा जमुनी तहजीब पूरी दुनिया में इसी बात के लिए मशहूर हैं कि रामपुर में किसी भी मजहब का कोई भी त्यौहार हो उसे सभी मजहब के लोग बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं लेकिन कुछ लोग रामपुर की गंगा जमुनी तहजीब को खत्म करने पर आमादा हैं। उनके मंसूबे रामपुर की अवाम पूरे नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि नफरत का जहर घोलने के बाद भी आज सभी मजहबों के लोग ईद का त्यौहार मिलजुल कर मना रहे हैं जो इस बात का सबूत हैं कि रामपुर की अवाम अमन पसंद और शरारती लोगों के बहकावे में नहीं आने वाली।



इस मौके पर निक्कू पंडित, गंगा राम सैनी, उमेश दुबे, मो. शुऐब खां, मोअज्जम अली खां, मौहम्मद आजम, हारून खां, आमिर कुरैशी, रूहान खां, अरसलान खां आदि मौजूद थे।

# जलालाबाद व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई





जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
जलालाबाद में रेलवे मार्ग स्थित ईदगाह पर सुबह 8.30 बजे ईद उल फितर की नमाज मुफ्ती कासिम साहब ने अदा कराई।ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज अदा कराने के बाद मुफ्ती कासिम ने संदेश दिया कि मुस्लिम खुले में कुर्बानी ना करें, कुर्बानी के अवशेष आबादी से बाहर गड्ढों में दबाए जाएं। ईद उल अजहा कुर्बानी का त्यौहार है। हमें कुरान शरीफ के मार्ग पर चलकर प्रत्येक कुर्बानी अपने जीवन में करनी चाहिए।नगर पंचायत की ओर से ईदगाह, मस्जिदों के आसपास साफ सफाई, कली चूना डालकर, टैंकरों से पानी का प्रबंध किया गया।डंपिंग ग्राउंड में नगर पंचायत द्वारा कुर्बानी के अवशेष दबाए जाने की व्यवस्था की गई।एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दी गई। इस मौके पर उन्होंने प्रत्येक मुसलमान से कुरान शरीफ के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। ईद उल अजहा पर ईदगाह में नमाज अदा हुई है। काफी संख्या में नमाजियों की भीड़ मौजूद रही। मौलवियों वाली मस्जिद में मौलाना सैयद शारिक हुसैन, मदरसा मस्जिद में मौलाना अयूब ने, जुमा मस्जिद में मौलाना एनुअल हक ने नमाज अदा कराई। मौलाना सैयद शारिक हुसैन ने बयान करते हुए कहा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें।सफाई का ध्यान रखें, गंदगी न फैलाएं।कुरबानी पर्दे में करें खुले में न करें और इसकी एहतियात करें रास्ते पर और चौराहों पर ना करें। कुरबानी के हिस्से को ढक्कर घर पर ले कर जाए।कुर्बानी के बचे अवशेषों को इधर उधर न डाले, उन्हें दफन कर दें।किसी भी प्रकार की कोई असामाजिक वीडियो,फोटो जैसे कुर्बानी के समय फोटो क्लिक करना वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डालना ये सब पोस्ट न करें।वहीं दूसरी ओर गांव हसनपुर लुहारी में जलालाबाद संपर्क मार्ग पर स्थित ईदगाह में नमाज अदा कराई गई। ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों के आवासों पर भी दिनभर ईद मिलन समारोह में लोगों ने काफी संख्या में भाग लिया।जलालाबाद में सुबह में ईद उल अजहा की नमाज मौलवियों वाली मस्जिद में काजी सारिक हुसैन, ईदगाह में मुफ्ती कासिम, जुम्मा मस्जिद में मौलाना एनुअल हक, मदरसा वाली मस्जिद में मौलाना अयूब ने अदा कराई। ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज अदा कराने के बाद मुफ्ती कासिम ने संदेश दिया कि मुस्लिम खुले में कुर्बानी ना करें, कुर्बानी के अवशेष आबादी से बाहर गड्ढों में दबाए जाएं।
ईद उल अजहा कुर्बानी का त्यौहार है। हमें कुरान शरीफ के मार्ग पर चलकर प्रत्येक कुर्बानी अपने जीवन में करनी चाहिए। नगर पंचायत की ओर से ईदगाह, मस्जिदों के आसपास साफ सफाई, कली चूना डालकर, टैंकरों से पानी का प्रबंध किया गया। डंपिंग ग्राउंड में नगर पंचायत द्वारा कुर्बानी के अवशेष दवाई जाने की व्यवस्था की गई। इस मौके पर जलालाबाद चौकी प्रभारी विजय त्यागी पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दी गई।

# डीएम व एसपी ने श्रावणमास को लेकर देवकली व मंगलाकाली मन्दिर का किया निरीक्षण



संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
०देवकली मंदिर पर श्रावण मास में जुटती है श्रद्धालुओं की भीड़
०सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर परिसर में लगता है मेला
औरैया। शहर से करीब 4 किलोमीटर दूर दुर्गम बीहडांचल में देवकली एवं मंगलाकाली मंदिर स्थित हैं।
देवकली मंदिर पर श्रावण मास में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ दर्शनार्थ उमड़ती है,तथा श्रद्धालु भक्तगण महाकालेश्वर अवघड दानी शिव शंकर से मन्नतें मांगते हैं। सावन मास के प्रत्येक सोमवार को देवकली मंदिर परिसर में मेला का आयोजन होता है।
जिसमें श्रद्धालु भक्तगण खरीददारी करते हैं।
कुछ ही दूरी पर माँ मंगलाकाली मंदिर स्थित है, यहां भी लोग माँ मंगलाकाली के दर्शन के लिए आते हैं। इसी के मद्देनजर श्रावण मास से पूर्व सोमवार को जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने उपरोक्त दोनों मंदिरों का निरीक्षण किया, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से देवकली चौकी इंचार्ज को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर रखने पर बल दिया है।
स्थानीय जालौन रोड पर दुर्गम बीहड़ में स्थित देवकली मंदिर एवं मां मंगलाकाली मंदिर स्थित है। देवकली मंदिर परिसर में श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को मेला का आयोजन होता है।
इसके साथ ही महाकालेश्वर के दर्शन करने के लिए जनपद औरैया के अलावा कानपुर नगर , कानपुर देहात , कन्नौज , इटावा व जालौन आदि जनपदों से श्रद्धालु भक्तगण महाकालेश्वर के दर्शन करने के लिए आते हैं। इसके अलावा श्रद्धालु भक्तगण मां मंगलाकाली के दर्शन करने के लिए आते– जाते रहते हैं। श्रावण मास प्रारंभ होने में मात्र 3 दिन का समय बचा है। इसी के मद्देनजर सोमवार 11 जुलाई 2022 को जिलाधिकारी औरैया प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम द्वारा देवकली व मंगलाकाली मन्दिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया, तथा आगामी श्रावणमास के अवसर पर देवकली मन्दिर पर होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आने–जाने व दर्शन करने में कोई समस्या न हो व यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबन्ध में निरीक्षण किया। इसके साथ ही चौकी इन्चार्ज देवकली को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल एवं सीओ सिटी सुरेंद्र नाथ यादव व कोतवाल रवि श्रीवास्तव के अलावा पुलिस बल साथ रहा।

# परिवार नियोंजन में पुरुषों की सहभागिता अधिक जरूरी-सीएमओ

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
०जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी देकर किया रवाना
०हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ प्रसारण'
०परिवार नियोजन संसाधनों की स्टाल लगाकर लोगों को किया गया जागरूक
औरैया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सोमवार को 50 शैय्या जिला संयुक्त चिकित्सालय से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्टाल लगाकर भी लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी गयी, और इन्हें अपनाने के बारे में प्रेरित किया गया। सीएमओ ने परिवार नियोजन संसाधन स्टॉल का निरीक्षण करते हुए निरूशुल्क प्रदान किए जाने वाले परिवार नियोजन संसाधनों के संदर्भ में जानकारी ली,और मौजूद लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। उन्होंने पुरुषों से ऐसे आयोजनों में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है, जब परिवार सीमित होगा। विकास के उपलब्ध संसाधनों का समुचित वितरण और बढ़ती जनसँख्या दर के बीच संतुलन कायम करने के उद्देश्य से आज सबसे अधिक जरूरत जनसँख्या स्थिरीकरण की है। परिवार को सीमित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, जिसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। इन अस्थायी साधनों में से अपनी पसंद का साधन चुनकर शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की योजना बना सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर भी रख सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखना मां और बच्चे दोनों की बेहतर सेहत के लिए बहुत जरूरी है। जब परिवार पूरा हो जाए तो स्थायी साधन के रूप में नसबंदी का विकल्प चुन सकते हैं। जनपद से चुने गये दो हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर सौंधेमऊ और देवरपुर सहित सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए उद्‌घाटन का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस मौके पर



अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. देव नारायण कटियार ने कहा कि आज छोटे परिवार समय की मांग है। ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को अभावों का जीवन जीना पड़ता है। बच्चों की अच्छी पढ़ाई नहीं हो पाती और उन्हें पौष्टिक भोजन तक के संकट से गुजरना होता है। उन्होंने पुरुषों से परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाने पर जोर दिया। नवदंपतियों को नई पहल किट का वितरण करते हुए कहा कि शादी के तीन साल बाद पहला बच्चा और उसके बाद तीन साल के अंतर में दूसरा बच्चा होना चाहिए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आरसीएच) डॉ. शिशिर पुरी ने बताया कि जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का यह दूसरा चरण है, जो कि 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान चिन्हित नवदंपतियों को उनकी पसंद वाले परिवार नियोजन के अस्थाई साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कैंप लगाकर नसबंदी की जाएंगी। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया कि जनपद के सभी सब सेंटरों, सीएचसी, पीएचसी और जिला महिला अस्पताल में टेली मेडिसिन के माध्यम से नवदंपतियों और महिलाओं की काउंसिलिंग की गई।

# राशन कोटा डीलर का नौकर ही निकला चोर



संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम के निर्देशन में एसओजी औरैया टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 18ध्19 जून 2022 की रात्रि को कुदरकोट, बिधूना में राशन कोटा डीलर के घर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए शातिर चोर को चोरी किये गये करीब 25 लाख रूपये कीमत के सोने व चांदी के आभूषणों सहित शतप्रतिशत माल की बरामदगी करते हुए गिरफ्तार किया गया। मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान घटना का खुलासा किया है।
विगत 19 जून 2022 को थाना बिधूना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुदरकोट के राशन डीलर अंजनी कुमार दीक्षित पुत्र स्वव कृष्ण चन्द्र दीक्षित नि० कुदरकोट थाना बिधूना के घर से दिनांक 18ध19 जून 2022 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा करीब 25 लाख कीमत के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिये गये है। वादी की तहरीर के आधार में थाना बिधूना में चोरी व अन्य धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था, तथा घटना का निरीक्षण जनपदीय फील्ड यूनिट टीम एवं उच्चाधिकारियों द्वारा अपनी टीम सहित किया गया था।
जनपद में विभिन्न थाना क्षेत्रों में विगत में हुई चोरी की घटना के अनावरण तथा उनपर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम द्वारा एसओजी टीम को लगाया गया था। इसी क्रम में एसओजी टीम द्वारा विभिन्न घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर मुखबिर मामूर किये गये, एवं विभिन्न साक्ष्य संकलन का कार्य किया गया था, तथा इसी क्रम में आज सोमवार दिनांक 11 जुलाई 2022 को अपर पुलिस अधीक्षक औरैया शिष्यपाल एवं क्षेत्राधिकारी बिधूना के नेतृत्व में एसओजी टीम औरैया द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना के आधार पर कुदरकोट राशन डीलर के घर चोरी करने वाले अभियुक्त को कुदरकोट स्थित गुड्डू दीक्षित की आरा मशीन वाली गली से चोरी में माल सहित गिरफ्तार किया गया। मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने प्रेस वार्ता के दौरान घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त गोविन्द्र दीक्षित पुत्र ओम प्रताप दीक्षित नि० ग्राम खेडा सिरोली थाना कोतवाली जनपद फर्रुखाबाद हाल पता पुराना मकान वादी कुदरकोट बिधूना औरैया ने पुलिस पूछताछ में बताया कि अभियुक्त वादी के पुराने घर में अपने परिवार सहित रहता है एवं विगत कई वर्षों से वादी के घर आना–जाना था तथा घर के छोटे मोटे काम करना एवं कोटे के काम में भी सहयोग करता था एवं वादी के घर की भौगोलिक व निजी स्थिति से भलीभाँति परिचित था। दिनांक 18 जून 2022 को जब वादी का पुत्र अमित अपनी बहन को लेने छिबरामऊ, कन्नौज जा रहा था तो अभियुक्त ने पूर्व नियोजित योजना के अनुसार अपने भतीजे को फर्रुखाबाद से लाने की बात कहकर वादी के पुत्र के साथ छिबरामऊ तक गया था एवं फर्रुखाबाद न जाकर रात्रि करीब 08 बजे अभियुक्त कुदरकोट वापस आ गया तथा इधर–उधर छिपा रहा तथा रात्रि करीब 02 बजे राशन डीलर के घर के सभी सदस्यों के सो जाने के उपरान्त छत के रास्ते से घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, तथा माल को अपने घर के पास ही गड्ढा खोदकर गाढ दिया था, तथा सुबह करीब 04 बजे वापस फर्रुखाबाद चला गया था। जिससे किसी को उस पर शक न हो। एसओजी टीम द्वारा पूछताछ के डर से आज सोमवार को माल को निकालकर कहीं बेचने जा रहा था। पकड़े गए अभियुक्त का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। पकड़ी गये अभियुक्त के कब्जे से 01गले का हार, 02 मंगल सूत्र, 02 सोने के कंगन, 01 माथे की विन्दिया, 03 जोड़ी झुमकी, 02 जोडी बाले, 01 नथनी मय चेन, 07 अंगूठी मर्दानी, 05 अंगूठी जनानी, 01 हाय व 02 ओउम, 01 लोकेट गणेशजी, 02 नोज रिंग, 03 नाक की वाली, 01 सोने की तीली, 46 चांदी के सिक्के, 09 जोडी पायल, 02 कटोरी चांदी की, 04 शंखध्नारियल चांदी की, 02 चांदी की चम्मच, 01 चांदी गाय, 01 चादी का दीपक, 01 चांदी का कमर का गुच्छा, 27 बिछुवा, पुलिस टीम द्वारा चोरी हुए शतप्रतिशत माल की बरामदगी की गयी है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है।गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह यादव, प्रभारी एसओजी, हे०का० रुपेन्द्र कुमार, का० धर्मेन्द्र कुमार , का० दीपक कुमार, कां० प्रभात मणि त्रिपाठी, का० अमित कुमार, का० सिद्वार्थ शुक्ला, कां० सुबोध कुमार, का० ललित कुमार, का० विवेक कुमार, का० भूपेन्द्र कुमार, का० सुभाष, का० विजयकान्त आदि शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस लाइन रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट फाइनल परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल अपनी मौजूदगी में कराई

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोककुमार शुक्ला ने आज पुलिस लाइन रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट फाइनल परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल अपनी मौजूदगी में कराई।



रामपुर पुलिस लाइन में पीएसी के दो सौ रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिनकी अंत विषय की परीक्षाएं 2 से 6 जुलाई तक तथा बाहय विषयों की परीक्षाएं 28 जून से एक जुलाई तक आयोजित की गई। 7 व 8 जुलाई को पुलिस अधीक्षक द्वारा साक्षात्कार लिया गया। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दो सौ रिक्रूट आरक्षियों में से 199 रिक्रूट आरक्षी उत्तीर्ण हुए हैं। रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड 12 जुलाई को होना नियत हैं। आज रामपुर रिर्जव पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में फाइनल परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने पासिंग आउट परेड में उत्तीर्ण हुए सभी आरक्षियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एसपी अशोक कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संसार सिंह, सीओ सिटी अनुज कुमार चौधरी, सीओ पुलिस लाइन रवि खोखर, प्रशिक्षु पुलिस उपाधिक्षक कीर्ति आनंद, प्रतिसार निरीक्षक रिर्जव पुलिस लाइन हरेन्द्र पाल सिंह, प्रभारी आरटीसी राम सिंह आदि मौजूद थे।

## 18 सितबर को होगा शामली मे सैनी सम्मेलन

शामली मे सैनी सम्मेलन 18 सितबर को होगा और छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा रिपोर्ट जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली आज दिनांक 11/7/2022 मोहल्ला रामशाला शामली मैं मोहन लाल सैनी जी के निवास पर सैनी समाज समिति शामली के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें हर साल की भांति इस साल भी सैनी सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है



बैठक में कृपाल सैनी ने अध्यक्षता की ओर, सचालन,प्रवीण,सैनी ने किया सैनी समाज के अध्यक्ष बाबूराम सैनी जी ने बताया कि 18 सितंबर 2022 और सैनी सम्मेलन बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा लॉक डाउन होने की वजह से नहीं हो पाया था सम्मेलन में छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा इस प्रोग्राम में माननीय जसवंत सैनी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार धर्म सिंह सैनी पूर्व मंत्री नरेश सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सैनी प्रमुख समाजसेवी करनाल सत्यम संयम सैनी प्रदेश महासचिव कांग्रेस मनजीत कटारिया कुरुक्षेत्र रामभज सैनी एडवोकेट पानीपत प्रमोद सैनी पानीपत आदि भाग लेंगे सहारनपुर मुजफ्फरनगर मेरठ करनाल बड़ौत बागपत आदि स्थानों से सैनी समाज के लोग हिस्सा लेंगे सभी वक्ता सैनी समाज के इतिहास पर प्रकाश डालने का कार्य करेंगे बैठक में बाबू राम सैनी आभेराम सैनी दीपक सैनी रामकुमार सैनी पुरण सैनी रविदर आचायँ सैनी रामनिवास सैनी सुभाष सैनी अमरसिह सैनी जनेशवर सैनी पवन सैनी बिजेदर सैनी अमित सैनी कपिल.सैनी कुलदीप सैनी आदि शामिल रहे ।

## विद्यालय में अच्छी शिक्षा दिलाना मेरा प्रथम कार्य होगा - डा संतोष शुक्ला

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
०अधिक से अधिक संख्या मै एडमिशन लेकर समय से आए स्कूल



दिबियापुर,औरैया। औरैया जिले के औद्योगिक नगर दिबियापुर में स्थित प्रतिष्ठित विद्यालय वैदिक टेक्निकल एवं औद्योगिक इंटर कालेज के नवागत प्रधानाचार्य डाक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर अभिभावकों से अपील कर कहा , कि अपने बेटो व बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए कालेज में अवश्य भेजे व अधिक से अधिक प्रवेश कराए और वैदिक टेक्निकल एवं औघोगिक इंटर कालेज में शाषन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृति ,मिड डे मील सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करे। उन्होंने अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय में गुणवत्तापरक शिक्षा एवं अनुशासन प्रदान करने वाली होगी। जिससे विद्यालय का नाम शिक्षा के क्षेत्र में और अच्छा हो व समय से स्कूल आए एवं कक्षा में रहकर शिक्षक द्वारा बताये जा रहे शिक्षण पाठ को समझे ,और उसका घर जाकर रिवीजन करे। वहीं शिक्षक छात्र/छात्राओं को पूरे मन से शिक्षा दें।

## गुरु जयंती पर नगर में भव्य कार्यक्रम होगा आयोजित, तैयारियां शुरू

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स। दिबियापुर,औरैया। रचयिता गुरु वेद व्यास के जन्म उत्सव पर आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन आयोजित गुरु पूर्णिमा के भव्य कार्यक्रम के संबंध में एक बैठक सोमवार की शाम राघव पैलेस में हुई जिसमें सभी की सर्वसम्मति तय



हुआ कि आगामी 13 जुलाई को शाम 5 बजे भव्य समारोह पूर्वक गुरु पूर्णिमा का आयोजन शिव गैलेक्सी दिबियापुर के वातानुकूलित विशाल हाल में किया जाएगा। जिसमें जनपद के जिलाधिकारी पीसी श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान व पुलिस अधीक्षक चारु निगम तथा जनपद के अन्य अधिकारियों को आमंत्रित किए जाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों से कार्यक्रम लेने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांति मिश्रा को सौंपी गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य , राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी, क्षत्रिय महासभा के जिला मंत्री मनमोहन सिंह सैगर , समाजसेवी एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रबंध निदेशक राघव मिश्रा, माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुटके जिलाध्यक्ष उमाकांत दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षक नेता प्रेम नारायण दुबे, डॉ अरविंद कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य व राम शरण मिश्रा प्रधानाचार्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## योग कार्यशाला का वैदिक इंटर कालेज में हुआ शुभारंभ

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
दिबियापुर,औरैया। सोमवार से योगा की कार्यशाला का नवीन स्थान फफूंद रोड पर स्थित वैदिक इंटर कॉलेज में योग प्रशिक्षण की शुरुआत हो गई। प्रथम दिन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम कुमार अवस्थी ने भगवान धनवंतरी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग आयोजन समिति के संयोजक राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम का संचालन किया।अनुभवी एवं कुशल योग प्रशिक्षक योगाचार्य श्री कृष्ण कुमार सोनू भैया ने योग साधकों को वार्म अप कराते हुए विस्तार से योगासन व प्राणायाम कराया। योग आयोजन समिति के



कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने समिति के सम्मानित सदस्यों के साथ सभी को स्वल्पाहार कराया। सोमवार से शुरू हुए योगा कार्यक्रम में लगभग आधा सैकड़ा लोगो ने योग की बारीकियों को सीखा। योग प्रशिक्षका रीता चंदेरिया (ऋतु वर्मा) की टीम की प्रशिक्षित बालिकाओं ने आकर योग कार्यशाला में अपने करतब दिखाए।अब प्रतिदिन निर्धारित समय प्रातः 5.30 से 6.30 तक 1 घंटे का योग प्रशिक्षण कार्यक्रम वैदिक इंटर कॉलेज दिबियापुर के विशाल प्रांगण में होगा। जिसमे सभी नगरवासियों से योगाभ्यास में आने की अपील की गई। प्रथम दिन प्रतिभाग करने वालो में मनमोहन सिंह सेगर , पारसनाथ द्विवेदी ,डॉ अरविंद शुक्ला ,अरुण कुमार त्रिपाठी , मनोज दुबे , हरिश्चंद्र प्रेमी जी , आशीष दुबे , एसएस शर्मा , अशोक त्रिपाठी , प्रहलाद सविता , निमित्त तिवारी , अमित मिश्रा , योगेश द्विवेदी ,राहुल दीक्षित , नागेंद्र शुक्ला, विनोद कुमार , रीता , अंजलि व प्रियंका आदि लोगो ने योग कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

## विद्युत उपखंड कार्यालय पर भाकियू का धरना प्रदर्शन, भारी संख्या में उपस्थित हुए किसान

पीलीभीत पूरनपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के निर्देशानुसार बिजली ना मिलने से किसान ग्रामीण परेशान हैं। इसको लेकर कई बार किसानों ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की थी। लेकिन उसके बावजूद भी संज्ञान न लेने से नाराज किसानों ने सोमवार को बिद्युत उपखण्ड पूरनपुर में भारी संख्या में एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं क्षेत्र के सबलपुर बिजली फीडर और मुजफ्फरनगर बिजली फीडर से किसानों को उचित बिजली नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते किसानों के खेतों में खड़ी धान की रोपाई और खड़ी धान की फसल में पानी की सिंचाई न होने से नाराज हैं।इसी के चलते आज भारतीय किसान यूनियन राकेश टिकैत गुट ने पूरनपुर विद्युत उपखंड कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है। इस मौके पर भकियु के जिलाअध्यक्ष स्वराज सिंह, भाकियू के बरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष, मंजीत सिंह,जिलामहामंत्री दिनेश कुमार, जिलाउपाध्यक्षा गुरदीप सिंह,रामगोपाल, ब्लाक अध्यक्ष , रमेश मिश्रा नगर अध्यक्ष,मनवीर सिंह जिला सचिव, तहसील कलीनगर अध्यक्ष, बिक्रम जीत सिंह, सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों ने लगाया पत्नी पर हत्या का आरोप

पीलीभीत पूरनपुर। मोहल्ला पंकज कॉलोनी गली नंबर 3 निवासी अमित गुप्ता अपनी पत्नी छाया गुप्ता के साथ घर में रहता था। परिजन सभी दिल्ली में रह रहे थे परिजनों का आरोप है कि आज पड़ोसियों के द्वारा उनको सूचना मिली कि उनकी बहू ने उनके पुत्र की हत्या कर दी है। जानकारी लगने के बाद मृतक की मां और भाई घर पहुंचे उन्होंने युवक को मृत पाया तो उनके होश उड़ गए।मृतक के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है कि उनकी बहू ने उनके पुत्र की हत्या कर दी है। फिलहाल पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर बिधिक कार्यवाही की जायेगी।



## ग्रामीण को किया जिला अस्पताल रेफर,मुकदमा दर्ज

पीलीभीत पूरनपुर।दरवाजे पर टुकटुक खडा करने को लेकर ग्रामीण का पड़ोसी से विवाद हो गया।पडोसी ने लाठी–डंडों से पीटने के बाद ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या का प्रयास किया।पुलिस ने चार के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी शिव कुमार ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले आकाश रोजाना उसके दरवाजे के सामने अपना टुकटुक खडा कर देता है।इससे जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

रविवार को आकाश ने फिर टुक टुक दरवाजे के सामने खड़ा कर दिया।जब ग्रामीण ने इसका विरोध किया तो आकाश ने गाली गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आकाश ने अपने अन्य घर के लोगों को साथ लेकर हाथ में लाठी डंडे व धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस कर गाली गलौच शुरु कर दी।विरोध पर ग्रामीण को जमकर मारा पीटा।जान से मारने की नियत से बांका से प्रहार कर गंभीर घायल कर दिया। घटना को लेकर खलबली मच गई।घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई।कोतवाली पुलिस ने गांव पिपरिया निवासी शिवम गिरी,सोना देवी,आकाश,फुल गिरी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने, जानलेवा हमला करने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया चार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।आरोपियों की तलाश की जा रही है।शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## गैर मर्दो से सबंध न वनाने पर महिला को घर से निकाला

पीलीभीत पूरनपुर।गैर मर्दों से सबंध न वनाने पर सुसरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया।दोवारा वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।महिला ने पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि उसका पति अक्सर बाहर रहता है।उसके ससुराल पक्ष के लोग उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं। महिला ने बताया कि ससुराल पक्ष के लोग उस पर जबरन गैर मर्दों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाते हैं।इंकार करने पर उसके साथ मारपीट करते हैं।सोमवार को ससुरालियों ने अपने घर पर कुछ लोगों को वुलाया।उसके बाद महिला पर जबरन लोगों से शारीरिक सबंध बनाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया।महिला ने बताया कि ससुरालियों ने दूसरे लोगों से संबंध रखने का झूठा आरोप लगाते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया।दोबारा वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।महिला ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच की जा रही है।जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विवाद पर दो महिलाओं पर धारदार हथियार से हमला

पीलीभीत पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी फरीन ने बताया कि उसके घर के बच्चे दरवाजे पर खेल रहे थे।इसी दौरान पड़ोस के ही रहने वाले एक ग्रामीण के बच्चे ने उसके पुत्र को पीट दिया। इस पर महिला इसकी शिकायत करने पड़ोसी के घर गई तो उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर उसको जमकर मारा पीटा।जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।एक अन्य मामले में कोतवाली क्षेत्र के गांव सुआवोझ निवासी चित्रा देवी ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर उसके देवर मनोज ने उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर उसको जमकर मारा पीटा।जान से मारने की नियत से महिला पर बांका से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। बचाने आए उसके पति लालाराम को भी दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया।सभी को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मेडिकल कराया जा रहा है।आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

## जिलाधिकारी द्वारा विश्व जनसंख्या पखवाडा रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

पीलीभीत। सभी स्वास्थ्य इकाईयों के साथ साथ हेल्थ वेलनेस सेंटर पर भी विश्व जनसंख्या पखवाडा का आयोजन किया गया। जनपद स्तर पर एक एक रैली का आयोजन गांधी स्टेडियम में किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में विद्यालय के छात्रों एवं नगरीय एवं ग्रामीण आशाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

रैली में प्रचार प्रसार वाहन द्वारा परिवार नियोजन की थीम परिवार नियोजन का अपनाओं उपाय लिखो तरक्की का नया अध्याय के साथ साथ परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों के बारे में प्रचार किया गया। रैली का समापन राजकीय बालिका कालेज पीलीभीत में हुआ। जिसके बाद वहाँ पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम के शुभारम्भ का सजीव प्रसारण किया गया। तदोपरान्त एक गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उनके द्वारा जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन के लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। गोष्ठी में राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता रानी के द्वारा जनसंख्या में हो रही लगातार वृद्वि एवं उससे वृद्वि एवं उससे भविष्य में होने वाले दुष्प्रभाव पर चर्चा की गई। राजकीय बालिका इण्टर कालेज की उप प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिंह के द्वारा गोष्ठी में छात्राओं को बढ़ती जनसंख्या एवं परिवार नियोजन साधनों की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया।

नितिन गंगवार, एम0एच0 कंसल्टेंट द्वारा परिवार नियोजन न अपनाने पर गर्भावस्था में होने वाली जटिलताओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। मंच का संचालन संदीप उपाध्याय, जनपदीय परिवार नियोजन विशेषज्ञ, यू0पी0टी0एस0यू0 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अमित शर्मा, जनपदीय परिवार नियोजन लॉजिस्टक मैनेजर, उत्तम कुमार, डी0सी0पी0एम0, प्रवीन पाल, अर्बन हैल्थ कोआर्डिनेटर, कौशल कुमार, डी0डी0ए0, अनिल कुमार, डी0सी0ए0ए0, लक्ष्मीकान्त शर्मा, दीपक आदि उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी द्वारा प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के अंशधारक कृषक सदस्यो को वितरित किये गये अंश प्रमाण पत्र

पीलीभीत। मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 40 जनपदों के 50.10 लाख कृषकों को लोकभवन लखनऊ में अंश प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गांधी सभागार में जनपद की सहकारी गन्ना समितियों के 100 गन्ना कृषकों के समक्ष सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अंश प्रमाण पत्र प्राप्त करने से किसानों को एहसास होगा कि चीनी मिल में उनका भी योगदान है। उन्होंने कहा कि भविष्य में चीनी मिल के लाभान्श में उन्हें भी बोनस प्राप्त किया गया। पिछले 05 वर्षों में गन्ना किसानों का एक लाख सतहत्तर हजार करोड रूपये का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार बायोफ्यूल सम्बन्धी नये नये उद्योग स्थापना के प्रस्ताव ला रही है। इससे पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम होगी। ईंधन के दाम कम होगे। उन्होंने कहा कि मुण्डेरवा चीनी मिल सल्फरलेस चीनी बना रही है तथा एथेनॉल का उत्पादन भी रहा है, जिससे पेट्रोल में मिलाकर ईंधन चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 में सरकार बनने के साथ ही 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों का ऋण माफ किया गया था। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 6000 रूपये किसान के खाते में सीधे भेजे जा रहे हैं। किसानों की आय डेढ़ गुना बढ़ाने के लिए कृषि विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उक्त के क्रम में जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे द्वारा सदस्य कृषकों को अंश प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिसमें श्रीमती अलका देवी, दुर्गा प्रसाद, गंगाराम, हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, राकेश, राम चन्द्र, रमेशचन्द्र अजय पाल आदि को अंश प्रमाण पत्र वितरित किये गये। उन्होंने कहा कि कृषक हित में उत्तर प्रदेश सरकार व गन्ना विभाग द्वारा किये गये अनेकानेक निर्णायक प्रयासों की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने आगे भी सतत् बढ़त रहने का संकल्प व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना विभाग के अधिकारीगण व कृषक बन्धु उपस्थित रहे।



## योजनाओं को समयबद्ध व लक्ष्य के अनुरुप करें पूर्ण-जिलाधिकारी

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में विकास कार्यों के कुल 91 प्रपत्रों की समीक्षा बैठक गांधी सभागार पीलीभीत में सम्पन्न हुई। विकास कार्यों के 91 प्रपत्रों की समीक्षा के दौरान सड़क निर्माण, सिंचाई, सामुदायिक शौचालय, विद्युत देय, पंचायत भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाडी भवन निर्माण, अमृत योजना, पेयजल, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन, गन्ना भुगतान आदि की विभागवार समीक्षा करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्व व मानक के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

सड़क निर्माण के कार्यो की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड को अवशेष कार्यों में तेजी से कराने के निर्देश देते हुये कहा कि माह जुलाई के अन्त तक कार्यों को कराना सुनिश्चित किया जाये। लघु सिंचाई की समीक्षा के दौरान नहरों में पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। निराश्रित गोवंशों की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को क्षमता के अनुरूप पशुओं को रखने के साथ साथ सहभागिता योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाकर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये गये। आयुष्मान कार्ड में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी मनरेगा को निर्देशित किया गया कि नहर की पटरी बांधवाने के कार्यों में तेजी लाई जाये। गन्ना भुगतान की समीक्षा के दौरान गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया विगत वर्ष का समस्त गन्ना भुगतान मिलों द्वारा करा लिया गया है अवशेष भुगतान शीघ्र ही करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा बीमित किसानों की संख्या में बढ़ाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी जेई को निर्देशित करते हुये निर्माणाधीन सीएससीध्पीएससी के कार्यो को पूर्ण कराकर हैण्डओवर करने के निर्देश दिये गये। बैठक में समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्व व लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

बैठक में, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, अधिशासी अधियन्ता पीडब्लूडी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला गन्ना अधिकारी, जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतरज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





## आपरेशन मुस्कान के तहत भटके दो बच्चों को परिजनों से मिलाया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। बीते रविवार को दो नाबालिक बच्चे शिवम उम्र 8 वर्ष व लड़की पायल उम्र 5 वर्ष रास्ता भटक कर थाना दिबियापुर फफूँद चौराहा आ गये थे , जिन बच्चों को थाने लाया था। वायरलेस के जरिए सभी थानो को सूचना दी गई , व परिजनों से उचित माध्यम से संपर्क किया गया। सोमवार को उनके परिजनों को जसवंत नगर से बुलाकर मुस्कान आपरेशन के तहत भटके हुए बच्चो को मिलाया गया, तथा परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। सुपुर्द करने वालो में उप निरीक्षक नीरज शर्मा , महिला कांस्टेबल रेनू प्रजापति थाना दिबियापुर है। यह जानकारी दिबियापुर थाने में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण मिश्रा ने दी है। बच्चे पाकर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई और पुलिस टीम की प्रशसा व्यक्त की।



## उत्तर प्रदेश में 200यूनिट फी बिजली देने की मांग को लेकर आप और हम हस्ताक्षर अभियान शुरु

कानपुर नगर । दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में फी 200यूनिट फी देने की मांग को लेकर कान्ति कारी संगठन आप ओर हम राष्ट्रीय भषटाचार अपराध मुक्त संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बी एस बेदी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के सचिव रमेश सिहवानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव में जनसभाओं में घोषणा की थी कि यदि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार पुनः बनी तो 200यूनिट फी बिजली हर घर को देंगे से सम्बोधित मांग पत्र कानपुर नगर के जिला अधिकारी को देकर अमल में लाने की मांग की। सिहवानी ने आगे कहा कि दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में फी बिजली देने की मांग की ओर कहा कि कानपुर नगर के प्रबन्ध निदेशक अनिल ढींगरा के अधीनस्थ अधिकारियों को उत्तर प्रदेश के उर्जा मंत्री ने निर्देशित किया कि अविलंब मलिन बस्तियों व जहां पर मुख्य रूप से गिराऊं पोल हो तत्काल बदला जाए, परन्तु जिला अधिकारी के जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज की शिकायतों का निराकरण भी नहीं किया जाता है अगर शीघ्र ही कानपुर नगर के विभिन्न हिस्सों में बर्रा 6 मलिन बस्ती संजय नगर, हर्ष नगर में गिराऊं पोल व फी बिजली देने की घोषणा शीघ्र न की तो आप और हम राष्ट्रीय भषटाचार अपराध मुक्त संगठन कानपुर नगर के गांधी उद्यान फूलबाग से फी बिजली देने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू करेंगे उन्होंने आगे कहा कि आप और हम राष्ट्रीय भषटाचार अपराध मुक्त संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में मुख्य मंत्री व उर्जा मंत्री से मिलकर मांग पत्र सौंपा जाएगा मांग पत्र में हस्ताक्षर करने वालों में मुख्य रूप से सवश्री विमला चौहान , शशि श्रीवास्तव सिमरनजीत कौर निशा निगम आदि थे।

## पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने भागवताचार्य को मंच पर किया सम्मानित

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

बकेवर, इटावा। जनपद कस्बा बकेवर के राधे उत्सव गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक रजत तिवारी का प्रदेश सह संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गोपाल मोहन शर्मा ने कथा वाचक का भव्य स्वागत किया। कस्बा के राधे उत्सव गार्डन में चल रही श्री मद् भागवत कथा में कथा वाचक ने अपनी अमृतमयी वाणी से भागवत कथा का श्रोताओं को रसपान कराकर भाव विभोर किया। आयोजक अशोक शुक्ला, तरुण त्रिपाठी, राधे श्याम चौधरी, छोटू शुक्ला, सुनील चौधरी के धार्मिक कार्यक्रम की सराहना व्यक्त की। भागवत पंडाल में प्रमुख रुप से उपस्थित बैकुण्ठ नाथ पाण्डेय, लाल जी चौधरी, अशोक चौबे, सौरभ उपाध्याय, पुरुषोत्तम मिश्रा, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, मुकुल दुबे, रामू शर्मा, मिखिल मिश्रा सहित सैकड़ों की सख्या में नगर व क्षेत्र की माताऐ बुजुर्ग बच्चों ने भागवत कथा का रसपान किया। रत्ना शालिनी कौशिक,रजना सेगर, रजनी ,रेनू , ललिता देवी ब्रजेश सिंह परिहार आदि उपस्थित थे।



# संक्षिप्त समाचार

## दरिंदों ने युवती के साथ की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

पीलीभीत के बरखेड़ा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बरखेड़ा पुलिस को तहरीर दी जिसमें बताया कि घटना दिनांक 7 जुलाई 2022 को समय लगभग दोपहर 3 बजे गांव पिपरिया मण्डन थाना बरखेड़ा निवासी सागर पुत्र दयाराम व अनिल कुमार पुत्र कढ़ेराम बुरी नियत से युवती के घर के अंदर घुस आये और युवती के साथ गंदी – गंदी हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगे द्य युवती ने जब इसका विरोध किया तो उक्त दोनों व्यक्ति गंदी गंदी गालियां देते हुए युवती के साथ मारपीट करने लगे द्य युवती ने शोर मचाया शोर पर युवती की देवरानी व मोहल्ले के तमाम लोग आ गये जिन्होंने उक्त दोनों व्यक्तियों से युवती को बचाया तभी उक्त दोनों व्यक्ति युवती को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए द्य घटना के समय युवती के पति बाहर गए हुए थे पति घर आने पर युवती ने बरखेड़ा को लिखित सूचना देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की जिसपर बरखेड़ा इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह ने बताया छेड़छाड़ की तहरीर मिली है। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बच्चे को लेने पहुंची महिला को पीट कर घर से निकाला

पीलीभीत पूरनपुर।ससुराल पहुंच कर युवक नवजात बच्चे को अपने घर ले आया।बच्चा लेने पत्नी घर आई तो युवक ने अपने भाई की मदद से उसकी पिटाई लगा कर घर से भगा दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मणपुर निवासी अनीता देवी की शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कंजा खेड़ा निवासी युवक के साथ हुई है।कुछ दिन पहले उसकी पत्नी अपने मायके में गर्भवती होने के दौरान चली गई थी।जहां उसको एक पुत्री का जन्म हुआ।आरोप है कि उसका पति दो दिन पहले उसके मायके पहुंचकर जबरन उसकी पुत्री को उठाकर अपने घर ले आया।जब मायके वालों ने उसको रोकने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग आया।रविवार को महिला अपने नवजात बच्चे को लेने अपनी ससुराल पहुंची और पति से बच्चा देने के लिए कहा।इस पर युवक गाली गलौज करने लगा।महिला के विरोध करने पर उसके पति व जेठ ने मिलकर उसको जमीन पर पटक कर जमकर पीटा।जिससे वह घायल हो गई।आरोप है कि बच्चे सहित उसे घर से निकाल दिया।वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।पीडिता ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।

### बहला-फुसलाकर किशोरी को ले गया युवक

पीलीभीत पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने बताया कि उसकी बहन को बीती रात पड़ोसी गांव का एक युवक बहला–फुसलाकर भगा ले गया।सुबह किशोरी को न पाकर परिजनों के होश उड़ गए।काफी सुरागकशी करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।परिजनों ने जब कमरे में रखे संदूक का ताला टूटा देखा तो उसमें रखी साठ हजार रुपये की नकदी,सोने चांदी के आभूषण गायब मिले इस पर उसके होश उड़ गए।ग्रामीण ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया जांच शुरू कर दी गई है।शीघ्र ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर नि:शुल्क दी जाएंगी दवाइयां

पीलीभीत पूरनपुर।विश्व जनसंख्या दिवस पर सीएचसी में कैंप लगाया गया।जिसका शुभारंभ के एमओआईसी ने फीता काटकर किया।कैंप में मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस पर कैंप लगाया गया।जिसका शुभारंभ एमओआईसी अनिकेत गंगवार ने फीता काट कर किया।यह कैंप 11 जुलाई से 24 जुलाई तक चलेगा।इस कैंप के अंतर्गत अस्पताल आने वाले मरीजों का उपचार कर निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी। एमओआईसी ने विश्व जनसंख्या दिवस पर सभी को विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जायंट्स सहेलियों ने लगाई चौपाल किया जागरुक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स



दिबियापुर,औरैया। नगर से सटे गांव भटपुरा में विश्व जनसख्या अभियान के तहत एक गोष्ठी का आयोजन ग्रामीण महिलाओ के साथ जायंट्स ग्रुप ऑफ दिवियापुर सहेली के द्वारा किया गया। जिसमें कोर्डिनेटर पूनम पुरवार, अध्यक्षा लक्ष्मी पोरवाल, सपना गुप्ता, रोली गुप्ता, भारती व प्रीति पोरवाल आदि सहेलियों ने सभी महिलाओं से जनसंख्या नियंत्रण के विषय में परिचर्चा की। उन्हें जनसंख्या नियन्त्रण के उपाय बताये द्य ग्रामीण महिलाओं ने अपनी समस्याएं बतायी। सहेलियों ने उनका निराकरण किया।इससे सभी महिलाएं सन्तुष्ट हुई। अंत में सहेली अध्यक्षा लक्ष्मी पोरवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सोशल मीडिया पर एक बाइक पर 7 सवारी का विडियो हुआ वायरल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०छः बच्चों को बाइक पर बिठा आइसक्रीम खिलाने जा रहा था युवक।

०पुलिस ने किया बाइक का एक हजार का चालान

औरैया। एक वीडियो चर्चा में है। जिसमें एक बाइक सवार अपने साथ 6 बच्चों को लेकर बाजार में घूम रहा है। एक बाइक पर इतनी सवारियां देख कर सभी हैरान हैं। हालांकि, बाइक सवार का पुलिस ने एक हजार का चालान कर उसे वापस घर रवाना कर दिया। बाजार में किसी ने इसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। जिसके बाद यह वीडियो वायरल हो गया।दरअसल, रविवार को बकरीद थी। त्यौहार के माहौल में एक युवक अपनी बाइक पर छह बच्चों को बिठा कर बाजार के लिए निकला। वह अपनी मंजिल पर पहुंचता इससे पहले ही उसे पुलिस ने रोक लिया। युवक से जब पुलिस ने पूँछताछ की तो पता चला कि युवक बकरीद के मौके पर कानपुर देहात से अपने किसी रिश्तेदार के यहां औरैया आया हुआ था। घर आने के बाद उसके घर और आस पड़ोस के बच्चों ने आइसक्रीम खिलाने की जिद की। जिसके बाद वह बच्चों को लेकर घर की बाइक से बाजार निकल पड़ा। हालांकि, रास्ते में उसे पुलिस ने रोक लिया। पुलिस ने जब उस युवक को रोका तो बाजार में उसे देखने वालों की भीड़ लग गई। कोई वीडियो बनाने लगा तो कोई फोटो खींचने लगा। लोग उससे मजा लेने लगे। वहीं पुलिस ने भी उसका चालान किया और उसे फटकार लगाई। जिसके बाद युवक ने पहले माफी मांगी फिर अपने घर की ओर लौट गया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक जिस बाइक का चालान किया गया है वह मोबिन बानो के नाम पर रजिस्टर्ड है।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## मा0 महापौर एवं नगर आयुक्त महोदय व पार्षदगणों ने किया प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

• एक कदम महिला सशक्तिकरण की ओर–प्रेरणा कैंटीन।स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित की जाएंगी नगर निगम के कार्यालयों एवं विद्यालयों में कैंटीन।

• नगर निगम के मथुरा कार्यालय एवं वृन्दावन कार्यालय में हुआ कैंटीन का उद्घाटन।



मथुरा ।नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा आज उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत नगर निगम के जोनल कार्यालयो एवं नगर निगम द्वारा संचालित विद्यालयों में प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन किया गया। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत प्रेरणा कैंटीनों का संचालन नगर के स्वयं सहायता समूहों को प्रदान किया गया है।प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन आज प्रातः मा0 महापौर डॉ मुकेश आर्यबन्धु जी, नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी, उपसभापति श्री राधाकृष्ण पाठक एवं समस्त पार्षदगणों द्वारा सम्पूर्ण विधि विधान के साथ किया गया। कैंटीन में उपलब्ध खाद्य सामग्री निर्धारित बाजार मूल्य पर की जाएगी, एवं पैक्ड वस्तुएँ प्रिंट मूल्य पर बिक्री की जाएगी। कैंटीन में धूम्रपान, पान मसाला आदि की बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगी। उद्घाटन समारोह में उपसभापति श्रीराधा कृष्ण पाठक, पार्षद श्रीलीलाधर ठाकुर, श्री उत्तम चंद बघेल, श्रीरामदास चतुर्वेदी, श्रीमती सोनू गौड, श्री रवि यादव , श्री चंद्र प्रकाश शर्मा, श्रीमदन मोहन श्रीवास्तव, श्री राहुल अधिकारी, श्री पंकज अरोरा,श्री अब्दुल मलिक, श्री हेमंत खंदौली, श्री आकाश महावर, श्री युद्ध पाल माहौर, श्री शैलेश चौहान, श्रीगोपाल वशिष्ठ, गोपाल शर्मा, एवं विद्यालयों का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जनसंख्या दिवस पर हुई पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और रैली निकाल कर किया जनजागरण

☒ दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।33 वे विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कृष्णकुलम सीनियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मथुरा के मेधावी छात्रों द्वारा जनसंख्या विस्फोट की समस्या के विषय में समाज को यह संदेश देने की चेष्टा की गई ए जैसा हम भारतवासियों को विदित है कि भारत जैसे विकासशील देश के लिए जनसंख्या कितनी विकराल रूप धारण किए हुए हैं । भारत विश्व का दूसरे नंबर का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है और संसाधनों की तुलना में अनेकों देश हमसे बहुत आगे हैं, समय की सुई की गति से अनेक गुना अधिक गति से बढ़ती हुई जनसंख्या न केवल हमारे विकास में बाधक है बल्कि अनेक प्रकार की सामाजिक समस्याओं की जननी भी है। इन्हीं सब बातों को कृष्णाकुलम इको क्लब के विद्यार्थियों ने विद्यालय के अंतर्गत तथा बाहर अनेकों गतिविधियां जैसे पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन आदि के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया गया, ताकि इस वर्ष की जनसंख्या दिवस की थीम 8 बिलियन की दुनिया सभी के लिए एक लचीला भविष्य की ओर– अवसरों का दोहन और सभी के लिए अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना ७ को सार्थक प्रयास दे सकें इन सब को ध्यान में रखकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए इस अवसर पर दसवीं




कक्षा के हार्दिक जिंदल ने जनसंख्या दिवस के महत्व को समझाते हुए अपनी बात रखी।

एडमिन डायरेक्ट डॉ अंबरीश शर्मा ने अपने वक्तव्य भारत के विकास में जनसंख्या जनित अवरोध को समझाने का प्रयास किया तथा विद्यालय के सेक्रेटरी इंजीनियर दीपक मुकुटमणि जी ने आबादी के दुष्प्रभाव और सामाजिक असंतुलन की ओर ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा बच्चों ने जन जागरण रैली निकालकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश यादव जी का कुशल दिशा निर्देशन प्राप्त हुआ।

## गोवर्धन में स्टेट बैंक कर्मचारियों परलापरवाही के आरोपः खाताधारक बोले बैंक में कनेक्टिविटी होने पर भी समय से नहीं होता काम

दैनिक आयोध्या टाइम्स संजू पटेल रिपोर्टर मथुरा

मथुरा।गोवर्धन तहसील के कस्बा सौख स्थित स्टेट बैंक कर्मचारियों की लापरवाही को लेकर फिर एक बार सुर्खियों में है। जहां बैंक खाताधारकों ने बैंक कर्मचारियों पर समय से काम न करने और डेस्क बोर्ड पर नो इंटरनेट कनेक्टिविटी बोर्ड लगा बैंक में खाताधारकों को परेशान करने का आरोप लगाया है।बैंक खाता धारकों का आरोप है कि बैंक कर्मचारी प्रभावशाली लोगों के काम तो कर देते हैं। लेकिन, साधारण बैंक खाताधारकों के कामों को लंबित कर परेशान कर रहे हैं। यदि खाताधारक बैंक में राशि निकलने जाते है या जमा करने जाते है तो बैंक कर्मचारियों द्वारा उनको बेवजह परेशान किया जाता है ।इस विषय मे खाता धारक रिटायर शिक्षक छेदा लाल सिंघल का कहना है कि बैंक में कर्मचारियों की मनमानी के चलते खाता धारकों के कार्य नहीं होते है। ग्राहकों को गुमराह करते रहते हैं। कई बार उच्चाधिकारियों को शिकायत भी



कर चुके है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। वहीं बैंक कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए डॉक्टर देवी प्रसाद ने कहा कि पिछले तीन–चार दिन से बैंक कर्मियों की मनमानी के चलते बैंक में सर्वर आने के बावजूद भी कनेक्टविटी न आने का बोर्ड मुख्य गेट पर लगा दिया जाता है। बैंक के चक्कर लगा–लगाकर थक गए हैं। नगर पंचायत के सभासद रमेश चंद्र गुप्ता का कहना है कि मेरे मोबाइल में योनो एप्प पिछले दिनों अचानक बंद हो गया था।

जिसकी वजह से मेरा लेन–देन नहीं हो पा रहा है। बैंक कर्मियों को समस्या से अवगत कराया गया लेकिन संतोषजनक कोई जवाब नहीं दिया।

## मुडिया मेले में व्यापारिक सामान लाने को गाइडलाइन जारीः सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक का रहेगा समय, 15 जुलाई तक चलेगा मेला

दैनिक अयोध्या टाइम्स संजू पटेल रिपोर्टर मथुरा

मथुरा। गोवर्धन के मुडिया मेले में व्यापारियों के लिए जिला प्रशासन ने गाइडलाइन जारी की है। कस्बे के व्यापारियों को सामान लाने के लिए समय सीमा तय की गई है। व्यापारी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक वाहनों के जरिए सामान ला सकते हैं। बता दें यह मेला 8 जुलाई से शुरू हो चुका है। आगामी 15 जुलाई तक मेला चलेगा। एसडीएम संदीप वर्मा ने शनिवार को गाइडलाइन जारी की। उन्होंने समय सीमा के साथ ही रूट भी तय कर दिया है। जिसमें 9–3 का समय तय किया गया है। व्यापारी अपना सामान छटीकरा मार्ग से बरसाना मार्ग होते हुए गोवर्धन के सरस्वती हॉस्पिटल तक ला सकते हैं। बाजार के अंदर और परिक्रमा मार्ग में भारी वाहन प्रतिबंधित हैं। सरस्वती हॉस्पिटल से व्यापारी अपने माल को रिक्शा से तय सीमा के अंदर ला सकते हैं। अन्यथा की स्थिति में मेला अधिकारी द्वारा कार्रवाई की जाएगी।



अगर कोई भी व्यापारी नियमों का पालन नहीं करता है तो एक्शन लिया जाएगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री संजीव लाला ने एसडीएम के आदेशों का पालन करने के लिए सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है। कहा कि कस्बा का हर व्यापारी मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए सहयोग करे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर रैली निकालकर परिवार नियोजन के प्रति किया जागरुक सीएमओ आफिस से राजीव भवन तक निकाली गई रैली



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

• लक्ष्य दम्पति की परिवार नियोजन अपनाने के लिए की गई काउंसलिंग

मथुरा ।विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से राजीव भवन तक जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान सीएमओ डॉ अजय कुमार वर्मा ने आम जनमानस से अपील किया कि सभी को अपना परिवार नियोजित करते हुए छोटा परिवार सुखी परिवार रखना चाहिए, जिससे घर मे खुशहाली आती है और मां और बच्चे का स्वास्थ्य अच्छा रहता है, उन्होंने बताया कि जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा सोमवार से शुरू होकर 24 जुलाई तक चलेगा। इसमें जनपद के समस्त जिला अस्पताल, सामुदायिकध्प्राथमिक एवं उपकेंद्र स्तर पर परिवार नियोजन की समस्त सेवाओं उपलब्ध रहेंगी।

परिवार कल्याण नोडल अधिकारी



डॉ. मुनीश पौरुष ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान मथुरा जिले में उपकेंद्र स्तर तक नवीन गर्भनिरोधक साधनों अंतरा तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन एवं छाया साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली की सेवा उपलब्ध करवाने हेतु समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को आदेशित किया जा चुका है।इस पखवाड़े में ये भी ध्यान रखा जायेगा कि प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर कंडोम बॉक्स अवश्य स्थापित हो जाए।

सूर्या क्लिनिक पर आयोजित शिविर में पंद्रह महिला नसबंदी और जिला चिकित्सालय में दो पुरुष पुरुष नसबंदी हुई। रैली में नोडल अधिकारी , डॉ चित्रेश निर्मल, डॉ भूदेव, डॉ गोपाल बाबू, डॉ अनुज चौधरी , डॉ बिमल उपाध्याय, सतीश राजपूत, एएनएम एवम आशाएं मौजूद रहे ।

इस मौके पर हौसला साझेदारी के अंतर्गत कार्य करने वाली संस्था जननी सूर्या क्लिनिक पर भी विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का उद्घाटन सहायक नोडल अधिकारी डॉ. चित्रेश निर्मल द्वारा फीता काटकर किया गया और इच्छुक लाभार्थियों को गुणवत्तापरक सेवा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान डॉ. रोहतास , यूपीटीएसयू की जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ सविता पांडेय, जितेंद्र सिंह (जिला प्रबंधक जननी सूर्या क्लिनिक) एवम समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## सनातन संस्था द्वारा देशभर में 154 स्थानों पर गुरु पूर्णिमा 9 भाषाओं में आनलाइन मनाया जाएगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।सनातन संस्था द्वारा देशभर में 154 स्थानों पर 'गुरुपूर्णिमा महोत्सव'य 9 भाषाओं में ऑनलाइन महोत्सव ! धर्मनिष्ठ समाज निर्मिति के लिए 'गुरुपूर्णिमा महोत्सवों' में सम्मिलित होइए ! – सनातन संस्था का आवाहन गुरु–शिष्य परंपरा' हिन्दू धर्म की अद्वितीय श्रेष्ठ परंपरा है । राष्ट्र और धर्म संकट में होते हुए सुव्यवस्था बनाने का महत्त्कार्य गुरु–शिष्यों ने किया है, ऐसा भारत का गौरवशाली इतिहास है । जिस काल में अधर्म मचा हुआ था, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन द्वारा, आर्य चाणक्य ने सम्राट चंद्रगुप्त द्वारा और छत्रपति शिवाजी महाराज ने संत तुकाराम महाराज एवं समर्थ रामदासस्वामी की कृपा से आदर्श धर्माधिष्ठित राज्य स्थापित किया ।आज भी राष्ट्र और धर्म की दुरावस्था हो गई है, इस पर एक मात्र उपाय है हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करना । हिन्दू राष्ट्र अर्थात धर्मनिष्ठ समाज निर्मिति के लिए प्रयास करना, यह कालानुसार उत्तम गुरुसेवा ही है । यह संदेश देने के लिए 'सनातन संस्था' द्वारा इस वर्ष 13 जुलाई 2022 को हिन्दी, मराठी, गुजराती, कन्नड, तमिल, तेलुगु, मलयालम, बंगाली आदि भाषाओं में देशभर में 154 स्थानों पर प्रत्यक्ष तथा 9 भाषाओं में 'ऑनलाइन' गुरुपूर्णिमा महोत्सवों का आयोजन किया गया है । दिल्ली, एन. सी. आर. में निम्नलिखित 3 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है । सर्व राष्ट्र और धर्म प्रेमी हिन्दू सपरिवार उपस्थित रहकर इस अमूल्य उत्सव का लाभ उठाएं, ऐसा आवाहन सनातन संस्था द्वारा किया गया है ।13 जुलाई (बुधवार) को होने वाले गुरुपूर्णिमा महोत्सव का विवरण रूनई दिल्ली – श्री गीता भवन मंदिर, मालवीय नगरय समय रू सायं 5.00 से 7.00 फरीदाबाद – श्री रघुनाथ मंदिर, सेक्टर 28य समय : सायं 5.15 से 7.15 नोएडा – प–19, ईशान म्यूजिक सेंटर, सेक्टर 12य समय रू सायं 5.15 से 7.15यसनातन संस्था की कु. कृतिका खत्री ने कहा कि, गुरुपूर्णिमा पर गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा अनादि काल से चली आ रही है । गुरुपूर्णिमा पर गुरुतत्त्व अन्य दिनों की अपेक्षा एक सहस्र गुना अधिक कार्यरत होता है । इस गुरुतत्त्व का लाभ समाज उठा पाए, इस उद्देश्य से 'गुरुपूर्णिमा महोत्सवों' का आयोजन किया गया है । इस महोत्सव में श्री व्यासपूजन और प.पू. भक्तराज महाराजजी की प्रतिमा का पूजन (गुरुपूजन)य समाज, राष्ट्र और धर्म के संबंध में मान्यवरों के विचार तथा 'धर्मनिष्ठ समाज की निर्मिति और धर्माधिष्ठित हिन्दू राष्ट्र स्थापना की आवश्यकता' इस विषय पर भी मान्यवर वक्ताओं का विशेष मार्गदर्शन होनेवाला है । इस वर्ष दिल्ली, एन. सी. आर. में होनेवाली गुरुपूर्णिमा में दिल्ली में हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु डॉ चारूदत्त पिंगळे व अधि. श्री उमेश शर्मा, फरीदाबाद में श्री नरेन्द्र सुर्वे व श्री जगदीश चौधरी तथा नोएडा में कु. कृतिका खत्री व सुप्रीम कोर्ट की अधि. श्रीमती मणि मित्तल मार्गदर्शन करनेवाले हैं । इस महोत्सव में सनातन संस्था के संस्थापक



परात्पर गुरु डॉ. आठवलेजी के मार्गदर्शन का वीडियो भी दिखाया जाएगा । इस महोत्सव में धर्म, अध्यात्म, साधना, बालसंस्कार, आचारधर्म, आयुर्वेद, प्राथमिक उपचार, स्वसुरक्षा, हिन्दू राष्ट्र आदि विविध विषयों पर ग्रंथप्रदर्शनी तथा राष्ट्र–धर्म विषयक फलकप्रदर्शनी लगाई जानेवाली है ।इसके साथ ही 9 भाषाओं में 'गुरुपूर्णिमा महोत्सव' सनातन संस्था के 'यू–ट्यूब चौनल्स' पर प्रसारित किया जाएगा । गुरुपरंपरा का महत्त्व समाजमन पर अंकित करने, समाज को साधना के लिए प्रेरित करने तथा धर्मनिष्ठ समाज की निर्मिति के लिए गुरुपूर्णिमा में सम्मिलित होइए, ऐसा आवाहन सनातन संस्था द्वारा किया गया है । (कु. कृतिका खत्री, सनातन संस्था, दिल्ली)

## सीज किए गए कोडीन सिरप मामले में जांच हुई शुरू, चौंकाने वाला सच आया सामने

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।मथुरा में औषधि विभाग द्वारा सीज किए गए कोडीन सिरप मामले में जांच प्रारंभ हो गई है। इस मामले मथुरा और अलीगढ़ औषधि विभाग मिलकर जांच कर रहा है। जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को अलीगढ़ के जिस मेडिकल स्टोर का बिल मिला था, उसके लाइसेंस स्थल पर मकान बना मिला है। बता दें शनिवार को औषधि निरीक्षक एके आनंद ने पुलिस के साथ गोवर्धन चौराहे पर चेकिंग के दौरान टाटा मैजिक को पकड़ा था, जिसका चालक मौके से फरार हो गया। मैजिक में 60 हजार की कीमत के 25 कार्टूनों में 3000 सीरप कोडीन के मिले थे। वहीं गाड़ी में सिरप के बिल भी मिले थे। यह बिल शाहिर मेडिकल अलीगढ़ के नाम से था। बिल के अनुसार शाहिर मेडिकल अलीगढ़ ने कोसी के गनपति मेडिकल के लिए ये दवाएं भेजी थीं। इस प्रकरण की औषधि विभाग ने जांच शुरू कर दी है। डीआई ने इसकी सूचना अलीगढ़ मंडल के सहायक आयुक्त औषधि पूरन सिंह को दी। सहायक आयुक्त ने पुलिस के साथ अलीगढ़



के लाइसेंस स्थल पर छापा मारा। यहां शाहिर मेडिकल स्टोर में मकान बना मिला। वहां कोई मेडिकल स्टोर नहीं था। लोगों ने बताया कि दवा का काम करीब एक वर्ष पूर्व ही बंद किया जा चुका है। डीआई आनंद ने जब कोसी के गनपति मेडिकल स्टोर संचालक से पूछताछ की कि तो बताया गया कि उन्होंने कोई माल नहीं मंगाया।

## गिरिराज जी के जयकारों से गूंजने लगी तलहटी एकादशी की पूर्व संध्या पर परिक्रमा को उमडे भक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।मथुरा के गोवर्धन में मुड़िया मेला में अब श्रद्धालु का सैलाब उमड़ने लगा है। शनिवार को गिरिराज का परिक्रमा मार्ग आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आया। गिरिराज महाराज के जयकारों से गिरिराज तलहटी गूंज उठी। परिक्रमा ही नहीं गोवर्धन को जाने वाले मार्गों पर भी श्रद्धालुओं का यह सैलाब देखने को मिला। आठ जुलाई से मुड़िया पूर्णिमा मेला शुरू हो गया है। देव शयनी एकादशी की पूर्व संध्या पर शनिवार को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। गिरिराज तलहटी में हर तरफ श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आने लगा। दानघाटी मंदिर में पूजा अर्चना कर गिरिराज परिक्रमा शुरू हो गई। पहले दिन ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर सामने आ गई। परिक्रमा मार्ग पर कई लाइटें बंद होने से अंधेरा छाया रहा। परिक्रमा मार्ग में फैली पड़ी कंक्रीट से श्रद्धालुओं के पैर घायल हो गए। दिल्ली से आई भावना शर्मा ने बताया कि 10 साल से मुड़िया मेला पर गिरिराज जी की



परिक्रमा लगाने आ रहे हैं। इस बार पहले जैसी व्यवस्थाएं नहीं है। कई जगह अंधेरा है। परिक्रमा मार्ग पर कंक्रीट पड़ी हैं, जिससे पैर घायल हो गए हैं, यहां तक कि रोडवेज की बसों का टोटा पड़ गया।

## डीएम-एसएसपी एक ही बाइक पर हुए सवार, परिक्रमा मार्ग पर देखीं सुरक्षा व्यवस्थाएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।मथुरा गोवर्धन में मुड़िया मेले की व्यवस्थाओं को लेकर एसएसपी और डीएम सख्त नजर आ रहे हैं। शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ते देख डीएम–एसएसपी एक ही बाइक पर सवार होकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निकल पड़े। एसएसपी अभिषेक यादव बाइक चला रहे थे, तो वहीं डीएम नवनीत चहल उनके पीछे बैठे हुए थे। दोनों ही अधिकारियों ने परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा पॉइंट पर ड्यूटियां चेक कीं। दोनों अधिकारियों के एक साथ बाइक पर आने से पुलिस और प्रशासन के अधीनस्थ अधिकारियों में खलबली मची रही। हालांकि उनके निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं।

इससे पूर्व कमिश्नर अमित गुप्ता ने डीएम नवनीत सिंह चहल, एसएसपी अभिषेक यादव, विप्रा उपाध्यक्ष नगेंद्र प्रताप सहित के साथ शनिवार को गोवर्धन पहुंच कर मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पार्किंग स्थल, परिवहन निगम की बसों के संचालन व्यवस्था को गहनता से परखा। निगम की बसों के संचालन की स्थिति को लेकर नाराजगी जताई। एसएसपी अभिषेक यादव ने मथुरा की



ओर से आने वाले वाहनों को महमदपुर बाईपास होते सौंख की ओर निकालने के निर्देश परिवहन निगम और पुलिस अधिकारियों को दिए। कमिश्नर अमित गुप्ता ने बताया कि मुड़िया मेला की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराई जा रही हैं। श्रद्धालु भक्तों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर एडीएम विजय शंकर दुबे, एसपी श्रीशचंद्र, एसपी ट्रैफिक, एडीएम वित्त योगाननद पांडेय, एसडीएम संदीप वर्मा, सीओ गौरव त्रिपाठी, एआरएम नरेश गुप्ता, राहुल शर्मा, डीपीआरओ किरन चौधरी आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में एकादशी पर जुटेंगे 10 लाख श्रद्धालु, 3 हजार पुलिसकर्मियों की लगी डयूटी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संजू पटेल रिपोर्टर मथुरा

मथुरा ।मथुरा के गोवर्धन में गुरु (मुड़िया) पूर्णिमा मेले में एकादशी पर रविवार को 10 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे। सुरक्षा के लिए 3 हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। मेला क्षेत्र में 35 वॉच टावर बनाए गए हैं। प्रमुख सड़कों से लेकर मंदिरों तक और मंदिरों से लेकर परिक्रमा मार्ग तक हर जगह सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मेला 8 जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा।



इन दिनों में एक करोड़ श्रद्धालु जुटेंगे। एक करोड़ लोग गोवर्धन की 21 किलोमीटर की परिक्रमा में शामिल होंगे। मथुरा के गोवर्धन में गुरु पूर्णिमा मेले का विशेष महत्व है। यहां आषाढ़ की एकादशी से गुरु पूर्णिमा तक श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। देश–विदेश से आने वाले भक्त अपने आराध्य गोवर्धन नाथ के दर्शन करते हैं और 21 किलोमीटर की परिक्रमा देते हैं। गुरु पूर्णिमा मेले को लेकर पूरे मेला क्षेत्र को पुलिस ने 9 सुपर जोन, 65 सेक्टर और 23 जोन में डिवाइड किया गया है।

### मथुरा पुलिस ने गैंगस्टर के खिलाफ की कार्यवाहीःदोनों गैंगस्टर के मकान को किया कुर्क, 1करोड़ 90 लाख की संपत्ति की जब्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।मथुरा के थाना शेरगढ़ पुलिस ने झंघावली गांव के रहने वाले युनुस के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसकी संपत्ति को कुर्क कर लिया। युनुस की कुर्क की गई संपत्ति की कीमत 70 लाख रुपए है। पुलिस ने युनुस का गांव में बना 292 वर्ग मीटर का पक्का मकान कुर्क कर लिया। मथुरा पुलिस गैंग बनाकर अपराध करने वाले माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। मथुरा की थाना शेरगढ़ पुलिस ने दो गैंगस्टर के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनकी संपत्ति को जब्त कर लिया। पुलिस द्वारा कुर्क की गई संपत्ति की कीमत 1 करोड़ 90 लाख रुपए है। गैंगस्टर युनुस उर्फ इन्नस वर्ष 2021 से लगातार संगीन वारदातों को अंजाम दे रहा था। युनुस गैंग बनाकर वाहन चोरी,अवैध शराब की तस्करी कर रहा था। युनुस के खिलाफ थाना शेरगढ़ में 3 मुकदमे दर्ज हैं। युनुस ने गैंग बनाकर वारदातों को अंजाम दिया और अवैध रूप से आर्थिक लाभ लिया। युनुस ने गांव में 292 वर्ग मीटर में पक्का मकान बना लिया था। थाना शेरगढ़ पुलिस ने दूसरी कार्यवाही झंगावाली गांव के ही रहने वाले शातिर अपराधी सुवेदीन के खिलाफ की। पुलिस ने सुब्बा का गांव में 650 वर्ग मीटर में बना आलीशान मकान कुर्क कर लिया। पुलिस द्वारा कुर्क किए गए मकान की कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपए है। पुलिस ने सुब्बा के खिलाफ यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवम समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के तहत की। शातिर अपराधी सुब्बा के खिलाफ थाना शेरगढ़ में वाहन चोरी,अवैध शराब की तस्करी के 4 मुकदमे दर्ज हैं। सुब्बा अपने गैंग का लीडर है। सुब्बा ने गैंग बनाकर वाहनों की चोरी,शराब तस्करी की वारदातों को अंजाम दिया और अवैध रूप से आर्थिक लाभ लेते हुए संपत्ति अर्जित की। गैंगस्टर सुब्बा और युनुस के खिलाफ कार्यवाही करने गई टीम में छाता एसडीएम की मौजूदगी में की। पुलिस ने पहले दोनों के मकान पर पहुंच कर मुनादी की और फिर वहां संपत्ति कुर्क करने का बैनर लगा दिया।





### बड़ा बाजार परिक्रमा मार्ग पर बैरिकेडिंग लगाने से नाराजगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। गोवर्धन में मुड़िया मेले के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा वर्षों पुरानी व्यवस्था में किए गए बदलाव से व्यापारियों में रोष है। पुलिस अधिकारियों ने जिम्मेदारी से बचने के लिए बड़ा बाजार परिक्रमा मार्ग को श्रद्धालुओं के लिए बैरिकेडिंग कराकर डीग अड्डे से बरसाना मार्ग होते परिक्रमा पर डायवर्ट किया है। व्यापारियों का कहना है कि इससे व्यापार प्रभावित होगा। वहीं, मेलाधिकारी एडीएम प्रशासन ने अनभिज्ञता जाहिर कर मामला एसडीएम पर डालते हुए इससे पल्ला झाड़ लिया। शनिवार को पुलिस प्रशासन ने भीड़ के दबाव को देखते हुए सदियों पुरानी परंपराओं को बदल कर श्रद्धालुओं को परेशानी में डाल दिया है। पुलिस प्रशासन ने जतीपुरा मार्ग से जोड़ती छोटी परिक्रमा के बड़ा बाजार वाले मार्ग को बैरिकेडिंग कराकर डीग अड्डे से बरसाना मार्ग होते परिक्रमा मार्ग को डायवर्ट किया है। व्यापारी नेता संजीव खंडेलवाल ने बताया कि पहले परिक्रमार्थी बड़ा बाजार लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने से गुजरते थे लेकिन अब प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी है। इससे परिक्रमा भी लंबी होगी और श्रद्धालुओं के साथ–साथ व्यापार भी प्रभावित होगा। मेलाधिकारी ने परंपरागत परिक्रमा मार्ग नहीं खोला तो व्यापारी आंदोलन करेंगे।



### मुड़िया मेला में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को लगा मोबाइल का रोग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।मथुरा के गोवर्धन में मुड़िया मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में 2368 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मेला शुरू होते ही कई पुलिसकर्मी रात में ड्यूटी प्वाइंट से गायब हो गए। मंदिरों में तैनात पुलिस और पीएसी के जवान मोबाइल फोन पर गेम खेलने में व्यस्त देखे गए। इससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा रामभरोसे प्रतीत हो रही है। एसएसपी अभिषेक यादव की ब्रीफिंग से बाहरी जनपदों से आए पुलिसकर्मियों ने कोई सबक नहीं लिया है। पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट हैं, लेकिन ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मी अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने में लगे हैं। शुक्रवार को देर रात एसएसपी अभिषेक यादव ने ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों की हकीकत जानी, तो कई पुलिसकर्मी गायब मिले। लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र को दिए हैं। कस्बा चौकी इंचार्ज चंद्रवीर सिंह ने ड्यूटी से गायब पुलिसकर्मियों की अनुपस्थित थाने में दर्ज कराई है। सुरक्षा की दृष्टि से विशेष महत्व पूर्ण प्वाइंट मानसी गंगा मुकुट मुखारबिंद मंदिर पर तैनात पुलिस एवं पीएसी के जवान कानों में लीड लगा कर मोबाइल में व्यस्त हैं। उन्हें श्रद्धालुओं की सुरक्षा से शायद कोई सरोकार नहीं है। सीओ गोवर्धन गौरव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बढ़ा दी गई है। ड्यूटी प्वाइंट चेक कराए जा रहे हैं। लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मंदिरों में डॉग स्क्वैड लगाए गए हैं। एलआईयू टीम सक्रिय है।



## श्रीदत्तगंज विकासखंड के अंतर्गत श्री सोमनाथ मंदिर पर धर्म ध्वजा धारी परिषद की मासिक बैठक आयोजित की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामुर)। रविवार को श्रीदत्तगंज विकासखंड के अंतर्गत श्री सोमनाथ मंदिर पर धर्म ध्वजा धारी परिषद की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में धर्म ध्वजा धारी परिषद के पदाधिकारियों की ग्राम व न्याय पंचायत स्तर पर नियुक्ति किया गया।इस मौके पर राम प्रकाश ज्वेलर्स जिला अध्यक्ष धर्म ध्वजा धारी परिषद नंदकुमार , अजीत सिंह ,दीपक चौधरी , लालता प्रसाद राजपूत , विजय कश्यप , सूरज सिंह, प्रखर गुप्ता, राजन , महंत सोमनाथ मंदिर प्रमोद मिश्रा , आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस विशेष अवसर पर उतरौला नगर का दायित्व प्रखर गुप्ता को नगर अध्यक्ष धर्म ध्वजा धारी परिषद नियुक्त किया गया व अन्य ग्राम व न्याय पंचायत स्तर पर अध्यक्ष व प्रभारी की नियुक्ति कर उनको दायित्व सौंपा गया।



## घर गांव से निकलकर अच्छे सड़क मार्ग व नहर पट्टी पर मिलकर एक साथ समय के अनुसार तैयारी करने में लगे

कानपुर। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही देश रक्षा योजना के नाम से नई योजना अग्निवीर भर्ती के अंतर्गत देश के युवा नौजवान अपनी देश रक्षा के लिए अपना योगदान देने के लिए भर्ती की तैयारी में प्रतिदिन कड़ी मेहनत व मशक्कत के साथ लगे हुए हैं वही प्रतिदिन प्रातः कालीन घर गांव से निकलकर अच्छे सड़क मार्ग व नहर पट्टी पर मिलकर एक साथ समय के अनुसार तैयारी करने में लगे हुए हैं देश के युवाओं के लिए नई पहल लेकर केंद्रीय योजना या यूं कहें केंद्र सरकार की योजना अग्निवीर भर्ती 2022 चलाई गई है जिसमें युवाओं के द्वारा अपनी योग्यता व क्षमता के आधार पर भर्ती होकर देश की रक्षा करने की सौगंध लेकर भर्ती योजना का स्वागत कर रहे हैं इसी कड़ी में कानपुर महानगर के थाना सचेंडी अंतर्गत गांव विनौर के युवाओं द्वारा नहर पट्टी पर कसरत व दौड़ को प्रतिदिन मेहनत के साथ कर रहे कर रहे थे कि आज दिनांक 10 जुलाई 2022 को थाना अध्यक्ष सचेंडी विनोद कुमार सिंह अपने क्षेत्र मैं अग्नि वीरो की सुरक्षा एवं बकरीद के अवसर पर किसी प्रकार की असुविधा व अशांति न उत्पन्न हो इसी को लेकर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे की गश्त के दौरान ही राह चलते अग्निवीर भर्ती योजना के अंतर्गत नौजवान नहर पट्टी पर दौड़ लगा रहे थे जिन्हें रोककर थानाध्यक्ष सचेंडी विनोद कुमार सिंह ने उन्हें अग्निवीर भर्ती योजना के अंतर्गत सुझाव एवं कुछ नए टिप्स देकर उनकी मेहनत व मशक्कत के साथ परीक्षा में सफलता हेतु प्रश्नों को उनके समक्ष रखकर योग्यता संबंधी एवं भर्ती में सफलता पाने के लिए उन्हें उत्साहित किया गया साथ ही रुक कर उन सभी युवाओं को जिनकी कुल संख्या 36 थी जो थाना बिनौर गांव के निवासी थे उन्हें पूरी सुरक्षा एवं साहस के साथ तैयारी में साथ है बने रहने का आश्वासन दिया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की बधाई दी और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी प्रकार से असुविधा होने पर आप संपर्क कर सकते हैं थाना अध्यक्ष सचेंडी विनोद कुमार सिंह द्वारा सहयोग करने वाले पुलिस अधिकारी को क्षेत्रीय लोगों द्वारा एवं युवाओं के द्वारा उनकी प्रशंसा की गई थानाध्यक्ष सचेंडी विनोद कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक विमल सिंह एवं चौकी प्रभारी रणधीर सिंह के साथ अन्य पुलिस वालों मौजूद रहा।



## नही थम रहा जनपद में ओवरलोड वाहनों का आवागमन, आखिर कब बन्द होगा ये सिलसिला



चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा। जनपद में कई अधिकारी आये कई अधिकारियों का गैर जनपद स्थानांतरण हुआ लेकिन खनन के ओवरलोड वाहनों को रोकने में प्रशासन हर बार की तरह इस बार भी फेल होता नजर आ रहा है। इन वाहनों को ए आर टी ओ व खनन का कोई भी खौफ नही है। उ.प्र. व म.प्र. को जोड़ने बाला मुख्य मार्ग भिंड इटावा सीमा के चम्बल पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण प्रशासन द्वारा रुट डायवर्ट कर भारी वाहनों का आवागमन चकरनगर सहसों बकेवर द्वारा किया गया था लेकिन कुछ दिन बाद ही उस मार्ग पर ज्यादा भारी वाहनों के आवागमन के कारण सहसों रोड पर चम्बल पुल के पास बनी ढकरा की पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण अब जिला प्रशासन द्वारा रूट को एक बार पुनः दूसरे मार्ग द्वारा डायवर्ट किया गया है जो कि पांडरी बाबा से होते हुए जिला जालौन की कुछ सीमा होते हुए जनपद औरैया से निकलकर जनपद इटावा में प्रवेश कर रहे हैं जो कि भार क्षमता से कई टन ओवरलोड हैं जिससे कि सड़कों के पुनः क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ किसी भी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। जनपद के नवनियुक्त तेज तर्रार जिलाधिकारी अवनीश कुमार को आये कुछ दिन ही हुए हैं लेकिन उन्होंने हर विभाग को पूर्ण रूप से टाइट कर रखा है। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा इन ओवरलोड वाहनों पर क्या कार्यवाही होती है।

## संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल का हुआ शुभारम्भ

अनिल कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स भरथना, इटावा। जनपद में कस्वा भरथना के उद्योगपति अजय कुमार गुल्लू यादव ने कहा है कि वर्तमान आधुनिक समय और फैशन के दौर में नवयुवक अपनी संस्कृति परंपराओं के साथ छोटे बड़े का लिहाज करना भूलते जा रहे है,जिसके कारण हमारा देश भारतीय संस्कृति खोता जा रहा है। उन्होंने बताया जबकि विश्व मे भारत देश की प्रथम पहिचान उसकी अपनी संस्कृति है। उद्योगपति श्री गुल्लू यादव सोमवार को भरथना नगर के मोहल्ला ब्रजराज नगर अवध राइस मिल के निकट विशाल ग्राउण्ड में वातानुकूलित नवनिर्मित भव्य भवन में संचालित हुए संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल के शुभारम्भ अवसर पर पहुँचे थे।

उन्होंने स्कूल के प्रथम दिन माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पहार पहनाकर स्कूल का शुभारम्भ करते हुए कहा है कि शिक्षण संस्था ज्ञान का मन्दिर होता है धन अर्जित करने का साधन नही,श्री गुल्लू यादव ने कहा है धन अर्जित करने के लिए व्यापार है,इस संस्था का उद्देश्य भारतीय सभ्यता संस्कार और बड़े–छोटे का आदर सत्कार दिलाने के साथ संस्कारित शिक्षा दिलाना हैं। उन्होंने बताया कि शहर की प्रदूषित आवहवा से दूर पूर्ण सुरक्षित और आने जाने के लिए वाहन सुविधा के साथ वातानुकूलित नवनिर्मित भव्य भवन में संचालित संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल का मुख्य उदेश्य



छात्र–छात्राओं को शिक्षित बनाने के साथ गुडबान बनाना है। स्कूल के शुभारम्भ अवसर पर भरथना नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन रंजना यादव,उनके पुत्र अंकित यादव,सार्थक यादव, छोटू, भरथना प्रेस क्लब के महामंत्री विजयेन्द्र तिमोरी,राजेश यादव पण्डा, शिवांग कुमार के अलावा संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य साधना तिवारी,कैंब्रिज मोंटसरी प्री–स्कूल की प्रधानाचार्या निकेता यादव, भूपेश तिवारी,प्रफुल्ल कुमार, पीटीआई पवन यादव, शिवम शर्मा आदि शिक्षक,शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का हुआ आयोजन कक्षा आठ के 8 छात्रों को दी गई विदाई

ब्यूरो रिपोर्ट बलरामपुर
बलरामपुर! आज के विद्यार्थी कल का भविष्य है– आशीष उपाध्याय नगर में संचालित इंग्लिश मीडियम डिवाइन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। नगर के डिवाइन पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 के छात्र–छात्राओं द्वारा भाई बहनों का विदाई समारोह मनाया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष विद्यालय के प्रबंधक व निदेशक आशीष उपाध्याय रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले प्रबंधक आशीष उपाध्याय के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों को यह बताया गया कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। हम अपने बच्चों को शिक्षा देते हैं यह हमारे बच्चे शिक्षित होकर अपने माता पिता जनपद के साथ पूरे राष्ट्र का नाम रोशन करें, जिससे हम लोग उनका नाम लेने में गौरव महसूस करें। विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ मिलकर एक बड़ी तैयारी की जिससे स्कूल से जाने वाले बच्चे उन्हें हमेशा याद रखें वैसे भी डिवाइन पब्लिक स्कूल पढ़ाई के साथ साथ इस प्रकार के समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए शहर में प्रसिद्ध है। डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने हमेशा एक गुणवत्ता वान शिक्षा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है यह विद्यालय बच्चों की संपूर्ण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है यही कारण है शायद मात्र 5 साल का विद्यालय आज शहर की बुलंदियों पर पहुंचा है और हर अभिभावक डिवाइन पब्लिक स्कूल में अपने बच्चों का दाखिला दिलाना चाहता है प्रबंधक ने बच्चों को इस कार्यक्रम में उपहार वह मेडल देकर के बच्चों के उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की और उन बच्चों को अपने आगे भविष्य में सफल होने के लिए बहुत सारी बातों को भी बताया बच्चे इस प्रकार की विदाई पार्टी पाकर भाव भीन रहे प्रबंधक ने कहा आज हम जिन बच्चों को विदाई पार्टी दे रहे हैं वह असल में हमारी स्कूल के शुरुआती बच्चे थे एक लाइन में कहना था चाहे तो यह बच्चे विद्यालय के आधार थे और आज उनको अपने स्कूल से विदाई पार्टी देते खुशी भी हो रही युवा आगे अपने भविष्य को संवार एंगे और दुख इस बात का कि आज वह बच्चे आज हमसे दूर जा रहे हैं लेकिन इन बच्चों की भविष्य के लिए इस प्रकार का दुख सहन हर मां बाप का करतब होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विद्यालय की फाउंडर सरोज उपाध्याय के द्वारा यह बताया गया कि हम लोग डिवाइन पब्लिक स्कूल में बच्चों के पढ़ाई के साथ–साथ बच्चों को सबसे पहले राष्ट्रभक्त होने की शिक्षा देता है। इसके बाद ही हम लोगों के यहां भारतीय संस्कृति को सजाएं रखने के साथ–साथ बच्चों को सभी प्रकार की शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे हमारे बच्चे जहां भी रहे अपनी संस्कृति और सभ्यता कायम रखें।



हम लोग इसी मिशन के साथ डिवाइन पब्लिक स्कूल में बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं। आज यह बच्चे हमारे विद्यालय से दूसरे विद्यालयों में दाखिला लेने जा रहे हैं।
मैं इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं विदाई समारोह के इस अवसर पर वाणी सिंह अमित सिंह तमन्ना दुबे प्रतीक द्विवेदी अनुकृति श्रीवास्तव लोकेश कुमार देवेंद्र शुक्ला अफीफा जहरा अभिनव मिश्रा प्रदक्षिणा शुक्ला प्रांशु कुमार धीरज राय गौरव त्रिपाठी शंकर दुबे विभा सतीश कुमार यादव अखंड प्रताप सिंह राहुल त्रिपाठी शिवांश उमा सिंह महिमा चौहान साक्षी जोशी रितिशा उपाध्याय अंशिका सिंह सिवान श्रीवास्तव अंशिका तिवारी प्रभात तिवारी प्रतिभा पांडे आदि बच्चे मौजूद थे समारोह के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन मिश्रा जूली पांडे मानसी श्रीवास्तव पूर्णिमा मिश्रा एकता दरक्षा शालिनी अनामिका आभा मिश्राअदिति सिंह उषा प्रवेश अफरीन रेनू स्वयंप्रभा सुनीता मिश्रा पल्लवी रोहित अंजू पूजा रावत खुशबू आराधना सिंह आदि अध्यापकों ने अपना अहम भूमिका निभाई विदाई समारोह के अंत में प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने सभी आए हुए बच्चों अतिथियों अध्यापकों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एबीवीपी के संयुक्ततत्वाधान में वृक्ष मित्र अभियान का हुआ आयोजन

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरिओम द्विवेदी कानपुर। कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा सोमवार को नगर निगम स्थित प्रमिला सभागार में कानपुर नगर निगम एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में वृक्ष मित्र अभियान एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। की गई। इस कार्यक्रम में डा0 वी0के0 सिंह उद्यान अधीक्षक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तरुण बाजपेई, ईयांशी तोमर, सौम्या राय, शुभी, नेहा वर्मा, विजया, आदित्य गजराज, सानुज, वैभव, दिग्विजय, वैभव राजावत, अविनाश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट, पशु संरक्षण, परिवारों में पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही जी ने छात्र–छात्राओं को चरित्र निर्माण, दुनिया की वैश्विक चुनौतियों व देश को आजाद कराने वाले ज्ञात–अज्ञात हुतात्माओं की जानकारी दी, वृक्ष मित्र अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा की इस अभियान के अंतर्गत देश भर में एक करोड़ वृक्ष लगाने की योजना है अभियान के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को वृक्ष मित्र बनाया जाएगा व युवाओं में पर्यावरण के प्रति सजगता बढ़ाने की ओर यह अभियान अपरिहार्य योगदान देने वाला होगा।

पंजीकरण के माध्यम से छात्र समुदाय से अभियान के लिए स्वयंसेवकों के रूप में जुड़ने का आह्वान किया गया है जैसे विषयों पर चर्चा की। प्रांत मंत्री विक्रांत अग्निहोत्री ने बताया कि अभाविप के 74 वें स्थापना दिवस को सभी परिसरों में इकाइयों में मनाया जा रहा है, इस वर्ष स्वर्णिम संयोग के तहत जब भारत अपने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है तब अभाविप भी अपने स्थापना के 75 वर्ष में प्रवेश कर रही है जिससे छात्रों में उत्साह है विभाग प्रमुख डॉ. सुनील सिंह ने बताया देश के सभी परिसरों में उपस्थिति रखने वाले तथा छात्रों के मध्य सहृदय स्वीकृत विश्व के सबसे बड़ा छात्र संगठन के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज विश्व के सामने स्थापित है। देश भर के शिक्षण संस्थानों एवं नगरों में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं संगोष्ठियों के माध्यम से, विद्यार्थी परिषद के विचार को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन विभाग संयोजक अविरल मिश्रा द्वारा किया गया। नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम स्थित राजीव वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया गया।



## शहर विकास कार्य में लापरवाही पर नगर निगम ने बनाई काली सूची

अयोध्या टाइम संवाददाता। हरिओम कानपुर। कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त श्री शिवरशरणप्पा जी0एन0 द्वारा विभिन्न तिथियों में किये गये निरीक्षण के दौरान निम्नांकित कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जोन–4 के अन्तर्गत वार्ड 4 में ग्वालटोली में सीतामऊ नाले 12/480 के पीछे पुराना ऑफिस से मेन रोड तक सड़क का सुधार कार्य मे0 बीनू इंटरप्राइजेज द्वारा कराया जाना था,जिसके क्रम में समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ठेकेदार को 10.05.2021 को सूचना पत्र दिया गया था, परंतु 1 वर्ष से अधिक की अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत भी ठेकेदार द्वारा स्थल पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। इसी प्रकार इसी वार्ड में अन्य विकास कार्य की जानकारी करने पर पाया गया कि ग्वालटोली में शनि देव मंदिर के पास रेलिंग लगाई जाने का कार्य 1 वर्ष पूर्व से लंबित है, जो कि मे0 बीनू इंटरप्राइजेज को ही कराया जाना था। ग्वालटोली के अंतर्गत बर्तन वाली गली में 12/74 से 12/90 तक सड़क की मरम्मत का कार्य विगत 1 वर्ष से लंबित है, यह कार्य ब्लू इंटरप्राइजेज द्वारा पूर्ण कराया जाना था। इस प्रकार की स्थिति देखकर नगर आयुक्त द्वारा संबंधित क्षेत्र के अवर अभियंता को कड़ी फटकार लगाई एवं तत्काल अवर अभियंता का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ संबंधित ठेकेदार मे0 बीनू इंटरप्राइजेज को इनकी जमानत जब्त करते हुए काली सूची में दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने कहा कि इस वार्ड में पूर्व चार कार्य प्राप्त किए गए थे, जिस के क्रम में 1 वर्ष की अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत भी सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, जबकि विभाग द्वारा समय समिति सूचना पत्र जारी कर इन्हें कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया परंतु उक्त के उपरांत भी इनके द्वारा आदेशों की निरंतर मिलना की गई अवहेलना की गई इस प्रकार काली सूची में दर्ज होने के उपरांत ऐसे अन्य ठेकेदारों को भी यह संदेश दिया जाएगा कि कार्य को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पर मानव के अनुरूप पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा कठोर कार्यवाही के लिए तैयार रहे।

इसी प्रकार जोन–6 वार्ड–35 कल्याणपुर उत्तरी के अन्तर्गत पनकी रोड से जितेन्द्र सोनकर के मकान तक इण्टरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क के सुधार कार्य में भी सम्बन्धित ठेकेदार मे0 एस0बी0एम0 कान्सट्रक्शन द्वारा 09 माह व्यतीत होने के उपरान्त अनुबन्ध की कार्यवाही नही की गयी, जिसके कारण विकास कार्य प्रारम्भ नही हो सका। इस सम्बन्ध में भी नगर आयुक्त द्वारा जमानती धनराशि रू0 86143/– के सापेक्ष रू0 1.00 लाख जब्त करते हुए पुनःनिविदा के आदेश मुख्य अभियन्ता को दिये गये।

## आलोक रंजन पान्डेय भाजपा आईटी के जिला संयोजक बनें क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंम्बक तिवारी एंव जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह के उपस्थिति में आलोक रंजन पाडे जी को जिला आईटी संयोजक की जिम्मेदारी दी गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता बलरामपुर! भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह आलोक रंजन पांडे को जिला आईटी संयोजक की नई जिम्मेदारी दी आलोक रंजन पान्डेय एक जिम्मेदार कर्मठ कुशल आईटी के पूर्ण जानकारी के ज्ञाता और भाजपा के युवा नेता हैं आलोक रंजन पांडे आईटी विभाग जिला आईटी संयोजक के पद पर रहकर भाजपा को एक नई मजबूती प्रदान करेंगे इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू एंव बिन्दू विश्वकर्मा,भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरूण,मंन्जू तिवारी बच्चा शुक्ला,बृज गोपाल पान्डेय व अन्य भाजपा पदाधिकारी ने बधाई शुभकामनाएं दी।



## जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता बलरामपुर। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर जनपद मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन द्वारा सौंप गए ज्ञापन के अनुसार भारत विश्व की १८ प्रतिशत जनसंख्या का वहन कर रहा है जबकि भारत के पास विश्व का 2.4 प्रतिशत भू भाग है यही कारण है कि सरकार के तमाम उपायों के बावजूद भी देश में बेरोजगारी और गरीबी की समस्या बढ़ रही है।

जनसंख्या नियंत्रण की मांग कर लेकर संगठन द्वारा देश के 22 राज्यों और 400 से अधिक जनपदों में अभियान चलाया जा रहा है धरना प्रदर्शन में जितेंद्र सिंह अजय सैनी,शिवजीत सिंह,मुन्ना तिवारी,धर्मपाल,विजय वर्मा,पंकज सिंह,आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## धर्मगुरूओं के साथ वृक्षारोपण तथा औषधीय वृक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)। सोमवार को उतरौला विधानसभा क्षेत्र के सादुल्लाह नगर मण्डल मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाह्न पर व जिलाध्यक्ष के आदेशानुसार वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 के तत्वाधान मे जामिया उम्मुल खेर गर्ल्स कॉलेज मोहनडीह खरिका व मदरसा जामिया मखदूमिया रिजविया अमीनपुरवा झुडिया रामपुर अरना मे तमाम धर्मगुरूओं के साथ वृक्षारोपण तथा औषधीय वृक्षारोपण कर वहा उपस्थित सभी धर्मगुरूओ से वृक्ष लागाने का अनुरोध किया इस मौके पर सादुल्लाहनगर मण्डल अध्यक्ष सलमान खान व बकरीदी शाह , निसार अहमद व गुलाम हसन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## ईदुल अजहा (बकरीद)का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग व परंपरागत तरीके से मनाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)। क्षेत्र में ईदुल अजहा(बकरीद)का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग व परंपरागत तरीके से मनाया गया। मुस्लिम धर्म के लोगों ने ईदगाह में ईदुल अजहा की नमाज पढ़ी और इस दौरान देश के अम्नों अमान व खुशहाली की दुआ मांगी गई। रविवार को सुबह मुस्लिम समाज के लोगों नहा धोकर नये नये वस्त्र पहनकर इत्र खुशबू लगाकर ईदगाह की तरफ रवाना हुए ईदगाह पहुंचकर इमाम के पीछे दो रकआत ईदुल अजहा की नमाज अदा की।नमाज के अंत में सभी लोगों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क के अम्नों अमान व तरक्की की दुआ मांगी गई। घर पहुंचकर रब की रजा के लिए जानवरों की कुर्बानी की। इस मौके पर तरह तरह के पकवान बनाकर अपने दोस्त अहबाब व रिस्तेदारों को खिलाया यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।बकरीद का त्यौहार सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी ईदगाहों पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे।

## भरथना में हुआ पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रदर्शनी (नुमाइश) का उद्घाटन

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स भरथना, इटावा। जनपद के कस्वा भरथना में पं०दीन दयाल उपाध्याय प्रदर्शनी का राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया अवलोकन भरथना में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नुमायश प्रदर्शनी का उत्तर–प्रदेश सरकार में महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने फीता काटकर शुभारम्भ किया है। आपको बतादें भरथना नगर के जबाहर रोड़ पर केई वर्षों से लगातार लगने बाली नुमायश प्रदर्शनी का प्रदेश सरकार में महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने फीता काट कर शुभारम्भ किया है। इस अवसर पर नुमायश प्रदर्शनी संचालक धीरज जैन व मो०आशिफ सहित प्रदर्शनी में लगी दुकानों और खेल तमाशा बाले व्यापारियों ने प्रतीक चिन्ह चांदी का मुकुट पगड़ी अंग बस्त्र भेंट कर सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत सम्मान किया। इससे पूर्व प्रदर्शनी का फीता काटकर उदघाटन करने पहुँची उदघाटन समारोह की मुख्यातिथि श्रीमति शुक्ला के स्वागत सम्मान में बैंडबाजा की मधुर धुन और जोरदार आतिशबाजी चला कर स्वागत सम्मान किया गया।



## मिट्टी का अवैध खनन कर रहे खनन माफियाओं पर खनन विभाग की बड़ी कार्यवाही

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इकदिल ,इटावा। जनपद के थाना इकदिल क्षेत्र में हो रहे मिट्टी खनन माफियाओं पर खनन विभाग अधिकारी ने की बड़ी कार्यवाही। मिट्टी का खनन कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर व ट्रक को मौके पर पकड़ा गया। खनन माफियाओं में मचा हड़कप। जानकारी के मुताबिक इकदिल क्षेत्र में लगातार हो रहे मिट्टी के खनन पर रोक लगाने हेतु खनन विभाग अधिकारी ने कसी कमर मिट्टी का खनन कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर व ट्रक को मौके पर पकड़ा गया। तो वहीं कुछ कथित खनन माफिया ट्रैक्टर व ट्रक को छुड़वाने हेतु थाने के काट रहे चक्कर। इकदिल क्षेत्र में लगातार हो रहा मिट्टी का खनन लेकिन संबंधित थाना पुलिस इन मिट्टी के खनन माफियाओं पर क्यों नहीं करती कार्यवाही। फिलहाल खनन विभाग के अधिकारी ने एक ट्रैक्टर व ट्रक मौके पर पकड़ कर थाने में खड़ा करवा दिया है अग्रिम कार्यवाही जारी है।



## विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चकरनगर में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स चकरनगर ,इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विनय कुमार द्विवेदी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इटावा के सचिव जसवीर सिंह यादव के निर्देश पर कस्बा चकरनगर में एक विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयं सेवक अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यदि किसी परिवार में पति और पत्नी के बीच वैवाहिक विवाद की स्थिति है,या पारिवारिक सम्पत्ति का बिवाद है तथा भाई–भाई के बीच सम्पत्ति के बंटवारे का विवाद है तो वह प्री लिटीगेशन लोक अदालत के माध्यम से आपसी सुलह समझौते से उक्त विवाद का निपटारा करवा सकता है। जिससे आपके धन एवं समय दोनों की बचत होगी और सम्बन्ध भी खराब नहीं होंगे। श्री त्रिपाठी ने आगे बताया कि तहसील में विरासत बिल्कुल निशुल्क दर्ज कराई जाती है यदि किसी को विरासत सम्बंधी समस्या है तो वह हमारे तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय चकरनगर में निशुल्क विधिक सहायता ले सकता है।उक्त शिविर में महाराज सिंह कुशवाहा, राजेन्द्र सिंह,सोबरन सिंह, आशीष, धनंजय, सुल्तान सिंह, खुदाबक्श, मनीष, निखिल, आदि लोग मौजूद रहे।



## प्यारेलाल शास्त्री विद्यालय में रोपे दो सौ पौधे

- विद्यालय के साथ गांव को हरा–भरा रखने का लिया संकल्प

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो फतेहपुर सीकरी। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जाजऊ के श्री प्यारे लाल शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यालय को हरा भरा रखने के लिए करीब 200 सौ पौधे विद्यालय प्रांगण में रोके गए , इस दौरान छात्र–छात्राओं ने विद्यालय व गांव को हरा भरा रखने का संकल्प लिया पौधा रोकने के दौरान प्रमुख रूप से समाजसेवी प्रदीप पाठक, राजेंद्र पाठक ,प्रबंधक रमाकांत पाठक, ग्राम प्रधान जयपाल फौजी, शिक्षक रघुराज सिंह सिसोदिया ,आनंद प्रकाश शर्मा समेत बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### बाह, जैतपुर में पत्नी के साथ मारपीट में दो गिरफ्तार

जैतपुर। सोमवार को जैतपुर के गढी प्रताप पुरा गांव के ज्ञान सिंह ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी कमला देवी के साथ मारपीट कर दी जिस पर कमला देवी ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस ज्ञान सिंह को पकड कर थाने ले आई इधर बाह के विष्णुपुरा गांव में विजय सिंह ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया दोनों का शांति भंग में चालान किया गया है।

### नौकरी की तलाश में निकला ग्रामीण लापता, गुमशुदगी दर्ज

जैतपुर। 4 दिन पहले चित्राहाट के नगला इमली गांव के प्रताप सिंह(50) नौकरी की तलाश में घर से अहमदाबाद को निकले थे तब से न तो वह अहमदाबाद पहुंचे और न ही घर वापस लौटे। मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा है हर संभव स्थान पर तलाश करने के बाद भी सुराग न लगने पर परिजनों ने चित्राहाट थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी है जिसमें कहा है कि 7 जुलाई को नौकरी के लिए अहमदाबाद की कहकर घर से निकले थे एसओ चित्राहाट महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर लापता प्रताप की तलाश शुरू कर दी है।

### तिकोनिया पार्क शास्त्रीपुरम आगरा में चल रही श्रीमद भागवत कथा के षष्टम दिवस सोमवार को रुकमणी मंगल का प्रसंग हुआ

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

• भजन दूल्हा बने नंदलाल और आज मेरे कान्हा की शादी है पर भक्तो ने नृत्य किया

कथावाचक पं गरिमा किशोरी जी ने शुक्रवार को रास लीला उद्धव चरित्र कंश वध श्रीकृष्ण विवाह उत्सव आदि कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने रासलीला के माध्यम से समझाया कि जिस प्रकार गोपियों ने हृदय से श्री हरि को अपना पति परमेश्वर माना और सदा सदा के लिए प्रभु की शरण में चली गयी कथा के अंत में बड़ी ही धूम धाम से श्रीकृष्ण विवाह उत्सव मनाया गया सभी भक्त श्री कृष्ण के विवाह में नृत्य करते हुए शामिल हुए ब्रज के रसिक संगीतकार बलवीर सिंह बल्लो ने भजन सुनाकर सबके हृदय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद से जितेंद्र रावत , जितेंद्र देपुरिय ने पहुँच कर किशोरी जी का भव्य स्वागत किया।। मुख्य रूप से चांदनी भोजवानी, भावना नोतनानी, आदित्य दीक्षित, अनिल अग्रवाल, रोहित गोयल, राजेश बघेल, आशा खंडेलवाल, आशा देवी परीक्षत , बेबी रानी मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## आगरा गारमेंट फेयर में जुटेंगे देशभर के सौ से अधिक मैन्युफैक्चरर्स

• सहालग व विंटर कलेक्शन का है ये फेयर 19 से 21 जुलाई तक होटल क्लार्क शिराज में लगेगा




दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आगरा रेडीमेड गारमेंट संगठन की ओर से तीन दिवसीय आगरा रेडीमेड गारमेंट फेयर की उद्घोषणा के साथ निमंत्रण स्मारिका पुस्तक का विमोचन किया गया। 19 से 21 जुलाई तक लगने वाले मेले की उद्घोषणा संगठन के पदाधिकारियों ने होटल पीएल पैलेस में की। होटल क्लार्क शिराज में देशभर के व्यापारी व मैन्युफैक्चरस सीधे संवाद कर सकेंगे। अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय रेडीमेड गारमेंट फेयर में दीपावली, वेडिंग एवं विंटर कलैक्शन के फेयर का आयोजन किया जा रहा है द्य जिसमे देश कर नामचीन ब्रांड निर्माता के साथ आगरा के दर्जनों रेडीमेड गारमेंट मैन्युफैक्चरस भी अपनी सहभागिता कर रहे है।व्यापारियों की सुविधा के लिए सुबह नौ बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजन रहेगा। सचिव अशोक कुमार माहेश्वरी ने बताया कि फेयर में मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, लुधियाना, इंदौर, कानपुर आदि की 80 कंपनियों के साथ सौ से अधिक व्यापारियों व मैन्युफैक्चरर्स अपनी स्टॉल लगाएंगे द्य फेयर में आने वाले सहालग एवं सर्दियों के हिसाब से फेब्रिक और दरदोजी वर्क के साथ मुगल काल के परम्परागत वस्त्रो का प्रदर्शन रहेगा। लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल ने कहा कि सौ से अधिक छोटी–बड़ी इकाइयां आगरा स्मार्ट सिटी में स्थापित है । इनकी संख्या को और अधिक किया जाना बाकि है, गारमेंट फेयर जैसे आयोजन वस्त्र उद्योग को आगरा में नयी पहचान के साथ राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय बाजार मुहैया कराएँगे। एक ही स्थान पर आगरा में रेडीमेड गारमेंट की इतनी बड़ी प्रदर्शनी आगरा के वस्त्र उद्योग को नयी ऊर्जा प्रदान करेगी। गैर प्रदुषणकारी उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वस्त्र उद्योग आगरा में बढ़ रहा है।

उद्घाटन सत्र में होगा फैशन शो का आयोजन : गारमेंट फेयर में इस बार 18 जुलाई को उद्घाटन सत्र में ग्लैम इंस्टीटूट और रावी इवेंट्स के सहयोग से ग्लैम फैशन शो का आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रोफेशनल मॉडल्स रैम्प पर अपनी अदाकारी दिखाते हुए विभिन्न डिजायनों के ड्रेस को प्रदर्शित करेंगी।

व्यापारियों का होगा सम्मान : फेयर के उद्धघाटन सत्र में कपड़ा उद्योग के व्यापारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। जिसमे कपड़ा उद्योग की नई तकनीकी पर भी परिचर्चा की जाएगी। मेले में आगरा के मैन्युफैक्चरस भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। गारमेंट मेले का प्रबंधन रावी इवेंट्स के निर्देशन में हो रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महासचिव अशोक माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, संगठन मंत्री सन्तोष मखिजा, अमित अरोड़ा, सोनल जैन, सोनू मखीजा, लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल, रावी इवेंट्स के दिलीप कुमार, ग्लैम की निर्देशक शिवानी मिश्रा, आशीष मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, फुरकान अली, दीपक कपूर, विनय, आयुष गर्ग, मनीष मित्तल, अनिल कुकरेजा, पियूष माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे ।

## श्रीमद भागवत कथा के षष्टम दिवस सोमवार को रुकमणी मंगल का प्रसंग हुआ




दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। तिकोनिया पार्क शास्त्रीपुरम आगरा में चल रही श्रीमद भागवत कथा के षष्टम दिवस सोमवार को रुकमणी मंगल का प्रसंग हुआ। भजन दूल्हा बने नंदलाल और आज मेरे कान्हा की शादी है पर भक्तो ने नृत्य किया। कथावाचक पं गरिमा किशोरी जी ने शुक्रवार को रास लीला उद्धव चरित्र कंश वध श्रीकृष्ण विवाह उत्सव आदि कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने रासलीला के माध्यम से समझाया कि जिस प्रकार गोपियों ने हृदय से श्री हरि को अपना पति परमेश्वर माना और सदा सदा के लिए प्रभु की शरण में चली गयी कथा के अंत में बड़ी ही धूम धाम से श्रीकृष्ण विवाह उत्सव मनाया गया सभी भक्त श्री कृष्ण के विवाह में नृत्य करते हुए शामिल हुए। ब्रज के रसिक संगीतकार बलवीर सिंह बल्लो ने भजन सुनाकर सबके हृदय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद से जितेंद्र रावत, जितेंद्र देपुरिय ने पहुँच कर किशोरी जी का भव्य स्वागत किया।। मुख्य रूप से चांदनी भोजवानी, भावना नोतनानी, आदित्य दीक्षित, अनिल अग्रवाल, रोहित गोयल, राजेश बघेल, आशा खंडेलवाल, आशा देवी परीक्षत , बेबी रानी मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## नालों की समुचित सफाई न होने पर कपड़ा व्यापारियों का लाखों का नुकसान

• अब सही ढंग से सफाई न हुई तो व्यापारियों ने दी आंदोलन की धमकी

दै.अयोध्या टाइम्स ब्यूरो।

आगरा गत दिवस 10 जुलाई अभी मानसून की शुरुआत ही हुई है लेकिन नालों की तल छट सफाई ना होने के कारण नगर में जगह–जगह नाले उफान रहे हैं। सड़कों पर जलभराव के कारण दुकानों, मकानों में पानी भरने से लोगों का लाखों –करोड़ों का नुकसान हुआ है। दुकानों में रखा लाखों का माल बर्बाद हो गया है। गत 10 जुलाई को आगरा के सबसे बड़े नाले में शुमार महावीर नाला की सफाई ढंग से न किए जाने के कारण उसका गन्दा पानी कपड़ा बाजार , रोशन मोहल्ला में घुस गया। जबकि आगरा क्लॉथ मार्के. एसोसिएशन के अध्यक्ष टी एन अग्रवाल ने पहले ही प्रशासन–शासन , नगर निगम को पत्र– ज्ञापन आदि देकर, इस नाले की सफाई ना होने से उत्पन्न खतरों के बारे में चेता दिया था। लेकिन फिर भी नगर निगम ने उनके आग्रह– चेतावनी के बाद भी ,सही ढंग से नाले की सफाई नहीं कराई । अब नतीजा ये है कि कुछ ही घंटों की बारिश से, इस नाले का गंदा पानी ,आसपास के कपड़ा मार्केट की दुकानों में घुस गया। उस गन्दे पानी से दुकानों में रखा कपड़ा और फर्नीचर आदि का खराब होने से भारी नुकसान हुआ है। जबकि शासन स्तर से भी सभी नगर निगमो, नगर महापालिका, नगर पालिका, नगर पंचायतों की अपने क्षेत्र के नाले–नालियों के लिए निर्देशित किया गया है कि उनकी समुचित सफाई कराई जाए,ताकि जल भराव न हो। आगरा नगर निगम की इस लापरवाही से व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है। और नगर निगम को चेतावनी दी है कि अगर नगर निगम ने नाले की ठीक से सफाई नहीं कराई , तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस सम्बंध में आगरा क्लॉथ मार्केटाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष टी.एन.अग्रवाल ने कहा कि कपड़ा व्यापारियों के इस नुकसान के लिए, नगर निगम के अधिकारी इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। हम शासन– प्रशासन से माँग करते हैं कि इसकी न्यायिक जांच कर,इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को दण्डित किया जाए,एवं गंदे पानी से हुए नुकसान की क्षति पूर्ति की जाए।





## भारत विकास परिषद के 60 वें स्थापना दिवस पर, मीटिंग धूमधाम संपन्न हुई



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। भारत विकास परिषद विक्रमादित्य शाखा ने भारत विकास परिषद के 60 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपनी जनरल मीटिंग धूमधाम से फतेहाबाद रोड स्थित होटल में रविवार को आयोजित की स इसमें मातृशक्ति बच्चों एवं सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं रंगारंग प्रस्तुतियां दी स मीटिंग में बाल कलाकार गौरांश शर्मा की उपस्थिति ने और भी रंग भर दिया स इस कार्यक्रम में संरक्षक श्री हरिनारायण चतुर्वेदी, अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ,सचिव मधुरम दौनोरिया ,कोषाध्यक्ष प्रशांत जैन, नरेंद्र गुप्ता, धीरज अग्रवाल , चन्द्रवीर सिंह, रजत दुबे ,राकेश अवस्थी ,धर्मेंद्र गुप्ता , अमितेश दीक्षित,महिला संयोजिका शुचि खंडेलवाल ,लतिका कुमार, आंचल दौनेरिया, रितु दुबे, एकता जैन,ममता चतुर्वेदी एवं अन्य शाखा सदस्यों की उपस्थिति रही।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन के प्रति किया जागरुक

• परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने को आयोजित हुए मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। विश्व जनसंख्या दिवस पर सोमवार को आगरा कॉलेज ग्राउंड से सुभाष पार्क तक जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को मुख्य विकास अधिकारी ए. मनिकंडन ने हरी झंडी दिखाकर छोटे परिवार के बड़े फायदे के बारे में संदेश दिया। इस अवसर पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर परिवार नियोजन परामर्श दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल समेत सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य उप केन्द्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर परिवार को सीमित रखने और दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के बारे में लक्ष्य दंपति को जागरूक किया गया। इसके साथ ही परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के प्रति मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन आयोजित किये गये। केन्द्रों पर स्टाल लगाकर भी लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी गयी और इन्हें अपनाने के बारे में प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है, जब परिवार सीमित होगा। विकास के उपलब्ध संसाधनों का समुचित वितरण और बढ़ती जनसंख्या दर के बीच संतुलन कायम करने के उद्देश्य से आज सबसे अधिक जरूरत जनसंख्या स्थिरीकरण की है। परिवार को सीमित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, जिसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। इन अस्थायी साधनों में से अपनी पसंद का साधन चुनकर शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की योजना बना सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर भी रख सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखना मां और बच्चे दोनों की बेहतर सेहत के लिए बहुत जरूरी है। जब परिवार पूरा हो जाए तो स्थायी साधन के रूप में नसबंदी का विकल्प चुन सकते हैं । परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डॉ. विनय कुमार ने बताया कि समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो चरणों में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत लक्षित दम्पति को चिन्हित कर परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के प्रति प्रेरित किया गया। अगला चरण जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आज से शुरू हो रहा है जो 30 जुलाई तक चलेगा । इसके तहत लक्षित दम्पति को सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के बारे में किशोर–किशोरियों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि भविष्य में वह सही समय पर सही कदम उठाने के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकें। रैली में सीडीओ ए. मनिकंडन, सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल डॉ. पीके शर्मा, परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल डॉ. विनय कुमार, डीपीएम कुलदीप भारद्वाज, डीसीपीएम डॉ. विजय सिंह, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर आकाश गौतम, डब्लूएचओ के एसएमओ डॉ. बीएस चंदेल, यूनिसेफ के डीएमसी अमृतांशु राज, डीईआईसी मैनेजर रमाकांत, यूपीटीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ आलोक तबेलाबक्स, पीएसआई इंडिया आनंद शर्मा,पीएसएस से अवनी महाजन, स्कूल के अध्यापक सहित छात्र–छात्राएं मौजूद मौजूद रहे।



## पिनाहट हत्या लूट का फरार आरोपित,समेत मुखबिर दबोचा



पिनाहट। पिनाहट के मुहल्ला मार मे तेलमील ब्यवसाई बुजुर्ग दम्पती की हत्या व लूट के मामले मे पुलिस द्वारा चार लोगो को जेल भेज कर खुलासा करने के बाद फरार चल रहै एक आरोपित व हत्या व लूट की मुखबिरी करने वाले को जेल भेज दिया।इस दौरान पुलिस ने इनसे कुछ पेसे व एक पेटी जिंदा कारतूस भी बरामद किये। दो जुलाई की रात पिनाहट मे बुजुर्ग दम्पती सुरेश चंद्र गुप्ता की पत्नी कृष्णादेवी की हत्या व लूट के मामले मे पुलिस ने खुलासा तो कर दिया।चिर आरोपितो से पुलिस ने लूट का मार बरामद कर जेल भेज दिया। पुलास फरार आरोपितो की तलाश मे लगातार छापेमार रही थी।वही आरोपित मंगल उर्फ मंगल सिह निवासी बडापुरा थाना मनसुखपुरा फरार चल रहा था।रधिविर शाम करीब 6 बजे पिनाहट राजाखेडा मार्ग स्थित विप्रावली गांव के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार मंगला दूसरे प्रदेश मे भागने की फिराक मे था।पुलिस ने इससे एक पेटी करीब 25 जिन्दा कारतूस व करीब 24500 रुपये नगद जिसमे 2871 रुपये एक एक दो दो के सिक्के बरामद किये।वही साथ ही घटना की पूरी मुखबिरी कर लूट हत्या को अंजाम तक पहूचवाने वाले मुखबिर राजा सलमानी निवासी मुहल्ला चांदनी चौक पिनाहट को पुलिस ने सोमबार सुबह करीब आठ बजे आगरा पिनाहट मार्ग से भागते हुऐ दबोच लिया।पुलिस ने इससे करीब 6000 रुपये बरामद किये।दोनो आरोपितो को पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष पिनाहट कुलदीप सिह चौहान ने बताया का फास्ट ट्रैक कोर्ट के द्वारा कार्यवाही करवाकर आरोपितो को सजा दिलवाई जायेगी।

## बाह, जैतपुर में मारपीट की घटनाएं, 5 गिरफ्तार

जैतपुर। सोमवार को जैतपुर के तडहेता गांव में सिविल लाइन्स इटावा के लोहन्ना गांव का रहने वाला प्रदीप अपनी रिश्तेदारी में आया था यहां पर गढवार के सूरज और कचौराघाट के शनिदेव के साथ उसका लेनदेन को लेकर विवाद हो गया विवाद इतना बढा कि उनमें हाथापाई मारपीट हो गई।

सूचना पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया वहीं बाह के प्रथमपुरा गांव में घरेलू विवाद में अपनी चाची के साथ मारपीट करने वाले रामबहादुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया चारों का शांतिभंग में चालन कर दिया जबकि सडक हादसे के मामले में कोर्ट से वारंट जारी होने पर बाह पुलिस ने जैतपुर के पूरन को गिरफ्तार कर लिया इंस्पेक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि पूरन को कोर्ट में पेश किया गया है।

## संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल का हुआ शुभारम्भ

अनिल कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना, इटावा। जनपद में कस्वा भरथना के उद्योगपति अजय कुमार गुल्लू यादव ने कहा है कि वर्तमान आधुनिक समय और फैशन के दौर में नवयुवक अपनी संस्कृति परंपराओं के साथ छोटे बड़े का लिहाज करना भूलते जा रहे है,जिसके कारण हमारा देश भारतीय संस्कृति खोता जा रहा है। उन्होंने बताया जबकि विश्व मे भारत देश की प्रथम पहिचान उसकी अपनी संस्कृति है। उद्योगपति श्री गुल्लू यादव सोमवार को भरथना नगर के मोहल्ला ब्रजराज नगर अवध राइस मिल के निकट विशाल ग्राउण्ड में वातानुकूलित नवनिर्मित भव्य भवन में संचालित हुए संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल के शुभारम्भ अवसर पर पहुँचे थे। उन्होंने स्कूल के प्रथम दिन माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पहार पहनाकर स्कूल का शुभारम्भ करते हुए कहा है कि शिक्षण संस्था ज्ञान का मन्दिर होता है धन अर्जित करने का साधन नही,श्री गुल्लू यादव ने कहा है धन अर्जित करने के लिए व्यापार है,इस संस्था का उद्देश्य भारतीय सभ्यता संस्कार और बड़े– छोटे का आदर सत्कार दिलाने के साथ संस्कारित शिक्षा दिलाना हैं। उन्होंने बताया कि शहर की प्रदूषित आवहवा से दूर पूर्ण



सुरक्षित और आने जाने के लिए वाहन सुविधा के साथ वातानुकूलित नवनिर्मित भव्य भवन में संचालित संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल का मुख्य उदेश्य छात्र–छात्राओं को शिक्षित बनाने के साथ गुडबान बनाना है। स्कूल के शुभारम्भ अवसर पर भरथना नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन रंजना यादव,उनके पुत्र अंकित यादव,सार्थक यादव,छोटू,भरथना प्रेस क्लब के महामंत्री विजयेन्द्र तिमोरी,राजेश यादव पण्डा,शिवांग कुमार के अलावा संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य साधना तिवारी,कैंब्रिज मोंटसरी प्री–स्कूल की प्रधानाचार्या निकेता यादव,भूपेश तिवारी,प्रफुल्ल कुमार,पीटीआई पवन यादव, शिवम शर्मा आदि शिक्षक,शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

## श्रीकृष्ण और रुक्मणि जी का विवाह अपने आप में अनूठा : आचार्य सुभाषचंद्र शास्त्री

• कृष्ण–रुक्मणी विवाह में जमकर झूमे श्रद्धालु

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा।मऊ रोड स्थित शिवशक्ति मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सोमवार को रासलीला व रुक्मणि विवाह का वर्णन किया गया। व्यासपीठ से आचार्य सुभाषचंद्र शास्त्री ने कहा कि श्रीकृष्ण और रुक्मणिजी का विवाह अपने आप में अनूठा है। इस दौरान प्रभु को कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ा, लेकिन वे रुके या थके नहीं और अंततः उन्होंने रुक्मणिजी से विवाह किया। रुक्मणि–कृष्ण विवाह का अत्यंत मार्मिक विवरण श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किया। भक्तगण कृष्ण रासलीला और रुक्मणी विवाह के भजनो पर जमकर झूम उठे। जैसे–जैसे भागवत कथा आगे बढ़ती जा रही हैं व्यास गददी पर विराजमान आचार्य सुभाषचंद्र शास्त्री के मुखाबिंद से इस कथा को सुनने के लिये श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ा रहा है। कथा के मुख्य यजमान डॉ. अजयपाल सिंह और कुमुद सिंह रही। मंगलवार को सुदामा चरित्र, फूलो की होली तथा भागवत व्यास पूजन किया जायेगा। कथा में अजय कुमार सिंह, अजीतपाल सिंह, डॉ. उदयपाल सिंह, मधु सिंह, पल्लवी सिंह, नीतू सिंह, जान्हवी, दीपांशु, वैष्णवी, आयुष आदि ने श्री महापुराण की आरती की।



## पर्यटन विभाग के रूप में बिकशित होगा घुरदेवी मंदिर



दैनिक अयोध्या टाइम्स

महसी बहराइच। फखरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत घुरहरीपुर में स्थित वृद्धमतेश्वरी माता घुरदेवी मंदिर को पर्यटन विभाग के रूप में विकसित किया जाएगा इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 63 लाख 78 हजार रुपए का अनुदान उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदान किया गया है। अब घुरदेवी मंदिर का डंका पूरे बहराइच सहित देवीपाटन मंडल तक अब गूंजेगा चारो तरह आर सी सी रोड इंटरलॉकिंग बैठने के लिए बेंच सुलभ शौचालय का निर्माण भी कराया जाएगा उचित उजाले का प्रबंध भी किया जाएगा इसकी विस्तृत जानकारी आज महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने दी ।

आपको बता दे आज दोपहर करीब 3 बजे विधायक जी घुरदेवी मंदिर पहुंचे थे विधिवत हवन पूजन के साथ मंदिर के निर्माण भूमि का शुभारंभ किया इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य तरंगी सिंह जिला पंचायत सदस्य ओमकार नाथ चौरसिया फखरपुर ब्लॉक प्रमुख रणवीर सिंह मुन्ना तेजवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिवाकर पांडेय जैतापुर मंडल अध्यक्ष सर्वजीत सिंह गुड्डू राजू सिंह ग्राम प्रधान शुभम अवस्थी ग्राम प्रधान राजू शुक्ला ग्राम प्रधान विपिन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे इस मौके पर अभिव्यक्ति व्यक्त करते हुए विधायक जी ने बताया घुरदेवी मंदिर के 1 करोड़ 44 लाख रुपए का बजट सरकार से मांग की गई थी परंतु कुछ अहम कारणो के साथ अब तक 63 लाख 78 हजार रुपए का बजट मिल पाया है परंतु समय समय पर बजट के अनुसार कार्य कराए जाते रहेंगे इस मौके पर सनातन संस्कृति को संजोए रखने का आवाहन किया साथ ही गौ माता की सुरक्षा पर एवम् उनके भरण पोषण कर जैविक खेती पर भी चर्चा की एवम् जैविक उत्थान के बारे में भी बताया मंदिर के जीर्णोद्वार से क्षेत्र में खुशी की लहर एक बार फिर दौड़ गई और विधायक जी के इस कार्य की लोगो ने खूब सराहना भी की इस मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे जिसमे सुरक्षाबल के साथ थाना प्रभारी गणनाथ प्रसाद अपनी फोर्स के साथ मंदिर के कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना बकरीद का त्यौहार

• ईद–उल–अजहा की एक दूसरे के गले मिलकर दी बधाई



दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता देवरिया,भटनी । नगर पंचायत स्थिति भटनी मदरसा मस्जिद जामिया इस्लामिया कादरिया दारुल उलूम व क्षेत्रो में बकरीद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो मे मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद।धूमधाम के साथ एक दूसरे के गले मिलकर ईद–उल–अजहा की बधाई दी गई सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से भटनी थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने जगह –जगह पुलिस तैनात कर सुरक्षा मुहैया कराया। ईद उल अजहा या बकरीद इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा त्यौहार है ,जिसे मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे जोश के साथ मनाते हैं बकरीद इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12वें महीने में मनाया जाता है. ये रमजान का महीने खत्म होने के 70 दिन के बाद मनाया जाता है. इस दिन नमाज पढ़ने के बाद कुर्बानी दी जाती है. बकरीद के त्यौहार को बकरीद, ईद कुर्बान, ईद–उल अजहा या कुर्बान बयारामी भी कहा जाता है। इसके बाद खुदा की राह में जानवरों की कुर्बानी दी गई। चारों ओर हर्ष का माहौल दिखा ईद–उल– अजहा की नमाज के बाद घर–घर जाकर मुबारकबाद देने के साथ लजीज व्यजंनों का लुत्फ उठाने का दौर शुरू हो चुका है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक त्यौहार मनाया गया। इसी दौरान ईदगाहो पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह और एसएसआई विनय कुमार सिंह एसआई सुभाषचंद्र यादव,सुनील पटेल ,कांस्टेबल चन्द्रकान्त गौंड़ सुरेंद्र वर्मा, संदीप यादव,राकेश, आकाश, अनुजप्रकाश,राहुल गुप्ता,अरुण जयसवाल,महिला कांस्टेबल संगीत सिंह,बबिता, मंगेशलता ,वर्षा,अमृता जयसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## मां यमुना आरती ने लिया स्वच्छता का संकल्प

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। प्राचीन कैलाश मंदिर घाट गंगा यमुना आरती में संध्या साक्षात मां यमुना गंगा उतर आयीं,जब प्राचीन कैलाश मंदिर घाट यमुना गंगा मैया की जय,हर–हर महादेव से गूंजायमान हो गया.मौका था कैलाश मंदिर घाट के तट पर ‘यमुना गंगा आरती’ का.आगरा में अपनी तरह के इस आयोजन में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया. श्री बांके बिहारी वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ मदन मोहन शर्मा ने भी नगर के लोगों को आश्वस्त किया कि समाज की ओर से हुई जल संरक्षण की इस शुरुआत को अंजाम तक पहुंचाया जायेगा. प्राचीन कैलाश मंदिर घाट इसमें साक्षात मां यमुना गंगा उतर आयी हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि हर सप्ताह इसका आयोजन होने से प्राचीन कैलाश मंदिर घाट का स्वरूप ही बदल जायेगा.कैलाश मंदिर महन्त गौरव गिरी ने कहा कि इस आयोजन से ‘जल है तो कल है’,‘स्वच्छता ही सेवा है’ का भाव उत्पन्न होगा. लोग तालाबों और जलाशयों के संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे.पर्यावरण बचाने के लिए लोग खुद आगे आयेंगे. ‘यमुना गंगा आरती’ ने एक बेहतरीन संदेश दिया है. यमुना गंगा आरती नगर निगम विभिन्न तालाबों और जलाशयों की सफाई का अभियान चलाता है.‘यमुना गंगा आरती’की शुरुआत लोगों को अपने जलाशयों को स्वच्छ रखने और उन्हें संरक्षित करने के लिए प्रेरित करेगा. गंगा आरती देखकर उनके भी मन में आता था कि आगरा में ऐसा आयोजन होना चाहिए.आज के आयोजन से वह बेहद उत्साहित हैं. आने वाले दिनों में वह कोशिश करेंगे कि एक साथ कई और पंडित आरती करें. इस बार तीन लोगों ने आरती की है. मां यमुना गंगा की आरती की हो. उल्लेखनीय है कि सूर्यास्त के वक्त यमुना गंगा आरती की गयी,जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ यह आयोजन पानी बचाओ और पानी को प्रदूषित होने से बचाओ का भी संदेश मुख्यअतिथि श्री बांके बिहारी मंदिर सेवायत राहुल गोस्वामी ने बताया कि आगरा में अपनी तरह का यह पहला आयोजन है.उम्मीद है कि भारी संख्या में लोग इसमें शामिल होंगे और मीडिया भी इसका प्रचार–प्रसार करेगा.विशिष्ट अतिथि दीपांकर उपाध्याय,उदित तिवारी थे श्री बांके बिहारी मंदिर वृंदावन धाम सेवायत राहुल गोस्वामी को अंगवस्त्र व यमुना साधक सम्मान से सम्मानित किया गया प्रमुख रूप से नकुल सारस्वत, अमित सारस्वत, दीपक सारस्वत, सागर गिरी आदि उपस्थित रहे।



## यूपी के कई जिलों में तबाही मचाए हुए थे यह लुटेरे जिस पर इटियाथोक पुलिस ने किया खुलासा आधा दर्जन के पार लूट की गई मोटरसाइकिल बरामद तो वही अवैध शस्त्र के साथ पकड़े गए यह अपराधी भेजा जेल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र से सबसे बड़ी खबर आ रही है जहां पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए उन शातिर लुटेरों का पर्दाफाश किया है जो पूरे उत्तर प्रदेश में भिन्न–भिन्न जनपदों में तबाही मच मचाए हुए थे पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर लूट छिनैती चोरी जैसे गंभीर वारदातों का अंजाम यह बड़ी आसानी से दे रहे थे जिस पर इटियाथोक पुलिस ने इन गिरोहों का पर्दाफाश करते हुए अवैध शस्त्र के साथ पूरे आधा दर्जन के पार लूट की गई मोटरसाइकिल बरामद करते हुए गिरोह के सरगना सहित तीन अन्य और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है आपको बता दें जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के आदेश अनुपालन व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान में दिनांक ,9,7,2022 को इटियाथोक पुलिस को अब तक सबसे बड़ी कामयाबी मिली है थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे के कुशल निर्देशन में वरिष्ठ उप निरीक्षक विश्वास चतुर्वेदी वरिष्ठ निरीक्षक रामप्रकाश यादव उप निरीक्षक रजनीश द्विवेदी उप निरीक्षक रामप्रकाश यादव उप निरीक्षक सौरभ वर्मा उप निरीक्षक रवि प्रकाश व हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव सहित दर्जनों पु पुलिसकर्मी पैदल गश्त पर निकले हुए थे इसी दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर जामी तलाशी में मामूर थे जो कि खास मुखबिर की सूचना पर पुलिसकर्मियों ने एक ऐसे लुटेरों के गैंग का पर्दाफाश किया है जिसे सुनकर आप दांतों तले उंगली दबा लोगे गैंगवार सरगना राजेंद्र कुमार गौतम पुत्र रामकुमार निवासी पुरे सुकाली थाना धानेपुर जो पूर्व में गंभीर वारदातों को अंजाम देकर पंजाब प्रांत में जेल जा चुका है जिसे




समेत इसके अन्य तीन और साथियों को अवैध शस्त्र उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लूट की गई करीब आधा दर्जन के पार मोटरसाइकिल बरामद की है हम आपको इसके तीन अन्य और साथियों का परिचय कराएंगे रंजीत मोरिया पुत्र बासुदेव मोरिया निवासी छोड़ इस मौजा पूरे सुकाली थाना धानेपुर सत्य कुमार सोनकर पुत्र रामप्रीत सोनकर निवासी निवासी पंच पुरवा थाना धानेपुर व अकबर पुत्र रमजान निवासी परसिया इटियाथोक थाना जिस पर प्रदेश भर में लूट छिनैती जैसे गंभीर धाराएं जिले के विभिन्न थानों में पंजीकृत थी आपको बता दें पकड़े गए गैंगवार चला रहे सरदार सहित इसके तीन अन्य और साथियों को पुलिस ने जेल के लिए रवाना किया है अब यहां यह भी बता दें जहां एक और ऐसे गैंगवार जो पुलिस के आंखों में धूल झोंक कर काली कमाई का रवैया अपनाए हुए थे तो वहीं दूसरी ओर इटियाथोक थाने की पुलिस ने इनका भंडाफोड़ कर अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही की है।

## गैगेंस्टर के दो आरोपितों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई होगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। हरदी थाना के महाराजगंज निवासी गैगेंस्टर के मामले में फरार चल रहे दो आरोपित लोगों के खिलाफ पुलिस शिकंजा कस रही है। इसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।एसओ बौंडी गण नाथ प्रसाद ने ने हमराही पुलिसकर्मियों के साथ आरोपितों के घर पर नोटिस चस्पा की। गांव में घूमकर डुग्गी बजवाकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया के मामले में फरार चल रहे मोहम्मद कमर पुत्र महमुदुल हसन व अनवार काफी समय से वांछित हैं न्यायालय ने गैर



जमानती वारंट भी जारी किया है। इसके बावजूद भी न्यायालय पर पेश नहीं हुए। उन्होंने बरता की आरोपितों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## चौकी प्रभारी सहित दो सिपाही लाइन हाजिर

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र स्थित हैरिंगटनगंज चौकी से चंद कदम दूरी पर हुए बारूदी धमाके के मामले में विभागीय अधिकारियों को मामूली सा पेट्रोमैक्स गैस सिलेंडर फटने की सूचना देते हुए गुमराह करना चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी को महंगा पड़ गया जिले के नवागत एसएसपी ने अपने मातहतों पर पहली बड़ी कार्यवाही की है। विभागीय अधिकारियों को गलत इंफॉर्मेशन देने के मामले में एसएसपी प्रशांत वर्मा ने चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी सहित दो सिपाहियों चौकी पर तैनात दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किए जाने का आदेश दिया है। यही नहीं एसएसपी ने मामले में चौकी प्रभारी सहित दोनों सिपाहियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए। हैरिंग्टनगज चौकी क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी रहमतुल्ला के घर बीते 7 जुलाई कि रात करीब 10 बजे चौकी क्षेत्र में आतिशबाजी सामग्री बनाते समय तेज धमाका हुआ था। जिसकी आवाज और धमक 8 से 10 किलोमीटर दूर तक गई थी। धमाके के दौरान 300 वर्ग फीट का मकान भी ढह गया था हादसे में रहमतुल्लाह का 30 वर्षीय बेटा इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया था। उधर घटना के बाद रहमतुल्लाह अपने घर में मौजूद बारूद की भारी खेप सहित अन्य सामग्रियां घर से थोड़ी दूर स्थित गन्ने के खेत में ठिकाने लगाता रहा। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी ने रहमतुल्लाह द्वारा बताए गए एक मामूली सा पेट्रोमैक्स गैस सिलेंडर फटने की हां में हां मिलाते हुए विभागीय उच्चाधिकारियों को सूचना दे डाली थी। उधर घटना के दूसरे दिन दोपहर करीब 2 बजे गन्ने के खेत में भी तेज धमाका हो गया था। जिसके बाद पुलिस विभाग की तमाम खुफिया एजेंसियों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे और गहन छानबीन की थी। काफी फजीहतों के बाद पुलिस ने मात्र घायल युवक इमरान के खिलाफ विस्फोटक एक्ट के तहत मुकदमा भी लिखा था। हालांकि पुलिस ने काफी किरकिरी होने के बाद रहमतुल्ला को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उधर एसएसपी ने मामले का संज्ञान लिया और चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी सहित चौकी पर तैनात दो सिपाहियों शुभम गुप्ता एवं सत्येंद्र कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है।

## विशाल एक्सीडेंट कार ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर

- चालक व पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से हुई घायल

पूरा



दैनिक अयोध्या टाइम्स रोशनी तिवारी मोतीपुर,बहराइच। मामला थाना मोतीपुर अंतर्गत ग्राम गिरगिटी पोस्ट गूढ़ जालिम नगर पुल से पहले लगभग 200 मीटर की दूरी पर सावित्री देवी इंटर कॉलेज के सामने का है जहा मोटरसाइकिल से जा रहे व्यक्ति को कार ने मारी करारी टक्कर जिससे एक महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल महिला व पुरुष जिला लखीमपुर खीरी के थाना ईशानगर अंतर्गत ग्राम शंकरपुर का निवासी बताया जा रहा है स्थानीय लोगों ने 108 इमरजेंसी एंबुलेंस बुलाकर घायल की सहायता की मौके पर मौजूद लोगों ने चालक व उसके पीछे बैठी महिला को रोड के किनारे किया और स्थानीय पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी।

## मिशन शक्ति के अन्तर्गत रुदौली पुलिस ने किया महिलाओं को जागरूक

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमरनाथ रूदौली संवाददाता रूदौली,अयोध्या। मिशन शक्ति के अन्तर्गत रुदौली पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को यूपी पुलिस की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। हम आपको बताते चलें कि रुदौली महिला उप निरीक्षक व महिला कांस्टेबल ने अपनी जिम्मेदारी को निभाती हुई उत्तर प्रदेश पुलिस अथवा सीएम हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी रूदौली शहर की बालिकाओ व महिलाओ को दीवार पर लगे बोर्ड के माध्यम से विस्तार से समझाया।और शहर व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को उपनिरीक्षक सरोज देवी ने बताया कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत यूपी पुलिस की सेवाएं जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नम्बर 1090,181,112 की सेवाएं आपको यूपी पुलिस प्रदान कर रखी है। किसी भी वक्त आपातकालीन जरूरत पढ़ने पर सुरक्षा के दृष्टिगत देखते हुए दिए हुए नंबर को डायल कर सकती हैं। आगे महिला उप निरीक्षक ने बताया कि इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 व अन्य पर भी अपनी सुरक्षा को मद्देनजर



देखते हुए शिकायत कर सकती हैं और साथ में महिलाओं व बालिकाओ को पम्पलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर महिला उपनिरीक्षक सरोज देवी, महिला कांस्टेबल सरिता गुप्ता,महिला कांस्टेबल ज्योति तिवारी सहित बालिकाओ सहित महिलाए उपस्थित रही।

## ईद उल अजहा की नमाज में देश की सलामती और तरक्की के लिए दुआओं में उठे हाथ

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली अयोध्या। रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कर देश में अमन,चौन,सलामती और तरक्की के लिए दुआऐं की। ईदुल अजहा की नमाज शांति पूर्वक रुदौली ईदगाह में अदा की गई।ईदगाह कमेटी,जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष दरगाह शरीफ के सज्जादा नशीन शाह अम्मार अहमद अहमदी नैय्यर मियां ने ईदुल अजहा की नमाज से पहले कुरबानी का महत्व बताते हुए देश में अमन भाईचारे की दुवाऐं की। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा की त्योहार को शानओ शौकत से मनाए मगर यह खयाल रहे किसी की आस्था को कोई ठेस न पहुंचे,अमन कायम रहे।प्यार और मोहबत से सबको खुशी दी जा सकती है।कहा कि ईमान रक्खे और खुशियां बाटे।नमाज के मद्देनजर रूदौली रौजागाव मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन बंद किया गया था।शहर की मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों का पहुचना शुरू हुआ।ग्रामीण क्षेत्र में भी ईदुलजुहा की नमाज शातिपूर्ण सम्पन हुई।नमाज बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईदुलजुहा की बधाई दी।बच्चो में त्योहार को लेकर भारी उत्साह रहा।ईदगाह पर नमाज के दौरान एसडीएम स्वप्निल यादव,सीओ संदीप सिंह,कोतवाल शशिकांत यादब,नगर पालिकाअध्यक्ष जब्बार अली,सभसाद इरफान खा,उस्मान अंसारी,गुलाम अन्सारी,शारिक उस्मानी,ताजुद्दीन पप्पू,मोहमद ताहिर सहित भारी भीड़ मौजूद रही। ब्लॉक मवई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेवरा सहित अन्य गांवो में ईद–उल–अजहा(बकरीद)का त्योहार अकीदत और खुलूस के साथ मनाया गया।ब्लॉक मवई के क्षेत्रों में ईदगाह के साथ ही तमाम मस्जिदों में नमाज अदा की गई।नमाजियों ने रब की बारगाह में मुल्क की



सलामती,अमनो–अमान और तरक्की की दुआएं मांगी गईं।ईद को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।ईद–उल–अजहा के त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह बना रहा।नेवरा की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 7.30 बजे हाफिज मुइनुदीन नदवी ने अदा कराई।नमाज से पूर्व तकरीर करते हुए मौलाना कामिल हुसैन नदवी ने कहा कि ईद–उल–अजहा पैगंबर इब्राहिम की सुन्नत के तौर पर मनाई जाती है।ये त्योहार मोमिनों का अपने अल्लाह के प्रति प्रेम,त्याग और समर्पण का प्रतीक है।उन्होंने बताया कि इस्लामिक कैलेंडर के जिलहिज्जा महीने की 10 तारीख को अल्लाह की राह में कुर्बानी का त्योहार ईद–उल–अजहा मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि हर कम्युनिटी की भावनाओं का ख्याल रखाते हुए त्योहार मनाना चाहिए।त्योहारों से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है।लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर आपसी भाईचारे का पैगाम दिया।

## जन-जन तक जल पहुँचाना है, जल संरक्षण अपनाना है की थीम पर आयोजित होगा भूजल सप्ताह

- 16 से 22 जुलाई तक मनाया जायेगा भूजल सप्ताह

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि प्रदेश में भूजल जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 16 से 22 जुलाई 2022 तक ''भूजल सप्ताह'' मनाया जायेगा। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि वर्ष 2022 में भूजल सप्ताह हेतु ''जन–जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है'' थीम निर्धारित की गयी है।

डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि भूजल सप्ताह के दौरान बेसिक, माध्यमिक, उच्चतर, प्राविधिक एवं अन्य राजकीय शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

डीएम डॉ चन्द्र ने बताया भूजल सप्ताह के अवसर पर शहरी क्षेत्रों में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा अधीनस्थ प्राधिकरणों, उ.प्र. आवास विकास परिषद आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जन जागरूकता हेतु पोस्टर्स, बैनर्स, होर्डिंग आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। डीएम डॉ. चन्द्र ने यह भी बताया कि भूजल सप्ताह के दौरान जन सामान्य की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से केन्द्रीय संस्थानों/प्रतिष्ठानों, गैर–सरकारी संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जायेगा। विशेष रूप से कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला विज्ञान क्लब, पर्यावरण शिक्षा केन्द्र, शिक्षा मित्र, आंगनवाड़ी केन्द्र, जल उपभोक्ता समितियां, रेजीडेन्ट वेलफेयर सोसाइटी, भारतीय उद्योग परिसंघ, इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, बिल्डर्स एसोसिएशन, इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स, युवा मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र जैसे संगठनों को भी इस आयोजन से जोड़ते हुए भूजल सप्ताह की प्रभावी सफलता सुनिश्चित की जायेगी। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि जल संचयन के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभागों यथा ग्राम्य विकास विभाग, वन सरंक्षण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पंचायती राज विभाग, उ. प्र. जल निगम, पेयजल एवं स्वच्छता मिशन तथा लघु सिंचाई विभाग कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी आयोजन में अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम डॉ. चन्द्र ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया है कि शासन की मंशानुरूप ''जल सप्ताह'' के सफल आयोजन हेतु विस्तृत एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर फोटोग्राफ्स सहित नोडल अधिकारीध्सहा.अभि., लघु सिंचाई, के माध्यम से डीएम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## खंड शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में सभी शिक्षक मिले नदारद

- अनुपस्थित अध्यापकों पर कार्यवाही की संस्तुति, कारण बताओ नोटिस जारी



दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। प्राथमिक विद्यालय अकरौरा का सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने सुबह पौने आठ बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक गायब मिले। इस पर विद्यालय आए छात्रों को खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं प्रार्थना करवाया। अनुपस्थित सभी कर्मियों से जवाब तलब कर रिपोर्ट बीएसए को भेज दी है। मामला पयागपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय अकरौरा का सोमवार सुबह 7.45 बजे खंड शिक्षा अधिकारी बीएन द्विवेदी निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक नदारद मिले। जबकि छात्र काफी संख्या में स्कूल पहुंच चुके थे। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी छात्रों को सुबह का प्रार्थना करवाया। इसके बाद शिक्षकों को फोन कर जानकारी ली। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अनुपस्थित सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

साथ ही रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय गुप्ता को भेज दी है।

## विकास विभाग के अधिकारियों ने किया रक्तदान

दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवपुर बहराइच। रक्तदान बनेगा महाअभियान के संकल्प को लेकर सोमवार को बहराइच जनपद के शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय में 50 रक्त वीरों ने रक्तदान किया।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रेड क्रॉस सोसाइटी की अगुवाई में आयोजित रक्तदान महाशिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं व नागरिकों का उत्साह बढ़ाने के लिए बीडीओ शिवपुर डॉ आदित्य तिवारी सीएचसी अधीक्षक डॉ नलिन राजा शामिल हुए। रक्तदान करने वाले युवाओं व नागरिकों को आयोजक समिति ने प्रशस्ति पत्र।देकर सम्मानित किया। रक्तदान महा अभियान का खंड विकास अधिकारी डॉ आदित्य तिवारी व सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर नलिन राजा ने रक्तदान कर शुभारंभ किया। रक्तदान वीरों में ग्राम पंचायत अधिकारी देवव्रत मिश्रा, कृष्ण कुमार पुष्कर, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, विजय पांडे, एनम लक्ष्मी देवी बीपीएम दुर्गेश सिंह सहित अन्य कई अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्र के लोगों ने रक्तदान में हिस्सा लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### बहन से घर गये भाई की सरयू नदी में डूबने से मौत

अयोध्या। एक माह पूर्व हुई बहन की शादी के बाद उसके घर मिलने गए इकलौते भाई की सरयू नदी में नहाते समय डूब जाने से मौत हो गई। परिवार के इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनकर पूरा गांव सन्न रह गया और शव गांव में पहुंचते ही पूरा चिरकी गांव रो उठा। खंडासा थाना क्षेत्र के ओरवा चिरकी गांव निवासी राम वरदान तिवारी के तीन पुत्रियां व एक पुत्र था। दूसरे नंबर की बेटी की शादी 8 जून को टिकैतनगर थाना क्षेत्र के अरूवा गांव में हुई थी। उनका 18 वर्षीय पुत्र राजन तिवारी दिल्ली में नौकरी करता था। बहन की शादी के लिए पिता पुत्र ने जी तोड मेहनत की और धूमधाम से बहन की शादी संपन्न हुई। बीते 9 जुलाई को राजन मोटरसाइकिल से बहन के घर उसे देखने गया हुआ था। दूसरे दिन 10 जुलाई को दिन में 2 बजे गांव के कुछ युवकों के साथ वह सरयू नदी में स्नान करने के लिए चला गया जहां नहाते समय उसकी सरयू नदी में डूबकर मौत हो गई। घटना की सूचना गांव पहुंचते ही राम वरदान तिवारी जहां एक ओर अवाक रह गए वही पूरे गांव में लोगों को इस घटना पर विश्वास नहीं हुआ। देर रात राजन का शव चिरकी गांव लाया गया जहां शव गांव पहुंचते ही पूरा गांव रो उठा। बेहद मिलनसार और हंसमुख स्वभाव का होने के कारण दोस्तों के बीच राजन बहुत ही लोकप्रिय था। हादसे की खबर सुनकर भाजपा नेता हरकेश, बब्बन शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख लल्लू तिवारी, प्रधान महेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार मिश्रा, उधव श्याम तिवारी समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने गांव पहुंचकर नम आंखों से अपनी श्रद्धांजलि दी।

### अवैध कच्ची शराब के साथ पुरुष समेत एक महिला पर हुई कार्यवाही 30 लीटर अवैध शराब बरामद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा खबर है जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र का जहां पुलिस की धरपकड़ अभियान मे कच्ची शराब माफियाओं की होस उड़ी हुई है लगातार क्षेत्र में अवैध जहरीली शराब स्थानीय पुलिस द्वारा पकड़ना जिले के जिम्मेदारों को सवालों के कटघरे में खड़ा कर रहा है आपको बता दें जिले के उच्च पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के आदेश अनुपालन व चलाई जा रही कच्ची शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत दिनांक 9,7,2022 को इटियाथोक थाने के थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे के कुशल निर्देशन में उप निरीक्षक धर्मराज शर्मा कांच में रणजीत यादव सहित आधा दर्जन पुलिस फोर्स बल ने विट्टनदेवी पत्नी चिंताराम निवासिनी गोपालपुर चौबे उपरोक्त थाना व राजेंद्र सोनकर पुत्र राम धीरज निवासी ग्राम जोका ही थाना इटियाथोक को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत की है।



## विश्व जनसँख्या दिवस पर जिला महिला अस्पताल में हुई संगोष्ठी

अयोध्या। जिला महिला चिकित्सालय अयोध्या में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरपी वर्मा ने इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी। तथा परिवार नियोजन साधनों के प्रचार प्रसार के लिए स्टाल लगाकर जागरुक किया गया। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा को लेकर आज जनपद के 129 हेल्थ वैलनेस सेंटर, 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 6 अर्बन स्वास्थ्य केंद्र और 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गोष्ठी आयोजित की गई। डॉक्टर निशी सिंह ग्यानकोलॉजिस्ट ने बताया कि कोरोना काल में बढ़ी हुई आबादी के दुष्प्रभाव का स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक हर क्षेत्र में दिखाई दिया ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को समझना और भी जरूरी हो गया। उन्होंने ने ऐसे योग्य दंपति से संपर्क किया, जिन्हें परिवार नियोजन के बारे में परामर्श की आवश्यकता है साथ ही उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं, जिनका प्रसव विगत एक वर्ष के दौरान हुआ हो, नव विवाहित दम्पति, जिनका विवाह विगत एक वर्ष के दौरान हुआ हो व योग्य दम्पति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हों, ऐसे लोगों को परिवार नियोजन की सेवाएं लेने के लिए प्रेरित किया द्य इस दौरान दंपत्ति को गर्भनिरोधक गोली छाया और कंडोम वितरित करने के साथ अंतरा इंजेक्शन और कॉपर–टी अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया द्यइस वर्ष विश्व जनसंख्या पखवाड़ा का थीम ''परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय लिखो तरक्की का नया अध्याय'' के साथ सभी के लिए एक लचीले भविष्य की ओर अवसरों का दोहन और सभी के लिए अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना है।

डॉ प्रियंका मिश्रा ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या की वजह से देश दुनिया के सामने आने वाली परेशानियों का सबसे बड़ा उदाहरण कोरोना काल में दिखाई दिया। इस कार्यशाला में परिवार नियोजन के साथ–साथ गरीबी लैंगिक समानता नागरिक अधिकार मां और बच्चे का स्वास्थ्य गर्भनिरोधक दवाओं का



इस्तेमाल जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा और विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर आसाराम, डॉ निशा सिंह , डॉ प्रियंका मिश्रा , सीनियर मैटन उर्मिला विश्वकर्मा , मिथुन शीला श्रीवास्तव एसएलटी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, लैब टेक्नीशियन विकास पांडे एवं स्टाफ नर्स विमला , मोनिका , माया संगम संजू , अनीता , संगीता आदि लोगों ने संगोष्ठी में उपस्थित रही ।

## साबरमती ट्रेन के आगे कूदकर ने अधेड़ ने दी जान

अयोध्या। अयोध्या धाम जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सोमवार की सुबह लगभग 48 वर्षीय अधेड़ ने साबरमती ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना के बाद मौके चीख–पुकार मचनी शुरू हो गई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि युवक की पहचान नहीं हो सकी है। हादसा अयोध्या धाम स्थित रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 के पोल संख्या 960/28 के पास हुआ। वाराणसी से आ रही साबरमती एक्सप्रेस के सामने एक 48 वर्षीय व्यक्ति ने छलांग लगा दी। इस दौरान उसे गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अयोध्या जीआरपी चौकी प्रभारी एके पांडे ने बताया कि मृतक व्यक्ति के पास से कोई सुसाइड प्राप्त नहीं हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।व्यक्ति की पहचान की जा रही है। घटना के वक्त प्लेटफार्म पर एक मालगाड़ी ट्रेन खड़ी थी, जिस कारण स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद नहीं हो सकी। रेलवे पुलिस स्टेशन पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों से पुलिस या पता लगाने में जुटी है कि सुसाइड से पहले कितने समय से प्लेटफार्म पर था। साथ ही व्यक्ति की मौत के कारणों का भी पता लगा रही है।

## जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन जागरूकता रैली को किया रवाना




दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया देवरिया। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में परिवार नियोजन से जुड़ी जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के मानव संसाधन और प्राकृतिक संसाधन के मध्य तालमेल स्थापित होना आवश्यक है। इसके लिए भारत सरकार परिवार नियोजन के संबंध में कई योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सरकार द्वारा छोटा परिवार सुखी परिवार की धारणा को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। परिवार नियोजन के कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी अधिक है। पुरुषों को भी इसके लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने परिवार नियोजन के संबन्ध में चलाए जा रहे नसबंदी कार्यक्रमों में भागीदारी करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसंख्या को लेकर परंपरागत नजरिए में बदलाव लाने की भी आवश्यकता है। जनसंख्या सिर्फ बोझ नहीं है, बल्कि एक संसाधन भी है। भारत के पास डेमोग्राफिक डिविडेंड उपलब्ध है, जो अन्य देशों की तुलना में एडवांटेज देता है। जनसंख्या नियंत्रण के संबंध में हम उन गलतियों को बिल्कुल न दोहराएं, जिन्हें हाल के दिनों में कई देशों में देखा गया है। जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट से निकलकर सीएमओ कार्यालय तक पहुँची। इस दौरान जिला युवा अधिकारी विकास तिवारी, जिला बचत अधिकारी अमित कुमार सहित विभिन्न अधिकारी एवं नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक मौजूद थे।


## प्रस्तावित भूमि से हटकर हो रहा गौशाला का निर्माण

हरिंगटनगंज,अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील के हरिंगटनगंज ब्लाक की ग्रामसभा रेवना के अहिरण का पुरवा के आबादी क्षेत्र से सटी पशु चर गाटा संख्या–3088 रकबा 1.877 हेक्टेयर स्थित ग्राम की जमीन पर गौशाला का निर्माण जेसीबी द्वारा कराया जा रहा है जब की गौशाला की पशुचर भूमि गाटा संख्या 351 रकबा 1.839 हेक्टेयर में प्रस्तावित थी जो प्रशासन को भ्रम में रखकर स्थल परिवर्तन कर दिया जा रहा है जिसके कारण ग्राम वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामसभा रेवना के अहिरन का पुरवा जिसकी आबादी लगभग 1000 हैं इतनी घनी आबादी में सटी गौशाला ग्राम वासियों के लिए संक्रामक रोग हुआ महिलाओं और बच्चों के लिए दुर्घटना का कारण बनेगी जबकि जबकि गौशाला निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्तावित भूमि गाटा संख्या 351 रकबा 1.839 हेक्टेयर भूमि ग्राम सभा की आबादी से लगभग 500 मीटर दूरी पर है और पूर्णता सुरक्षित उपयुक्त है ।

प्रस्तावित भूमि से हटकर निर्माण करने की वजह से ग्राम वासियों द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर को दिया है उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने बताया कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## बहराइच हरियाली पर आरा चला रहे हैं हरियाली के दुश्मन

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर वन क्षेत्र में हो



रहा है लगातार बिना परमिट के हरे पेड़ो की कटान, वन विभाग व पुलिस विभाग की मिलीभगत से हो रहा है ।

हरे पेड़ो का कटान, पयागपुर के भगत पुरवा में बिना परमिट के कटा तीन गूलर का पेड़ गूलर का वन विभाग में पेड़ो कटान का चलता है खुला रेट साहब के रेट के हिसाब से अदा करने के बाद ठेकेदार करते हैं खुलेआम बिना परमिट के हरे पेड़ो का कटान पयागपुर वन दरोगा से पेड़ो के संबंध में बात करने पर इधर उधर की बता कर लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी बचत की जमीनों पर दबंगई से हो रहे हैं कब्जे अधिशासी अधिकारी एवं नगर अध्यक्ष जान कर भी अंजान

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता
भाटपार रानी देवरिया। भाटपार रानी नगर पंचायत में कुल 12 वार्ड है इन 12 वार्डों में कहीं–कहीं नगर पंचायत की बचत की भी जमीन हैं उन बचत की जमीनों पर कुछ पहले से लोगों द्वारा कब्जा है और आज इस समय वर्तमान में भी कुछ सरकारी बचत की जमीनों पर लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है जिस पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सब कुछ जान कर भी अंजान बने बैठे हैं भाटपार रानी उपनगर में अनेकों जगह सरकारी बचत की जमीन जो कुछ खाली है और कुछ इस समय वर्तमान में उस पर कब्जा किया जा रहा है नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सब जानकर अनजान बने बैठे हैं।

### 13 अगस्त को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इशरत परवीन फारूकी ने बताया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वाधान में 13 अगस्त दिन शनिवार को दिन के 10रू00 बजे से स्थान दीवानी न्यायालय परिसर, देवरिया में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस लोक अदालत में अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ट विषय अपराधिक शमनीय वाद धारा 138 पराक्रम लिखत अधिनियम, बैंक वसूली याद, श्रम वाद, विद्युत एवं जल, भरण–पोषण वाद, परिवारिक बाद, भूमि अधिग्रहण बाद सर्विस में वेतन एवं भत्त सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों (किराया सुखाधिकार, व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि के लम्बित एवं प्री–लिटीगेशन आदि वादों को निपटारा किया जायेगा।

### ''ऑपरेशन शिकंजा'' के तहत देवरिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास व 13 हजार रुपये का अर्थदण्ड

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। ''ऑपरेशन शिकंजा'' के तहत जनपदीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप थाना मदनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0–220/2010 धारा–498ए,302 व 34 भादंसं व 4 डीपी एक्ट में अभियुक्त कन्हैया पाल पुत्र फौजदार पाल निवासी वहसुआ थाना मदनपुर जनपद देवरिया को मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आजीवन कारावास एवं 13 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। जिसमें तत्कालीन विवेचक नि0 मनोज कुमार पाण्डेय, ए0डी0जी0सी0 राजेश कुमार शुक्ल व को0मो0 हे0का0 इन्द्रेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।




## करंट लगने से महिला की मौत,मचा कोहराम





औरैया। अटसू कस्बे के मोहल्ला लोहिया नगर में सुबह के करीब नौ बजे के करीब घर से नहा धोकर पूजा करने के लिए मंदिर पर जाते समय गेट खोलने को हाथ बढ़ाया गेट में हाथ छूते ही पहले से गेट में आ रहे करें बिजली के करंट लगने से महिला जमीन पर गिर पड़ी अचानक गिरते देख घर में मौजूद बेटे डंडे डंडे से हटाते हुए एंड परिवारी जनों को सूचना दी और गंभीर हालत में सीएससी अस्पताल अजीतमल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया महिला की अचानक मौत से बेटों समेत अन परिवारी जनों का रो–रो कर बुरा हाल हो रहा था। परिवारी जनों ने मौत की सूचना पुलिस समेत उप जिलाधिकारी को फोन से दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव परिजनों को सौंपा परिवारी जनों ने शव का पीएम ना कराने की इच्छा जाहिर की। जानकारी के मुताबिक कस्बे के राम बिहारी पत्नी सरोज उम्र 55 वर्ष सुबह के समय नहा धोकर मन्दिर पूजा के लिए घर से निकलते ही पहले से आ रही गेट में करंट की चपेट में आ गई और मौत के मुंह में समा गई मृतिका के पति कस्बे में चाट की ठेली लगाके जीवन यापन करते थे जिनके दो बेटे विवेक और सचिन पढ़ाई के साथ साथ व्यवसाय में हाथ बताते थे अचानक मां की मौत से पति समेत दोनों बेटे निस्तब्ध हु कर रोए जा रही थे। वही पति राम बिहारी ने पत्नी की बिजली करंट से मौत होने की सूचना पुलिस वाह तहसील प्रशासन को दी मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अटसू देवेंद्र प्रसाद में जानकारी करते हुए शव का पंचनामा किया मृतका के पति में शव का पीएम नौकरानी की इच्छा जाहिर की जिसके चलते पुलिस ने शव परिजनों को शॉप दिया इस संबंध में कोतवाल प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया की महिला की मौत बिजली का करेंट लगने होने की सूचना मिली है पंचनामा भर सव परिजनों को दे दिया गया।

## दिव्यांग कह एक ने ठुकराया तो महज कुछ घंटों के भीतर दूसरे ने अपना कर जीवन साथी बना लिया



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। हाथ की दिव्यांगता को लेकर जिस दूल्हे को भोगांव की दुल्हन ने अपनाने से इंकार कर दिया उसी दूल्हे को कुछ घंटे बाद ही इटावा की दुल्हन वरमाला पहना दी। भोगांव से दूल्हा बिना दुल्हन के वापस लौटा था।

लेकिन इटावा से दुल्हन लेकर लौटा। दूल्हा पक्ष में कुछ घंटों के लिए छाई मायूसी दुल्हन मिलने के बाद खुशियों में बदल गई है। मूल रूप से दिल्ली के सुल्तानपुरी निवासी विकास वर्मा पुत्र स्वर्गीय रजनीश कुमार वर्मा की शादी भोगांव के मिश्राना मोहल्ला निवासी युवती के साथ तय हुई थी। शनिवार की रात जयमाला की रस्म के दौरान हाथ की दिव्यांगता देखकर दुल्हन ने दूल्हे को जयमाला नहीं डाली और शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद हुए विवाद में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। एक युवक की सोने की चौन भी तोड़ने का आरोप दुल्हन पक्ष पर लगा था। पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता कराया तो दूल्हा, दुल्हन के बिना कस्बा करहल निवासी अपने नाना के घर लौट आया।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरुकता रैली निकाली गई, विधायक, पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट से मुख्य चिकित्साधिकारी कायार्लय तक जागरुकता रैली निकाली गई, रैली को भोगांव विधायक, पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी जागरुकता रैली निकाली गई और लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए काउंसलिंग की गई।

प्र. जिलाधिकारी विनोद कुमार ने परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह ने बताया कि रैली कलेक्ट्रेट से शुरू होकर स्टेशन रोड होते हुए जिला चिकित्सालय पहुंची और पूरे शहरी क्षेत्र को कवर करते हुए सी.एम.ओ. कायार्लय पर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस बार विश्व जनसंख्या दिवस की थीम परिवार नियोजन का अपनाओ उपाय–लिखो तरक्की का नया अध्याय के नारे से लोगों को जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई तक चलने वाले विश्व जनसंख्या पखवाड़े का भी शुभारंभ किया गया, इसमें परिवार नियोजन के प्रति लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस को परिवार नियोजन परामर्श दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सी.एम.ओ. ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस को परिवार नियोजन परामर्श दिवस के रूप में भी मनाया गया, सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर लक्ष्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए काउंसलिंग भी की गई। रैली में पूर्व विधायक अशोक चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद तोमर, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, ए.सी.एम.ओ. डॉ राजीव राय, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ संजीव राव बहादुर, संजीव वमा डीपीएम, डी.सी.पी.एम. राजीव कुमार, विवेक अवस्थी, रंजीत सिंह, यू.पी.टी.एस.यू. के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ अमरीश पाण्डेय, रवींद्र सिंह गौर प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, कमलदीप आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड, पासिंग आउट परेड से पहले बड़ी दावत, एसपी ने परोसा भोजन



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। पुलिस लाइन के सभागार में रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड, पासिंग आउट परेड से पहले बड़ी दावत का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एसपी कमलेश कुमार दीक्षित ने आरक्षियों की पंगत में खुद भोजन वितरित किया। एसपी ने आरक्षियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना भी खाया। रविवार की रात पुलिस लाइन के सभागार में दीक्षांत परेड से पहले आरक्षियों के लिए दावत का इंतजाम किया गया था। एसपी कमलेश कुमार दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, जिले के सभी सीओ तथा अन्य पुलिस अधिकारी इस दावत में बुलाए गए। सभी आरक्षियों की लाइन परिसर में ही पंगत लगवाई गई। एसपी ने इस पंगत में आरक्षियों को पूरी, सब्जी तथा मिठाई परोसी। एसपी ने खुद भी उन्हीं के साथ बैठकर खाना खाया। आरक्षी एसपी के साथ खुश नजर आए।

## असुविधा की मार झेल रहा भाटपार रानी रेलवे स्टेशन बशीर खान



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता
भाटपार रानी देवरिया। भाटपार रानी रेलवे स्टेशन असुविधा की मार झेल रहा है भाटपार रानी की जनता जनार्दन को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जैसे पहले भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर अवध आसाम ग्वालियर बरौनी लखनऊ बरौनी इन तीनों ट्रेनों का ठहराव भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर था परंतु कोरोना काल में ट्रेन बंद होने के कारण इन तीनों ट्रेनों का ठहराव भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर कैंसिल कर दिया गया कोरोना का की स्थिति सामान्य होने के बाद इन तीनों ट्रेनों का पहले भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित नहीं किया गया आज भाटपार रानी विधानसभा के समस्त क्षेत्रवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इन ट्रेनों को ना रुकने से भाटपार रानी ग्रामीण क्षेत्र के पब्लिक को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिन व्यक्तियों को अपने दवा संबंधित गोरखपुर डॉक्टर के यहां पर्ची लगाने के लिए लखनऊ बरौनी और ग्वालियर बरौनी से आसानी से जाकर डॉक्टर के यहां पर्चा लगाने में काफी सुविधाजनक होती थी लेकिन अब इन तीनों ट्रेनों के ना रुकने के कारण भाटपार रानी जनता जनार्दन को काफी दिक्कतें परेशानियां झेलनी पड़ती है गोरखपुर और लखनऊ जाने के लिए लखनऊ बरौनी एवं ग्वालियर बरौनी इन ट्रेनों का ठहराव पहले की भांति रेलवे प्रशासन फिर से सुनिश्चित कर दे तो भाटपार रानी जनता जनार्दन को जो इस वक्त काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उन लोगों के लिए काफी सुविधाजनक एवं भाटपार रानी विधानसभा के समस्त जनता के लिए बहुत बड़ी राहत मिलेगी इस संदर्भ में बसीर खान जीने रेलवे महाप्रबंधक एवं रेल मंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इन तीनों ट्रेनों का ठहराव भाटपार रानी रेलवे स्टेशन पर पहले की भांति सुनिश्चित कर दिया जाए तो भाटपार रानी की जनता जनार्दन को काफी राहत की सांस लेगी।

## अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहार



दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। मसौली कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा (बकरीद) रविवार को इलाके भर में अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ईदगाहो और मस्जिदों में ईद उल अजहा की खास नमाज अता की गई। और खुदा की बारगाह में नमाजियों ने मुल्क की तरक्की, अमन–चौन के साथ बरकत और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

कस्बा बड़ागाँव ईदगाह में मौलाना सगीर अहमद अंसारी, ईदगाह मसौली में हजरत मौलाना सैय्यद गुलजार शाह इस्माईली, कस्बा सआदतगंज ईदगाह में हाफिज सिराजुद्दीन, मस्जिद पचासा में मुफ्ती आरिफ,मस्जिदे मरकज में हाफिज अब्दुल्ला, मस्जिद पक्की में मौलाना अकील व मस्जिदे मदनी में मौलाना अयाज ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई और रहमत की बारिश की दुवाएँ मांगी।

नमाज अता होने के बाद अल्लाह की राह में पशुओं की कुर्बानी दी गयी। ईदगाहों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ लगातार गस्त करते रहे।

## अधेड़ महिला की डंडे व बेल्ट से पिटाई, बचाने की जगह खड़े वीडियो बनाते रहे लोग

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। करहल थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला और उसके दो पुत्रों ने अधेड़ महिला की बुरी तरह पिटाई की। डंडे और बेल्ट से महिला को पीटा गया। इस घटना का वीडियो बनाया गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों में हमलावरों के खिलाफ कड़ी नाराजगी है। हालांकि इस मामले में करहल पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

मामला करहल थाना क्षेत्र के ग्राम नगला बुधुआ अहमदपुर गांव से जुड़ा है। इस गांव में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट की जा रही है। मीरा नाम की महिला और उसका बेटा शंकर उसे बुरी तरह से मार रहे हैं। बताया गया कि बच्चों में हुई कहासुनी के बाद मीरा नाम की महिला अपने बेटे के साथ रजवाह के किनारे पहुंची और डंडों से उसे बुरी तरह पीटने लगी। हैरानी की बात यह थी कि जो लोग वहां जमा थे वे उसे बचा नहीं रहे थे। बाइक सवार एक युवक महिला का वीडियो बना रहा था।

## डीएम ने खाद्य सचल प्रयोगशाला वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- जनपद में 16 जुलाई तक खाद्य सचल प्रयोगशाला वैन चलाएगी जन जागरूकता अभियान



दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा गोरखपुर मंडल हेतु आवंटित एसएसडब्ल्यू को रोस्टर अनुरूप (दिनांक 11जुलाई 2022से 16जुलाई 2022 तक ) जनपद देवरिया आगमन के उपरांत खाद्य जागरूकता, खाद्य विश्लेषण एवं स्वस्थ भोजन सही पोषण के प्रचार–प्रसार के कार्यक्रम हेतु शुभारंभ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर व जानकारी लेकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि एफएसडब्ल्यू भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रहे कार्यक्रम इट राइट इंडिया की एक प्रमुख कड़ी है तथा इसके माध्यम से समस्त भारत में खाद्य पदार्थों मे अपमिश्रण तथा सुरक्षित खाद्य के बारे में जन सामान्य एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को जागरूक किया जाना है। आज जनपद के शहरी क्षेत्रों में सर्वप्रथम देवरिया बस स्टैंड पर एसएसडब्ल्यू के माध्यम से कुल 17 खाद्य पदार्थों के विश्लेषण किए गए जिसमें मिठाइयों, मसालों, खाद्य तेलों , दूध एवं अन्य पदार्थों के विश्लेषण किए गए तथा विश्लेषण के उपरांत परिणामों से अवगत भी कराया गया और जन सामान्य और खाद्य कारोबार करताओ को खाद्य पदार्थों में अपमिश्रण को कैसे और किस प्रकार रोका जा सकता है इस बारे में जागरूक किया गया।

17 नमूनों में कुल तीन मिठाई के नमूने में स्टार्च की मात्रा प्राप्त हुई तथा दूध के एक नमूने में पानी की मात्रा प्राप्त हुआ। इसी प्रकार दूसरे पड़ाव देवरिया रेलवे स्टेशन पर कुल 22 खाद्य पदार्थों का विश्लेषण किया गया ,जिसमें मिर्च पाउडर में वाह्य पदार्थ पाया गया तथा बेसन में अन्य स्टार्च (मटर का आटा)की मिलावट प्राप्त हुई ,रेलवे स्टेशन पर उपस्थित जन समूह एवं पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों के समूह को खाद्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स बताए गए तथा कम तेल, कम चीनी व कम नमक हेतु उन्हें सजग किया गया एवं खाद्य पदार्थों के लेवल पढ़ना एक जरूरी आदत बनाया जाए और उनके माध्यम से यह संदेश जनसामान्य में भी प्रेषित किया जाए। इसी प्रकार परशुराम चौराहे पर भी कुल 6 खाद्य पदार्थों के नमूनों का विश्लेषण किया गया एवं जन सामान्य तथा खाद्य कारोबार कर्ताओं को जागरूक किया गया इस प्रकार आज कुल 45 नमूनों का विश्लेषण किया गया जिसमें 36 नमूने पास हुए तथा 9 नमूने फेल हुए। कल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के सदर तहसील में ं भ्रमण करेगी। कार्यक्रम का संचालन शिवेंद्र मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में अजीत त्रिपाठी खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किया गया , सन्दीप श्रीवास्तव एवं रंजन श्रीवास्तव द्वारा सहयोग किया गया।

## नाजायज दो पिस्टल व कारतूस सहित थाना सतरिख पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सतरिख पुलिस टीम ने अभियुक्त आसिफ शहरयार पुत्र अफात खां निवासी ग्राम जमोली थाना असंद्रा को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से दो अदद पिस्टल नाजायज 32 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद कर थाना सतरिख पर आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सतरिख संतोष कुमार के साथ उपनिरीक्षक अशोक कुमार,हे.का.संतोष शुक्ला, हे.का.मो.इदरिश, का. विवेक प्रताप सिंह, का.सूरज शामिल शामिल रहे।




## बसपा पदाधिकारियों ने चलाया विशेष सदस्यता अभियान

- सर्व समाज का सम्मान बसपा में ही सुरक्षित है : दीपक पेंटर



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। किशनी विधानसभा क्षेत्र में रविवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती जी के निर्देशन पर विशेष सदस्यता अभियान चलाया गयाद्य इस दौरान रतिभानपुर ,शमशेरगंज आदि गांव के सर्व समाज के सैकड़ों लोगों को बसपा की सदस्यता दिलाई गईद्य उन्होंने पार्टी में शामिल हुए लोगों के मान सम्मान का भरोसा दिलाया।

इस दौरान वरिष्ठ बसपा नेता दीपक पेंटरने कहा कि सेना में अग्निवीर भर्ती में सरकार को नौजवानों की जायज मांगो को स्वीकार करना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हमेशा बाबासाहेब के कारवां को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार रहने पर पूरे भारत देश के शोषित , वंचित बहुजन समाज अपने आप को सुरक्षित महसूस करते थेद्य यदि देश में संविधान का राज स्थापित करना है तो मान्यवर कांशीराम साहब द्वारा स्थापित बहुजन समाज पार्टी की सरकार की बनानी होगीद्य जिला सचिव विद्याराम मुनीम ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी के समान होते हैं, जिनके बल पर पार्टी को मजबूत बनाने में मदद मिलती हैद्यसमतामूलक समाज की स्थापना में सुश्री मायावती का प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धनीराम जाटव , जिला सचिव धानीराम ,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विवेक कुमार, जितेंद्र कुमार अंबेडकर ,नेत्रपाल, सुखबीर सिंह, राहुल कुमार, मोनू रवि, प्रदीप कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## ट्रक ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर मौके पर ही बाइक सवार की हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जहां पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की मौके पर



ही मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार मृतक कोठी थाना क्षेत्र के बकसवां गांव का रहने वाला है जिसका नाम छेदा लाल पुत्र भागीरथ है। वही इसकी सूचना मिलते ही असंद्रा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

## बेशकीमती तालाबों पर खुलेआम किया जा रहा है अवैध रूप से कब्जा



दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। ग्राम पंचायत के वेशकीमती तालाबों पर खुले आम अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। इस ओर न तो तहसील प्रशासन और न ही ग्राम पंचायत किसी प्रकार की कार्यवाही कर रही है। शायद प्रदेश सरकार के मुखिया योगी सरकार का खौफ नही दिखाई दे रहा है।

उक्त मामला कही दूर दराज का नही विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत बांसा का है।बांसा बड़ागांव रोड के किनारे एक ग्राम सभा का वेशकीमती तालाब है।जिस पर दिनदहाड़े अवैध रूप से डम्फर से मिट्टी डाली गई और उसी मिट्टी को जेसीबी से बराबर किया जा रहा था। हालांकि इतना सब कुछ होने के बाद तहसील प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी भी मुर्ख दशक बने हुए है।वही लगातर तालाबों की घटती संख्या के कारण घटते जल स्तर से उभरने के लिए प्रदेश सरकार के मुखिया योगी सरकार ग्राम पंचायतों में सरोवर के निर्माण पर लाखों रुपए खर्च करके जल स्तर को बढ़ाने के लिए दिन रात एक किए हुए है। परन्तु यहां पर सरकार द्वारा अवैध कब्जा हटाने का खौफ भी नही दिखाई दे रहा है। फिर हाल मामला जांच का विषय बना हुआ है।

## पुलिस ने 20हजार के इनामी शातिर को किया गिरफ्तार, मदद के नाम पर बदल लेता था डेबिट कार्ड



मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी में एटीएम से रुपये निकालने वाले भोले–भाले लोगों को भ्रम में डालकर डेबिट कार्ड बदलने वाले शातिर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उससे पांच डेबिट कार्ड, तमंचा–कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। सोमवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया।आए दिन एटीएम पर कार्ड बदल कर धोखाधड़ी शिकायतें प्राप्त होने पर एसपी कमलेश दीक्षित की ओर से इंस्पेक्टर कोतवालीध्स्वाट प्रभारी विक्रम सिंह को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। सोमवार की सुबह इंस्पेक्टर को सूचना मिली कि डेबिट कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करने वाला एक शातिर ज्योति तिराहा के पास एक एटीएम के पास वारदात की फिराक में है। इस सूचना पर इंस्पेक्टर ने पुलिस बल के साथ दबिश देकर मौके से शातिर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अवधेश राठौर निवासी गांव इटौरा थाना मटसेना फिरोजाबाद बताया। तलाशी के दौरान उससे पांच डेबिट कार्ड, तमंचा–कारतूस मिले। सीओ सिटी विजय पाल ने बताया कि पकड़ा गया अवधेश एटीएम पर भोले–भाले लोगों से मदद के बहाने कार्ड बदल कर वारदात को अंजाम देता था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर एसपी की ओर से 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पकड़े गए आरोपी को सोमवार के दिन पुलिस ने न्यायालय में पेश किया।पकड़े गए शातिर अवधेश ने पुलिस को बताया कि उसका एक साथी और भाई पूर्व में डेबिट कार्ड बदलने के मामले में जेल भेजे गए हैं। वह एटीएम के पास वारदात को अंजाम देने आया था। रुपये निकालने के बाद वह जेल में भाई से मिलाई करने जाने वाला था। लेकिन इस से पूर्व कोतवाली पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।

दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# बेटे की चाहत में हो जाती हैं कई संताने : सांसद

- परिवार नियोजन परामर्श दिवस पर बताए छोटे परिवार के हैं बड़े फायदे

चित्रकूट ब्यूरो। विश्व जनसंख्या दिवस को सोमवार को परिवार नियोजन परामर्श दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल समेत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य उप केन्द्रों और हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर परिवार को सीमित रखने और दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के बारे में दम्पति को जागरूक किया गया। समुदाय को छोटे परिवार के बड़े फायदे के बारे में सन्देश दिया गया। परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने को लेकर केन्द्रों पर स्टाल लगाकर भी लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी गयी और इन्हें अपनाने को प्रेरित किया गया।

जिला अस्पताल सोनेपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा की बेटों की चाहत में कई संतानें हो जाती हैं, इससे बचने में ही भलाई है। बेटा और बेटी में अंतर न करें। उन्होंने जनसमुदाय का आह्वान किया कि छोटा परिवार रहेगा तो उनकी अच्छी परवरिश होगी। दो बच्चे रहेंगे चाहे वह बेटा हो या बेटी तब उनकी अच्छी शिक्षा होगी और उन्हें अच्छा भोजन भी करा सकेंगे। बेटियाँ हर जगह बेटों से आगे निकलकर गाँव, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहीं हैं। सांसद ने कहा कि पहले स्वास्थ्य सुविधाएं इतनी अच्छी नहीं थी। इस समय परिवार नियोजन के अस्थाई और स्थाई साधन उपलब्ध हैं। गांव स्तर पर इसके लिए समझाया जा रहा है। इसका सभी लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जहां अभी जागरूकता का अभाव है, वहां पर स्वास्थ्यकर्मी ज्यादा ध्यान दें तभी यह पखवारा सार्थक होगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने कहा कि परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है, जब परिवार सीमित होगा। विकास के उपलब्ध संसाधनों का समुचित वितरण और बढ़ती जनसंख्या दर के बीच संतुलन कायम करने के उद्देश्य से आज सबसे अधिक जरूरत जनसंख्या स्थिरीकरण की है। परिवार को सीमित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, जिसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। इन अस्थायी साधनों में से अपनी पसंद का साधन चुनकर शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की योजना बना सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर भी रख सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखना मां और बच्चे दोनों की बेहतर सेहत के लिए बहुत जरूरी है। जब परिवार पूरा हो जाए तो स्थायी साधन के रूप में नसबंदी का विकल्प चुन सकते हैं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आर के चौरिहा ने कहा कि समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो चरणों में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत लक्षित दम्पति को चिन्हित कर परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के प्रति प्रेरित किया गया। अगला चरण जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा सोमवार से शुरू हो रहा है, जो 30 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत लक्षित दम्पति को सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के बारे में किशोर –किशोरियों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि भविष्य में वह सही समय पर सही कदम उठाने के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकें। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधीक्षक डा सुधीर शर्मा, अशोक सिंह, परिवार नियोजन विशेषज्ञ अजय शुक्ला, ज्ञानचंद शुक्ल, एएनएम बीनू, रीता रैकवार, काउंसलर सुषमा खरे आदि मौजूद रहे।

## युवक ने कूप और विटिया में लगाई आग सामान जलकर राख

- मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने किया काबू पुलिस से शिकायत

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। थाना क्षेत्र अंतर्गत नंगला मधु निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र रामगोपाल का विटिया और कूप लगा हुआ था! आज समय लगभग दस बजे प्रार्थी का भाई घर पर था तभी साजे की जगह में रखें विटिया और कूप सर्वेश कुमार व रामवीर पुत्र रामगोपाल ने आग लगा दी! जिसमें प्रार्थी का बिटिया और कूप जलकर राख हो गया! जिसमें लगभग प्रार्थी का बीस हजार रुपये का भारी नुकसान हुआ ! एक तरफ तो जानवरों की चारा की बहुत समस्या आ रही है! दूसरी तरफ दबंगो ने कूप में आग लगा कर राख कर दिया ! मौके पर



फायर बिग्रेड व थाना पुलिस पहुंची फायर बिग्रेड ने आग को काबू किया प्रार्थी ने थाने में न्याय मिलने के लिए ग्वार लगाई अब देखते हैं! प्रार्थी को न्याय मिलता है या यूं ही थाने के चक्कर लगाता रहेगा।

# नवागंतुक जिला खनिज अधिकारी ने बताई प्राथमिकताएं

- अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर सख्ती से होगा नियंत्रण

चित्रकूट ब्यूरो। शासन द्वारा भेजे गए नवागंतुक जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने जनपद चित्रकूट का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने शासन की मंशानुरूप कार्य करने एवं अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर सख्ती से नियंत्रण करने को अपनी पहली प्राथमिकता बताई है। उन्होंने शासन की मंशा के अनुसार मेहनत और लगन से काम करने को अपनी प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध खनन नही होने दिया जायेगा। अवैध खनन व ओवरलोडिंग में संलिप्त खनन माफियाओं के विरुद्ध पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही होगी।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में राजस्व बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके अलावा वह जनपद के सभी क्रेशर संचालको को एनजीटी के नियम के आदेशानुसार ही क्रेशर संचालित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही पर्यावरण को संरक्षित करने के



मकसद से सभी क्रेशर मालिको से अपने प्लांट पर अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए अपील की है। बताया कि वह मैनपुरी से स्थानांतरण होकर चित्रकूट आए हैं।

---

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपियों को 20 लीटर कच्ची शराब व 21 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

जिसमें थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय तथा उनके हमराही आरक्षी पंकज सिंह परिहार द्वारा कल्याण केन्द्र चौराहा से आरोपी रामबाबू कुशवाहा पुत्र पराग कुशवाहा निवासी रूलर मजरा सरहट थाना मानिकपुर को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ तथा थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक सिद्धनाथ राय तथा उनके हमराही आरक्षी राहुल दीक्षित द्वारा आरोपी भागवत प्रसाद आदिवासी पुत्र दिनेश आदिवासी निवासी कोल मजरा थाना बरगढ़ को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में दोनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# माँ सहित चार बच्चों ने खाया जहरीला पदार्थ, गंभीर

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है, जिन्हें पड़ोसियों ने गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। आत्महत्या करने की कोशिश की वजह जमीनी विवाद बताया जा रहा है, फिलहाल पुलिस अस्पताल पहुंची हुई है और मामले की तफ्तीश कर रही है। एक ही परिवार के पांच लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने का यह मामला सदर कोतवाली इलाके में रानी लक्ष्मीबाई तिराहे के पास का है, यहाँ गृह स्वामी मुन्ना प्रधान जिनकी कोरोना के समय मौत हो गई थी, आरोप है कि तब से ही भतीजा कुलदीप की जमीन और मकान को लेकर नियत खराब थी जिसकी वजह से इन लोगों को प्रताणित किया जा रह था। उसी को लेकर आज माँ और चार बच्चों ने डाई पी ली, जो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पांच लोगों द्वारा आत्महत्या करने की कोशिश किये जाने की सूचना पर पुलिस महकमे के आला अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे हुए थे जिन्होंने पूछताछ करते हुए बताया की जमीनी के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, फिलहाल सभी की हालत स्टेबिल है।

# बोर्ड परीक्षा में जनपद स्तर पर टॉप करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया सम्मान समारोह

चित्रकूट ब्यूरो। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2022 के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांसद आर के सिंह पटेल, मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे की उपस्थिति में किया गया। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि आज बोर्ड स्तर में जिला स्तर पर टॉप करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। कहा कि उत्तर प्रदेश में पहली बार भाजपा की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र–छात्राओं के घर तक सड़क बनाने की योजना बनाई थी तथा उस गांव में फोटो सहित बोर्ड भी लगवाने का कार्य किया है। कोरोना काल में भी मेधावी छात्र–छात्राओं को घर पर जाकर सम्मानित किया गया था। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष से कहा कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के जिन मेधावी छात्र–छात्राओं के घरों तक अगर सड़क नहीं है, तो सड़क बनवाई जाएगी तथा उस गांव–मोहल्ला में फोटो सहित बोर्ड भी लगाया जाएगा। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि इन मेधावी छात्र–छात्राओं की सूची जिला पंचायत अध्यक्ष को उपलब्ध कराएं। उन्होंने छात्र–छात्राओं से कहा कि आप सभी इसी तरह से देश–दुनिया में चित्रकूट का आप लोग नाम रोशन करें। मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सम्मान समारोह का आयोजन मेधावी छात्र–छात्राओं के मनोबल को बढाने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने छात्र–छात्राओं से कहा कि आप लोग अच्छी तरह पढ़ाई लिखाई करके आगे बढ़े तथा अपने परिवार व जनपद का नाम रोशन करें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि अपने कठिन परिश्रम से जिले का नाम रोशन किया है। आगे भी आप अपने लक्ष्य को लेकर चले और जिले व परिवार का नाम प्रदेश, देश व दुनिया में रौशन करें। कहा कि आप सभी छात्र–छात्राएं जहां के निवासी हैं, उन गांव–मोहल्लों में



छात्र–छात्राओं के फोटो सहित बोर्ड लगाने का कार्य नगर पालिका, नगर पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि आप सभी इसी प्रकार आगे भी मेहनत करके पढ़ाई करें तथा समाज सेवा के क्षेत्र में भी कार्य करें। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मेधावी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग कठोर परिश्रम करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं और अपने गुरुजनों तथा माता–पिता का नाम रोशन किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने मां सांसद, मां विधायक, जिलाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया तथा हाईस्कूल एवं इंटर में जिला स्तर पर टॉप करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं, अभिभावकों गुरुजनों को भी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 15–15 मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया है। सांसद, विधायक जिलाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर के शिक्षक श्री सुरेश प्रसाद ने किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता रवि प्रकाश त्रिपाठी, पंकज अग्रवाल, राजकुमार त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी डॉ रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र छात्राएं, अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# अपर सचिव, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट कैम्पस में वृक्षारोपण कर वृक्ष लगाने हेतु मानव जीवन को सुखी, समृद्धि व संतुलित बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण है जरूरी : अपर सचिव

प्रकृति का संतुलन बनाये रखने हेतु वृक्षों की है आहम भूमिका : डीएम

जनपद श्रावस्ती आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले नोडल अधिकारी/अपर सचिव, आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार कामरान रिजवी, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अथिकारी अनुभव सिंह ने कलेक्ट्रेट कैम्पस में मौल श्री अशोक एवं बरगद का वृक्ष लगाकर जनपद वासियो को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया। वृक्षारोपण के दौरान सचिव ने कहा कि मानव जीवन को सुखी, समृद्धि व संतुलित बनाये रखने के लिए जरूरी वृक्षारोपण है। ष्वृक्ष लगाओं जीवन को सुरक्षित बनाओंष। वन पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य तत्व हैं, यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में पूर्णतया सहायक होते हैं। उन्होने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का स्रोत हैं, वे कार्बन डाइऑक्साइड ऑक्सीजन छोड़ते हैं। कार्बन डाइऑक्साइड लेने के अलावा पेड़ सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड सहित कई हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं और वातावरण से हानिकारक प्रदूषक को भी फिल्टर करते हैं, जिससे हमें ताजा और साफ–सुथरी हवा सांस लेने के लिए मिलती है। स्वस्थ्य जीवन के लिए आज के समय अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की महती आवश्यकता हैं इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाये रखने हेतु वृक्षों की अहम भूमिका है। इसलिए प्रकृति के संतुलन बनाये रखने में अधिक से अधिक वृक्षों को लंगाकर सभी जनपद वासी अपनी सहभागिता निभायें। वृक्ष हमें जीवनदान देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिसके बिना हमारा अस्तित्व बस असंभव है। इसके अलावा, पेड़ लगाने के कई अन्य लाभ हैं। वृक्ष हानिकारक गैसों को अवशोषित कर पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाते है। पक्षियों और जानवरों के लिए भोजन और आश्रय प्रदान करते हैं और गर्मी के दिनों में छाया प्रदान करते हैं। वृक्ष लगाने के बाद लोग जैसे अपने बाल–बच्चों को पालन–पोषण कर बड़ा किया जाता है, ठीक उसी तरह से लगाये गये वृक्षों की भी देखभाल किया जाए, ताकि यह वृक्ष सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पेड़ पृथ्वी पर जीवन के लिए अनिवार्य हैं। वृक्ष पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखाने में सहायक होते है। उन्होने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का स्रोत होते हैं, वे कार्बन डाइऑक्साइड ग्रहण करते हैं और हमें प्राण वायु प्रदान करते हैं। इसलिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर इस अभियान में अपनी सहभागिता निभावें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ए०पी० यादव कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने में पेड़–पौधों की भूमिका होती है। पेड़–पौथे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं, और हमें



शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें आअधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने चाहिए। पेड़–पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है। जिससे वे बड़े होकर धरा के आभूषण बन सरके। इस अवसर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाथिकारी आशुतोष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चार माह से वेतन न मिलने पर शिक्षक-शिक्षिकाएं नाराज

- जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दिया धरना



चित्रकूट ब्यूरो। राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय अध्यक्ष छाया शुक्ला के आवाह्न पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के रमसा के अंतर्गत संचालित 20 विद्यालयों के 86 शिक्षक–शिक्षिकाओं ने स्कूलों में तालाबंदी की। इनका कहना था कि चार माह से वेतन न मिलने से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

शिक्षक–शिक्षिकाओं ने प्रातः 10 बजे से दो बजे तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनका कहना था कि जब तक नियमित वेतन का आदेश शासन से नहीं आता तब तक सभी शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ चित्रकूट के जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र शुक्ल, जिला संरक्षिका कमला साहू, जिला मंत्री विश्वनाथ पांडेय, जिला संगठन मंत्री नरेंद्र मिश्र, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र भार्गव, कुंवर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विनीत सिंह, प्रमोद पाल, तकनीकी सहायक अनिल कुमार, प्रचार मंत्री पुरुषोत्तम प्रजापति, प्रियंका अवस्थी, गुंजन सिंह, मोनिका यादव, रश्मि श्रीवास्तव, अजय त्रिपाठी, अरुण सिंह, रमेश यादव, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## दबंगों की पिटाई से बाइक सवार युवक घायल

चित्रकूट ब्यूरो : दबंग युवकों ने बाइक सवार युवक को राहचलते पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में दो नामजद और दर्जन भर अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कोलगदहिया गांव का निवासी भोला प्रसाद पुत्र रामपत बीती शाम बाइक से जिला मुख्यालय आया था।

यहां एलआईसी तिराहे के पास उसकी बाइक रोककर रिजवान पुत्र शहीद ने अपने भाई छोटू और दर्जन भर अज्ञात युवकों के साथ उसकी पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। भोला प्रसाद के भाई अयोध्या ने घटना की रिपोर्ट कर्वी कोतवाली में दर्ज कराई है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रेमी-युगल ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

- दोनों की शादी के खिलाफ थे परिजन

चित्रकूट ब्यूरो। सदर तहसील क्षेत्र के रानीपुर खाकी गांव में प्रेमी युगल ने एक साथ फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोनों का शव महिला के घर में फांसी के फंदे से लटके मिले। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था और परिजन इनकी शादी के खिलाफ थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर तहसील क्षेत्र की रानीपुर खाकी गांव निवासी सुनीता देवी (35) पत्नी स्व. राजेंद्र प्रसाद मौर्य व कैलाश यादव (21) पुत्र रामअवतार का शव फंदे से लटका मिला। इससे गांव में हड़कंप मच गया। गांव वालों का कहना है कि सुनीता का कैलाश से दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन अलग जाति और आयु में अंतर होने की वजह से दोनों के परिजन सहमत नहीं थे। इसी वजह से दोनों ने एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बंध में सीतापुर चौकी प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## अकावड़ यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्धारित रूट का किया गया निरीक्षण



संवाददाता अयोध्या टाइम्स भदोही में कांवरियों के सुगम आवागमन हेतु की जा रही यातायात की समुचित व्यवस्था ड्यूटीरत यातायात व स्थानीय पुलिसकर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश कावड़ यात्रा की तैयारियों के दृष्टिगत राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा कावड़ यात्रा हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्धारित रूट का निरीक्षण किया गया। ड्यूटीरत यातायात व स्थानीय पुलिसकर्मियों को कांवरियों के सुगम आवागमन व यातायात की समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम सम्पन्न



संवाददाताअयोध्या टाइम्स। नेहरू युवा केन्द्र भदोही (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के जिला युवा अधिकारी आदरणीय समरबहादुर सिंह जी के मार्गदर्शन में खण्ड – डीघ के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हर्षन्जय कुमार शुक्ल द्वारा आयोजित विश्व जनसंख्या दिवस पर संगोष्ठी लवि कम्प्यूटर सेन्टर सुभाषनगर, डीघ, भदोही में किया गया । जिसमें अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय जी वरिष्ठ समाजसेवी, मुख्य अतिथि शिवा मिश्र जी ।ठटच जिला प्रमुख भदोही, रहे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शत्रुन्जय कुमार शुक्ल, बहुत बड़ा योगदान है प्रणव कान्त पाण्डेय, अमन चौबे जी आदि काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे ।

# पार्टी की विचारधारा व राज्य मंत्री असीम अरुण के असीम व्यक्तित्व से प्रभावित होकर सर्व समाज के हजारों लोगों ने की पार्टी की सदस्यता ग्रहण



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। सबका साथ, सबका विकास के क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार 11 जुलाई को 'समरसता समागम' का आयोजन किया। अपराह्न 3 बजे पार्टी के कन्नौज कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा ने जनपद में सर्व समाज के लोगों को पार्टी में जोड़ने का काम किया। कार्यक्रम में अन्य दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को जो पार्टी की नीतियों से प्रभावित हैं, शामिल कराया गया। इस मौके पर पूरे जिले से भारी संख्या में सर्व समाज केविभिन्न समाज के लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांसद श्री सुब्रत पाठक ने कहा कि समाज के वंचित व कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए बाबा साहब ने जो सपना देखा था उसे भाजपा पूरा करने का कार्य कर रही है कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने कहा कि बाबा साहब ने हमें अवसर की समानता का मूल मंत्र दिया है। हमें इसको चरितार्थ करने की जरूरत है। हमें मान्यवर स्वर्गीय कांशीराम जी से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने अपने जीवन में इतना बड़ा जनआंदोलन स्थापित किया। मान्यवर ने बहुजन समाज को ऊँचा होके चलना सिखाया और जहां लड़ने की जरूरत है वहाँ लड़ना भी सिखाया। उनकी स्मृति हम सब के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं राज्य मंत्री ने कहा कि हमारा योगदान विकास की राजनीति में अधिक से अधिक होना चाहिये। क्योंकि थाने की राजनीति अधिक समय तक सफल नहीं होती है।

पार्टी की नीतियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र के लोगों की सूची बनाकर और उनसे मिलकर पार्टी की नीतियों को बताने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी अधिक से अधिक हर वर्ग के लोगों तक पहुँचने का प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम में पूरे जनपद से आए सर्व समाज के हजारों लोगों ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुंदर लाल दोहरे, पूर्व पुलिस अधिकारी राम प्रकाश अरुण, बीएसपी के पूर्व जिलाध्यक्ष सिपाही लाल कठेरिया, रेखा दोहरे, सुनीता दोहरे, गीता कटियार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे स

## अधिक से अधिक कराएं राजस्व की वसूली : डीएम

- बैठक में दिए विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

चित्रकूट बयूरो। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विभागीय अधिकारियों को अधिक से अधिक राजस्व वसूली के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जीएसटी, स्टांप, परिवहन, आबकारी, खनन विभाग, बैंक, बिजली, नगरपालिका, मंडी आदि बिंदुओं पर चर्चा की।

डीएम ने जीएसटी की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली तथा एडीएम को सप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरसी की रिकवरी कम होने पर रोष जताया। कहा कि यहां पर औपचारिकता न निभाने आए। उन्होंने



आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दृष्टिगत कच्ची शराब व नकली शराब की लगातार छापामारी करते रहे। कहा कि कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वाद लंबित न रहे, उनका जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ नवदीप शुक्ला सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिवा पूर्व में आयोजित हुआ गुप्त नवरात्रि के पावन मौके पर सार्वजनिक यज्ञोत्सव



संवाददाता अयोध्या टाइम्स दिवा ।महिला मंडल दिवा ठाणे गावदेवी दर्शन बिल्डिंग मराठा दरबार फिटनेस जिम के सामने इस वर्ष हो रहा है ।लेकिन लगातार चार वर्षो से दिवा में स्वामी समर्थ नागनाथ मंदिर पर हो रहा था ।गुप्त नवरात्रि के पावन मौके पर सार्वजनिक यज्ञोत्सव का आयोजन होता रहा है ।इस क्रम में इस बार श्री साक्षी विनायक समिति व सत्य ज्योत महिला मंडल द्वारा 30 जून से 8 जुलाई तक नव दिवसीय कार्यक्रम वैदिक पद्धति आचार्य व ब्राम्हणों द्वारा सम्पन्न हुआ ।जिसमें 30 जून को कलश यात्रा का भी आयोजन हुआ था ।लेकिन माता रानी के मूर्ति का विसर्जन पूर्णिमा के दिन 13 जुलाई को होगा ।क्योंकि ऐसी मान्यता है कि माता रानी का यह गुप्त नवरात्रि 14 दिनों का होता है ।जिसके संस्थापक स्वामी शिवानन्द जी महराज (काशी),यज्ञाचार्य राकेश तिवारी,संयोजक लीला गुप्ता, जी मूल रूप से है ।जिस मौके सभी का सहयोग मिला विशेष रूप से राजू पाटिल,शुभाष भोईर,रमाकांत मडवी, शैलेश पाटिल,ब्रम्हासेन पाटिल,दीपक जाधव ,सुनीता मुड़े, दर्शना म्हात्रे,अंकिता पाटिल,दीपाली भगत,ज्योति पाटिल, सचिन चौबे, मनोज गुप्ता, आदेश भगत,नीलेश म्हात्रे,विनित तिवारी, सुशील,कल्पनाथ शुक्ल,डॉ परमिंदर पाण्डेय बाबा मिश्रा,समस्त दिवा मुंबई वासी।

# समाजसेवी का मनाया जन्मदिवस दी बधाइयां



आलोक मौर्य संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। इंदरगढ़ कस्बा मे समाजसेवी दैनिक अयोध्या टाइम्स के ब्यूरो कन्नौज का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कस्बा के पंजाब नेशनल बैंक के पास दास कंप्यूटर सेंटर के संस्थापक समाजसेवी मो मुनव्वर का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बधाइयां दी। जन्म दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाइयां देकर गिफ्ट दिए गए। समाजसेवी मो मुनव्वर ने बताया जन्मदिवस हमारा नहीं बल्कि हम सभी का है। लोगों ने हार्दिक बधाइयां देकर गले से लगाकर उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी। दास कंप्यूटर एजुकेशन पर पहुंचकर लोगों ने समाजसेवी का जन्म दिवस मनाया। इस मौके पर शिवा पटेल , दर्शन राजपूत , अभय दीक्षित , अमित मिश्रा , ज्ञानेंद्र सेगर , अभिषेक तोमर , पुष्कर शर्मा , सुमित मिश्रा बेलामऊ सरैया ग्राम प्रधान मो जान आलम बबलू राजपूत ,मेहराज आलम विनीत सिंह ,मोहित ,अजीत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नही थम रहा जनपद में ओवरलोड वाहनों का आवागमन, आखिर कब बन्द होगा ये सिलसिला

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। जनपद में कई अधिकारी आये कई अधिकारियों का गैर जनपद स्थानांतरण हुआ लेकिन खनन के ओवरलोड वाहनों को रोकने में प्रशासन हर बार की तरह इस बार भी फेल होता नजर आ रहा है। इन वाहनों को ए आर टी ओ व खनन का कोई भी खौफ नही है। उ.प्र. व म.प्र. को जोड़ने बाला मुख्य मार्ग भिंड इटावा सीमा के चम्बल पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण प्रशासन द्वारा रुट डायवर्ट कर भारी वाहनों का आवागमन चकरनगर सहसों बकेवर द्वारा किया गया था लेकिन कुछ दिन बाद ही उस मार्ग पर ज्यादा भारी वाहनों के आवागमन के कारण सहसों रोड पर चम्बल पुल के पास बनी ढकरा की पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण अब जिला प्रशासन द्वारा रूट को एक बार पुनः दूसरे मार्ग द्वारा डायवर्ट किया गया है जो कि पांडरी बाबा से होते हुए जिला जालौन की कुछ सीमा होते हुए जनपद औरैया से निकलकर जनपद इटावा में प्रवेश कर रहे हैं जो कि भार क्षमता से कई टन ओवरलोड हैं जिससे



कि सड़कों के पुनः क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ किसी भी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। जनपद के नवनियुक्त तेज तर्रार जिलाधिकारी अवनीश कुमार को आये कुछ दिन ही हुए हैं लेकिन उन्होंने हर विभाग को पूर्ण रूप से टाइट कर रखा है। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा इन ओवरलोड वाहनों पर क्या कार्यवाही होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाग में अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप



अल्ताब अहमद, डीह, रायबरेली। डीह थाना क्षेत्र में गांव के किनारे एक बाग में आम के पेड़ के नीचे खाट पर युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पूरा मामला डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आटी ग्राम सभा पूरे घुसु का है। मृतक उदय राज पुत्र राम गुलाम उम्र 55 वर्ष घर में अकेला रहता था। जानकारी के मुताबिक उदयराज की शादी के ठीक 2 साल बाद इनकी धर्मपत्नी घर छोड़ कर चली गई थी। उदयराज का एक बेटा भी है जो घर से अलग अपने बीवी बच्चों के साथ रहता है। घटना की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई जब उदयराज का शव लोगो ने राम बहादुर पासी के बाग में चारपाई पर पड़ा देखा। गांव वालों ने बताया कि इनका कोई परिवारिक विवाद चल रहा था उसी के संबंध में शायद घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँची और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों को एकत्र किया। मृतक के सौतेले भाई भूखन की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों से पर्दा उठने की संभावना है।

### पुलिस सुरक्षा के बीच बकरीद की अदा की नमाज



अमेठी मुसाफिरखाना। ईद उल अजहा के अवसर पर स्थानीय पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद रहा कस्बे एवं ग्रामीणअंचलों के विभिन्न मस्जिदों पर मुस्लिमों ने बकरीद की नमाज अदा की। बकरीद के त्यौहार के अवसर पर तहसीलदार संगीता पांडे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह उपनिरीक्षक अभिनेश सिंह पुलिस प्रशासन के साथ कस्बे के इसौली मार्ग दयानंद विद्यालय गली भनौली सहित अन्य मस्जिदों पर सुरक्षा की दृष्टि से शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु मुस्तैद रहे इस दौरान शांतिपूर्वक मस्जिदों एवं ईदगाह के मौलाना ने बड़ी संख्या में मौजूद मुस्लिम समुदाय के बुजुर्ग जवान बच्चे एवं महिलाओं को नमाज अदा कराई इस दौरान सभी ने देश में अमन चौन भाईचारा बनाए रखने के लिए दुआएं मांगी।

### अवैध तमंचा-कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय तथा उनके हमराही आरखी अनुज दुबे द्वारा आरोपी राहुल तिवारी पुत्र रामबाबू तिवारी निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को अवैध तमंचा–कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

## 11 से 17 अगस्त के मध्य मनाया जाएगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम : मुख्य विकास अधिकारी



रायबरेली ब्यूरो। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामयी रूप से मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन संस्कृति अनुभाग एवं सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस हेतु गठित राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (एनआईसी) द्वारा 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करना है तथा कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस क्रम में जनपद में कुल 5.70 हजार झण्डा निर्माणध्फहराये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने जनपद के समस्त सरकारी अधिकारीध्कर्मचारी स्वास्थ्य कर्मी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायक समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों तथा वाणिज्यिक, व्यावसायिक समूहों एवं संगठनो चिकित्सा स्वास्थ्य संगठन, रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, स्काउट–गाइड, नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल, समस्त व्यापार मण्डल दल, लघु उद्योग केन्द्र, आर0सेण्टी0 समूह, सहित समस्त ग्राम पंचायत, समस्त क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पालिका समस्त नगर पंचायतें व जनपद के समस्त जनमानस से अपील है कि ''भारतीय स्वतन्त्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित हो रहें आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक मनाये जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रमध्स्वतन्त्रता सप्ताह में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए जनपद में समस्त ग्राम, शहरध्नगर पालिका, नगर पंचायतों के सभी घरों में दुकानों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत भवनों, नलकूपों एवं अन्य समस्त सरकारी व गैर सरकारी भवनोंध्परिसरों में शासनादेश 01 जून 2022 के साथ संलग्नक–1 ष|उमदकउमदज पद जीम थ्संह ब्वकम वि्पदकपं, 2002ष एवं संलग्नक–2 ''झण्डा तैयार करने हेतु निर्देश'' में उल्लिखित झण्डे का आकार आयताकार लम्बाई और चौड़ाई का अनुपात 32 में उदाहरणार्थ, यदि झण्डे की लम्बाई 3 फीट हो तो चौड़ाई 2 फीट होनी चाहिए। संलग्नक– 3 ''झण्डा फहराने के नियम'' में उल्लिखित झण्डे का आकार, झण्डा बनाने की सामग्री, रंग आदि के अनुक्रम में विभिन्न साइजो में झण्डा (निर्माण व मानकों में किसी भी प्रकार का विचलन न हो के साथ) फहराया जाए। ताकि जनपद के नागरिकों में राष्ट्र के प्रति जनजागृत की भावना प्रेरित हो।

## देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड ने लॉन्च किया अपना 1,000वां आउटलेट

–अनिल बेदाग–

मुंबई। देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएल), भारत में सबसे तेजी से बढ़ते क्विक–सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) ऑपरेटर ने अपने 1,000वें आउटलेट के मील के पत्थर खोलने की घोषणा की। कंपनी पूरे भारत, नाइजीरिया और नेपाल में रेस्तरां संचालित करती है, और सायन, मुंबई में इसका नवीनतम पिज्जा हट, भौगोलिक क्षेत्रों में व्यापार विकास के लिए डीआईएल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री रवि जयपुरिया, गैर–कार्यकारी अध्यक्ष, देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड ने कहा, "यह भारत की सबसे बड़ी क्यूएसआर कंपनी के निर्माण की हमारी आकांक्षा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 1996 में हमारे पहले रेस्तरां से, आज हम शहरों और देशों में 12,000 बिल्डिंग ब्रांड्स की एक मजबूत टीम हैं। हमें विश्वास है कि हम अपने प्रमुख ब्रांडों– केएफसी, पिज्जा हट और कोस्टा कॉफी और हमारे अपने ब्रांड वांगो और द फूडस्ट्रीट द्वारा संचालित त्वरित विकास की राह पर हैं। इस महत्वपूर्ण मील का पत्थर तक पहुंचने में हमें 25 साल लग गए, और हम 2026 तक अगले 1,000 को जोड़ने की राह पर हैं। कंपनी ने रेस्तरां के उद्घाटन पर मुंबई स्थित श्रीमती कमला मेहता एनजीओ द्वारा समर्थित 25 विशेष रूप से विकलांग बच्चों की मेजबानी की। देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड के सीईओ श्री विराग जोशी ने कहा, "डीआईएल ने हमेशा इक्विटी और समावेश की संस्कृति का समर्थन किया है, और सभी के लिए अवसरों और कौशल विकास तक पहुंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज, हम 21




महिला रेस्तरां संचालित करते हैं और हमारे साथ 66 विशेष रूप से विकलांग कर्मचारी हैं। समीर मेनन, प्रबंध निदेशक, यम! रेस्टोरेंट्स इंडिया ने टीम को बधाई दी और कहा, ष्डीआईएल 2 दशकों से अधिक समय से यम के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। हम उनके 1,000 वें रेस्तरां को खोलने के महत्वपूर्ण मील के पत्थर का जश्न मनाने में उनके साथ जुड़कर खुश हैं और मैं अपनी हार्दिक बधाई देता हूं। मेरिल पेरेरा, प्रबंध निदेशक, पिज्जा हट भारतीय उपमहाद्वीप ने कहा, भारत में 1,000वें स्टोर लैंडमार्क तक पहुंचने के लिए हार्दिक बधाई, जो यम के लिए डीआईएल की अटूट प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है! पिछले 26 सालों से।

## रिटायर आर्मी हवलदार के बेटे ने जिले का नाम रोशन किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली।। गदागंज थाना क्षेत्र के पूरे शिवदत्त सिंह धूता निवासी राजेश कुमार का पुत्र अमित कुमार ने अपने कड़ी मेहनत और लगन से आज इंडियन आर्मी एकेडमी में आफिसर के पद को हासिल किया इन्होंने अपनी मेहनत से आल इंडिया रैंकिंग में 81 पर्सेंट रैंक हासिल किया जोकि बहुत ही सराहनीय है जिससे उनके ग्राम सभा ब्लाक व जिले का नाम रोशन किया इस कामयाबी में इनके पिता राजेश कुमार का बड़ा योगदान रहा जोकि खुद आर्मी में एक हवलदार के पोस्ट पर कार्यरत थे।आज अमित कुमार ने अपने पिता का सर गर्व से ऊंचा कर दिया क्योंकि हर पिता का ख्वाब होता है कि उसका बेटा उससे भी आगे निकले और उसका नाम रोशन करें।

आज अमित कुमार ने वो कर दिखाया है एकेडमी आफिसर में ज्वाइनिंग के बाद पूरे क्षेत्र की जनता में एक खुशी की लहर है चारों तरफ उनके पिता की सराहना की जा रही है।

### 13 जुलाई को जिला सेवा योजना कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला का होगा आयोजन

रायबरेली ब्यूरो। जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 13 जुलाई 2022 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, कल्याणी सोलर पावर, मारुति सुजुकी मैन पावर सर्विसेज, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि0, पुखराज हेल्थ केयर, जे0के0 ऑटोमोबाइल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक इंटरप्राइजेज द्वारा मल्टी टास्किंग एग्जीक्यूटिव, सोलर एन्हांसर एग्जीक्यूटिव ,फील्ड कोऑर्डिनेटर, आई0टी0 वर्कर, एच0आर0, जर्नलिस्ट, सीनियर सुपरवाइजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, डिस्ट्रिक्ट हेड, ब्लॉक हेड, क्लस्टर हेड, वैलनेस एडवाइजर, मार्केटिंग सुपरवाइजर, पद हेतु चयन प्रक्रिया संपादित की



जायेगी। आयु 18 से 35 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कंपनियां लगभग 465 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल sewayojan.up.nic.in (रोजगार मेला आई0डी0 5876) के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व कंपनियों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

## परिवार नियोजन परामर्श दिवस के रूप में मना विश्व जनसंख्या दिवस



रायबरेली ब्यूरो। विश्व जनसंख्या दिवस परिवार नियोजन परामर्श दिवस के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में जिला महिला चिकित्सालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है, जब परिवार सीमित होगा। विकास के उपलब्ध संसाधनों का समुचित वितरण और बढ़ती जनसँख्या दर के बीच संतुलन कायम करने के उद्देश्य से आज सबसे अधिक जरूरत जनसँख्या स्थिरीकरण की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेंद्र सिंह ने कहा कि परिवार को सीमित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, जिसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। इन अस्थायी साधनों में से अपनी पसंद का साधन चुनकर शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की योजना बना सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर भी रख सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखना मां और बच्चे दोनों की बेहतर सेहत के लिए बहुत जरूरी है। जब परिवार पूरा हो जाए तो स्थायी साधन के रूप में नसबंदी का विकल्प चुन सकते हैं।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने डा0 ए0के0 चौधरी ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रमों में पुरुषों की सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ–साथ पुरुषों को भी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो चरणों में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत लक्षित दम्पति को चिन्हित कर परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के प्रति प्रेरित किया गया। अगले चरण जनसँख्या स्थिरता पखवाड़े की शुरुआत आज से हो रही है इसके तहत लक्षित दम्पति को सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के बारे में किशोर–किशोरियों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि भविष्य में वह सही समय पर सही कदम उठाने के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकें। इस मौके पर जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डा0 रेनू चौधरी, जिला पुरुष चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेंद्र मौर्य, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना अनिल कुमार व अंजली, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक आर.पी.सिंह, जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक बृजेन्द्र शुक्ला, फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजर हिमांशु श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश तकनीकी सहायक इकाई के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ कमलेश उपस्थित रहे।

## माता-पिता होते है ईश्वर का स्वरूप : गोपाल शरण शुक्ल

दैनिक अयोध्या टाइम्स। प्राथमिक विद्यालय विकरा, बिहार में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत एवं विकास खंड लक्ष्मणपुर के ग्राम सभा जेठवारा के निवासी गोपाल शरण शुक्ल दिन सोमवार को अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रातः काल अपने पिता माता प्रसाद शुक्ल एवं माता चमेला देवी का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सहायक अध्यापक गोपाल शरण शुक्ल ने कहा माता – पिता ईश्वर का स्वरूप होते है, आज मैं जो कुछ भी हूँ अपने माता – पिता के आशीर्वाद, मार्गदर्शन एवं उनके सहयोग से ही हूँ। गोपाल शरण शुक्ल ने कहा मैं अपने बाल्यकाल से लेकर किशोरावस्था तक जब विद्यालय जाता था तो अपने माता – पिता का चरण स्पर्श करके जाता था। सहायक अध्यापक गोपाल शरण ने कहा माता – पिता का चरण स्पर्श करने के बाद मेरे मन एवं शरीर को जो सुकून एवं ऊर्जा मिलती थी उसको व्यक्त कर पाना निरूशब्द है। गोपाल शरण ने कहा अब मैं अपना पूर्ण समय अपने माता – पिता की सेवा में व्यतीत कर रहा हूँ। गोपाल के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता व्हाट्सएप्प, फेसबुक एवं फोन के जरिए प्रातः काल से लेकर देर रात्रि तक लगा रहा।



## भाजपा नेता व ग्राम प्रधान की अनूठी पहल चित्रकूट धाम लिए चलवाई निशुल्क चार बसे

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज,रायबरेली। सोमवार को भाजपा नेता एव मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा बसों के माध्यम से कोतवाली क्षेत्र के दुसौती गांव के सैकड़ो श्रद्धालुओं को धर्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया।रामायण यात्रा के नाम से समाज सेवी भाजपा नेता योगेंद्र सिंह व ग्राम प्रधान राजेन्द्र सिंह दुसौती द्वारा 4 बसों से सभी श्रद्धालुओं को चित्रकूट धाम ले जाया गया।समाज सेवी योगेंद्र सिंह ने बताया इस रामायण में पहुचने वाले सभी श्रद्धालुओं की निःशुल्क यात्रा के साथ रहना खाना सब निःशुल्क होगा।तीन दिन की इस धार्मिक यात्रा में चित्रकूट धाम के सभी स्थलों के दर्शन कराया जाएगा।इस मौके पर ग्राम प्रधान राजेन्द्र सिंह रणजीत सिंह संजय सिंह अनिल सिंह हरिकेश सिंह राकेश सिंह अभिषेक सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



## कृषि विभाग जनपद में 01 जुलाई 31 तक चलायेगा संचारीरोग नियंत्रण अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है कृषि विभाग के उत्तरदायित्वों में किसानो को आवासीय क्षेत्रों में अनावश्यक जल भराव न होने देने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले कृन्तकों (चूहों एवं छछूंदर) जो कि घरों में एवं खेतों पर झाडियों में छिपे रहते हैं, का प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले कृन्तकों में मुख्य रूप से चूहों का नियंत्रण किया जाता है। चूहों के द्वारा फसलों को लगभग 6–7 प्रतिशत तक नुकसान होता है। चूहों से मनुष्यों में स्क्रब टाइफस बीमारी (जीवाणु रिक्टोसिया सुसुगामुशी), लेप्टो स्पायरोसिस बीमारी एवं प्लेग ((यूरेसीनया पेस्टिस) आदि प्रकार की बीमारियाँ होती है। ये बीमारियों चूहो पर पाये जाने वाले पिस्सू के काटने से फैलती है। चूहों के बिलों, घासों एवं झाडियों में छिपने से बीमारियाँ फैलती है। कृषकों को अपने खेत पर या किसी अन्य जगह खुले पैर घास पर चलने के कारण चूहों से सम्पर्क में आने पर स्क्रब टाइफस बीमारी हो सकती है। अतः कृषक भाइयों को खेत पर काम करते समय जूते अवश्य पहनने चाहिए एवं झाडियों की कटाई–छटाई करते रहना चाहिए। चूहे मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं– घरेलु चूहे, खेत के चूहे। उन्होंने बताया कि घरेलु चूहे घर पर रहता है जिसे चूहिया या मूषक कहा जाता है। खेत के चूहों में फील्ड रैट, साफ्ट फर्ड फील्ड माउस प्रमुख है। इसके अतिरिक्त भूरा चूहा खेत पर व घर दोनो जगह पाया जाता है। जब कि जंगली चूहा जंगलो, रेगिस्तानों, निर्जन स्थानों झाडियों में पाया जाता है। कृषक भाई चूहा नियंत्रण के लिए निम्न उपाए करें। उन्होंने बताया कि चूहों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए अन्न भण्डारण पक्का कंकरीट तथा धातु से बने पात्रों में करना चाहिए ताकि उनको भोज्य पदार्थ सुगमता से उपलब्ध न हो सके, चूहा अपना बिल झाडियो कूडो एवं मेंडो आदि में स्थाई रूप से बनाते है। खेतों का समय–समय पर निरीक्षण एवं साफ सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है, चूहों के प्राकृतिक शत्रुओ–बिल्ली, साँप, उल्लू, लोमडी, बाज एवं चमगादड़ आदि द्वारा चूहों को भोजन के रूप में प्रयोग किया जाता है। इनको संरक्षण देने से चूहों की संख्या नियंत्रित की जा सकती है, चूहादानी का प्रयोग करके उसमें आकर्षक चारा जैसे डबल रोटी, बिस्कुट आदि रखकर चूहों को फंसाकर मार देने से इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है, घरों में ब्रामोडियोलान 0.005ः के बने चारे की मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में रखने से चूहे उसको खाकर मर जाते है अथवा जिंक फास्फाइड की 10 ग्राम मात्रा 250–300 ग्राम दलिया या 500 ग्राम आटा में मिलाकर आटे की गोलियाँ बनाकर खेत में चूहों के बिलों के पास रखने से चूहे उसको खाकर मर जाते हैं। चूहा बहुत ही चालाक प्राणी होता है। इसको ध्यान में रखते हुए छः दिवसीय योजना बनाकर चूहों को नियंत्रित किया जा सकता है। प्रथम दिन आवासीय घरों एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करें एवं बिलों को बन्द करते हुए चिन्हित करें, दूसरा दिन– निरीक्षण कर जो दिल बन्द हो वहाँ चिन्ह मिटा दें, जहाँ पर बिल खुले हो यहाँ पर चिन्ह रहने दे। खुले दिल में एक भाग सरसों का तेल एवं 48 भाग भुने दाने का चारा बिना जहर मिलाए बिल में रखें, तीसरा दिन– बिलों का निरीक्षण कर बिना जहर का चारा पुनः रखें, चौथा दिन– जिंक फास्फाइड 80ः की 10 ग्राम मात्रा को 10 ग्राम सरसों का तेल एवं 48 भाग भुने दाने में बनाए गये चारे को दिल में रखे, पाँचवा दिन– विलों का निरीक्षण करें एवं मरे हुए चूहों को एकत्र करके जमीन में गाड़ दें, छँटवा दिन– बिलों को पुनः बन्द करें तथा अगले दिन यदि बिल खुले पाये जायें तो उपरोक्त प्रक्रिया पुनः अपनाये। अत कृषक भाइयों को सलाह दी जाती है कि उपरोक्त कृन्तकों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाए करें जिससे फसलों एवं मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

### रोडवेज बस की टक्कर से पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

अल्ताब अहमद, बछरावां रायबरेली। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्नावा गांव के पास रोडवेज बस की टक्कर से पत्नी की मौत हो गयी है व पति गंभीर रूप से घायल हो गया है।



जानकारी के मुताबिक बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कनावा गांव के पास एक दंपत्ति सतीश कुमार पुत्र विजय बहादुर व उनकी पत्नी रूबी निवासी राजामऊ अपनी अपाचे बाइक से बछरावां से रायबरेली की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में पास लेने के चक्कर में रोडवेज बस संख्या यूपी 33 बीटी 0546 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई व पति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना द्वारा एंबुलेंस व पुलिस की मदद से घायल को बछरावां सीएससी लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया एवं पति का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी होने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## चोरों के आगे नतमस्तक हुई महराजगंज पुलिस

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज रायबरेली। चोर दे रहे हैं पुलिस को खुली चुनौती चोर कर रहे हैं चोरी पर चोरी और वही तहरीर लेकर पहुंचे फरियादियों को केवल पुलिस पढ़ा रही ऑल इज वेल का पहाड़ा जहां एक ओर क्षेत्र की जनता इस समय चोरों से आतंकित है वही पुलिस गश्त के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है महराजगंज कोतवाली क्षेत्र मे इस समय चोरों ने चोरी करके आतंक मचा रखा है और पुलिस के नाक के नीचे ही चोरी हो रही है फिर भी पुलिस एक भी घटना का खुलासा करने मे नाकाम दिख रही है कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह चोरी की घटनाओं को रोक पाने मे असमर्थ दिखाई पड़ रहे हैं और लगातार क्षेत्र में चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिए जा रहे हैं जिससे क्षेत्र की जनता आतंकित एवं भय के साए मे हैं जहां पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा पुलिस करने मे अभी तक असमर्थ है वही चोरों से ब्लॉक क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सामने बनी मार्केट और गांव में लगे किसानों के नलकूप तक सुरक्षित नहीं है!पिछले 10 से 12 दिनों मे लगातार क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की बाढ़ आई हुई और पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पा रही है। चोरी की घटनाओं में नम्बर 1 थाने के सामने ही ब्लॉक परिसर में बीडियो के आवास मे लगा समरसेबल की मोटर व पाइप चोर चोरी कर ले गए। नम्बर 2 क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सामने बगल में ही पुलिस चौकी भी बनी हुई है नगर पंचायत द्वारा लगे सोलर वाटर कूलर से तीन सोलर पैनल अज्ञात चोर चुरा ले गए। नम्बर 3अशर्फाबाद गांव में सुशील सिंह के नलकूप से स्टार्टर एवं खेतों में बांधने के लिए रखा हुआ कटीला तार भी चोर उठा ले गए। नंबर 4 महेश सिंह अशर्फाबाद के नलकूप से भी चोर स्टार्टर खोल ले गए। नम्बर 5 डॉ सितांशु कुमार निवासी पहरेमऊ का मुर्गी पालन खैहराना मे है जहां से अज्ञात चोरों द्वारा कमरे का ताला तोड़कर चार सौर ऊर्जा की बैटरी उठा ले गए, मुख्य रूप से चर्चा में है।

### संस्कार ग्लोबल स्कूल- गौरीगंज में गणित सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

स्थानीय ब्लॉक गौरीगंज के संस्कार ग्लोबल स्कूल में सप्ताह भर (11.07.2022 से 16.07.2022) तक चलने वाले गणित सप्ताह का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के गणित संबंधित चार्ट, मॉडल आदि बनाए तथा अन्य आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया । इस अवसर पर प्रिंसिपल श्री देवांश भरद्वाज उपाध्याय जी ने श्रीनिवास रामानुजन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए गणित



सप्ताह का शुभारंभ किया एवं गणित को मानव के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बताया । गणित विभाग के प्रमुख श्री अनिरुद्ध जी ने गणित के महत्व को बताते हुए कहा कि गणित के बिना हमारा जीवन अपूर्ण है । इस अवसर पर श्री चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह, लक्ष्मी मिश्रा, अर्चिता दुबे, पूजा उपाध्याय आदि शिक्षकधशिक्षिका एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### चिलकाना सुलतानपुर ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से हुई सम्पन्न, मुल्क की अमन शांति के लिए कराई गई दुआ

रिपोर्ट सदर तहसील प्रभारी कुर्बान मलिक दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर चिलकाना। ईदगाह में मंगलवार को ईद–उल– अजहा की नमाज शांति और अकीदत के साथ अदा की गई – मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह की इबादत कर मुल्क की सलामती और अमन–चौन की दुआ मांगी गई सभी समाज के लोगों ने ईदगाह मे मुस्लिम समुदाय को ईद उल अजहा की शुभकामनाएं दी –ईदगाह पर सुबह आठ बजे ईदगाह में मोलवी साहब द्वारा नमाज पढ़ाई गई – यहां पर हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे – नमाज के बाद सभी लोगों ने एक–दूसरे के गले मिलकर ईद–उल– अजहा की मुबारकबाद दी – यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देजनर बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स तैनात रहा वहीं पर वरिष्ठ समाजसेवी लियाकत अली ने कहा कि प्रशासन अपना अच्छा कार्य कर रहा है उन्होंने कहा कि हम सबको मिल जुल कर रहना चाहिए इसके साथ उन्होंने सभी मीडिया बंधुओं का भी धन्यवाद किया



उन्होंने चिलकाना थाना पुलिस का फूलों की माला डालकर स्वागत किया उन्होंने कहा कि चिलकाना नगर पालिका ने भी बहुत अच्छी है सफाई व्यवस्था की है लोगों के द्वारा अकबर कुरेशी चेयरमैन व इओ साहब जितेंद्र राणा की बहुत तारीफ की गई इस मौके पर सुंदर लेखपाल इकराम लाला सरफराज अली रियासत अली बहार आलम नवाब आलम सोनू कुरैशी मुकर्रम आदि कस्बे व क्षेत्र के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## बकरे की फोटो लगा कर केक काटकर मनाते हैं बकरीद, बकरे की कीमत से करवाते हैं गरीब बेटियों की शादी

बकरीद पर बकरे की बलि देने की परंपरा काफी पुरानी है। मगर, आगरा में एक परिवार ऐसा भी है, जो ऐसा नहीं करता। बीते 5 साल से यह परिवार कुर्बानी की जगह बकरे की फोटो लगा केक काटकर बकरीद मनाता है। जीव हत्या का विरोध करने के कारण जैन समाज के लोग भी इस परिवार का सम्मान कर चुके हैं। आगरा के शाहगंज आजमपाड़ा निवासी गुलचमन शेरवानी ने 6 साल पहले कुर्बानी के लिए बकरे का बच्चा पाला था। 15 अगस्त को जन्मा उनका 5 साल का बेटा गुलवतन शेरवानी बकरे के बच्चे से घुल–मिल गया था। जब बकरे की कुर्बानी का नंबर आया, तो बच्चे ने खाना–पीना छोड़कर बकरे के बच्चे की जिंदगी के लिए दुआ मांगनी शुरू कर दी।

इसके बाद पिता गुलचमन शेरवानी ने बकरे की शक्ल का केक बनवाया और उसे काट कर कुर्बानी की रस्म निभाई। इसके बाद बकरे की कीमत के पैसे निकाल कर उन्होंने एक गरीब लड़की की शादी करवा दी। तब से लगातार 5 साल से परिवार कुर्बानी में केक काटता है। बकरे की कीमत का पैसा दान कर देता है। रविवार को बकरीद पर भी उन्होंने ऐसे ही किया है। इस दौरान जैन समाज के लोगों ने जीव हत्या न करने के लिए उन्हें सम्मानित भी किया है। गुलचमन का कहना है कि इस तरह वह समाज को जीव हत्या न करने का संदेश देते हैं। उन्होंने 20 साल से मांस तो क्या अन्न भी नहीं खाया है। सिर्फ फलाहार पर जीवन जीते हैं।

रोमांचक है गुलचमन की कहानी : गुलचमन शेरवानी की कहानी बहुत ही रोमांचक है। बतौर गुलचमन बचपन में अलीगढ़ में वंदे मातरम गाने पर पिता ने घर से निकाल दिया। मजदूरी कर जीवन जी रहे थे। इस पर बुआ आगरा ले आई। उन्होंने वंदेमातरम न बोलने के फतवे को लेकर दिल्ली जामा मस्जिद समेत 10 इमामों के खिलाफ मुकदमे की मांग की। इसके लिए दीवानी चौराहे पर भारत माता की मूर्ति पर आमरण अनशन शुरू किया। आश्वासन मिला पर मुकदमा नहीं हुआ। उन्होंने मुकदमा दर्ज न होने तक अन्न न खाने की बात कही थी, जो आज भी कायम है। बाद में बुआ की बेटी के साथ निकाह हुआ। निकाह के दौरान विदेशी धमकियां मिली और सुरक्षा के बीच शादी हुई। साली को बेटी मानते थे। जहां उसका निकाह किया, वहां उनके चक्कर में साली पर पर अत्याचार हुए। मुकदमे दर्ज हुए। इस्लाम से निकाला जा चुका है। उन्हें कब्रिस्तान में दफन न किए जाने का फतवा जारी है। गुलचमन के परिवार का तिरंगा प्रेम जग जाहिर है। परिवार कमर के ऊपर तिरंगा पहनता है। घर भी तिरंगा है और उसका नाम तिरंगा मंजिल है। बेटा गुलवतन 15 अगस्त को पैदा हुआ है और बेटी गुलनाज 26 जनवरी को पैदा हुई है।



# नूरपुर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

☒ जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किए जाने रखी मांग

नूरपुर। नगर के जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया है। सोमवार को नूरपुर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि देश के 22 राज्यों के 400 से अधिक जिलों में यह अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन ने 400 से अधिक जिला मुख्यालयों पर धरना देगा और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा है।जिला अध्यक्ष कमलजीत नूर ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को पूरा करने के लिए आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य व एक केंद्रीय मंत्री सहित 125 सांसदों का समर्थन भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि लगातार जनसंख्या बढ़ने के कारण देश की अर्थव्यवस्था खराब हो रही है। बेरोजगारी दिन पर दिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून को तुरंत पास किया जाये।देश के 400 से अधिक मुख्यालयों पर सौंपा ज्ञापन।ज्ञापन सौंपने के बाद जिला अध्यक्ष कमलजीत सिंह नूर ने बताया कि 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देश भर के 400 से अधिक जिला मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री, भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया है।ज्ञापन देने वालों उपाध्यक्ष गुरनाम सिंह,सभासद संजीव जोशी,नरेश मुनीम,सर्वेश कुमार,हरभजन सिंह अमन,महामंत्री नवदीप चौधरी,मास्टर नरेश कुमार,बल्लू यादव,सुमित शर्मा,अंकित कुमार धर्मवीर सिंह,दुष्यंत कुमार,आदी मौजूद रहे।



# फतेहगंज पूर्वी में कावड़ यात्रा को लेकर एसडीएम ने किया मार्गो का दौरा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फतेहगंज,पूर्वी। सावन के पवित्र महा की कावड़ यात्रा को लेकर उप जिलाधिकारी ने काफिले के साथ इलाके का दौरा किया दिएमंदिरों के इर्द–गिर्द साफ सफाई के सख्त निर्देश!



कांवड़ यात्रा और सावन के पहले सोमवार को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है शासन की गाइडलाइन के तहत कावड़ यात्रा को सुचारू संचालित करने के लिए पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर है इसी के तहत उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय ने इलाके से गुजरने बाले शिव भक्तों के मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया और मंदिरों के निकट खड़े होकर लोगों को दिशा निर्देश भी दिए उन्होंने सर्वप्रथम दातागंज मार्ग की दुर्दशा पर नाराजगी जाहिर की और पीडब्ल्यूडी विभाग को कावड़ यात्रा के दौरान सड़क चुस्त–दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए पचौमी का पंचेश्वर नाथ मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों से वार्तालाप के बादसाफ–सफाई को परखा उसके इलाके में पढ़ने बाली आस्था का केंद्र बने शिव मंदिरों का दौरा किया और स्थानीय लोगों से वार्ता की कांवड़ यात्रा से संबंधित सड़क सफाई पानी बिजली दिशा–निर्देश भी दिए मंदिरों के इर्द–गिर्द साफ सफाई के संदर्भ में नगर पंचायत प्रशासन को भी कसा! इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ,उपखंड , जे ई विद्युत ,जेई पी डब्लू डीमौजूद रहे!

# डीआईओएस के खिलाफ शिक्षक लामबंद, डीएम से कार्रवाई की मांग

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक डीआईओएस के खिलाफ मोर्चा खोल दिए है। इसी कड़ी में सोमवार को शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मिलकर कारवाई की मांग की। साथ ही मांग न पूरी प्रांतीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य चौधरी दिनेश चन्द्र राय ने कहा कि शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। डीआईओएस को आपत्तिजनक पत्र आदेश वापस लेना पड़ेगा। शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सदन से



होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक के असभ्य रवैये व कार्यालय में भ्रष्टाचार की शिकायत की गयी।

जिलाधिकारी ने गम्भीरतापूर्वक समस्याओं को सुना और एक्शन लेने की बात कही। जिला विद्यालय निरीक्षक पर तानाशाह और मनमाना फैसला लेने का आरोप लगाया। लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाएगा। शिक्षकों की तमाम समस्याओं को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय स्तर पर जानबूझकर लंबित रखा गया है, जो गलत है। कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है जिसे संघ कत्तई स्वीकार नहीं करेगा। प्रतिनिधिमंडल में चौधरी दिनेश चन्द्र राय, डॉ रियाज अहमद, अमित कुमार राय, कुवँर अविनाश गौतम व सूर्यप्रकाश राय आदि मौजूद थे।

# अभिकर्ता संगोष्ठी मे एसआईसी के बारे मे दी जानाकरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपुर।शनिवार को धामपुर के तड़का रेस्टोरेंट में भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा धामपुर के तत्वावधान मे एक संगोष्टी का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक



श्री पंकज सिंह द्वारा आयोजित अभिकर्ता संगोष्ठी की अध्यक्षता विकास अधिकारी श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई।इस मोके पर शाखा प्रबंधक ने एलआईसी की नई योजनाओं धन संचय व कैंसर कवर के बारे में बताया की कुछ समय पहले कैंसर एक दुर्लभ बीमारी थी। पर अब ये बीमारी हमारे जानने वाले लोगों में भी होने लगी है।इसका इलाज काफी महंगा होता है और इस बीमारी के इलाज में लोगों की जीवनभर की जमा पूंजी लग जाती है। यहां तक कि, लोगों के घर और जेवर तक बिक जाते हैं।अगर इतने के बाद भी पैसा कम पड़ता है, तो लोगों से उधार लेना पड़ता है। इसे वापस करने में पूरा जीवन लग जाता है।इस बीमारी से कई बड़े लोग भी ग्रसित हुए हैं। और वह अपने पैसों के बल पर ठीक भी हुए हैं। जिसका उदाहरण उन्होने युवराज सिंह, मनीषा कोइराला आदि बताया।कार्यक्रम मे अभिकर्ता बंधुओं को 2022–23 वित्तिय वर्ष में अच्छा कार्य कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। विकास अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने यूनिट के ईमानदार व कर्मठ अभिकर्ता विकास सिंह निवासी ग्राम धोलागढ़ को उत्तम कार्य के लिए सम्मानित किया।अभिकर्ता संगोष्ठी में जिले भर के भिन्न भिन्न स्थानो से सभी अभीकर्ताओं ने भाग लिया।

# आशा और एएनएम गांवों में जाकर लोगों को करेंगी जागरुक

गाजीपुर। जिला महिला अस्पताल में सोमवार को सीएमओ डा हरगोविंद सिंह की अध्यक्षता में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान आए हुए लोगों को जनसंख्या को स्थिर करने के लिए स्थाई और अस्थाई उपाय के बारे में जानकारी दी गई। शासन के निर्देश पर यह 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा चलाए जाना है। इस मौके पर सीएमओ डा. हरगोविंद सिंह ने बताया कि शासन के द्वारा 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसे लेकर सोमवार से सभी ब्लाकों में कार्यरत स्वास्थ्य केंद्रों पर पखवाड़े को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला महिला अस्पताल में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। आशा व एएनएम अपने–अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरुक करने के बारे में जानकारी देगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्यमंत्री के द्वारा मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर कमी लाने के साथ ही जनसंख्या को स्थिर करने के लिए शासन के द्वारा चलाई गई योजना जिसमें स्थाई और अस्थाई उपाय दिए गए हैं। जन–जन तक पहुंचाने की बात कही गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा अनिल कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त एवं आशा संगिनी, आशा को आगामी जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहमदाबाद में चिकित्सा अधीक्षक ड आशीष राय की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें परिवार



नियोजन के संसाधन जिसमें स्थाई रूप से पुरुष व महिला नसबंदी व स्थाई संसाधन के रूप में कापर्टी, अंतरा इंजेक्शन ,आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी ,कंडोम ,छाया गोली व अन्य के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अपर सीएमओ डा. केके वर्मा, डा एसडी वर्मा, डा डीपी सिन्हा, जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डा तारकेश्वर, डीपीएम प्रभुनाथ , डीसीपीएम अनिल वर्मा ,राघवेंद्र सिंह मौजूद रहे।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पर बीपीएम बबीता सिंह, बीसीपीएम सुनील कुमार ,आनंद कुमार, एमएन राय ,आशुतोष सिंह, अभिषेक उपाध्याय ,रवि सिंह व आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहमदाबाद पर बीपीएम संजीव कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# रोडवेज बस चालकों की दबंगई, बाईपास से फर्राटा भर निकल जाती है रोडवेज बसें, परेशान होते हैं यात्री



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। फरीदपुर मैं रोडवेज बस चालकों की दबंगई चरम पर है फरीदपुर के नाम से यात्रियों को बैठा कर बाईपास से फर्राटा मार कर निकल जाती है बसें यात्रियों को कई किलोमीटर पैदल या निजी वाहन का सहारा लेना पड़ता है जिसमें बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल होती हैं रोडवेज बस चालकों के खिलाफ यात्रियों में भयंकर रोष व्याप्त है उन्होंने क्षेत्रीय विधायक से बसों का स्टॉपेज कराए जाने की मांग की है!

ज्ञात हो फरीदपुर नगर वीआईपी जॉन से भरा हुआ है लेकिन परिवहन विभाग इस बात को नजरअंदाज किए हुए हैं रोडवेज बस चालक निगम की तरह पर नगर के बीचो बीच अस्थाई बस स्टैंड होने के बावजूद भी बाईपास से फर्राटा भर कर निकल जाते हैं जिससे यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है ज्ञात हो भाजपा विधायक प्रोफेसर डॉ श्याम बिहारी लाल की पहल पर 12 पत्थर रोड मछली तालाब के निकट नवीन रोडवेज बस स्टैंड अंतिम पड़ाव पर है जिसका गाजे–बाजे के साथ अप्रैल में उद्घाटन भी होना था लेकिन इससे पूर्व रानी साहब की कोठी के नीचे रोडवेज का अस्थाई बस स्टैंड बनाया गया था जहां पर लोकल रोडवेज बसों के अलावा लांग रूट की बसें भी रुका करती अब यहां का नजारा ही कुछ और है रोडवेज परिचालक लखनऊ से आने वाली सवारियों को बरेली का टिकट बना कर जियारत के पास बाईपास पर उतार देते हैं वही दिल्ली से आने वाली सवारियों को कटरा का टिकट बना कर गौसगंज पुलिया पर छोड़ देते हैं वही बरेली से फरीदपुर और कटरा से फरीदपुर आने वाले यात्रियों को दबंग बस चालक बाईपास पर छोड़ देते हैं दिन हो या चाहे रात सवारियों को अपने घरों तक जाने के लिए निजी वाहन या ऑटो का सहारा लेना पड़ता है रात का तो हाल ही बुरा है दिल्ली लखनऊ रूट की बसें सवारियों को नजरअंदाज कर फर्राटा भर कर चली जाती है और सवारियां मुंह ताकती रह जाती हैं जिसमें महिलाओं बच्चों के अलावा बुजुर्ग भी शामिल होते हैं जबकि जिला बरेली तहसील फरीदपुर कस्बे में भाजपा विधायक प्रोफेसर डॉ श्याम बिहारी लाल बरेली रामपुर विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय तहसीलदार शेर बहादुर सिंह क्षेत्राधिकारी चमन सिंह छाबड़ा के अलावा पूर्व अधिकारियों का कारवां दिन के दौरान मौजूद रहता है लेकिन कोई भी अधिकारी रोडवेज बसों के मनमानी रवैया पर ध्यान नहीं देता जो यात्रियों को नासूर बना हुआ है जिससे यात्रियों में भयंकर रोष व्याप्त है स्थानीय लोगों ने भाजपा विधायक से रोडवेज बसों का नगर के बीच बीच से संचालन और स्टॉपेज कराए जाने की मांग की है!

# बाइक सवार बदमाशों ने बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट को गन प्वाइंट पर लेकर लाखों की लूट, आला अधिकारी मौके पर, पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर नवीन बस स्टैंड के सामने स्थित बंधन फाइनेंस बैंक के कलेक्शन एजेंट से बाइक सवार चार लुटेरों ने गन प्वाइंट पर लेकर नगरिया विक्रम नहर पुलिया के कच्चे रास्ते पर अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम टांडा जाते समय उसके साथ मारपीट कर समूह से बसूले लगभग 1 लाख रुपए, मोबाइल, टेबलेट व मोटरसाइकिल लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस के आला अधिकारियों को हुई तो पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और घटना की जांच पड़ताल की। घटना के खुलासे के लिए फरीदपुर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया विक्रम नहर की पुलिया से समय लगभग 10रू30 बजे बंधन बैंक का कलेक्शन कर्मचारी मोहम्मद वसीम निवासी ग्राम मुरसेना जहानाबाद जनपद पीलीभीत मोहल्ला लाइनपार मठिया, फर्रकपुर, तकिया व बकैनिया गांव से समूह को दी गई लोन की रकम कलेक्शन कर अपनी मोटरसाइकिल से नहर के रास्ते से ग्राम टांडा में समूह का पैसा कलेक्शन करने जा रहा था नहर की पुलिया से जब वह कुछ ही दूरी पर पहुंचा था तभी पीछे से बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाश न्यू गन प्वाइंट पर लेकर उसकी मोटरसाइकिल को रोक लिया दो लोगों ने उसकी कनपटी पर तमंचा रख दिया और उसके साथ मारपीट कर उसके पास से लगभग 100000 नकद, एक मोबाइल, एक टेबलेट तथा उसकी मोटरसाइकिल लूट कर फरार हो गए घटना की सूचना जैसे ही थाना पुलिस को हुई कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। दिनदहाड़े हुई लूट की घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ अनिरुद्ध पंकज, एसपीआरए राजकुमार अग्रवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी आंवला चमन







सिंह छावड़ा घटनास्थल पर पहुंच गए और पीड़ित मोहम्मद वसीम से घटना के बाबत जानकारी ली।घटना से संबंधित जांच पड़ताल की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस को शीघ्र ही घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। विगत महा स्टेट बैंक में व्यापारी के 6 लाख की लूट, पीएनबी बैंक से रुपए निकालकर जा रहे खनी नवादा के युवक से 30000 की लूट जिसमें थाना पुलिस ने खनी नवादा के युवक से 30000 की लूट की घटना का खुलासा कर ही पाई थी की सोमवार को दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने लाखों की लूट कर वारदात को अंजाम दे दिया जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई।

# नहीं रहे वरिष्ठ साहित्यकार : डा.पी.एन.सिंह



गाजीपुर। 'समकालीन सोच' के संस्थापक सम्पादक, चिंतक, आलोचक,रचनाधर्मी व्यक्तित्व के धनी, पी जी कालेज गाजीपुर के अंग्रेजी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. पी. एन सिंह का रविवार की शाम निधन हो गया। काफी समय पूर्व पक्षाघात के कारण अस्वस्थ होने के बाद भी उनकी बौद्धिक सक्रियता बनी रही और वे साहित्य साधना में लीन रहे। उनमें अपूर्व संगठन क्षमता थी और उनका घर गोष्ठियों का केन्द्र हुआ करता था। उनका बौद्धिक व्यक्तित्व गाजीपुर के रचनाकारों के आकर्षण का केन्द्र था। उनकी मौत से एक साहित्यिक स्तम्भ गिर गया। वे जनपद गाजीपुर के मुहम्मदाबाद क्षेत्र के वासुदेवपुर के मूल निवासी थे जो शहर में ही अपने मकान में रहते थे। विद्वान साहित्यकार डा. पीएन सिंह (परमानंद सिंह) आरम्भ में साम्यवादी वैचारिकी से प्रभावित थे जो कालांतर में गांधी तथा अम्बेडकर दर्शन के करीब होते चले गए। उनका मंचीय सम्बोधन तार्किकता और तारतम्यता का मिश्रण हुआ करता था। प्रायः वे बातचीत की शैली में अपने विचार व्यक्त करते थे और असहमति के बावजूद धैर्य पूर्वक सामने वाले को सुनते भी थे। उनकी मौलिक पुस्तकों में नायपाल का भारत, नामवरः सन्दर्भ और विमर्श, कुबेरनाथ रायः सांस्कृतिक दृ साहित्यिक दृष्टि, गाँधी , अम्बेडकर, लोहिया, हिन्दी दलित साहित्यः संवेदना और विमर्श तथा उच्च शिक्षा का संकटः समस्या और समाधान के बिन्दु उनकी प्रमुख आलोचना दृ कृतियाँ हैं। उनके निधन पर साहित्यिक समाज से जुड़े लोग मर्माहत हैं। उनका कहना है कि हमने एक चिंतक, आलोचक, रचनाधर्मी व्यक्तित्व को खो दिया। साहित्यकार समाज ने परमपिता परमेश्वर से डा. सिंह की आत्मा की शांति तथा परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इसी क्रम में साहित्य चेतना समाज की शोक सभा संस्था के स्वामी विवेकानन्द कॉलोनी स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई।सभा में प्रख्यात् समालोचक,समकालीन सोच पत्रिका के सम्पादक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.पी.एन.सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया।संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने कहा कि संस्था की स्थापना के समय से ही संस्था को उनका सहयोग–स्नेह निरंतर मिलता रहा।वर्ष 2008 में संस्था ने उन्हें 'गाजीपुर गौरव' सम्मान से सम्मानित किया था। अन्य वक्ताओं ने उन्हें गाजीपुर की अपूरणीय साहित्यिक क्षति बताते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में डा.रविनन्दन वर्मा,अमरनाथ तिवारी अमर,संजीव गुप्त,प्रभाकर त्रिपाठी,हरिनारायण हरीश,डॉ.अक्षय पाण्डेय,आशुतोष पाण्डेय,कामेश्वर द्विवेदी,आनन्द प्रकाश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम संवाददाता हैदर राजा नूरपुर। शहर सहित संपूर्ण क्षेत्र में ईद–उल–अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज पढ़कर लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी।नगर के बिजनौर मार्ग स्थित सफैद ईदगाह नूरानी मस्जिद, मरकज सय्यदों वाली मस्जिद व जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों मे बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। शहर काजी मोलाना मो अली ने नमाज के बाद अमन शांति के लिए दुआ कराई।और एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे।ईदगाह पर सिर्फ अंदर ही नमाज अता की गई।इस मौके पर शहर काजी ने ईदगाह में नमाज के दौरान संबोधित करते हुए मौलाना मो अली ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम को कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी गई। नमाज के बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। घर–घर पकवान बने। एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे। मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है। इस दौरान विधायक पुत्र सहित सामाजिक व अन्य राजनीतिक दलों के लोगों ने भी



सक्रियता दिखाई और ईदगाह पहुँच कर एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी के नेतृत्व मे पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। क्षेत्र के सभी ईदगाहों में बकरीद को लेकर नगर प्रशासन द्वारा नमाज के दौरान पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## दहेज हत्या में महिला सहित तीन अभियुक्तगिरफ्तार

गाजीपुर। बरेसर थाना पुलिस द्वारा दहेज हत्या के वांछित एक महिला सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बरेसर पुलिस द्वारा गत दस जुलाई को





पंजीकृत मुकदमें के आरोपियों को सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रमोद पुत्र राजेन्द्र राम, छांगुर उर्फ निरज पुत्र राजेन्द्र राम तथा उर्मिला देवी पत्नी राजेन्द्र राम समस्त निवासीगण ग्राम सागापाली दयाल सिंह थाना बरेसर हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्वाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गजेन्द्र राय,आरक्षीगण दिवाकर सिंह, पंकज कुमार, शैलेन्द्र प्रताप तथा महिला आरक्षी रोली यादव शामिल रहीं।

## अग्निपथ विरोधःचार उपद्रवियों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

गाजीपीर। आरपीएफ ने मालगोदाम रोड से अग्निपथ योजना के विरोध में बवाल करने वाले चार और आरोपियों को गिरफ्तर किया है। इससे पहले आरपीएफ ने मास्टर माइंड अजय सिंह यादव ,गुरुजी, सहित दो



आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अग्निपथ योजना लागू होने के विरोध में 19 जून को बंजारीपुर गांव के पास युवकों ने रेलवे लाइन पर बवाल किया था। इस दौरान उपद्रवियों ने ट्रेन पर पथराव भी किया था। आरपीएफ प्रभारी अमित राय ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ युवक मालगोदाम रोड पर मौजूद है। इस सूचना आरपीएफ के जवान वहां पहुंचे। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगे। जवानों ने दौड़ाकर उन्हें धर दबोचा। पूछताछ करने पर चारों ने अपना नाम नोनहरा थाना के भाला निवासी गोपाल यादव, गोलू यादव, सचिन यादव और अजय यादव बताया। आरपीएफ ने सभी आरोपियों को विभिन्न धाराओं में चालान कर दिया।

## बारिश होने से गर्मी से मिली राहत

नूरपुर।सोमवार को बारिश होने से आमजन को गर्मी से कुछ राहत मिली है। साथ ही मौसम भी सुहावना हो गया। बीते कई दिनों से तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा था। जिससे भीषण गर्मी शरीर को झुलसा रही थी।सोमवार देर शाम को बादल घिर कर आए और बारिश हुई।ओर कुछ देर तक हल्की



बारिश होती रही। बारिश होने और ठंडी हवा चलते से नागरिकों को गर्मी से राहत मिली।सोमवार को अच्छी बात यह रही आसमान में बादल छाए रहे। जिससे धूप का प्रकोप नहीं रहा। उधर, बारिश होने से कुछ जगहो पर हल्हा जल भराव हुआ।वही शहीद तिराहा स्थित मुख्य रोड पर नाले के काम होने के कारण पानी भरने से राहगीरों को थोड़ी परेशानी हुई। दूसरी ओर से बारिश से फसलों को भी लाभ पहुंचा है। गर्मी से झुलस रही हरे चारे और ईंख की फसल को लाभ पहुंचा। साथ ही बारिश से बागबहार के ठेकेदार भी खुश नजर आए। और फसल भी जल्द पकेगी।

## ट्रक व मैजिक की टक्कर मे मेजिक चालक की मोत पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे लिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता हैदर राजा नूरपुर।रवीवार देर शाम



नूरपुर मुरादाबाद मार्ग स्थित ग्राम गोहावर के निकट तेज गति से आ रहे ट्रक ने मेजिक मे जोरदार टक्कर मार दी।जिससे मेजिक चालक की मोके पर ही मोत हो गई।मोके पर पहुँची पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे ले लिया।प्राप्त समाचार के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र ग्राम करोंदा निवासी सोनू पुत्र सलेकचन्द्र नूरपुर के ग्राम गौहावर मे फर्नीचर की दुकान चलाता था।रवीवार शाम को वह टाटा मेजिक से नूरपुर आ रहा था।जैसे ही वह गौहावर से निकला विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी।जिससे मेजिक चालक की मोके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मैजिक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।मोके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे मे ले लिया।ओर आगे कार्रवाई मे जुट गई।

## नगीना भाजपा नेता रोहित रवि ने शहरी विकास मंत्री को दी बधाई

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी। नगीना भाजपा नेता रोहित रवि ने उत्तर प्रदेश सरकार शहरी विकास मंत्री एवं






ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा जी को उनके लखनऊ आवास पर क्षेत्रवासियों की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।ईश्वर से उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की एवं उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मंत्री जी ने क्षेत्रवासियों का धन्यवाद कर विकास का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर रोहित रवि, सुशील चौधरी, शुभम चौहान, सचिन समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## विकासपुरी विधानसभा में विकास नगर में काम करते हुए महिलाओं की समस्या सुनते हुए व उनका समाधान करते हुए डिंपल गुप्ता।

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

डिंपल गुप्ता,राजनीतिक शास्त्र ऑनर्स दिल्ली विश्वविद्यालय महासचिव एवं राज्य परिषद सदस्य ,जेडीयू दिल्ली ने अपनी कार्यालय कक्ष में विकासपुरी विधानसभा में विकास नगर में काम करते हुए महिलाओं की समस्या सुनी। समस्याओं को सुनते हुए व उनका समाधान करते हुए डिंपल गुप्ता ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण पर जोर देने की आवश्यकता है।जब तक महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर नहीं बनेंगी तब तक देश का विकास संभव नहीं है। डिम्पल गुप्ता ने कहा





कि आप महिलाओं का आह्वान करते हुए कहना चाहती हूं कि आप शीक्षित बनिए तब आपका घर परिवार के बच्चे शिक्षित बनेंगे और शिक्षा पाकर एक कुशल राजनीतिज्ञ बनकर समाज की सेवा से लेकर देश की सेवा में अफनी भुमिका निभाए।

## अपराधियों ने एक ही दिन दो वारदातों को दिया अंजाम युवक की बैक टू बैक 6 गोली मारकर हत्या व्यसायी से लूटे 50 हजार और कर दिया शूट

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी में अपराधी बेलगाम हो गया है। पुलिस अभी दो सगे भाइयों की हत्या की गुत्थी सुलझा नहीं पायी कि बेखौफ अपराधियों ने दिन दहाड़े एक युवक को गोलियों से भूनकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ रविवार रात दुकान बंद कर घर जा रहे व्यसायी से लूट के दौरान अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी है। युवक की गोली मारकर हत्या की घटना पहाडपुर थाना क्षेत्र की तो व्यसायी से लूट की घटना कुड़वाचौनपुर की बतायी जा रही है। सुन खेत मे काम कर रहे लोग भागने लगे। सूचना पर पहुंची पहाड़पुर पुलिस ने घटना स्थल से छह खोखा व जिंदा कारतूस बरामद कर करवाई में जुटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ही बाइक से तीनों सवार होकर आए थे। युवक भागता गया। वहीं अपराधी गोली मारते गए। युवक को पीठ, कंधा और सिर में गोली लगने की बात बतायी जा रही है। सूचना पर वरीय पदादिकारी पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। दूसरी घटना कुंडवा चौनपुर थाना क्षेत्र के परसा चौक के पास व्यवसायी से लूटपाट की गई है। विरोध करने पर व्यवसायी को अपराधियो ने गोली मारी। वहीं किराना व्यवसायी शम्भू साह के दाहिने पैर में गोली. है। घायल



मोतिहारी में अहले सुबह पहाडपुर थाना क्षेत्र के टिकुलिया नहर के पास बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को बैक टू बैक छह गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। गोलियों की तड़तड़ाहत व्यवसायी का निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा। लगभग 50 हजार की लूट की बात बतायी जा रही है। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर बाइक एवं चप्पल बरामद किया है। पुलिस बाइक का सत्यापन कराकर अपराधियों की शिनाख्त में जुटी है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। थाना क्षेत्र के कन्हुआं गांव निवासी व नुआंव प्रखंड में भाजपा के पूर्व मंत्री मनोज सिंह की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। उनकी मौत से कन्हुआं में मातम पसरा है। गुरुवार की देर शाम खबर आई कि 47 वर्षीय मनोज ने इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। सूचना पर स्वजन व अन्य ग्रामीण वाराणसी ट्रामा सेंटर पंहुचे। वहां मनोज का शव देखा तो सबकी आंखे छलक उठीं। बता दें कि बुधवार की देर शाम नुआंव बाजार से गांव कन्हुआं आने के क्रम में उनकी बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके चलते वे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वे घरेलू सामान की खरीदारी कर घर लौट रहे थे। बाइक पर सवार गांव के ही साथी दोस्त रिटायर्ड फौजी गणेश भी इस दुर्घटना में घायल हैं। इस हृदय विदारक घटना ने परिजनों का ताना बाना ही छिन्न भिन्न कर दिया है। पत्नी शीलू का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

पत्नी से फोन पर बात कर घर के लिए बाइक से निकले। लेकिन कौन जानता था कि विधाता ने मनोज को अपने घर बुलाने का विधान रचा है। परिजनों ने बताया कि नुआंव से घर लौटते समय गैरा गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक पलट गई। नुआंव पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देख वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।शाम मनोज की मौत हो।

## तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

देनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर शिवहर ब्यूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ छोटा विजय की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रारंभिक प्रशिक्षण के तहत आज से तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह जिला परिषद सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुजाता राज के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण में जिला परिषद अध्यक्ष विजय कुमार सिंह व छोटा विजय, उपाध्यक्ष पार्वती देवी एवं सदस्य मनीष कुमार सिंह, एवं कर्मी उपस्थित थे। प्रशिक्षक के रूप में स्वतंत्र कुमार लाल, अशोक कुमार यादव, दिनेश कुमार एवं सुबोध कुमार हिमांशु थे। प्रशिक्षण का संचालन अजय कुमार नोडल जिला पंचायती संसाधन केंद्र के द्वारा किया गया। जिले के सभी प्रमुख व उपप्रमुखो को जिला परिषद सभागार में 14 जुलाई से 16 जुलाई तक इसी तरह का प्रशिक्षण आयोजन होगा।

गौरतलब हो कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री बिहार सरकार के द्वारा 16 जून 2022 को वेबकास्टिंग के माध्यम से किया जा चुका है।

## सड़क निर्माण कार्य रोकने की सूचना पर पहुचे पदाधिकारी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। स्थानीय प्रखंड के करौंदा वितरण पथ से अकोढ़ी गांव के हनुमान मंदिर तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत सड़क का निर्माण हो रहा है। लेकिन ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण कराने का आरोप लगाया जा रहा है।



आक्रोशित होकर ग्रामीण रविवार को सड़क निर्माण कार्य रोकने की मांग करने लगे। ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया कि जो सड़क बन रही है उसके संवेदक द्वारा प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगवाया गया है। साथ ही सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण होने से पहले ही सड़क जगह–जगह धंस रही है। रविवार को ग्रामीणों ने विभाग के पदाधिकारियों को फोन कर इसकी शिकायत की। इसके बाद विभाग से एसडीओ रविद्र कुमार शर्मा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात कर निर्माण कार्य को देखा।

## श्री प्रदीप कुमार सिंह, नीरज कुमार सिन्हा,अनिल कुमार संवाददाता अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया,ढाका,हरसिद्धि जिला पूर्वी चम्पारण के मोटरसाइकिल पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स का स्टीकर बिहार राज्य को ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव ने चिपकाया

(नीरज कुमार सिन्हा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स ढ़ाका,पूर्वी चम्पारण) ढ़ाका। श्री प्रदीप कुमार सिंह संवाददाता अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया नीरज कुमार सिन्हा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या का अनिल कुमार संवाददाता अयोध्या टाइम्स हरसिद्धि जिला पूर्वी चम्पारण के मोटरसाइकिल पर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स का स्टीकर बिहार राज्य को–ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव ने चिपकाया। उसके उपरांत तीनों व्यक्तियों को श्री रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार ने इस अवसर पर बताया कि अपनी ऑथराइजेशन लेटर की मूल प्रति जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय पूर्वी चम्पारण को दूसरी प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय को तीसरी प्रति थाना अध्यक्ष महोदय को 3 दिनों के अंदर प्राप्ति करा कर राज्य कार्यालय को सूचित करेंगे। श्री भार्गव ने तीनों व्यक्तियों को स्वच्छ पत्रकारिता करने का नसीहत देते हुए कहा कि आप में इतनी बड़ी शक्ति आज प्रदान की गई है कि आप यदि रोड से गुजरते हैं और रोड पर भीख मांगने वाले भिखारी में भी अगर आप प्रतिभा देखते हैं, तो उसे जनता के सामने लाने में



हिचकेंगे नहीं। वहीं पर दूसरी बिंदु में बताया गया कि आज की पत्रकारिता का दौर मे कुछ ऐसे पत्रकार गण हैं, जो अपनी कलम की नोक को 100 में बेचने का काम करते हैं। हमारी अयोध्या टाइम्स स्वच्छ कार्य करेगी, और इस स्वच्छ कार्य को करते हुए बिहार के हर घर में अपनी परचम को लहराने की कार्य करेगी।

## किसने उठाया भगवान शिव का पहला कांवड़



स्पेशल रिपोर्ट विकास कुमार पाण्डेय। श्रावण मास शिव भक्तों के लिए बड़ा ही खास होता है इस महीने में सभी और बोल – बम के नारे गुंजायमान होते रहते हैं, विगत दो वर्षों से कोरोना के कारण जारी लॉक डाउन की वजह से श्रद्धालु कावड़ यात्रा नहीं कर सके थे लेकिन इस वर्ष श्रद्धालुओं को शिव के दर्शन का मौका मिल रहा है ! 14 जुलाई से प्रारंभ हो रहे सावन मास के लिए लोग अभी से ही तैयारी करने लगे हैं सभी शिवालयों को विशेष तौर पर सजाया जा रहा है! देवाधिदेव महादेव शिव आराधना का बड़ा महत्व है। इस दौरान जगह–जगह कांवड़ियों की लम्बी कतारें बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए भोले बाबा को जल चढ़ाते है। आखिर, श्रद्धा से जुड़ी इस परंपरा की शुरुआत कब और किसने की? इस पर अलग–अलग मत है। यहां जानें कांवड़ यात्रा किसने शुरू की, के बारे में। भगवान राम ऐसा भी माना जाता है कि भगवान राम पहले कांवड़िया थे। कहते हैं श्री राम ने झारखंड के सुल्तानगंज से कांवड़ में गंगाजल लाकर बाबाधाम के शिवलिंग का जलाभिषेक किया था। श्रवण कुमार कुछ लोगों को मानना है कि पहली बार श्रवण कुमार ने त्रेता युग में कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। अपने दृष्टिहीन माता–पिता को तीर्थ यात्रा कराते समय जब वह हिमाचल के ऊना में थे तब उनसे उनके माता–पिता ने हरिद्वार में गंगा स्नान करने की इच्छा के बारे में बताया। उनकी इस इच्छा को पूरा करने के लिए श्रवण कुमार ने उन्हें कांवड़ में बैठाया और हरिद्वार लाकर गंगा स्नान कराए। वहां से वह अपने साथ गंगाजल भी लाए। माना जाता है तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। रावण पुराणों के अनुसार इस यात्रा शुरुआत समुद्र मंथन के समय हुई थी। मंथन से निकले विष को पीने की वजह से शिव जी का कंठ नीला पड़ गया था और तब से वह नीलकंठ कहलाए। इसी के साथ विष का बुरा असर भी शिव पर पड़ा। विष के प्रभाव को दूर करने के लिए शिवभक्त रावण ने तप किया। इसके बाद दशानन कांवड़ में जल भरकर लाया और पुरा महादेव में शिवजी का जलाभिषेक किया। इसके बाद शिव जी विष के प्रभाव से मुक्त हुए। कहते हैं तभी से कांवड़ यात्रा शुरू हुई। भगवान परशुराम कुछ विद्वानों का मानना है कि सबसे पहले भगवान परशुराम ने कांवड़ से गंगाजल लाकर उत्तर प्रदेश के बागपत के पास स्थित 'पुरा महादेव' का जलाभिषेक किया था। वह शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाए थे। इस कथा के अनुसार आज भी लोग गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव का अभिषेक करते हैं। अब गढ़मुक्तेश्वर को ब्रजघाट के नाम से जाना जाता है। देवताओं ने किया जलाभिषेक यह भी माना जाता है कि समुद्र मंथन में विष के असर को कम करने के लिए शिवजी ठंडे चंद्रमा को अपने मस्तक पर सुशोभित किया था।

फिर सभी देवताओं ने भोलेनाथ को गंगाजल चढ़ाया। तभी से सावन में कांवड़ यात्रा शुरू हो गई।

## दो नशेड़ी दोस्तों में हिंसक झड़प, एक ने दूसरे पर हमला करके किया घायल, घर जाने के बाद उसकी गला रेत कर हत्या

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी के मधुबन में दो नसेड़ी दोस्तों के बीच हुए खूनी झड़प ने उस वक्त हिंसक रूप ले लिया। जब एक दोस्त ने मामूली बात पर दूसरे दोस्त की गला रेत दी। जिसके बाद आरोपित दोस्त की मौत उसके घर मे ही गला रेतने के कारण हो गई। घटना मोतिहारी के कौड़िया गाँव की बताई जा रही है। जहां दो नशेड़ी दोस्त आपस मे बैठकर गांजा पी रहे थे। इसी बीच किसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद एक दोस्त जिसका नाम रंजय पासवान है ने अपने ही दोस्त नवीन सिंह पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वो बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे उसके परिजनों ने आनन–फानन में मोतिहारी सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर स्थिति में उसका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपित रंजय घटना को अंजाम देकर जैसे ही अपने घर पहुंचा वैसे ही उसकी भी संदिग्ध मौत गला रेतने के कारण ही हो गया।

जिसके बाद पूरे गाँव परिजन सहित इलाके में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। आनन फानन में मृतक रंजय के शव को एक निजी डॉक्टर को दिखलाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना की सूचना पर पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया और मधुबन थाना व पकड़ीदयाल डीएसपी मौके पर पहुंचे और शव को अपनी अभिरक्षा में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेजा। वहीं दो दोस्तों के बीच हुई इस हिंसक लड़ाई में जहां एक दोस्त की मौत हो गयी है। वही दूसरा दोस्त जीवन व मौत के बीच



संघर्ष कर रहा है। मृत रंजय के परिजन इस हत्या के पीछे नवीन व उसके एक भाई का हाथ बता रहे हैं और उसकी मां व अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के घर में कोहराम मचा है और उसकी मां बार बार बेहोश हो जा रही है। पत्नी व बच्चों सहित उसके पिता भी बदहवास हैं और ये लोग अपने पुत्र की हत्या का आरोप जख्मी दोस्त के ऊपर लगा रहे हैं। मुख्यालय डीएसपी ने उन्होंने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि नशे की हालत में दो दोस्तों के बीच हिंसक झड़प में एक दोस्त की मौत हुई है। जबकि दूसरा दोस्त गम्भीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है और जांचोपरांत ही वो इस मामले का खुलासा कर सकेगी।

## मोबाइल क्रास कनेक्शन से प्यार में घर छोड़ भागी 3 बच्चों की मां,मशरक पुलिस ने पकड़ परिजनों को सौंपा



हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र में रिश्तों का अजीबो–गरीब मामला सामने आया है। यूपी के संतकबीरनगर जिले की तीन बच्चों की मां को मोबाइल के क्रास कनेक्शन से सारण जिले के मशरक के पश्चिम टोला गांव निवासी से प्यार हो गया। महिला पहले वह पति को छोड़ तीन बच्चों को घर पर छोड़ प्रेमी के गांव चली आई और शादी कर खुशहाल जीवन व्यतीत करने लगी वही महिला के गायब होने पर पति समेत परिवार में हड़कंप मच गया और यूपी पुलिस को सूचना गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस बीच यूपी पुलिस ने महिला के मोबाइल को सर्विलांस पर लिया तों महिला से पांच नम्बरो पर ज्यादा बात करने का मामला निकला पर कहीं पर भी महिला का पता नहीं चल पाया परिजनों ने उन्हीं नम्बरो में से बिहार के मशरक के नम्बर के आधार पर जब बच्चों संग गांव पहुंचे तों महिला के होने की पुष्टि हुई पर महिला जाने को छोड़िए, परिजनों और बच्चों को पहचानने को तैयार नहीं थी। मौके पर पहुंची मशरक थाना पुलिस में महिला प्रशिक्षु दारोगा मधु कुमारी को परिजनों का विरोध झेलना पड़ा जिस पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने दल बल की मौजूदगी में महिला और प्रेमी को हिरासत में ले लिया। थाने पर जुटे सभी ने महिला को बहुत समझाया कि तुम चली जाओगी तो इन मासूम बच्चों का क्या होगा। छोटे–छोटे मासूम बच्चे भी अपनी मां को लिपट कर रो रहे थे। लेकिन महिला को सिर्फ प्रेमी के साथ जाने का भूत सवार था। उसे अपने बच्चों के प्रति भी जरा सा स्नेह नहीं दिखाई पड़ा। जब उसने किसी की बात नहीं सुनी तो वहां मौजूद लोग कहने लगे कि प्यार अंधा होता है, यह धर्म जाति और उम्र नहीं देखता प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि जब वह अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए जाने लगी तो उसके छोटे–छोटे बच्चे चिल्ला चिल्ला कर रोने लगे। लेकिन प्यार में अंधी महिला ने बच्चों को की तरफ पलट कर देखा भी नहीं। प्रेमी ने बताया कि महिला उसके साथ रहने को तैयार है तों वह तैयार है और यदि वह अपने पति के साथ रहने को भी तैयार है तों उसे कोई एतराज नहीं हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि महिला फोन से बात कर अपनी सहमति से प्रेमी के यहां आई थी और पति के मौत हो जाने और उसे कोई बच्चा नहीं हैं कह शादीशुदा जिंदगी जी रही थी परिजनों और प्रेमी के समझाने बुझाने के बाद महिला पति और बच्चों के संग घर जाने को तैयार हुई। जिसे कागजी कार्यवाही करते हैं पति को सौंप दिया गया वहीं प्रेमिका और पति के तरफ से प्रेमी पर कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करने के अनुरोध पर बांड भरकर छोड़ दिया गया।

## सावधान सीमांचल आ रहा है 7000 किलोमीटर दूर से बड़ी आफत

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। पूर्वी अफ्रीका से एक बड़ी आफत भारत में प्रवेश कर चुकी है करुणा की चौथी लहर की आशंका के बीच पूरे उत्तर बंगाल सिक्किम में नैरोबी मक्खी का प्रवेश शुरू हो गया है इस एसिड भलाई का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है पहाड़ों से होते हुए इस एसिड भलाई का प्रकोप सिलीगुड़ी स्तर तक पहुंच गया है सिलीगुड़ी में इस मक्खी के काटने के तरीके आ चुके हैं वहां से करो लोग निरोगी मक्खी सिर्फ अल्लाह से संक्रमित है इसके फैलने की रफ्तार बहुत तेजी से बढ़ रही है सिलीगुड़ी के बाद अब यह बिहार का रुक कर चुका है सिटी की तरह देखने वाला किराया काफी जहरीला है जिला प्रशासन केंद्र और राज्य सरकार को भेजे संदेश इस एसिड फ्लाई के कारण किशनगंज का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया है निर्देश एमजीएम मेडिकल कॉलेज डॉक्टर दिलीप कुमार जयसवाल ने कहा कि जिला प्रशासन को जांच करवानी चाहिए कि यह मक्खी किस कदर बंगाल से किशनगंज की ओर बढ़ रही है जिला प्रशासन को इसे लेकर तुरंत केंद्र और राज्य सरकार को त्राहिमाम संदेश भेजने की जरूरत है मालूम हो कि जिस रफ्तार से यह मक्खी बढ़ रही है इससे अगले सप्ताह तक सीमांचल में अपना पांव पसारने के आशा है इन दिनों किशनगंज जिले के समीपवर्ती पश्चिम बंगाल राज्य में मक्खी के आक्रमण कर दिया है 7000 किलोमीटर दूर पूर्वी अफ्रीका की उत्तर बंगाल में प्रवेश कर चुकी है इसके फैलने की रफ्तार बहुत तेजी से बढ़ रही है ऐसी आशंका है कि सिलीगुड़ी के बिल्कुल नजदीक बिहार के किशनगंज पूर्णिया कटिहार जिले में भी इसका बड़ा हमला शुरू हो सकता है इस मक्खी के काटने से व्यक्ति की त्वचा में खुजली और जलन होता है।



# संक्षिप्त समाचार

## सड़क से लेकर फुटपाथ तक अतिक्रमण, पैदल चलना मुश्किल

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिला मुख्यालय भभुआ नगर सहित सभी प्रखंडों के बाजारों में लोगों को पैदल चलने के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है। लेकिन फुटपाथ के नाम पर ही जो बना है वह भी लोगों के काम नहीं आ रहा। वह भी अतिक्रमण की चपेट में है। यही नहीं अतिक्रमणकारी सड़क के आधे हिस्से में कब्जा किए हुए हैं। इससे अब लोगों को पैदल चलने के लिए सड़क पर चलना पड़ रहा है। यह स्थिति किसी एक प्रखंड की नहीं बल्कि भभुआ नगर सहित सभी प्रखंडों के बाजार की है। भभुआ नगर की ही बात करें तो नगर के एकता चौक, पटेल चौक, जेपी चौक, पुराना बाजार, सिनेमा हाल, सब्जी मंडी रोड किसी जगह फुटपाथ हो या सड़क अतिक्रमणमुक्त नहीं है। कहने को तो नगर परिषद भभुआ की टीम प्रतिदिन अतिक्रमण हटाने का कार्य करती है, लेकिन अतिक्रमण हटता कहां है यह दिखता नहीं। यदि अतिक्रमण हटाया जाता तो सड़क और फुटपाथ खाली नजर आते, लेकिन ऐसा कहीं दिखता नहीं। इससे प्रतिदिन जाम भी लगता है। इसके अलावा मोहनियां नगर में चांदनी चौक, स्टुवरगंज बाजार सहित अन्य मुख्य जगहों पर प्रतिदिन अतिक्रमण व जाम के चलते फजीहत होती है। प्रशासनिक पदाधिकारियों को जाम छुड़ाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।



### अजीत ने अजनबी हमसफर पर लिखी कविता

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

एक अजनबी हमसफर अपना सा क्यूं लगने लगा,
क्यूं कोई दिल में आज धड़कने लगा..,
किससे मिलने को बेचौन हैं चांदनी ,
क्यूं मदहोश हैं दिल की ये रागिनी,
बनके बादल वफा का बरसने लगा,
एक अजनबी हमसफर अपना सा क्यूं लगने ल
गुम हूँ मैं एक गुमशुदा की तलाश में ..
खो गया दिल धड़कने की आवाज में,
ये कौन सांस बनके दिल में धड़कने लगा,
एक अजनबी हमसफर अपना सा क्यूं लगने लगा
जितने अपने थे,सब पराए थे
हम हवा को गले लगाए थे,
हर तरफ फिजाओ के हैं पहरे मगर,
दम निकलने न पायें जरा देखो इधर ,
जिसकी आहट पर चांद भी सॅवरने लगा,
एक अजनबी हमसफर अपना सा क्यूं लगने लगा,
रात के आगोश में फुल भी खामोश है,
चुप हैं हर कली भॅवरा हुआ मदहोश हैं
बन के आईना मुझमें वो सॅवरने लगा,
एक अजनबी हमसफर अपना सा क्यूं लगने लगा
चल तुझे अब अलविदा कह देते हैं,
अपना दिल से हम वफा कर लेते हैं।
तु नहीं मेरा मुझको ये खबर हैं,
चल तुझे खुद से जुदा कर देते हैं ।
क्यूं एक अजनबी हमसफर अपना सा लगने लगा।



लेखक अजीत कुमार

### प्लान इंडिया द्वारा जनसुविधा बोर्ड लगायी गई

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी परिहार प्रखंड के बेला। मच्छपकौनी पंचायत के गोरहरी चौक स्थित हनुमान मंदिर के दीवाल पर प्लान इंडिया के द्वारा जागरूकता बोर्ड लगाया गया। जिसमे विभिन प्रस्थितियो के स्थितियो में सहयोग के लिए चाइल्ड लाइन 1098,महिला हेल्प लाइन 1090,181,पुलिस 112 इस बोर्ड को लगाने में पंचायत के उप मुखिया(समाज सेवी) विनय झा,पूर्व उप मुखिया हुकुम चौधरी स्थान का चयन कर एस एस वी के दो जवान रणधीर विषकर्मा एवं अपूरा सरकार के उपस्थिति में बोर्ड को लगाया गया ।इससे एस एस वी के जवानों को बहुत खुशी मिली और प्लान इंडिया से जुड़े एस भी एम रवि कुमार ,पल्लवी कुमारी,एवम् पंचायत के जन प्रतिनिधि विनय झा ,हुकुम चौधरी ,चेंज एजेंट सुशील कुमार को धन्यवाद दिए।



## महिला ने लगाया पंचायत के निर्णय पर अंकुश

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। पिपरासी प्रखंड के मंझरिया पंचायत अंतर्गत बहरीस्थान गांव निवासी गेना देवी ने ग्राम पंचायत के निर्णय पर अंकुश लगाते हुए कहा कि उनके पति की पैतृक भूमि जो बिहार सरकार द्वारा उनके सासू मां को भूमिहीन अनुदान स्वरूप मिला था, पर उनकी ननद कमलावती देवी ने जबरन कब्जा किया है। और उन्हें घर से निकालने पर तुली है। बता दें कि गेना देवी अपने पति की दूसरी पत्नी है, ठीक उसी तरह कमलावती देवी उनकी सास फेंकना देवी की सौतेली बेटी और उनके पती श्री बीन की सौतेली बहन है। विवाह के बाद वह अपने ससुराल चली गई और पुनः वहां दूसरे के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर कुछ वर्षों तक अपने पति को छोड़कर फरार रही। उसके बाद उस पति को भी छोड़ कर अपने मायके आकर उस भूमि पर जबरन कब्जा कर लेना चाहती हैं ।पंचायत में सरपंच अनिरुद्ध साहनी ,पंच रामअवध कुशवाहाऔर पंचायत मित्र मनिंदर मोहन तिवारी ने कमलावती देवी की भूमि पर उनकी ननद का अधिकार दिलाते हुए उनकी ही भूमि पर उन्हें दखल कब्जा दिलवा दिया। जो कि गेना देवी की दृष्टि से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सरपंच का किया हुआ यह निर्णय सर्वथा गलत है ।उन्होने पंचायत और पंचो को पुर्नविचार करने का अनुरोध किया है।



## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर जुर्माना लगाया जाएगा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर बिहार नगर पालिका प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि 2018 के तहत आर्थिक जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें कि 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण आयात संग्रहण वितरण बिक्री एवं उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत निम्न सामग्रियां आएंगी। ईयर बडस की प्लास्टिक की डांडिया, गुब्बारों की प्लास्टिक के झंडे, कैंडी की डंडीया, आइसक्रीम की डंडीआ, सजावट के लिए पालीस्टाइरिंन थर्माकोल से बने सजावट के सामान,कप, प्लेट गिलास कटलरी जैसे– कांटा चम्मच चाकू स्ट्रा ट्रेन स्टीरर साथ ही मिठाई के डिब्बों निमंत्रण कार्ड आदि के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



## बिहार साईकल गर्ल् अर्पणा सिन्हा पहुंची शिवहर किया गया युवाओं के द्वारा अभिवादन

☒ नारी सशक्तिकरण को बढ़वा देने के उद्देश्य से निकली है बिहार यात्रा पर साइकिल गर्ल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। शिवहर,सीतामढ़ी। पूरे भारत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। महिला सशक्तिकरण के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये इसे हर एक परिवार में बचपन से प्रचारित व प्रसारितकरना चाहिये। ये



जरुरी है कि महिलाएँ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रुप से मजबूत हो। चूंकि एक बेहतर शिक्षा की शुरुआत बचपन से घर पर हो सकती है, महिलाओं के उत्थान के लिये एक स्वस्थ परिवार की जरुरत है जो राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक है। वही महिला सशक्तिकरण को बढ़वा देने के लिये एक और नया चेहरा हम सभी बीच आयी सभी लड़कियों के लिए प्रेणा का स्रोत। बनकर साइकिल गर्ल् अर्पणा सिन्हा जो इस तप्ति धूप में 16 दिनों में 21 जिले का साइकिल से यात्रा तय कर चुकी है। अगला जिला मोतिहारी है जैसा कि ,उन्होंने बताया मीडिया से महिलाओं को आज के दौर में जो सम्मान मिलना चाहिए था वह नहीं मिल रहा है। महिला घर के कामकाज से लेकर हवाई जहाज उड़ाने तक का काम कर रही है ।

वही अर्पण सिन्हा बिहार शरीफ नालंदा ग्राम मेंघी थाना दीपनगर की रहने वाली है 2020 में ही ग्रेजुएशन कर चुकी तथा बीपीएडी की पढ़ाई कर रही साइकिल गर्ल्स अर्पणा सिन्हा ने बताया है कि 16 दिनों में 21 जिले का यात्रा को तय कर चुकी हूं। नालंदा ,शेखपुरा, लखीसराय, जमुई ,मुंगेर, बक्सर ,पूर्णिया, सीतामढ़ी सहित आज बिहार के लघु जिला शिवहर जीरो माइल पे पहुची जहाँ उनके साहस बढ़वा देने के लिए जैसे युवा समाज सेवी राकेश गुप्ता को सूचना मिली उन्होंने अभिवादन की तैयारी करते हुए युवाओं को एक जुट कर जीरो माइल चौक पर साइकिल गर्ल्स अर्पणा सिन्हा को फूल का गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया ,शाल ओढ़ाकर एवं बिसलेरी पानी की बोतल देकर उनकी वही मौके उपस्थित रहे युवा सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार गुप्ता चंदन कुमार महेश कुमार रोहित कुमार सहित अन्यगन।

## बहुत बड़ी सफलता मिली सहरसा पुलिस को भारी माता में बरामद हुआ विदेशी शराब और कोरेक्स

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार। सदर थाना गस्ती पुलिस द्वारा स्थानीय सर्वा ढाला के निकट पुलिस वाहन को देख कर भाग रहे दो कार को खदेड़ कर रोका गया। जिनकी तलाशी लिए जाने पर जहां दोनों कार में छिपाकर रखे गए कुल 800 बोतल कोरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया। वहीं 22 बोतल अंग्रेजी शराब भी बरामद किया गया है। साथ ही मौके से ही दोनों कार पर सवार चार कोरेक्स एवं शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

सदर थाना अध्यक्ष सुधाकर कुमार ने बताया कि पुलिस गस्ती गाड़ी को देख कर भाग रहे दो कार को रोका गया। जिसमें बिना नंबर नेक्सन कार से 3 बंद बोरा बरामद किया गया। जिनमें दो बोरे को खोलने पर उसमें से 100 एमएल के 400 बोतल कोरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया। वहीं तीसरे बोरे से 375 एमएल के 22 बोतल , जिनका कुल वजन 8.25 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब भी बरामद किया गया।

उक्त कार पर सवार बटराहा , वार्ड नंबर 26 निवासी जयप्रकाश गुप्ता के पुत्र श्याम कुमार गुप्ता एवं बटराहा , वार्ड नंबर 27 निवासी नंदलाल यादव के पुत्र कन्हैया कुमार को गिरफ्तार किया गया।

वहीं सर्वा ढाला पर ही उक्त कार के साथ एक अल्टो कार को भी रोकी गई थी। उक्त कार से भी दो बंद बोरा बरामद किया गया। उन दोनों बोरे को खोलने पर उनमें से 100 एमएल के 400 बोतल कोरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया। उक्त कार पर सवार गांधी पथ , वार्ड नंबर 8 निवासी निर्मल पंजियार के पुत्र मनीष कुमार एवं नवहट्टा थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव निवासी एवं वर्तमान में डी बी रोड , वार्ड नंबर 10 निवासी अभ्यानंद झा के पुत्र शशी झा को भी गिरफ्तार किया गया है।

उक्त चारों शराब और कोरेक्स कारोबारी ने बताया कि वे सभी बाहर से शराब और कोरेक्स को लाकर स्थानीय स्तर पर बेचकर कारोबार करते हैं। दोनों कार को जब्त कर ली गई है। चारों आरोपी को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया है।

## गुरु पूर्णिमा व महर्षि वेदव्यास जयंती 13 जुलाई को मनाई जाएगी



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। 13 जुलाई को आषाढ़ मास की पूर्णिमा है। इसे गुरु पूर्णिमा कहा जाता है, ये गुरु की आराधना का महान पर्व है। इस दिन गुरु की पूजन करनी चाहिए, उन्हें उपहार देना चाहिए। गुरु की बातों को जीवन में उतार लिया जाए तो हमारी कई समस्याएं खत्म हो सकती हैं। उक्त जानकारी बभनटोली स्थित आर्ष वैदिक शिक्षा संस्थान वेदविद्यालय के प्राचार्य सानुज पांडेय ने बताया कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। इस दिन गुरु पूजा का विधान है। गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरम्भ में आती है। इस दिन से चार महीने तक परिव्राजक साधु–सन्त एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है, वैसे ही गुरु–चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शान्ति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे वेदों के प्रकांड विद्वान थे। उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। गुरु तथा देवता में समानता के लिए श्लोक में कहा गया है कि अज्ञान तिमिरांधश्च ज्ञानांजन शलाकया,चक्षुन्मीलितम तस्मै श्री गुरुवे नमःष्जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। बल्कि सद्गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है। उन्होंने बताया है कि गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं है,शास्त्रों में गु का अर्थ बताया गया है– अंधकार या मूल अज्ञान और रु का अर्थ किया गया है– उसका निरोधक। गुरु को गुरु इसलिए कहा जाता है कि वह अज्ञान तिमिर का ज्ञानांजन शलाका से निवारण कर देता है। अर्थात अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को श्गुरुश कहा जाता है।

## कुअमा पंचायत में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का हुई बैठक

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर,पिपराही। जिला बाल संरक्षण इकाई के निर्देशानुसार पिपराही प्रखंड के कुअमा पंचायत के मुखिया –डॉ. रिंकी महतो के अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें विवाह और बाल तस्करी रोकथाम और शिक्षा की मुख्यधारा से बच्चों को जोड़ने, टीकाकरण, सामाजिक सुरक्षा योजना एवं शोषण से सुरक्षा कौशल प्रशिक्षण, चाइल्डलाइन बच्चों के खिलाफ हिंसा, नशा रोकथाम आदि पर प्रकाश डाला



बाल संरक्षण के मुद्दे यथा– बाल विवाह,बाल श्रम ,दत्तक ग्रहण ,बाल कल्याण समिति,किशोर न्याय परिषद ,मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना,परवरिश योजना आदि विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम को यूनिसेफ के सहयोगी संस्था प्रथम द्वारा आयोजित किया गया । जागरूकता कार्यक्रम के साथ–साथ पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का भी गठन किया गया।

बैठक में प्रथम संस्था के संयुक्त समन्वय के द्वारा समिति का गठन और जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए बाल श्रम बाल गया। मौके पर प्रथम संस्था के जिला समन्वयक –रामशंकर कुमार और आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका–गीता देवी ने बच्चों को बाल अधिकार साथ ही बच्चों की बेहतर शिक्षा, सुरक्षा, बाल श्रम ,बाल विवाह की रोकथाम के विषय पर अभिभावकों एवं बच्चों की भी जानकारी दी।

मौके पर उपस्थित–मुखिया–रिंकी महतो ,उप–मुखिया ,सरपंच, वार्ड सदस्य ,प्रथम प्रखंड समन्वयक–अनिल कुमार, जीविका, आशा दीदी, किशोरी समूह, आंगनबाड़ी सेविका, और ग्रामीण मौजूद हुई।

## देश में कठोर एवं प्रभावी नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने दिया ज्ञापन

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। देश में विकराल रूप से हो रहे जनसंख्या वृद्वि एवं जनसांख्यकीय असंतुलन से उत्पन्न हो रहे सामाजिक आर्थिक और पर्यावरणीय संकट को रोकने हेतु देश मे एक कठोर और प्रभावी जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन सुपौल जिला इकाई द्वारा प्रधानमंत्री के नाम सुपौल जिला पदधिकारी कौशल कुमार को 11सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। उक्त जानकारी मांग पत्र सौपें जाने के उपरांत फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष सुमन झा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार प्रदेश सचिव संजीव भगत, जिला संरक्षक सुरेश यादव सुमन एवं सुमनचन्द्र सिंह ने सयुंक्तरूप से देते हुए कहा है कि सौपें गए पत्र में जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र बनाकर जाती धर्म से उपर उठकर देश के हित में कानून समान रूप से सभी नागरिकों पर लागू करने कानून के सभी दंडात्मक प्रावधान कानून के अधिसूचित तिथि के एक बर्ष के भीतर तीसरे बच्चे उत्पन्न करने वाले माता पिता पर कानूनी कार्यवाही लागु करने के साथ तीसरी संतान उत्पन्न करने वाले दम्पति को सभी सरकारी अनुदान, सब्सिडी आदि से तत्प्रभाव से समाप्त कर राजकीय सेवा से भी वंचित किया जाय।कानून तोड़ कर तीसरा संतान उत्पत्ति करने वाले माता पिता को मताधिकार से भी वंचित करने कानून एक बार उल्लंघन के बाद दुबारा उल्लंघन कर चौथी संतान उत्पत्ति की स्तिथि में 10 वर्ष कारावास की सजा देने , जाति , धर्म , सम्प्रदाय से ऊपर उठकर यह प्रावधान रहे कि दो जीवित संतान होने की स्तिथि में तलाक होने पर स्त्री या पुरुष कोई भी दूसरी शादी के बाद



सन्तानोत्पती के अधिकार वंचित किये जाने की बात कही गयी है। फाउंडेशन के नेताओं ने कहा कि असंतुलित हो रही जनसंख्या आज अनेकों गम्भीर समस्या उत्पन्न हो चुकी । इसके विस्फोटक स्वरूप को रोकना नितांत आवश्यक है । इसको लागू करने में अगर आवश्यक हो तो संविधान में उपयुक्त संशोधन किया जाए। फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष श्री झा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि एक कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किये , बिना स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत साक्षर भारत, सशक्त,समृद्ध सुरक्षित और स्वावलम्बी भारत के साथ साथ भ्र्ष्टाचार और अपराध मुक्त भारत अर्थात आत्म निर्भर भारत का निर्माण मुश्किल ही नही नामुमकिन है।

इस मौके पर शिवजी कुमार, आदित्य कौशिक, नवीन कुमार, आलोक कुमार, रंजीत झा, बसंत कुमार सहित फाउंडेशन के अनेकों सदस्य मौजूद थे।

## डीएम, एसपी ने किया शिवहर जेल का निरिक्षण



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता एवम पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय के द्वारा मंडल कारा शिवहर का दोपहर में संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण का उद्देश्य मंडल कारा की विधि व्यवस्था, बंदियों को मिलने वाली सुविधायें, बंदी कल्याण और सुरक्षा उपकरणों व उपायों की गहन जाँच करना था। जाँच के क्रम में कारा सुरक्षा से संबंधित पंजियों, लेखा पंजियों, बंदी कल्याण व प्रशिक्षण पंजियों, लेखा संबंधित पंजियों की जाँच की गयी। जेल की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुरक्षा उपकरणों, शस्त्रागार, सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी आदि की जाँच बारीकी से की गयी एवम आवश्यक निर्देश दिये गए।

जिलाधिकारी ने कारा संसीमित बंदियों से उनको मिलने वाली सुविधाओं के विषय मे पूछ–ताछ की। महिला बंदियों एवम उनके साथ रह रहे नौनिहालों का हाल जाना। जिलाधिकारी ने सभी नौनिहालों को नियमित रूप से टीका लगवाने हेतु कारा चिकित्सक डॉ उमाशंकर गुप्ता को निदेशित किया। कारा अस्पताल में भर्ती रोगी बंदियों का हाल जाना और अस्पताल में उपलब्ध दवाओं और सुविधाओं की जाँच की। बंदियों ने कारा के विरुद्ध किसी प्रकार की शिकायत जिलाधिकारी से नहीं की। कारा अधीक्षक डॉ दीपक कुमार ने जिला पदाधिकारी एवम पुलिस अधीक्षक को बंदियों द्वारा विकसित उद्यान की दिखलाया। कारा की साफ – सफाई व विधि व्यवस्था पर निरीक्षी पदाधिकारियों ने संतोष प्रकट किया। जिलाधिकारी ने कारा अधीक्षक को कारा प्रशासन को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में विशेष कार्य पदाधिकारी विनीत कुमार, कारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमाशंकर गुप्ता, सहायक अधीक्षक अजीत कुमार, संतोष कुमार, उदय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पब्लिक हेल्प कौंसिल के बथनाहा प्रखंड अध्यक्ष मंगल कुमार के द्वारा ग्रामीणों के बीच किया गया पौधा वितरण

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पब्लिक हेल्प कौंसिल के बथनाहा प्रखंड अध्यक्ष मंगल कुमार एवं सक्रिय सदस्य सुधीर कुमार के द्वारा सीतामढ़ी के बथनाहा प्रखंड के बैरहा बराही पंचायत के बैरहा ग्राम के वार्ड संख्या 12 एवं 11 मे ष्पर्यावरण संरक्षण अभियानष के अंतर्गत महोगनी व अमरूद के पौधा का वितरण किया गया। मालूम हो कि मंगल कुमार एवं सुधीर कुमार ने बैहरा ग्राम के सुरेंद्र कुमार, सुरेंद्र दास, पंकज कुमार, दिनेश कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, पूर्णेदु कुमार, भोला सिंह, ललन कुमार को पौधा देकर पर्यावरण की दिशा में कार्य करने को लेकर प्रोत्साहित किया है।

आज के समय मे पर्यावरण संरक्षण करना अति आवश्यक है चूंकि प्रदूषण बढ़ता जा रहा है अत्याधिक गाड़ी, वाहन चलने से प्रदूषण बढ़ता जा रहा है वहीं लोग पेड़ काटने पर भी नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं, मंगल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 पेड़ लगाना चाहिए ताकि आने वाले समय में प्रदूषण पर नियंत्रण हो सके, आए दिन बढ़ती गर्मी के वजह से बच्चे लू के शिकार हो रहे हैं। पेड़ लगाने से हमे स्वच्छ आक्सीजन मिल पाएगा, आपलोगों को ज्ञात होगा कि कुछ साल पहले ही करोना काल मे हमलोगों को आक्सीजन का महत्व पता चला है कि हमारे जीवन मे ऑक्सीजन कितना जरूरी है। इसीलिए आप सभी लोगों से निवेदन है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाये और पर्यावरण संरक्षण के दिशा मे अपना योगदान करे।

## नोवर्टिस आरोग्य परिवार के तरफ से जागरुकता अभियान के तहत मलेरिया जैसे खतरनाक बीमारियों के प्रति जागरुक किया गया

(बिपिन बिहारी मौर्य,संवाददाता अयोध्या टाइम्स, ढ़ाका ,पूर्वी चम्पारण) ढ़ाका। ढाका प्रखंड के पंचायत राज करसाहिया , वार्ड नंबर 9 ,कुशवाहा टोला करसहिया बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 251 पर नोवर्टिस आरोग्य परिवार फार्मास्युटिकल्स कंपनी के द्वारा मलेरिया तथाकई अन्यगंभीर बीमारियों से बचाव हेतु आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सेविका– कुमारी निरमा, सहायिका –लालपरी कुमारी तथा आंगनबाड़ी क्षेत्र से आए अभिभावकों, बुद्धिजीवीयो एवं माताओं –बहनों के साथ–साथ बच्चों को भी बीमारियों के प्रति जागरूक रहने के लिए कई सारे टिप्स के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें आज आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 251 पर मलेरिया जैसे गंभीर बीमारियों के बारे में बहुत ही विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा इसके बचाव के लिए भी बहुत सारे उपायों को भी बताया गया। नोवर्टिस आरोग्य परिवार संस्था बहुत सारे गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक रहने के लिए अपने जागरूकता अभियान के माध्यम से डायबिटीज, हार्ट फेल्योर ,न्यूट्रीशन ,ओरल हाइजीन ,स्ट्रोक ,ब्रेस्ट कैंसर, सिकल सेल एनीमिया ,लेप्रोसी ,फीवर ,सेव ड्रिंक वाटर ,डायरिया ,निमोनिया, आयरन और कैल्शियम ,ओमेन हेल्थ एंड हाइजीन मलेरिया आदि बीमारियों पर अपने अभीयान के माध्यम से वहां पर उपस्थित 30–35 महिला– पुरुष एवं अभिभावकों बुद्धिजीवियों के साथ ही साथ बच्चों एवं अन्य उपस्थित गणों को आंगनबाड़ी केंद्र पर आए श्री अंजती पांडे –सेल ढाका (ए एच ई ) के द्वारा बहुत ही आसान भाषाओं एवं शब्दों में विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे सुनकर वहां पर पहुंचे अभिभावकों एवं श्रोतागणों ने इसका लाभ प्राप्त किया।



## कटिहार से सहरसा वह मुंगेर के लिए ट्रेन चलाने की मांग

साहिल कुमार सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार। नॉर्थ इंडियन बिहार चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर कटिहार से सहरसा और मुंगेर के लिए ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की मांग की है चेंबर अध्यक्ष सह विधान पार्षद अशोक अग्रवाल के निर्देश पर रेल मंत्री को लिखे पत्र की जानकारी देते हुए चेंबर महासचिव भुवन अग्रवाल ने बताया कि एनएफ रेलवे का कटिहार रेल मंडल औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है लेकिन रेल मंत्रालय की उपेक्षा से इस क्षेत्र की जनता यात्री सुविधाओं से वंचित है कटिहार से पूरे सीमांचल और मिथिलांचल का व्यापारिक रिश्ता काफी गहरा है।

करोड़ों रुपए का कारोबार इस क्षेत्र से होता है लेकिन कटिहार का सहरसा और मुंगेर से सीधा रेल संपर्क नहीं रहने से करो बार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है रेलवे को भी लाखों की राजस्व का घाटा हो रहा है ।

कटिहार सहरसा के बीच जब छोटी लाइन थी तो करीब 6 जोड़ी पैसेंजर और 2 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन सहरसा के लिए चला करती थी लेकिन सहरसा कटिहार रेल लाइन के बड़ी लाइन में परिवर्तित होते हैं कटिहार के लोग सहरसा के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा से वंचित हो गए फिलहाल जानकी एक्सप्रेस ट्रेन को कटिहार से चलाई जा रही है।

## समस्तीपुर में सीएसपी के महिला कर्मी से रुपये लूटने का प्रयास, बदमाशों ने किया चार राउंड फायरिंग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,मोहनपुर। समस्तीपुर में आज फिर अपराधियों का तांडव समस्तीपुर जिले के मोहनपुर ओपी क्षेत्र में स्टेट बैंक के निकट बदमाशों ने एक सीएसपी के महिला कर्मी से रुपये लूटने का प्रयास किया। लेकिन महिला कर्मी के प्रतिरोध के कारण बदमाशों को भागने के लिए विवश होना पड़ा। भागते समय बदमाशों ने चार राउंड गोली चलायी जो संयोग से किसी को नहीं लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोहनपुर मध्य विद्यालय के निकट स्थित स्टेट बैंक के सीएसपी की कर्मी निक्की स्टेट बैंक की शाखा से दो लाख तीस हजार रुपये की निकासी कर सीएसपी जा रही थी। महनार–मोहिउद्दीन नगर मुख्य मार्ग पर कॉलेज गेट से पांच सौ मीटर पश्चिम प्रथम तल पर अवस्थित स्टेट बैंक की शाखा से वह पूरब की ओर मात्र सौ मीटर ही आगे बढ़ी थी कि पहले से घात लगाए दो अपराधियों ने उससे रुपये छीनने का प्रयास किया। जिसका उसने विरोध किया। महिला से झीना–झपटी होने पर स्थानीय दुकानदारों ने युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद युवकों ने पिस्टल निकाल दूकानदारों पर तान गोली मारने की धमकी दी। बताया जाता है कि पिस्टल देख दुकानदारों ने पकड़ ढीली कर दी। जिसके बाद दोनों बदमाश गाड़ी स्टार्ट कर इंतजार कर रहे अपने साथी की बाइक पर सवार होकर पूरब की ओर भाग निकले।



# संक्षिप्त समाचार

## विकास पदाधिकारी द्वारा आवास निरीक्षण



दैनिक अयोध्या टाइम्स विजय बैठा पुरनहिया प्रखंड) पुरनहिया। विकास पदाधिकारी आशीष कुमार द्वारा पुरनहिया प्रखंड के गांव–गांव घुमकर आवास का निरीक्षण किया गया। कि कितने लोग घर को बनवाए है।

लोगों से पूछा गया कि कोई परेशानी तो नहीं है और लोगों से यह भी जानने की कोशिश की गई कि आप लोगों का जीओ टैक हुआ है या नहीं।

## महुआरी की छात्रा ने निकाला नवोदय का प्रवेश परीक्षा



दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। महाराजगंज प्रखंड अंतर्गत महुआरी स्थित राजकिय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय जंगली ब्रम्ह महुआरी के कक्षा 5 में पढ़ने वाली छात्रा सृष्टि कुमारी पिता राजेश्वर पासवान माता शोभा देवी ने नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए हुए परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है। इस बात को लेकर अभिभावक सहित शिक्षण संस्थान के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक गण ने खुशियां जाहिर की हैं। विद्यालय ने छात्रों को मिठाईयां खिलाकर शुभकामना दिए हैं।

## अप्रशिक्षित शिक्षकों के मामले में आज फिर हुई सुनवाई 17अगस्त से पहले राज्य के सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा

☒ सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण कराने के मुद्दे पर 25 अगस्त को सुनवाई होगी

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार)। माननीय उच्च न्यायालय पटना में माननीय न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा के कोर्ट में अप्रशिक्षित शिक्षकों के मामले में फिर सुनवाई हुई। शिक्षा विभाग की ओर से स्वयं अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह कोर्ट में पेश हुए तथा कोर्ट को कहा कि विभाग 17 अगस्त से पहले राज्य के सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों के बकाया वेतन एवं एरियर का भुगतान सुनिश्चित करेंगे तथा वे खुद 17 अगस्त को कोर्ट में पेश होकर हलफनामा दाखिल करेंगे कि सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान कर दिया गया है। विभाग की ओर से राज्य के सभी डीईओ एवं डीपीओ को 26 जुलाई तक बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने कोर्ट में स्पष्ट कहा कि किसी अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा से हटाया नहीं जाएगा तथा 31 मार्च 2019 के उपरांत भी जो शिक्षक प्रशिक्षित हुए हैं अब उन्हें भी प्रशिक्षित मानकर उनका वेतन निर्धारण एवं वेतन भुगतान किया जाएगा। वहीं छप्ै के प्रतिनिधि ने कहा कि उनके यहां नामांकित एवं अनुत्तीर्ण सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों को तथा प्रशिक्षण में नामांकन से वंचित अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण पूरा करने हेतु एक मौका और देंगे। 25 अगस्त को कोर्ट में छप्ै इस हेतु हलफनामा दाखिल करेंगे। संघ की ओर से सर्विस मैटर के विद्वान अधिवक्ता शशिभूषण कुमार ने आज फिर अपने अंदाज में अप्रशिक्षित शिक्षकों के पक्ष को मजबूती से रखा। वे शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न मामलों में हाई कोर्ट से लगातार शिक्षकों को न्याय दिला रहे हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में शुभम ने सफलता का परचम लहराया

बोखड़ा। प्रखंड के कुरहर गांव निवासी रामनरेश राम के पुत्र शुभम कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है।सुदूर देहाती क्षेत्र से आने वाले शिक्षक रामनरेश राम के पुत्र शुभम बोखड़ा प्रखंड के मध्य बिद्यालय चकौती से जवाहर नबोदय बिद्यालय के परीक्षा में शामिल हुआ था।उसके सफलता पर परिवार में खुशी ब्याप्त है।सोमवार को शुभम की सफलता पर अपने आवासीय परिसर कुरहर में उसकी मां शैल देवी एवं पिता रामनरेश राम ने मिठाई खिलाकर शुभम की हौशला अफजाई किया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इधर शुभम की सफलता पर प्रखंड प्रमुख सुधीर कुमार साह,सांसद प्रतिनिधि अरुण चौधरी,मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रियंका कुमारी राय,शिक्षक डा रामजानकी राय एवं समाजसेवी दिलीप कुमार राम ने बधाई दी है।




## जन्मदिन समारोह का आयोजन हुआ

प्रिंस कुमार पाठक दैनीक अयोध्या टाइम्स कल्याणपुर पूर्वी चंपारण सूर्यप्रकास उर्फ छोटू का जन्मदिन बड़ी हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया बहुत सारे लोग छोटू को जन्मदिन की बधाई देने पहुचे इसमें सूर्य प्रकाश उर्फ छोटू के चेहरे पर खुसी का माहौल देखा गया छोटू ने इस अवसर पर सब बड़े लोग से आशिर्वाद लिया।

## कैमूर में नही हो रहीं बारिश, धान के पौधे लगे खेतों में फटीं दरारें देख किसानों का फट रहा कलेजा, अकाल जैसे हालात

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। धान का कटोरा कहे जाने वाले कैमूर में बारिश थम गई है। इससे खेतों में धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं जबकि बारिश नही होने से खेतों में फटी दरारें देखकर किसानों का कलेजा फट रहा है।किसान कह रहे हैं कि जिले में हालात अकाल जैसे हो गए हैं।इधर,किसान कह रहे हैं कि मानसून रूठा है तो नहरें भी विभिन्न क्षेत्रों के उनके काम नही आ रहे।सोन नहर प्रणाली के आधिकारिक जनों का कहना है कि नहरों में पानी की मांग 650 क्यूसेक की है पर फिलहाल आपूर्ति 350 क्यूसेक तक हो रही है। वितरणियों में महज 30 से 45 क्यूसेक पानी ही छोड़ी जा रही है। जो टेल तक पहुंच ही नही रहा। इससे धान की रोपनी बाधित हो रही है। सोन नहर प्रणाली का दावा है कि जिले को 750 क्यूसेक पानी की जरूरत है। लेकिन रोहतास से 350 क्यूसेक तक ही पानी मिल पा रहा है।जरूरत के अनुसार पानी की आपूर्ति नहीं इस संदर्भ में सोन नहर प्रणाली के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने पूछे जाने पर कहा कि जिले में 700 क्यूसेक पानी की जरूरत है। लेकिन रोहतास से 350 क्यूसेक पानी ही मिल रहा है। इसके चलते वितरणी के टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रही है। अभियंता का कहना है कि विभागीय समन्वय बनाया जा रहा है। इसी के चलते पानी की आपूर्ति कम हो पा रही है।



## लड़की को भगाकर यौन शोषण करने का आरोपी मास्टरमाइंड गिरफ्तार

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव की एक नाबालिक बच्ची को शादी का झांसा देकर बहला–फुसलाकर मोटरसाइकिल से बीते 29 जून को बाढ़ रेलवे स्टेशन के पास लाकर एक होटल में यौन शोषण करने के बाद उसे छोड़ दिया गया था !बाद में सादीकपुर गांव के दो युवक ने उसे अपने पास रख कर यौन शोषण करने के बाद शादी कर लिया था!मामले को लेकर जब पुलिस ने तफ्तीश शुरू की तो नाबालिक लड़की के साथ दो युवक को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं शनिवार को उस मामले का मास्टरमाइंड मदनचक गांव निवासी बिट्टू कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया!

## बिहार करियर पोर्टल पर पंजीकरण कराने में कैमूर के छात्र नहीं ले रहे रुचि स्कूल प्रबंधन भी लापरवाह

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। मैट्रिक और इंटर के छात्रों के लिए उपयोगी बिहार करियर पोर्टल पर पंजीकरण कराने में छात्र रुचि नहीं ले रहे हैं। जबकि स्कूल प्रबंधन लापरवाह बने हुए हैं। कई स्कूलों में नोडल शिक्षक भी नियुक्त नहीं है जिसकी वजह से छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि बिहार करियर पोर्टल से मैट्रिक और इंटर के छात्र अपने करियर को नया आयाम दे सकते हैं।बता दें कि यूनिसेफ के सहयोग से विद्यार्थियों को अपने कैरियर चयन के लिए एक पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिसके कई स्कूलों में नोडल शिक्षक भी नियुक्त नहीं है जिसकी वजह से छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि बिहार करियर पोर्टल से मैट्रिक और इंटर के छात्र अपने करियर को नया आयाम दे सकते हैं।बता दें कि यूनिसेफ के सहयोग से विद्यार्थियों को अपने कैरियर चयन के लिए एक पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने कैरियर में कई तरह के लाभ उठा सकते हैं। छात्रों का रुझान एवं समझ कैरियर में किस तरफ है।इसके बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाता है। कैरियर पोर्टल पर लॉगइन करने के लिए सबसे पहले जारी किए गए वेबसाइट पर जाना होगा। जहां बिहार बोर्ड द्वारा जारी की गई पंजीकरण संख्या की मदद से लॉगिन करना होगा। लॉग इन करने के बाद सभी ऑप्शन मिलेंगे।



माध्यम से विद्यार्थी अपने कैरियर में कई तरह के लाभ उठा सकते हैंलापरवाहीरूबिहार करियर पोर्टल पर पंजीकरण कराने में कैमूर के छात्र नहीं ले रहे रुचि, स्कूल प्रबंधन भी लापरवाह मैट्रिक और इंटर के छात्रों के लिए उपयोगी बिहार करियर पोर्टल पर पंजीकरण कराने में छात्र रुचि नहीं ले रहे हैं। जबकि स्कूल प्रबंधन लापरवाह बने हुए हैं।

जहां से शैक्षणिक संस्थानों प्रोफेशनल कैरियर छात्रवृत्ति और प्रवेश परीक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।दरअसल बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ के समर्थन के साथ माध्यमिक और उच्च माध्यमिक छात्रों के लिए बिहार करियर पोर्ट।

## बिहार साइकिल गर्ल अर्पणा सिन्हा पहुची शिवहर

☒ महिलाओ को आगे लाओ, देश को आगे बढ़ाओ।

☒ साईकिल गर्ल अर्पणा सिन्हा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साईकिल से सम्पूर्ण बिहार यात्रा पर निकली नालंदा की बेटी अर्पणा सिन्हा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

किसी भी समाज के विकास का सीधा सम्बन्ध उस समाज की महिलाओं के विकास से जुड़ा होता हैद्य महिलाओं के बिना व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है हमारे राष्ट्रीय नीति का लक्ष्य महिलाओं की उन्नति, विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। उसके उद्देश्यों में महिलाओं के विकास के लिए सकारात्मक आर्थिक एवं सामाजिक नीतियों के माध्यम से ऐसा अनुकूल माहौल तैयार करना है जिससे महिलाएं अपनी क्षमता को साकार कर सकें वही आप सभी को जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि साइकिल गर्ल् अर्पणा सिन्हा आज के लड़कियों के लिए प्रेणा का एक स्रोत। है 16 दिनों जैसा कि उन्होंने बताया मूल रूप से बिहार शरीफ नालंदा ग्राम मेंघी थाना दीपनगर की रहने वाली 2020 में ही ग्रेजुएशन कर चुकी तथा बीपीएडी की पढ़ाई कर रही अपना वजूद भुलाकर



हर किरदार निभाती है, ये वो देवी है जो घर को स्वर्ग बनाती है। समाज की वास्तविक वास्तुकार महिलाएं हैं। महिलाओं की सशक्ति है, देश की उन्नति। एक स्त्री को शिक्षित करने का अर्थ हैं एक पीढ़ी को शिक्षित करना।वो शक्ति है, सम्मान है, वो भारत की नारी है।

## जिस युवती सुनीता कुमारी को बताया जा रहा था प्रेमी वो निकली 3 पत्तियों वाली फरेबी



☒ महिला के पास दो–दो आधार कार्ड तथा तीसरे पति पर छोड़ने का लगया आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। आप सभी मानस को यह ज्ञात होगा कि पिछले सप्ताह से यह मामला चल रहा है जिसमे दहेज लोभी सरपंच ससुर अपनी ही बहु को बेघर किया। यह बताया जा रहा था लेकिन यह मामला अब नया मोड़ ले लिया जी हां वही सुनीता कुमारी जिसकी उम्र महज 30 वर्ष है जैसा कि हमने आपको बताया था कि पुलिस और मीडिया इसकी तफ्तीश कर रही है तफ्तीश के बाद अब बहुत बड़ी खुलासा हुई है जिस सुनीता को बेगुना मासूम और प्रेमी कहा जा रहा था वह 12 वर्षों में तीन विवाह कि प्रेमी नहीं निकली फरेबी। यह वही मामला है बिहार के सीतामढ़ी जिले का है युवती लड़की सुनीता कुमारी जिसकी उम्र महज 30 वर्ष पिता रामेश्वर पासवान। ग्राम अमरघाटा जिला सीतामढ़ी। आप सभी को यह बता दिया जाए कि 2 विवाह के बाद अब तीसरे पति पर के छोड़ने का आरोप लगाया यही नही आप सभी को बता दिया जाए इस महिला ने अलग–अलग नाम के दो दो आधार कार्ड भी रखे थे।अब मीडिया इससे क्रॉस प्रश्न करेगी और अब देखना यह है की सुनीता कुमारी क्या उत्तर देती है।

## बराकर बस स्टैंड के यात्री सेड में अवैध निर्माण जारी

बराकर। आसनसोल नगर निगम के कुल्टी बोरो की ओर से बराकर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बस स्टैंड से लेकर बराकर स्टेशन तक सरकारी ड्रेन ओर सड़क के ऊपर अवैध अतिक्रमण को हटाने का कार्य फिस्सडी साबित हुआ। जहा एक बार देखा गया कि सड़क के ऊपर रखी गुमटियां ठेले वाले चाट वाले खुद ड्रेन के पार होकर सड़क से हट गए। वही ड्रेन पर बनी सीढ़ी शेड को लोगो ने खुद तोड़ डाला। वही देखा गया कि सभी दुकानों के ऊपर वापश शेड लग गए सीढ़ी बना ली गयी गुमटियों को सड़क पर वापस लगाकर कार्य प्रारंभ हो गया। वही बस स्टैंड को तो अतिक्रमणकारियों ने अपना अवैध कब्जा के रूप में बड़े पैमाने इस्तेमाल कर रखा है। जहा एक ओर अवैध निर्माण साफ दिखाई पड़ रहा है। जो किसी राजनीति दल के द्वारा बनाया जा रहा है। बराकर बस स्टैंड



में बने यात्री निवास जो जर्जर अवस्था मे पड़े है। वो या तो पार्टी कार्यालय या कोई दुकान या होटल में अवैध रूप से तब्दील हो चुकी है। मालूम हो कि कुल्टी के आसनसोल नगर निगम में विलय होने के साथ बराकर बस स्टैंड को मोडल बस स्टैंड की तर्ज पर निर्माण करने को लेकर इसकी नापी जोखि की गई थी। परंतु वो मामला भी फिस्सडी साबित हुआ। आखिर बराकर के साथ नगर निगम का ये सौतेला व्यवहार कब तक चलेगा।

## एक दिवसीय कैंप का आयोजन दिनांक 13 जुलाई 2022 बुधवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र वैशाली डीआरसीसी में पूर्वाह्न 11:00 बजे से होना सुनिश्चित है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

वैशाली। श्रमसंसाधन विभाग बिहार सरकार जिला नियोजनालय वैशाली हाजीपुर के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन दिनांक 13 जुलाई 2022 बुधवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र वैशाली डीआरसीसी में पूर्वाह्न 11रू00 बजे से होना सुनिश्चित है।

इस कैंपस में निजी क्षेत्र की तीन कंपनियां पहला फिलपकार्ट दूसरा ओवरड्राइव इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड मिंडा फुरूकावा इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड ऑन द पैरोल ऑफ विजन इंडिया टैलेंट फाउंडेशन तीसरा आईसीआईसी आई फाउंडेशन फॉर इंक्लूसिव ग्रोथ अभ्यार्थियों के योग्यता अनुसार कैंपस चयन करेगी। जॉब कैन बी बने निम्न प्रकार निर्धारित है सभी नियोजकों द्वारा प्राप्त कुल (वैकेंसी 158) नियोजक का नाम फिलपकार्ट, पद का नाम–असिस्टेंट डाटा एंट्री ऑपरेटर, आरटी ऑपरेटर, वैकेंसी 78, उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष, योग्यता–मेट्रिक से ग्रेजुएशन, आईटीआई, 2–नियोजक का नाम–ओवरड्राइव इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड मिंडा फुरूकावा इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड ऑन द पैरोल ऑफ विजन इंडिया टैलेंट फाउंडेशन, पति का नाम–ट्रेनी (वैकेंसी 30,) उम्र 18 से 25, योग्यता मैट्रिक,12वीं ,ग्रेजुएशन, आईटीआई 2 इयर्स पास। 3–नियोजक का नामरू–आईसीआईसीआई फाउंडेशन, पद का नाम–सेलिंग स्किल्स, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन, इलेक्ट्रिकल एंड होम अप्लायंस, रेफ्रिजरेशन एंड एसी रिपेयर, पंप एंड मोटर रिपेयर, वैकेंसी 50 उम्र 18 से 30 वर्ष, योग्यतारू–आठवीं पास से ग्रेजुएट। उपरोक्त योग्यता



रखने वाले सभी उम्मीदवार इस में भाग ले सकते हैं, बशर्ते उनका निबंधन बिहार के किसी भी जिला नियोजनालय के कार्यालय में हो। वैसे उम्मीदवार जिनका निबंधन अभी तक नहीं हुआ है वह ूदबे. हवअ.पद पर अपना निबंधन ऑनलाइन करवा सकते हैं। कैंप में भाग लेने हेतु उम्मीदवार निबंधन प्रमाण पत्र पासपोर्ट आकार का फोटो बायोडाटा सभी मूल प्रमाण पत्र की छाया प्रति अवश्य लाएंगे। कैंप में भाग लेने वाले अभ्यर्थी कोविड–19 का कौन सा पालन करते हुए मांस एवं सैनिटाइजर अपने साथ अनिवार्य रूप से लेकर आए। नोट–नियोजक निजी क्षेत्र के हैं अतः नियोजन की शर्तों के अनुपालन के पूर्ण जवाबदेही नियोजक की ही होगी। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में है।

## चिकित्सक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी गंभीरता पूर्वक और पूरी प्रतिबद्धता के साथ करें

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मुजफ्फरपुर। चिकित्सक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी गंभीरता पूर्वक और पूरी प्रतिबद्धता के साथ करें।सरकार माकूल चिकित्सीए व्यवस्था की उपलब्धता की दिशा में कृत संकल्पित होकर लगातार कार्य कर रही है। उक्त बात श्री मंगल पांडे ,माननीय स्वास्थ्य मंत्री बिहार सरकार के द्वारा एसकेएमसीएच सभागार में एईएस पर समीक्षात्मक बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि एईएसध्चमकी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के मद्देनजर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गए प्रयास सराहनीय है ।कहा कि वर्तमान में तापमान और उमस में वृद्धि को देखते हुए अलर्ट रहने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य, विभाग जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों की आपसी समन्वय के साथ चलाए जा रहे अभियान को जारी रखने की जरूरत है। किसी भी सूरत में लापरवाही और कोताही नहीं चलेगी। उन्होंने एसकेएमसीएच में भर्ती मरीजों की संख्या,एईएस प्रोटोकॉल, रेफरल सिस्टम, दवाओं की उपलब्धता इत्यादि से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। इसके पूर्व उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने एईएस को लेकर किए जा रहे कार्यों के विस्तृत जानकारी दी।वही केयर के जिला प्रतिनिधि सौरभ तिवारी के द्वारा पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। बैठक में स्वास्थ विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि 2022 में जनवरी से लेकर अभी तक मुजफ्फरपुर जिला में कुल 38 केस आये जबकि अन्य जिलों को मिलाकर कुल 58 मरीज सामने आए।

मुजफ्फरपुर जिला में सिर्फ एक मरीज की मौत हुई।माह जनवरी से लेकर अभी तक किये गए सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी माननीय मंत्री जी को दी गई।एईएस कोर कमिटी, नियंत्रण हेतु बनाई गई विभिन्न समितियां, प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन, जन जागरूकता अभियान, त्वरित परिवहन सेवा, माकूल चिकित्सीय व्यवस्था की उपलब्धता ,नियंत्रण कक्ष दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता इत्यादि के संबंध में बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, प्राचार्य एसकेएमसीएच, अधीक्षक एसकेएमसीएच, सिविल सर्जन मुजफ्फरपुर, एसीएमओ ,डीपीएम, डॉक्टर गोपाल सहनी, जिला जनसंपर्क अधिकारी सहित सभी चिकित्सक एवं कांटी, बोचहां, मुशहरी मोतीपुर,मीनापुर और पारु के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ प्रबंधक उपस्थित थे।

## एचीवर्स एकेडमी के छात्रों ने लहराया जेईई मेन में परचम

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) मोहिउद्दीननगर दलसिंहसराय! जब हौसले बुलंद हो और दिल में कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो हर मुश्किल सफर आसान हो जाता है, ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मदूदाबाद स्थित एचीवर्स एकेडमी के छात्र शिवम और सत्यम ने, उसने जेईई मेन परीक्षा में सफलता पाकर अपने परिवार और संस्थान को गौरवान्वित किया है! जेईई मेन 2022 (फेज–1) में 89 परसेंटाइल लाकर शिवम तथा उसके भाई सत्यम ने 65 परसेंटाइल ला कर अपने क्षेत्र एवं कोचिंग का नाम रौशन किया। बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले शिवम कुमार अपनी मेहनत और गुरुजनों कै कुशल मार्गदर्शन में पहले ही प्रयास में जेईई मेन में सफलता पा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है तथा अपने सगे – संबंधियों एवं शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि कल्याणपुर बस्ती निवासी मनोज झा के पुत्र शिवम बचपन से ही मेधावी तथा उन्नत किस्म का छात्र रहा है, इसी वर्ष बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी इंटरमीडिएट के परिणाम में उसे 424 अंक प्राप्त हुए जबकि उसके भाई सत्यम को 409 अंक मिले हैं ! उसने अपनी पढ़ाई के दौरान अनेक कठिनाईयों का सामना किया। लेकिन कड़ी मेहनत और एचीवर्स एकेडमी के सही मार्गदर्शन के कारण ही उसने वो कर दिखाया जो अधिकांश छात्रों का सपना होता है। शिवम की सफलता पर एचीवर्स एकेडमी के निदेशक शीलवंत कुमार एवं गणित के शिक्षक राहुल चौधरी ने मिठाई खिलाकर छात्रों को बधाई दी तथा उनका हौसला अफजाई किया, राहुल चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि दोनों भाई सत्यम और शिवम मेहनती और लगन शील छात्र रहे हैं, यही कारण है कि आज इन दोनों को सफलता मिली, वही छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचिंग संस्थान को दिया तथा कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे शिक्षक हैं जो बच्चों को ऊंचाइयों तक जाने में मार्गदर्शन और मदद करते हैं ! इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के अलावा शिक्षक महताब आलम, ललित कुमार, अविनाश कुमार, शीलवंत कुमार तथा राहुल चौधरी मौजूद थे !



## जिला समन्वय समिति की बैठक कर जिलाधिकारी ने की विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीना के द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय जिला समन्वय समिति की बैठक कर जिला मैं चल रहा है विकास के कार्यों की समीक्षा की गई और कहा गया कि वह से सभी विभागीय पत्र जिसके अनुपालन में दूसरी विभाग के सहयोग की आवश्यकता है तो उसके बारे में बताई जाए। जिलाधिकारी ने अपनी गोपनीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वैसे सभी महत्वपूर्ण पत्रों को अलग से संधारित कर आगे से इस बैठक में उपस्थित किया जाए ताकि गुणवत्ता के अनुरूप कार्यों का अनुपालन कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला की सबसे महत्वपूर्ण बैठक होती है जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति देना। जिला अधिकारी के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से उनके विभाग में चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई और जरूरी निर्देश दिए गए। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी स्थापना शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि जिला के सभी विद्यालयों का प्रोफाइल बनाएं जिसमें स्कूल में छात्र छात्राओं की संख्या शिक्षकों की संख्या शिक्षक नियोजन इकाई के हैं विद्यालय में चारदीवारी बिजली पेयजल एवं बैठने के बेंच की उपलब्धता एवं विद्यालय के लिए पहुंच पथ की जानकारी रहे। जिलाधिकारी ने प्रखंड वार सभी शिक्षकों की उपस्थिति और अनुपस्थिति एवं अवकाश पर रहे शिक्षकों की संख्या 10:30 बजे तक डीआरडीए को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया जोकि उप विकास आयुक्त ही शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी हैं। इसके साथ शाम 4:00 बजे तक कितने शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहे हैं इससे संबंधित प्रतिवेदन 4:30 बजे तक जिलाधिकारी के गोपनीय शाखा में भेजें। जिला अधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड में 20 से 30 विद्यालयों का चयन कर उन्हें बाला प्रोजेक्ट के आधार पर विकसित कराएं। प्राधिकारी जब भी क्षेत्र भ्रमण करें तो इसकी जानकारी प्राप्त करें कि गरीब परिवार के बच्चे विद्यालय जा रहे हैं कि नहीं पदाधिकारी इसके लिए आधे अधूरे मन से नहीं बल्कि सच्चे मन से प्रयास करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि एक कॉल सेंटर बनवाएं जिसके माध्यम से दूरदराज के परिवारों खासकर महादलित परिवारों को राशन मिलने की जानकारी प्राप्त कराएं। इसके लिए रेंडमाली फोन कराएं और फीडबैक ले। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सभी दुकानों पर 5 पांच के गुणांक वाला पट्टी पेंट करवाएं ताकि बुजुर्ग महिलाएं यह पहचान सके कि उन्हें कितना राशन दिया जा रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि 25170 नया राशन कार्ड बनाया गया था जिसका वितरण करा दिया गया है। जून माह में कुल 324 डीलरों की जांच कराई गई जिसमें अपसेट के ग्रुप शिकायत मिली है जिस पर कार्रवाई की गई है। एक डीलर पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया अभी तक कुल 41 पंचायत सरकार भवन बनाए गए हैं और सभी क्रियाशील है। जिला अधिकारी के द्वारा वहां पर अगर अतिक्रमण है तो उसे हटवाने वृक्षारोपण करवाने तथा 15 अगस्त को झंडोत्तोलन की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मुखिया से पंचायतों को आदर्श पंचायत बनाने के लिए जरूरी सभी प्रस्ताव लिया जाए जिसमें सभी मुखिया का विजन पता चल सके। अगर किसी वार्ड क्रिया वन प्रबंधन समिति के द्वारा पूर्व में राशि की निकासी कर ली गई है और कार्य नहीं कराया गया है तो इसकी सूची प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से प्राप्त करें और नियमानुसार कार्रवाई करें। आरटीपीएस के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में पाया गया कि निर्धारित समय अवधि से अधिक के मात्र 57 आवेदन लंबित हैं जिसमें से 51 अकेले राघोपुर प्रखंड से संबंधित है। जिला अधिकारी के द्वारा इसे भी निष्पादित कराने तथा सभी आरटीपीएस काउंटर के पास सेट लगवाने वहां रंग रोशन कराने एवं वहां बैनर फ्लेक्स लगवाने का निर्देश दिया गया। निदेशक डीआरडीए के द्वारा बताया गया कि जिला को 75 अमृत सरोवर के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त था परंतु से अधिक बेरासी प्रकार कराया जा रहा है और इसे 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि वहां वोट बनवाते पौधारोपण कराएं एवं 15 अगस्त को झंडोत्तोलन की व्यवस्था कराई जाए। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के बारे में पूछने पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा बताया गया कि अभी यहां 5 बच्चे आवासीत हैं। वहां पर एक एएनएम तथा होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित श्रम अधीक्षक डीपीओ आईसीडीएस जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम एवं कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग को गंभीरता से लिया गया और उनसे स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिला अधिकारी के साथ अपर समाहर्ता श्री जितेंद्र प्रसाद साह उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह निदेशक डीआरडीए श्री संजय कुमार निराला सदर एसडीओ श्री अरुण कुमार सदर डीसीएलआर श्री स्वप्निल जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री हरेंद्र नाम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नितुरिया के गोबाग में 21 जुलाई को ले तृणमूल द्वारा प्रस्तुति सभा का आयोजन

नितुरिया । नितुरिया के गोबाग स्थित फुटबॉल मैदान में 21 जुलाई को शहीद दिवस के मौके पर कोलकाता धर्मतला में आयोजित होने वाली सभा को लेकर सोमवार को नितुरिया ब्लॉक तृणमूल की ओर से प्रस्तुति सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने महंगाई, हिन्दू मुस्लिम की राजनीति करने का आरोप नरेंद्र मोदी नित भाजपा सरकार पर लगाया। ममता सरकार द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया एवं उपलब्धि स्वरूप ममता बनर्जी को आगामी संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री बनाने पर जोर दिया। इस दौरान सभा में पुरुलिया जिला तृणमूल के अध्यक्ष सौमेन बेल्थरिया, नितुरिया पंचायत समिति के सभापति सरस्वती टुडू सोरेन, सह सभापति शांतिभूषण प्रसाद यादव, नितुरिया हिंदी प्रकोष्ठ के रामाशंकर सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे। तृणमूल के जिला अध्यक्ष सौमेन बेल्थरिया ने कहा कि कोरोना को लेकर विगत 2 वर्षों में सभा नहीं की गई। अतः इस वर्ष लोगों में आवेग थोड़ा अधिक है।




किस तरह से लोग जाएंगे, कहां रहेंगे, लोगों को कोई असुविधा ना हो, इसके लिए प्रत्येक जगह जाकर हम लोग प्रस्तुति सभा कर रहे हैं। नितुरिया पंचायत समिति के सह सभापति शांतिभूषण यादव ने कहा कि 1993 के 21 जुलाई को कोलकाता में रॉयटर्स अभियान के दौरान गोली कांड की घटना में 13 कर्मी मारे गए थें। 21 जुलाई के दिन को तृणमूल करने वाले भुला नहीं सकते। जिस दिन 1993 में उस दिन गोली कर हत्या की गई थी और 2011 में हमने माकपा को उखाड़ फेंका। एक तरफ उनकी पुलिस, दूसरी तरफ उनकी धमकियां। उन्होंने सभी से अपने पूरे टीम को ले इस दिन को यादगार बनाने के लिए कोलकाता के धर्मतला चलने का लोगो से आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईद उल अजहा के अवसर पर आयोजित दावत में पहुंचे सैकड़ों राजद कार्यकर्ता व समर्थक एक दूसरे के गले मिलकर दी बकरीद की मुबारकबाद

(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स, रक्सौल, पूर्वी चंपारण)। नरकटिया विधानसभा के स्थानीय विधायक डॉक्टर शमीम अहमद के खैरवा अवस्थित आवास पर राजद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थक पहुंच कर एक दूसरे के गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दिए! इस अवसर पर उपस्थित जनमानस से स्थानीय विधायक डॉक्टर शमीम अहमद ने कहा कि कल मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी सादगी से सौहाद्रपूर्ण एवम शांतिपूर्ण माहौल में



त्याग व बलिदान के प्रतीक इस पर्व को मनाया है ! मेरे क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है! आपसी भाईचारे व एकता बनाए रखने के लिए उन्होंने स्थानीय सर्व समुदाय के लोगों प्रति अपना आभार जताया है! इस अवसर पर ध्रुव यादव (प्रखंड अध्यक्ष), पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला महासचिव राधेश्याम यादव, सुरेश यादव, सीताराम यादव, बिकेंद्र यादव ,मुमताज मंसूरी संतोष पटेल, शिव शंकर यादव, प्रेम किशोर यादव मुखिया ,राहुल यादव, बच्चालाल यादव, मदन साह, अनिल यादव आदि लोग मौजूद रहे!

### स्थानांतरित होने पर हास्पिटल के मैनेजर एकाउटेंट सहित एएनएम का विदाई समारोह का आयोजन एवं योगदान करनेवाले को सम्मानित किया गया

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित, मैनेजर एकाउंटेंट ,एएनएम के स्थानांतरित पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया और नये मैनेजर एकाउंटेंट एएनएम के योगदान करने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। प्रभारी चिकित्सक गोपाल कृष्ण ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता, बैग देकर सम्मानित किया।आमतौर स्थानांतरित होने पर और योगदान देने पर स्वास्थ्य कर्मियों व में विदाई समारोह का आयोजन होता देखा गया है। लेकिन स्वास्थयकर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाले एएनएम सहित मैनेजर सोहैब राजा एकाउंटेंट जयनारायण कुमार प्रियांशु कुमार और एएनएम सीता कुमार सहित स्थानांतरित होने पर उन्हें विदाई दी गई। मशरक समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्वास्थ्यकर्मियों स्थानांतरित स्वास्थ्यकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मशरक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डाक्टर गोपाल कृष्ण ने उनके कार्यों की सराहना की।



### नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण मोतिहारी के तत्वधान में चिरैया प्रखंड के एनवाईसी गोल्डन कुमार मिश्रा के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वी चम्पारण। नेहरू युवा केंद्र पूर्वी चंपारण मोतिहारी के तत्वधान में चिरैया प्रखंड के एनवाईसी गोल्डन कुमार मिश्रा के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया इस आयोजन का मुख्य अतिथि रामजी प्रसाद सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया,मुख्य अतिथि ने जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के ऊपर प्रकाश डालें उन्होंने बताया कि जनसंख्या के ऊपर हम सभी को नियंत्रण रखना होगा क्योंकि आने वाले समय में हमें रहने के लिए घर की जमीनों की कमी पड़ेगी बच्चों को शिक्षा देने के लिए माता–पिता को आए की भी कमी पड़ेगी और मौके पर शोले कुमार के द्वारा संचालन किया गया उन्होंने भी बताया कि चीन के बाद जनसंख्या में अपने देश का ही स्थान है. 11 जुलाई 1987 को पृथ्वी की जनसंख्या 5 अरब पहुंच चुकी थी इस विशेष दिनों को मानने के लिएइस विशेष दिनों को मनाने के लिए 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम कि परिषद ने जनसंख्या के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित करने के लिए हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाई जाती है मौके पर उपस्थित श्री रत्नेश शुक्ला सुरेंद्र नाथ दुबे शिक्षक ओम प्रकाश कुमार शिक्षक कुंदन पांडे उमेश मिश्रा अन्य युवाओं के साथ ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### महाराजगंज मोनिया बाबा मेले को राजकीय मिलाके दर्जा दिलाने को लेकर एक दिवसीय धरना


दैनिक अयोध्या अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज। मौनिया बाबा मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिलाने को लेकर एक दिवसीय धरना पे बैठे शहर वासी। बता दे मौनिया बाबा मेला का इतिहास काफी पुराना और दिलचस्प है। आज से 100 वर्ष पूर्व मौनिया बाबा ने जिंदा समाधी लिया तब से लेकर आज तक उन के याद में मेला का आयोजन किया जाता रहा है। उत्तर बिहार का सबसे सुप्रसिद्ध लगने वाला यह मेला सवा माह तक चलता है। इस मेले को देखने के लिए पूरे बिहार से श्रद्धालु आते है। धरना में शामिल छात्र नेता अमरेश सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार को इतने बड़े संत के नाम से लगने वाले मेले को राजकीय मेला का दर्जा देना चाहिए, लाखों श्रद्धालुओं का आस्था का सवाल है सरकार को इस का ख्याल रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस साल मेले का आयोजन का 100 वर्ष पूरे होने जा रहे है लेकिन सरकार के साथ–साथ यहाँ के जनप्रतिनिधियों ने भी मौनिया बाबा के भक्तों का छलने का काम किया है। वही योग क्रन्तिकारी योग प्रचारक अंगद जी महाराज ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगो को नही मानती है तो आगे हम लोग अनिश्चित कालीन धरना के साथ–साथ भूख हड़ताल भी करेंगे..और मौनिया बाबा के खोए हुए समान को वापस लाएंगे.इस मौके पर अंगद जी महाराज,अमरेश सिंह राजपूत,,गबर सिंह,प्रिंस कुमार,अनुराग कुमार, भोला कुमार,दीपक कुमार,आर्यन कुमार,अजित कुमार, मौजूद रहे।



### समस्तीपुर में हर दिन गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर, आराम से फरार हो जाते हैं अपराधी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर। समस्तीपुर थाना क्षेत्र के काशीपुर में रविवार की रात में अज्ञात अपराधियों ने एक घर के बाहर दो से तीन राउंड फायरिंग कर घटना को अंजाम दिया है। गोलीबारी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गए। जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। बताया जाता है कि 5 से 6 की संख्या में अपराधियों ने काशीपुर केई इंटर रोड में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया और आराम से फरार हो गए। इस दौरान किसी भी जानमाल की क्षति नहीं हुई है। बहरहाल जिले में जिस तरह से अपराधियों का हौसला बुलंद है उसके सामने पुलिस बेबस और लाचार बनी हुई नजर आ रही है।



### आर्म्स एक्ट में फरार अभियुक्तगिरफ्तार

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी बेलछी प्रखंड अंतर्गत बेलछी थाना के मसथु गांव से वर्षो से फरार आर्म्स एक्ट का अभियुक्त जानो पासवान शैलेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया दोनों अभियुक्त पर गांव में मामूली विवाद को लेकर दहशत फैलाने का आरोप है यह कार्रवाई थाना अध्यक्ष अमरदीप कुमार के नेतृत्व में शनिवार की रात मसथु गांव में किया गया!

MAHARISHI UNIVERSITY

Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001

D.Pharm B.C.A.
B.Pharm M.C.A.
Diploma M.B.A.
B.Tech B.Ed.
L.L.B. L.L.M

100% गारंटी : सभी सुविधाएं

- स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
- फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
- प्लेसमेंट की सुविधा।


कुछ सीट शेष जल्दी करें

श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251

# संक्षिप्त समाचार

## बराकर में अवैध शराब का धंधा मिनी बार के रूप में संचालित

बराकर। कुल्टी थाना के बराकर फांडी इलाके में धडल्ले से अवैध शराब मिनी बार के रूप में कारोबारि बेरोकटोक चला रहे शराब का धंदा।



मालूम हो कि बराकर शहर के कुछ एक जगहों पर अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा। जहा बराकर हनुमान चढ़ाई से बसस्टैंड एवं बेगुनिया मोड़ में कुछ ऐसी अवैध शराब का ठेका जिसे आप मिनी बार कह सकते हैं। मिनी बार यानी कि यहां आपको शराब के साथ साथ खाने पीने की चीजे भी टेबल के ऊपर साथ मिलेंगे। जहां सुबह से रात के करीब 10 बजे तक यह अवैध शराब कारोबारी अपने शराब की बिक्री करते हैं। वो भी बिना रोक टोक के। यह अवैध शराब की दुकान बराकर स्थित हनुमान चढ़ाई, एक्सप्रेस एवं मिनी बस स्टैंड में तीन से चार ठेक है। वहीं सुपर बस स्टैंड के पास एक बड़ी ठेका वहीं बराकर बीएसएनएल कार्यालय के पास ओर एक, नाली पाड़ा, एवं कुछ वस्तियों में आपको देखने को मिलेंगे। इस अवैध शराब के बिक्री से काफी नुकशान है। पहला तो ये अवैध कारोबारी उचित मूल्य पर लाइसेंसी दुकान से शराब को खरीद कर ऊंची दामो में शराब को बेच अपनी जेब भरते हैं वहीं लोगो को ज्यादा पैसे देकर शराब को खरीदना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर अवैध शराब की दुकान में बिकने वाली शराब नकली है या असली इसकी भी कोई गारंटी नही है। मालूम हो शहर में यह कारोबार बिगत कई दिनों से चल रही है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इस अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाकर इस पर पूरी तरह से अंकुश लगाना जरूरी है। वही आबकारी विभाग की नजर होते हुए किस प्रकार ये गोरख धंदा फलता फूलता जा रहा है। इस अवैध धंदे से आम यात्रियों को आम लोगो को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## सरबड़ी में विधवा ने गले में फांसी लगाकर की आत्महत्या

नितुरिया। नितुरिया थाना के सरबड़ी गांव में 55 वर्षीय विधवा महिला चंपा मंडल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नितुरिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पुरूलिया जिला अस्पताल भेज दिया गया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतका चंपा मंडल के पति की करीब दो वर्ष पहले मौत हो गई थी। इसके बाद वह मानसिक अवसाद भुगत रही थी। किसी के साथ बोल चाल नहीं करना, प्रायः एकांत में बैठे रहना उसकी जीवन चर्चा बन चुकी थी। जानकारों के मुताबिक जबकि उसके दो बच्चे और घर में पूरा परिवार भरा हुआ है। उसके परिजनों ने बताया कि हमारे बहुत कोशिशों के बावजूद वह नहीं मानती थी। अपने पति की यादों में खोई रहती थी। बीती रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने गई उसी समय उसने गले में दुपट्टा डाल कर पंखे से झूल गई।

## भरथना में हुआ पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रदर्शनी नुमाइश का उद्घाटन

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स भरथना, इटावा। जनपद के कस्वा भरथना में पं०दीन दयाल उपाध्याय प्रदर्शनी का राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया अवलोकन भरथना में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नुमायश प्रदर्शनी का उत्तर–प्रदेश सरकार में महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने फीता काटकर शुभारम्भ किया है। आपको बतादें भरथना नगर के जबाहर रोड़ पर केई वर्षों से लगातार लगने बाली नुमायश प्रदर्शनी का प्रदेश सरकार में महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने फीता काट कर शुभारम्भ किया है। इस अवसर पर नुमायश प्रदर्शनी संचालक धीरज जैन व मो०आशिफ सहित प्रदर्शनी में लगी दुकानों और खेल तमाशा बाले व्यापारियों ने प्रतीक चिन्ह चांदी का मुकुट पगड़ी अंग बस्त्र भेंट कर सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत सम्मान किया। इससे पूर्व प्रदर्शनी का फीता काटकर उदघाटन करने पहुँची उदघाटन समारोह की मुख्यातिथि श्रीमति शुक्ला के स्वागत सम्मान में बैंडबाजा की मधुर धुन और जोरदार आतिशबाजी चला कर स्वागत सम्मान किया गया।



## मिट्टी का अवैध खनन कर रहे खनन माफियाओं पर खनन विभाग की बड़ी कार्यवाही

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इकदिल, इटावा। जनपद के थाना इकदिल क्षेत्र में हो रहे मिट्टी खनन माफियाओं पर खनन विभाग अधिकारी ने की बड़ी कार्यवाही। मिट्टी का खनन कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर व ट्रक को मौके पर पकड़ा गया। खनन माफियाओं में मचा हड़कप।



जानकारी के मुताबिक इकदिल क्षेत्र में लगातार हो रहे मिट्टी के खनन पर रोक लगाने हेतु खनन विभाग अधिकारी ने कसी कमर मिट्टी का खनन कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर व ट्रक को मौके पर पकड़ा गया। तो वहीं कुछ कथित खनन माफिया ट्रैक्टर व ट्रक को छुड़वाने हेतु थाने के काट रहे चक्कर। इकदिल क्षेत्र में लगातार हो रहा मिट्टी का खनन लेकिन संबंधित थाना पुलिस इन मिट्टी के खनन माफियाओं पर क्यों नहीं करती कार्यवाही। फिलहाल खनन विभाग के अधिकारी ने एक ट्रैक्टर व ट्रक मौके पर पकड़ कर थाने में खड़ा करवा दिया है अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## अमरनाथ यात्रा में फंसे यात्रियों से इन नम्बरों पर करें सम्पर्क : एडीएम

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव संत कबीर नगर। अमरनाथ यात्रा के दौरान बादल फटने की हुई घटना से यात्रा में व्यवधान हो गया । इस घटना के चलते पवित्र यात्रा रोक देनी पड़ी थी । अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अमरनाथ यात्रा में फंसे तीर्थ यात्रियों से सम्पर्क करने के लिए हेल्प लाइन जारी किया गया है । अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जनपद संत कबीर नगर के यदि कोई व्यक्ति यात्रा में सम्मिलित हैं और उनसे सम्पर्क नही हो पा रहा है । उन यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी है तो उनके परिजन निम्नांकित दूरभाष नम्बर पर अपनी सूचना दर्ज करा सकते हैं । इसके अलावा कलेक्ट्रेट के आपदा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। इसके लिए निम्नलिखित हेल्पलाइन नम्बर–0194–2313146, 2313147, 2313148, 2313149 तथा 0191–2555662, 2503399, 0194–2501679 तथा टोल फ्री नम्बर–18001807198 जारी किया गया है। जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण का सम्पर्क नम्बर–9598666578 (आपदा विशेषज्ञ), 9918151184 (राहत सहायक) है। इस पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

